सूर्योदय 7:2 सूर्यास्त 6:08

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 7.0 न्यू | 16.4 अधि |
| धर्मशाला | 5.2 न्यू | 19.0 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 76293.60 |
| निफ्टी | 23071.80 |
| सोना | 87,357 |
| चांदी | 96,696 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान

आरएनआई नं. HPHIN01099 | कांगड़ा | बुधवार, 12 फरवरी 2025 | 1 फाल्गुन, विक्रमी संवत 2081 | वर्ष 2, अंक 45, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: | 8894521702




हटवास में .10 करोड़ से बनेगा खेल परिसरः आरएस बाली

पृष्ठ 5 पर

## संविधान की मूल प्रति पर राज्यसभा में जमकर हंगामा

### उलझे नड्डा व खड़गे, धनखड़ बोले- 22 कृतियों वाली प्रति ही असली संविधान

**एजेंसी, नई दिल्ली**



**संसद** सत्र के आठवें दिन मंगलवार को राज्यसभा में संविधान की मूल प्रति से जुड़े विवाद पर जमकर हंगामा हुआ। इस मसले पर नड्डा और खड़गे में खूब तकरार हुई। विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे ने आरोप लगाया कि सरकार संविधान को लेकर गैरजरूरी विवाद खड़ा कर रही है। यह बाबा साहेब अंबेडकर के विचारों को बदनाम करने की साजिश है।

सभापति जगदीप धनखड़ ने जवाब दिया कि संविधान की मूल प्रति का प्रसार जरूरी है, ताकि देश की जनता असली दस्तावेज को देख सके। नड्डा ने भी समर्थन किया और कहा कि संविधान की मूल प्रति में मौजूद चित्र और इलेस्ट्रेशन को हटाना सही नहीं है। भाजपा सांसद राधा मोहन दास अग्रवाल ने राज्यसभा में संविधान की प्रतियों से मूल इलेस्ट्रेशन हटाने का मुद्दा उठाया।

**सभापति बोले- संविधान को तोड़-मरोड़कर पेश न किया जाए**

उन्होंने कहा कि जो संविधान निर्माताओं ने हस्ताक्षर किए थे, उसमें 22 महत्वपूर्ण चित्र थे, लेकिन अब वह दिखाई नहीं देते। उन्होंने सवाल किया कि क्या इसे बिना राष्ट्रपति की अनुमति के बदला गया? सभापति धनखड़ ने कहा कि संविधान में हुए संशोधनों को मान्यता दी जानी चाहिए, लेकिन यह भी जरूरी है कि मूल प्रति को सुरक्षित रखा जाए। धनखड़ ने कहा कि संविधान को किसी भी तरह से तोड़-मरोड़कर पेश नहीं किया जाना चाहिए। नड्डा ने कहा कि सरकार यह सुनिश्चित करेगी कि जो भी पब्लिशर्स संविधान की प्रति प्रकाशित कर रहे हैं, वे इसे मूल भावना के साथ प्रस्तुत करें।

### लोकसभा में भी गूंजा संविधान का मुद्दा

**संविधान** की मूल प्रति को लेकर राज्यसभा में हुई बहस के बाद लोकसभा में भी यह मुद्दा उठा। विपक्षी सांसदों ने सरकार से पूछा कि क्या संविधान में बिना अनुमति के कोई बदलाव किया है? वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि संविधान को उसके मूल स्वरूप में रखना जरूरी है। कोई गलती हुई है, तो उसे सुधारने के लिए उचित कदम उठाए जाएंगे।

### डॉलर के मुकाबले रुपया ही नहीं, दुनियाभर की करंसी भी गिरी : सीतारमण

वित्त वर्ष 2025-26 के केंद्रीय बजट को राष्ट्रीय विकास आवश्यकताओं का राजकोषीय प्राथमिकताओं के साथ संतुलन कायम करने वाला बताते हुए वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपए के मूल्य में गिरावट के पीछे कई घरेलू और वैश्विक कारण हैं। दुनियाभर के देशों की करंसी गिरी है। इंडोनेशिया से लेकर जी-10 करंसी, जापानी येन, ब्रिटिश पाउंड, यूरो तक की कीमतें डॉलर के मुकाबले गिरी हैं। लोकसभा में केंद्रीय बजट पर हुई चर्चा का जवाब देते हुए सीतारमण ने कहा कि पिछले 10 वर्षों में विश्व का परिदृश्य 180 अंश घूम गया है और बजट बनाना पहले से कहीं अधिक चुनौतीपूर्ण है। उन्होंने कहा कि यह बजट अत्यंत अनिश्चितता और बदलते वैश्विक परिदृश्य में आया है, इसलिए इसे तैयार करने में कई चुनौतियां रहीं।

## न्यूज शॉर्ट्स

### केजरीवाल-संजय सिंह पर एक्शन लेगी एसीबी



**नई दिल्ली।** दिल्ली एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) आम आदमी पार्टी के नेताओं के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने की तैयारी में है। इनमें दिल्ली के पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल, मुकेश अहलावत और संजय सिंह शामिल हैं। एसीबी की तरफ से भेजे गए नोटिस का जवाब न मिलने पर यह कदम उठाया जा सकता है। 'आप' की ओर से कोई जवाब नहीं दिया गया तो एसीबी दिल्ली पुलिस को लेटर लिखकर इन नेताओं के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की सिफारिश करेगी।

### यूपी में सड़क हादसे में पांच लोगों की गई जान

**बहराइच।** उत्तर प्रदेश के बहराइच के कैसरगंज थाना क्षेत्र के करीम बेहड़ गांव के पास एक तेज रफ्तार अनियंत्रित डंपर ने कार में टक्कर मार दी, जिससे कार में सवार सेना के जवान, उनकी पत्नी, माता-पिता और बच्चे समेत 5 लोगों की मौत हो गई। इस हादसे में तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो अन्य ने अस्पताल में दम तोड़ा। जवान छुट्टी पर घर आया था और वह अपने माता-पिता, पत्नी और बच्चों के साथ लखनऊ इलाज के लिए जा रहे थे। पुलिस ने घटना की जांच शुरू कर दी है और शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### सांसद राशिद की याचिका पर 24 को होगी सुनवाई

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट जेल में बंद सांसद इंजीनियर राशिद की याचिका पर 24 फरवरी को सुनवाई करेगा। आतंकवाद के वित्तपोषण के मामले में आरोपी राशिद ने यह याचिका अपनी जमानत याचिका पर फैसला करने के लिए उपयुक्त अदालत की कमी के मुद्दे दायर की है। वकील ने बताया कि न्यायालय ने सोमवार को स्पष्ट किया है कि मामले की सुनवाई कर रही राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) की अदालत जमानत याचिका पर सुनवाई कर सकती है, इसके बाद उन्होंने सुनवाई स्थगित कर दी।

### मानहानि मामलाः राहुल के खिलाफ जिरह पूरी

**सुलतानपुर (उप्र)।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष व रायबरेली सांसद राहुल गांधी के खिलाफ मानहानि मामले में एमपी/एमएलए की विशेष अदालत में मंगलवार को सुनवाई हुई। परिवादी विजय मिश्रा के अधिवक्ता संतोष कुमार पांडेय ने बताया कि अब 24 फरवरी को मामले में अदालत सुनवाई करेगी, जहां गवाह से जिरह होगी। कोतवाली देहात के हनुमानगंज निवासी व भाजपा नेता विजय मिश्रा ने वर्ष 2018 में राहुल गांधी के विरुद्ध मानहानि का परिवाद एमपी/एमएलए कोर्ट में दर्ज कराया था।


## अंदर के पन्नों पर पढ़ें


- दियोटसिद्ध मंदिर ट्रस्ट का 40.65 करोड़ का बजट पारित -पेज 2
- प्रदेश में खनन माफिया और चिट्टा माफिया का तांडवः बिंदल -पेज 3
- ई-श्रम कार्डधारकों के लिए बढ़ाई मुआवजा आवेदन की अंतिम तिथि -पेज 6
- महाकुंभ मेला क्षेत्र और प्रयागराज शहर में 'नो व्हीकल जोन' घोषित -पेज 13
- रोहित-कोहली की फॉर्म पर रहेगी निगाह -पेज 14


## हिमाचल में पैरालाइज्ड हो गया है कांग्रेस संगठनः चंद्र कुमार

### कृषि मंत्री बोले- दिल्ली में गंभीरता से नहीं लड़ा गया चुनाव

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



**कृषि** मंत्री चंद्र कुमार चौधरी ने कांग्रेस हाईकमान पर बड़ा निशाना साधा है। शिमला में मंगलवार को पत्रकारों से बातचीत में कहा कि प्रदेश में कांग्रेस का संगठन पैरालाइज्ड हो गया है। कांग्रेस ने दिल्ली चुनाव भी तत्परता से नहीं लड़ा। जब चुनाव की घोषणा हो जाती है, तब टिकट थमाकर चुनाव लड़ने भेज दिया जाता है। दिल्ली के रिजल्ट को गंभीरता से लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि जब हमारा संगठन ही मजबूत नहीं होगा तो चुनाव कैसे लड़ेंगे?

उन्होंने कहा कि सरकार और संगठन साथ-साथ चलते हैं, मगर हिमाचल में तीन महीने से कांग्रेस कार्यकारिणी भंग है। राज्य, जिला और ब्लॉक कार्यकारिणी हाईकमान ने भंग कर रखी है। नए संगठन को लेकर हाईकमान ने कोई आदेश नहीं दिए और न ही नया संगठन बनाने के लिए कमेटियां गठित की गई हैं। बता दें कि हिमाचल में कांग्रेस हाईकमान ने बीते छह नवंबर को राज्य, जिला और ब्लॉक कार्यकारिणी भंग की। तीन महीने से अधिक समय बीतने के बाद भी नया संगठन खड़ा नहीं किया गया। कांग्रेस वर्कर्स मायूस हैं। राजीव भवन शिमला में सन्नाटा पसरा हुआ है। पार्टी नेता बार-बार नया संगठन बनाने का आग्रह कर रहे हैं, मगर कांग्रेस हाईकमान कोई कार्रवाई नहीं कर रहा है।

### प्रदेश में इकलौती पदाधिकारी प्रतिभा

**प्रदेश** में कांग्रेस की सरकार के बावजूद यहां इकलौती पदाधिकारी प्रदेश अध्यक्ष प्रतिभा सिंह बची हैं। इसके विपरीत भाजपा ने 18 लाख नए सदस्य बनाने के साथ-साथ नए ब्लॉक और जिला अध्यक्ष चुन लिए हैं। नई ऊर्जा से लबरेज बीजेपी कांग्रेस सरकार पर हर मुद्दे पर जोरदार ढंग से घेर रही है, मगर सरकार को डिफेंस करने के लिए कांग्रेस के पास कोई पदाधिकारी नहीं बचा। वहीं कांग्रेस हाईकमान ने नए संगठन के लिए नवंबर माह में दो सह प्रभारी और कुछ ऑब्जर्वर जरूर भेजे थे, लेकिन तीन महीने से अधिक समय बीतने के बाद भी संगठन खड़ा नहीं किया गया।

## दिल्ली के मुख्यमंत्री को लेकर हलचल तेज

**नई दिल्ली।** दिल्ली के मुख्यमंत्री को लेकर हलचल तेज हो गई है। दिल्ली विधानसभा चुनाव में जीत दर्ज करने के बाद भाजपा के 10 नवनिर्वाचित विधायकों ने मंगलवार को पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से मुलाकात की। विधायकों में विजेंद्र गुप्ता, रेखा गुप्ता, अरविंदर सिंह लवली, अजय महावर, सतीश उपाध्याय, शिखा राय, अनिल शर्मा और डॉ. अनिल गोयल, कपिल मिश्रा और कुलवंत राणा शामिल हैं। इस विधायकों में 3 से 4 चेहरे मुख्यमंत्री पद के दावेदार बताए जा रहे हैं। दिल्ली चुनाव में पार्टी की जीत के बाद भाजपा ने सरकार गठन की प्रक्रिया शुरू कर दी है। ऐसे में भाजपा विधायकों की जेपी नड्डा से मुलाकात को काफी अहम माना जा रहा है। इससे पहले कुछ नवनिर्वाचित विधायकों ने दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना से भी मुलाकात की। केजरीवाल को हराने वाले नई दिल्ली के विधायक प्रवेश वर्मा, कैलाश गहलोत और अरविंदर सिंह लवली समेत जीते हुए तमाम विधायकों ने एलजी वीके सक्सेना से मुलाकात की थी।

## जम्मू में एलओसी के पास विस्फोट, दो जवान शहीद

**एजेंसी, जम्मू**



**जम्मू** के निकट अखनूर सेक्टर में नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पास मंगलवार को एक आईईडी विस्फोट में सेना के कैप्टन समेत दो सैन्यकर्मी शहीद हो गए और एक जवान घायल हो गया।

अधिकारियों ने बताया कि इस आईईडी को आतंकवादियों की ओर से लगाया था। अधिकारियों ने कहा कि जवान भट्टल इलाके में गश्त कर रहे थे, अग्रिम चौकी के पास शक्तिशाली विस्फोट हुआ और वे इसकी चपेट में आ गए। उन्होंने बताया कि घायल जवानों को अस्पताल ले जाया गया, जहां एक कैप्टन समेत दो सैन्यकर्मी शहीद हो गए। एक अन्य घायल जवान की हालत खतरे से बाहर है। सेना की जम्मू स्थित 'व्हाइट नाइट कोर' इकाई ने दोनों जवानों के बलिदान को सलाम किया। अधिकारियों ने बताया कि विस्फोट के बाद पूरे इलाके की घेराबंदी कर दी है और सर्च ऑपरेशन जारी है।

## एआई में दुनिया बदलने की ताकत : मोदी

### बोले- हम युग के शुरुआती दौर में, यही मानवता के मार्ग को आकार देगा

**एजेंसी, नई दिल्ली**



**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के साथ कृत्रिम मेधा लेकर आयोजित शिखर सम्मेलन की अध्यक्षता की। उन्होंने एआई के लिए संचालन व्यवस्था और मानक स्थापित करने को लेकर सामूहिक वैश्विक प्रयासों का आह्वान किया।

उन्होंने कहा कि एआई में दुनिया बदलने की ताकत है। एआई पहले से ही हमारी अर्थव्यवस्था, सुरक्षा और समाज को नया आकार दे रहा है। एआई इस सदी में मानवता के लिए कोड लिख रहा है। हम अभी एआई युग के शुरुआती दौर में ही हैं, जो मानवता के मार्ग को आकार देगा। पीएम ने कहा कि संचालन व्यवस्था और मानकों को स्थापित करने के लिए सामूहिक वैश्विक प्रयासों की आवश्यकता है, जो हमारे साझा मूल्यों को बनाए रखें, जोखिमों को दूर करें और भरोसे का निर्माण करें। वहीं, पीएम मोदी ने अगले एआई शिखर सम्मेलन का आयोजन भारत में करने की पेशकश की। इस सम्मेलन की गति को आगे बढ़ाने के लिए भारत को अगले शिखर सम्मेलन की मेजबानी करने में खुशी होगी।

### 5 साल में भारत में ऊर्जा क्षेत्र में अनेक संभावनाएं

**पीएम** मोदी ने भारत ऊर्जा सप्ताह 2025 (आईईडब्ल्यू 25) को ऑनलाइन संबोधित करते हुए निवेशकों से भारत के ऊर्जा क्षेत्र में निवेश करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि देश में अगले पांच वर्षों में महत्वाकांक्षी नवीकरणीय ऊर्जा बदलाव लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए अपार संभावनाएं हैं। 2030 तक 500 गीगावॉट नवीकरणीय ऊर्जा, 50 लाख टन हरित हाइड्रोजन उत्पादन के लक्ष्य के साथ-साथ तेल व गैस परिसंपत्तियों के लिए बोली के नए दौर की शुरुआत करने का उल्लेख करते हुए कहा कि नए निवेश की संभावनाएं हैं और मुझे उम्मीद है कि आप भारत में सभी संभावनाओं का पता लगाएंगे।

## प्रदेश में कौशल विकास ने खोले रोजगार के द्वार : सुक्खू

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



**मुख्यमंत्री** सुखविंद्र सिंह सुक्खू की अध्यक्षता में मंगलवार को हिमाचल प्रदेश कौशल विकास निगम (एचपीकेवीएन) की बैठक हुई। सीएम ने युवाओं को रोजगार और स्वरोजगार के अवसर सृजित करने के लिए कौशल विकास की आवश्यकता पर बल दिया।

उन्होंने निगम को बाजार की मांग के अनुरूप प्रशिक्षण कार्यक्रम की कार्य योजना बनाने और उनका क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार निगम के आठ निर्माणाधीन भवनों के निर्माण को पूरा करने के लिए 25 करोड़ रुपए आवंटित करेगी। इन भवनों के निर्माण कार्य को जून, 2025 तक पूरा करने का लक्ष्य रखा है। इनके अधिकतम उपयोग की आवश्यकता पर बल दिया है। उन्होंने निगम को निर्देश दिया कि युवाओं के प्रशिक्षण के लिए निकटवर्ती एचपीकेवीएन भवनों को तकनीकी शिक्षा विभाग को सौंप दिया जाए। वहीं, मुख्यमंत्री के स्वास्थ्य में कुछ सुधार हुआ है। उन्होंने मंगलवार को सरकारी आवास ओकओवर से ही सरकारी फाइलें निपटाईं और अधिकारियों को निर्देश दिए।

### सुप्रीम कोर्ट का ऑनलाइन और ऑफलाइन लॉटरी टिकट पर लगने वाले जीएसटी पर अहम फैसला

## लॉटरी पर राज्य सरकार लगा सकती सर्विस टैक्स, केंद्र नहीं

**एजेंसी, नई दिल्ली**



**सुप्रीम** कोर्ट ने ऑनलाइन और ऑफलाइन लॉटरी टिकट पर लगने वाले जीएसटी पर अहम फैसला सुनाते हुए कहा कि लॉटरी पर केवल राज्य सरकार ही टैक्स लगा सकती है। केंद्र की ओर से सर्विस टैक्स नहीं लगाया जा सकता है। जस्टिस बीवी नागरत्ना की अध्यक्षता वाली बेंच ने यह फैसला सुनाया।

सुप्रीम कोर्ट ने अपने फैसले में केंद्र की उस याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें दावा किया था कि वह सर्विस टैक्स लगाने की हकदार है। सुप्रीम कोर्ट ने सिक्किम हाईकोर्ट के उस आदेश को बरकरार रखा, जिसमें कहा था कि लॉटरी सट्टेबाजी और जुआ की श्रेणी में आती है, जो राज्य सूची की प्रविष्टि 62 है और केवल राज्य सरकार ही कर लगा सकती है।

### मॉब लिचिंगः दिल्ली में बैठकर सभी मामलों की निगरानी संभव नहीं

**सुप्रीम** कोर्ट ने मॉब लिचिंग से जुड़ी एक जनहित याचिका का मंगलवार को निपटारा किया। कोर्ट ने कहा कि दिल्ली में बैठकर मॉब लिंचिंग के मामलों का प्रबंधन नहीं किया जा सकता। जस्टिस बीआर गवई और के विनोद चंद्रन की पीठ ने शीर्ष अदालत के 2018 के फैसले का हवाला दिया। इसमें भीड़ और गोरक्षकों द्वारा की जाने वाली हिंसा जैसे अपराधों से निपटने के लिए कई निर्देश दिए गए थे। पीठ ने कहा कि दिल्ली में बैठकर हम देश के विभिन्न राज्यों में होने वाली घटनाओं की निगरानी नहीं कर सकते। जनहित याचिका में राज्यों को 2018 के फैसले के अनुरूप तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश देने की मांग की गई थी, ताकि लिंचिंग और भीड़ हिंसा की घटनाओं से प्रभावी ढंग से निपटा जा सके।

### ईवीएम का डाटा डिलीट न करें

**सुप्रीम** कोर्ट में मंगलवार को इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों (ईवीएम) के वैरिफिकेशन के लिए पॉलिसी बनाने की मांग वाली याचिका पर सुनवाई हुई। सीजेआई संजीव खन्ना और जस्टिस दीपांकर दत्ता की बेंच ने चुनाव आयोग को निर्देश दिया कि सुनवाई की प्रक्रिया पूरी होने तक ईवीएम में कोई डाटा रिलोड न करें, न कोई डाटा डिलीट न करें। इलेक्शन कमीशन को अब सुप्रीम कोर्ट में ईवीएम की मेमोरी और माइक्रो कंट्रोलर डिलीट करने की पूरी प्रक्रिया की जानकारी देनी होगी।

## हिमाचल के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी, शिमला में गिरे फाहे

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

**हिमाचल** प्रदेश के ऊंचाई वाले इलाकों में मौसम ने करवट बदली है। राज्य के जनजातीय जिलों चंबा, लाहौल-स्पीति और किन्नौर की पर्वत श्रृंखलाओं पर हल्का हिमपात हो रहा है।

**आज से 15 तक साफ रहेगा मौसम**

वहीं, राजधानी शिमला में मंगलवार दोपहर अचानक मौसम ने रुख बदला और बर्फ के फाहे गिरे। हालांकि, फाहे ज्यादा देर तक नहीं गिरे, लेकिन इसके चलते ठंड का असर और बढ़ गया। मौसम विभाग के अनुसार, पिछले 24 घंटों के दौरान किन्नौर और लाहौल-स्पीति के कई इलाकों में हल्की बर्फबारी हुई। किन्नौर के कल्पा और लाहौल-स्पीति के कुकुमसेरी में बर्फबारी दर्ज की गई। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के मुताबिक, राज्य के चार स्थानों पर तापमान जमाव बिंदु से नीचे चला गया है। मौसम विभाग के अनुसार 12 से 15 फरवरी तक और फिर 17 फरवरी को प्रदेश में मौसम साफ रहेगा। हालांकि 16 फरवरी को मध्य और उच्च पर्वतीय क्षेत्रों में हल्की बारिश और बर्फबारी की संभावना जताई गई है।

### ताबो में न्यूनतम तापमान -7.9 डिग्री

**लाहौल**-स्पीति के ताबो में न्यूनतम तापमान -7.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो राज्य में सबसे कम है। इसके अलावा कुककुमसेरी में न्यूनतम तापमान -6.6 डिग्री और केलांग में -6.5 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। वहीं, किन्नौर जिले के कल्पा में पारा -2.6 डिग्री सेल्सियस तक गिर गया। पर्यटक नगरी मनाली में न्यूनतम तापमान 2.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि राजधानी शिमला में यह 7 डिग्री सेल्सियस रहा।

## गौतम अडानी को राहत, ट्रंप ने लगाई विदेशों में भ्रष्टाचार विरोधी कानून पर रोक

**एजेंसी, नई दिल्ली**



**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी के अमेरिकी दौरे से पहले ही अडानी ग्रुप के चेयरमैन गौतम अडानी के लिए राहत भरी खबर आई है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने करीब 50 साल पुराने विदेशों में भ्रष्टाचार विरोधी कानून (एफसीपीए) पर रोक लगा दी है।

अडानी पर इस कानून के तहत अमेरिका में केस दर्ज किया है, जिसमें उन पर भारतीयों अधिकारियों को रिश्वत देने की प्लानिंग का आरोप है। ट्रंप ने यह फैसला पीएम मोदी के अमेरिका दौरे से 2 दिन पहले लिया है। रॉयटर्स के मुताबिक, ट्रंप ने अटॉर्नी जनरल पाम बॉन्डी को इस कानून के तहत दिए गए फैसलों की समीक्षा करने के लिए गाइडलाइंस बनाने का निर्देश दिया है। ट्रंप ने आदेश दिया है कि न्याय विभाग उन अमेरिकियों पर मुकदमा चलाना रोक दे, जिन पर अन्य देशों में व्यापार के लिए विदेशी अधिकारियों को रिश्वत देने का आरोप है। अडानी पर अरबों की धोखाधड़ी के आरोप पिछले साल अमेरिका में उद्योगपति गौतम अडानी समेत 8 लोगों पर अरबों रुपए की धोखाधड़ी के आरोप लगे थे। आरोप पत्र के मुताबिक, अडानी की कंपनी ने भारत में रिन्यूएबल एनर्जी के प्रोजेक्ट गलत तरीके से हासिल किए।

इसके लिए सरकारी अधिकारियों को 250 मिलियन डॉलर यानी करीब 2,029 करोड़ रुपए रिश्वत देने की योजना बनाई। इसके अलावा आरोपियों ने अमेरिकी इन्वेस्टर्स और बैंकों से झूठ बोलकर पैसा इकट्ठा किया। यह पूरा मामला अडानी ग्रुप की कंपनी अडानी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड और एक अन्य फर्म से जुड़ा हुआ था। 24 अक्तूबर 2024 को न्यूयॉर्क की फेडरल कोर्ट में यह केस दर्ज हुआ था।

**इंतजार** टेंडर अवॉर्ड होते ही शुरू होगा काम, बिल्ट ऑपरेट एंड ट्रांसफर के आधार पर बनेगा 250 करोड़ का प्रोजेक्ट

## जाबली-कसौली रोपवे प्रोजेक्ट लटका

**आर मोहन चौहान, सोलन**



**हिमाचल** के परवाणू और शिमला के बीच प्रस्तावित देश के सबसे लंबे 5,602 करोड़ रुपए के रोपवे प्रोजेक्ट के तहत जाबली-कसौली रोपवे को पंख लगने का इंतजार है। यदि योजना सिरे चढ़ी तो आने वाले समय में पर्यटकों के लिए रोमांच से भरपूर होगा। इससे प्रदेश सहित कसौली में पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा।

अधिसूचना के बाद इस प्रोजेक्ट का कार्य अभी ठंडे बस्ते में है। बिल्ट ऑपरेट एंड ट्रांसफर के आधार पर बनने वाले इस रोपवे के टेंडर अवॉर्ड होते ही काम शुरू होगा। करीब 250 करोड़ रुपए की लागत से पंचकूला-शिमला हाईवे पर बनने वाले इस रोपवे का लोअर टर्मिनल कोटी स्थित गायत्री शक्ति पीठ मंदिर के समीप निर्मित होगा, जबकि कसौली स्थित सर्किट हाउस के करीब इसका अपर टर्मिनल बनाने की योजना है। पौने चार किलोमीटर लंबी रोपवे पर 14 टावर फिट करने का प्रावधान है। 56 कैबिन की आवाजाही की सुविधा होगी। रोपवे की कुल क्षमता एक दिशा की ओर हर घंटे में 1100 लोगों को कसौली तक पहुंचाने की होगी। टेंडर प्रक्रिया में तय किया है कि प्रोजेक्ट अवॉर्ड होने के अढ़ाई साल के भीतर रोपवे बनकर तैयार होगा। निर्माण करने वाली कंपनी इस प्रोजेक्ट पर 40 वर्षों तक अधिकार रहेगा। खास बात यह कि रोपवे के माध्यम से समुद्रतल से 1158 मीटर की ऊंचाई से 1839 मीटर की ऊंचाई का सफर महज 11 मिनट में पूरा होगा। यूरोपियन सेफ्टी स्टैंडर्ड के अनुसार, इस रोपवे की स्पीड 6 मीटर प्रति सेकंड रहेगी। साथ ही हर कैबिन में एक साथ 8 लोगों के बैठने की क्षमता होगी। यही नहीं हर टावर की ऊंचाई 10 मीटर से लेकर 35 मीटर तक होगी। गौर रहे कि पूर्व विधायक कसौली डॉ. राजीव सहजल ने स्वास्थ्य मंत्री रहते इस रोपवे बनाने की परिकल्पना की थी। प्रोजेक्ट को सरकार के समक्ष बजट प्रस्तुत किया था। नेशनल हाईवे लॉजिस्टिक मैनेजमेंट लिमिटेड की ओर से प्रस्तावित स्पेशल पर्पज व्हीकल के तहत रोपवे को मंजूरी मिली है। (अनंत ज्ञान)



**प्रदेश** में प्रस्तावित रोपवे प्रोजेक्ट के तहत हिल स्टेशन कसौली जुड़ने से पर्यटन को बढ़ावा मिलने के साथ रोजगार के अवसर पैदा होंगे। क्षेत्र के विकास के लिए जो भी संभव होगा, उस दिशा में कार्य किया जा रहा है।

**-विनोद सुल्तानपुरी विधायक, कसौली।**

## न्यूज ब्रीफ

### जहां इंस्ट्रक्टर रहा, वहां विधायक बनकर आया : रणजीत



**अनंत ज्ञान, सुजानपुर।** हिमाचल प्रदेश विधानसभा की लोक लेखा समिति विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया की अध्यक्षता में पुणे (महाराष्ट्र) में विधायक सम्मेलन में गई है। इस समिति में सुजानपुर के विधायक कै. रणजीत सिंह भी हैं। पिछले कल पीएसी कमेटी एनडीए खड़गवासला के दौरे पर थी, जिसमें विधायक कै. रणजीत सिंह भी थे। कै. रणजीत ने बताया कि जिस समय में सेना में था, उस समय मैंने बतौर इंस्ट्रक्टर एनडीए खड़गवासला में सेवाएं दी हैं और आज मैं विधायक बनने के उपरांत अपने सेंटर में आया हूं। जिस समय में इंस्ट्रक्टर था, तब एनडीए के कमांडेंट रियल एडमिरल गुरचरण हमारे विद्यार्थी हुआ करते थे। मुझे सबसे अधिक खुशी इस बात की है कि मैं अपनी कर्म भूमि में वापस विधायक बनकर गया हूं। वहीं, मेरे विद्यार्थी ऊंचे पदों पर विराजमान हैं। उस दौरान की बहुत सी यादें ताजा हो गईं। उन्होंने कहा कि मैं धन्यवाद करता हूं कमांडेंट साहब का, जिन्होंने हमें इतना प्यार मान-सम्मान दिया। विधायक ने बताया कि मेरे साथ हिमाचल प्रदेश सरकार में उप-सचेतक केवल पठानिया, विधायक कमलेश ठाकुर, अनुराधा व अन्य गणमान्य उपस्थित रहे।

### सिक्योरिटी गार्ड-सुपरवाइजर के साक्षात्कार 17 को

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** एसआईएस इंडिया लिमिटेड शाहतलाई, बिलासपुर द्वारा सिक्योरिटी गार्ड और सुपरवाइजर के 100 पदों पर भर्ती के लिए 17 फरवरी को सुबह 11 बजे जिला रोजगार कार्यालय हमीरपुर में साक्षात्कार लिए जाएंगे। जिला रोजगार अधिकारी सुरेंद्र शर्मा ने बताया कि इन पदों के लिए 19 वर्ष से 40 वर्ष तक के पुरुष उम्मीदवार भर्ती किए जाएंगे। दसवीं फेल या दसवीं पास अथवा इससे अधिक शैक्षणिक योग्यता वाले उम्मीदवार, जिनकी लंबाई कम से कम 168 सेंटीमीटर हो, इन पदों के लिए पात्र हैं। चयनित उम्मीदवारों को मौके पर ही ऑफर लेटर प्रदान किए जाएंगे तथा उन्हें 17 से 22 हजार रुपए तक मासिक वेतन एवं अन्य सुविधाएं दी जाएंगी। जिला रोजगार अधिकारी ने इच्छुक उम्मीदवारों से साक्षात्कार के लिए 17 फरवरी को सुबह 11 बजे जिला रोजगार कार्यालय में उपस्थित होने की अपील की है। अगर कोई युवा उपरोक्त योग्यता रखता है और उसका नाम किसी भी रोजगार कार्यालय में पंजीकृत है तो वह अपने मूल प्रमाण पत्रों तथा हिमाचली प्रमाण पत्र के साथ साक्षात्कार में भाग ले सकता है।

### भ्रमण पर रवाना हुए बाल आश्रम सुजानपुर के बच्चे

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** मुख्यमंत्री सुख आश्रय योजना के लाभार्थी बाल आश्रम सुजानपुर के 15 बच्चों को इसी योजना के तहत शैक्षणिक भ्रमण भी करवाया जा रहा है। बाल आश्रम के ये बच्चे मंगलवार को अमृतसर, वाघा बॉर्डर और इसके आसपास के पर्यटक स्थलों के भ्रमण पर रवाना हुए। उपायुक्त अमरजीत सिंह ने उपायुक्त कार्यालय परिसर में इन बच्चों को उपहार प्रदान किए और इनकी बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उपायुक्त ने बताया कि ये बच्चे वाघा बॉर्डर, स्वर्ण मंदिर, दुर्ग्याणा मंदिर, कपूरथला की साइंस सिटी और कई अन्य दर्शनीय स्थलों का भ्रमण करने के बाद 13 फरवरी शाम को सुजानपुर लौटेंगे। उन्होंने बताया कि बाल आश्रम सुजानपुर और जिले के अन्य बेसहारा बच्चों एवं 27 वर्ष तक की आयु के युवाओं को मुख्यमंत्री सुख आश्रय योजना के तहत लाभान्वित किया जा रहा है। बच्चों की अमृतसर रवानगी के समय महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी अनिल कुमार, जिला बाल संरक्षण अधिकारी तिलक राज आचार्य और कई अन्य अधिकारी भी उपस्थित थे।

### डीएवी भड़ोली में परीक्षा के लिए किया यज्ञ

**अनंत ज्ञान, नादौन।** डीएवी भड़ोली में अगामी बोर्ड की परीक्षा हेतु हवन यज्ञ का आयोजन किया गया । यह हवन यज्ञ स्कूल के प्रिंसिपल सुरजीत कुमार राणा की अध्यक्षता में कक्षा 10वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों के लिए किया गया। इस यज्ञ में बच्चे अपने अध्यापकों सहित उपस्थित हुए। प्रिंसिपल राणा ने बच्चों को लक्ष्य प्राप्ति के लिए कठिन परिश्रम, धैर्य, सहजता और सरलता से अपने कार्यों को पूर्ण करने की प्रेरणा दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### मजदूरों का श्रम कानूनों को लेकर प्रदर्शन



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर/ नादौन।** हमीरपुर के एकमात्र हाईड्रो प्रोजेक्ट धौलासिद्ध में हिमाचल भवन सड़क एवं अन्य निर्माण मजदूर यूनियन संबंधित सीटू के बैनर तले 600 के करीब मजदूर गेट पर एकत्रित हुए और मांगों को लेकर दो घंटे नारेबाजी की। मजदूरों को संबोधित करते हुए यूनियन के सचिव संतोष कुमार ने कहा कि कंपनी प्रबंधन श्रम कानूनों को लागू नहीं कर रहा है। यूनियन के अध्यक्ष नवीन कुमार ने कहा कि कंपनी प्रबंधन समझौते के अनुसार 7 तारीख तक मजदूरों को वेतन की अदायगी अगर नहीं की और ठेकेदारों के पास काम करने वाले मजदूरों का ईपीएफ जमा नहीं किया तो यूनियन संघर्ष का रास्ता अपनाएगी, जिसके लिए कंपनी प्रबंधन जिम्मेदार होगा।

### लोअर हरेटा स्कूल में छात्रों ने किया पौधरोपण

**अनंत ज्ञान, गलोड़।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला लोअर हरेटा में अशोका इको क्लब ने स्कूल प्रांगन और आसपास पौधरोपण किया। इस कार्यक्रम में स्कूल के उपप्रधानाचार्य प्रवीण ठाकुर स्कूल प्रबंधन समिति के प्रधान संतोष कुमार व अन्य लोगों ने इस कार्यक्रम में शिरकत की। इस मौके पर संतोष कुमार ने कहा कि पेड़ों के बिना कोई एक पल भी जिन्दा नहीं रह सकता। इनसे औषधियां मिलती हैं। पेड़ इंसान की जरूरत हैं, उसके जीवन का आधार हैं।

## डोली की टीम ने जीता क्रिकेट टूर्नामेंट

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर।** सुजानपुर के वार्ड नंबर 5 डोली आईटीआई के पास क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। इसमें 16 टीमों ने दो दिनों तक चलने वाले टूर्नामेंट में भाग लिया। फाइनल डोली टीम और सुजानपुर क्लब के बीच खेला गया। इसमें आठ ओवर में डोली की टीम ने 112 रन बनाए, वहीं सुजानपुर क्लब आठ ओवर में 70 रन बनाकर ऑलआउट हो गया। डोली ने पहला स्थान हासिल कर ट्रॉफी अपने नाम की और इस टूर्नामेंट ट्रॉफी में सभी को मेडल और ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। मैन ऑफ द मैच अभिषेक चौधरी और मैन ऑफ द सीरीज कपिल चौधरी रहे, जबकि बेस्ट फील्डर आशीष चौधरी रहे। इस टूर्नामेंट के फाइनल मैच में मुख्य अतिथि प्रकाश सडियाल रहे।

# दियोटसिद्ध मंदिर ट्रस्ट का 40.65 करोड़ का बजट पारित

**एसके ठाकुर, बड़सर**



दियोटसिद्ध मंदिर ट्रस्ट की बैठक में वर्ष 2025 के बजट को लेकर चर्चा करते गणमान्य।

उत्तरी भारत के विश्व प्रसिद्ध सिद्ध पीठ बाबा बालक नाथ न्यास दियोटसिद्ध में मंगलवार को बजट 2025 पारित हो गया है। दियोटसिद्ध मंदिर ट्रस्ट की बैठक आयोजित की गई, जिसमें लगभग 41 करोड़ रुपए का बजट पारित कर दिया गया है। मंदिर अध्यक्ष एवं उपमंडल अधिकारी बड़सर राजेंद्र कुमार गौतम ने बैठक की अध्यक्षता करते हुए बजट प्रस्तुत किया।

बजट चर्चा के अनुसार न्यास सदस्यों ने भी इसे ध्वनि मत से अपनी सहमति दी। बैठक में सरकारी व गैर सरकारी न्यास सदस्यों के अलावा विशेष आमंत्रित सदस्यों ने भाग लिया। इस अवसर पर मंदिर के महंत श्री श्री 1008 राजेंद्र गिरि महाराज भी उपस्थित थे। मंदिर अधिकारी ने बताया कि वर्ष 2024 में मंदिर के आय 35 करोड़ 5 लाख 73 हजार 241 रुपए हुई है तथा व्यय 27 करोड़ 20 लाख 23 हजार 299 रुपए हुआ है। वर्ष 2025 में की बचत सावधि जमा राशि में से 3 करोड़ 60 लाख रुपए है।

खर्च के उपरांत वर्ष 2025 के लिए 40 करोड़ 65 लाख 60 हजार रुपए का अनुमानित बजट प्रस्तुत किया, जिसे विस्तृत चर्चा करने के उपरांत न्यास के सदस्यों ने ध्वनिमत से पारित कर दिया। इसमें मुख्यतः पूजा धूप धूने की लकड़ी व बाबा जी की फोटो आदि के लिए 12 लाख रुपए, बिजली बिल जनरेटर सोलरलाइट के लिए 55 लाख रुपए, वेतन सेवानिवृत्ति उपादान मंदिर स्टाफ के लिए 11 करोड़ 50 लाख रुपए, शिक्षा संस्थानों के रखरखाव के लिए 8 करोड़ 80 लाख रुपए, मंदिर सुरक्षा के लिए 2 करोड़ 80 लाख रुपए, प्रशासनिक स्टाफ वेतन पर 25 लाख रुपए शिक्षण संस्थान आदि पर 15 लाख 50 हजार रुपए, अग्निशमन यंत्र के लिए 10 लाख रुपए, मंदिर-निर्माण कार्यों के लिए 4 करोड़ 10 लाख रुपए, शिक्षा संस्थानों में निर्माण कार्यों के लिए एक करोड़ रुपए, सीसीटीवी कैमरा के लिए 7 लाख कर्मचारी को लोन लिए 60 लाख रुपए।

मंदिर न्यास गोशाला के लिए एक करोड़ 80 लाख रुपए का बजट में प्रावधान किया गया है। श्रद्धालुओं के लिए टैक्सी उपलब्ध करवाने के लिए 12 लाख रुपए, पोधारोपण वाटिका के लिए दो लाख 2 लाख रुपए, बंदरों से निजात दिलाने के लिए 2 लाख रुपए का प्रावधान किया गया है। मुख्यमंत्री सुख आश्रय योजना के लिए मंदिर निधि से 1 करोड़ रुपए देने का बजट में विशेष प्रावधान किया गया है।

बजट बैठक में मुख्यतः मंदिर अधिकारी सहायक अभियंता मंदिर न्यास को यह भी दिशा निर्देश दिए गए हैं कि जो बजट बैठक में जो भी कार्य स्वीकृत किए हैं, उन्हें धरातल पर लाने के लिए संबंधित अधिकारियों को त्वरित अमल में लाएं। इस अवसर पर कांग्रेस नेता सुभाष ढटवालिया, मंदिर के महंत श्री श्री श्री 1008 राजेंद्र गिरि महाराज, न्यासी अरविंद कौर रानी, पवन कालिया सहित सभी विभागों के अधिकारी भी उपस्थित रहे। (अनंत ज्ञान)

### हमीरपुर में भूमिगत बिजली लाइन के मायने; 7 साल पहले बिछाई अंडरग्राउंड बिजली लाइनें फाइलों में

# अंडरग्राउंड लाइनों में नहीं दौड़ा करंट

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर**

हमीरपुर शहर में बिजली व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए अंडरग्राउंड केबल लाइन बिछाने की योजना एक बार फिर चर्चा में है। सरकार ने इसकी घोषणा भी की हुई है, लेकिन यक्ष प्रश्न यह है कि करीब 7 साल पहले अणू से शहर तक जो अंडरग्राउंड केबल डाली गई थी, उसका फायदा शहर वासियों को आखिर क्यों नहीं मिल पाया। लाखों रुपए खर्च करने के बावजूद भी योजना को अधूरा क्यों छोड़ा गया?

**20 करोड़ से नई केबल लाइन डालने की योजना पर उठ रहे सवाल**

किन अधिकारियों की वजह से यह बड़ी लापरवाही हुई है। न तो इसकी जांच हुई और न ही सुविधा मिली। इसीलिए बिजली बोर्ड की कारगुजारी यहां चर्चा में है। दरअसल बिजली व्यवस्था को सुधारने के लिए जिस अणू सब-स्टेशन से हमीरपुर को बिजली व्यवस्था के साथ जोड़ा गया है, उसके मध्य में चीड़ के पेड़ बार-बार रुकावट बनते हैं। बरसात के मौसम में लोग अक्सर इसका खामियाजा भी भुगतते हैं। इसीलिए अंडरग्राउंड केबल लाइन डालने की योजना को अमलीजामा पहनाया गया था, लेकिन यह योजना फाइलों तक ही सिमट कर रह गई और लाखों रुपए खर्च करके बोर्ड की माली हालत को नुकसान पहुंचाने के लिए उस समय के अधिकारियों ने भी अपना योगदान देने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी।



अणू स्थित सब-स्टेशन।

> पहले की अंडरग्राउंड केबल के बारे में उन्हें जानकारी नहीं है। यह काम कुछ साल पहले हुआ है। क्या यह लाइन डिफेक्टिड थी या फिर कोई और वजह। इस पर छानबीन की जाएगी।
>
> -नरेंद्र अबरोल, एक्सईएन हमीरपुर

> प्रपोजल सरकार को भेजी गई थी। शिमला स्तर पर ही इसका टेंडर होना है। अभी इस बारे में और जानकारी नहीं है, लेकिन इतना जरूर है कि केवल लाइन पुरानी सब्जी मंडी तक शहर के मध्य में डाली जानी है।
>
> -आशीष कपूर, अधीक्षण अभियंता

**2014-15 में शुरू हुआ था काम :** शहर में अलग-अलग तीन फीडर के लिए यह अंडरग्राउंड लाइनें बिछाने का काम 2014-15 में शुरू हुआ था, जिसमें हाउसिंग बोर्ड फीडर, हमीरपुर फीडर और हीरानगर फीडर के लिए तकरीबन तीन करोड़ रुपए खर्च किए गए थे। कुल मिलाकर जिले के अन्य इलाकों में भी इस तरह का काम हुआ और 6 करोड़ रुपए एक्सएलपी योजना के तहत खर्च गए थे, लेकिन तीनों फीडर्स की अंडरग्राउंड लाइनें फाइलों तक ही सीमित रहीं, सुविधा नहीं मिली। (अनंत ज्ञान)

### शहर की बिजली व्यवस्था 'हिचकोले' खाती रहेगी

अब सरकार ने 20 करोड़ से शहर के कुछ हिस्से में अंडरग्राउंड केबल लाइन डालने की योजना को अमलीजामा पहनाने के लिए अधिकारियों को आगे किया हुआ है। इस पर काम हो रहा है, वह व्यावहारिक नहीं दिखता क्योंकि मुख्य शहर में यदि गांधी चौक से लेकर पुरानी सब्जी मंडी तक इसे भूमिगत करना ही है, तो फिर शहर की मुख्य सड़क जो पहले ही जर्जर है। इसमें कई तरह की केबल लाइनें अलग-अलग कंपनियों की बिछाई गई हैं। इसके अलावा इस तंग सड़क में सीवरेज भी डाली गई है। जगह तो कोई बची नहीं है, फिर भूमिगत बिजली लाइन बिछेगी कैसे? यह कारण भी कोई नहीं बताता। पहले डाली गई केबल लाइन भी सवालों में है। नई की प्रपोजल तैयार हो गई है, मगर सरकार को कोई बताने वाला अधिकारी नहीं है, जो इसकी वास्तविकता पर बात कर इस योजना को किसी और तरीके से अमलीजामा पहनाने के लिए राजी करवा ले। खैर, जो भी हो, संजीदा कोई भी अधिकारी या राजनेता नहीं दिखता। केवल हां में हां मिलाने की योजना पर काम हो रहा है। यहां हो क्या सकता? इस बारे कोई भी प्रपोजल बनाने के लिए आगे नहीं आ रहा। इसीलिए इस शहर की बिजली व्यवस्था 'हिचकोले' खाती रहेगी।

### व्यवस्था को चिढ़ा रही भूमिगत लाइन

करीब एक किमी लंबी इस लाइन को अणू सब-स्टेशन से हीरानगर से होते हुए शहर तक लाया गया था। इसका मतलब यही था कि बरसात के मौसम में भी शहर की बिजली व्यवस्था को बगैर किसी रुकावट के बेहतर बनाए रखना था, लेकिन इसे नहीं जोड़ा गया। यह भूमिगत लाइन अभी भी व्यवस्था को 'चिढ़ा' रही है।

## प्राथमिकता के आधार पर निपटाएं पटवार सर्किलों में मामले: सुरेश

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** विधायक सुरेश कुमार ने मिनी सचिवालय में राजस्व विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक कर क्षेत्र में राजस्व से संबंधित मामलों एवं विकास कार्यों की समीक्षा की तथा अधिकारियों को दिशा-निर्देश जारी किए। उन्होंने कहा कि आम लोगों के जमीन से संबंधित मामलों के अतिशीघ्र निपटारे के लिए मुख्यमंत्री के नेतृत्व में प्रदेश सरकार ने एक बहुत ही महत्वपूर्ण पहल की है, जिससे लोगों के दशकों से चले आ रहे जमीन के मामलों का समाधान सुनिश्चित हुआ है। विधायक ने राजस्व अधिकारियों तथा कर्मचारियों से कहा कि वे तहसीलों, उपतहसीलों, कानूनगो एवं पटवार सर्किलों में प्रतिदिन आने वाले नए मामलों को भी प्राथमिकता के आधार पर निपटाएं। इस अवसर पर एसडीएम शशि पाल शर्मा ने विधायक का स्वागत किया तथा उन्हें उपमंडल में राजस्व मामलों के निपटारे के संबंध में जानकारी दी। भोरंज के तहसीलदार डॉ. आशीष शर्मा और अन्य अधिकारियों ने भी विभिन्न मामलों से संबंधित रिपोर्ट प्रस्तुत की। बैठक में कई गणमान्य उपस्थित थे।

## बाइंडिंग मशीन परिचर के 3 पदों के लिए आवेदन आमंत्रित

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** मुद्रण तथा लेखन सामग्री विभाग में बाइंडिंग मशीन परिचर के चतुर्थ श्रेणी के 3 पदों के लिए 27 फरवरी तक ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। जिला रोजगार अधिकारी सुरेंद्र शर्मा ने बताया कि ये पद दैनिक वेतन पर भरे जाएंगे। इन तीन पदों में सामान्य वर्ग, सामान्य ईडब्ल्यूएस वर्ग और अन्य पिछड़ा वर्ग से एक-एक पद भरा जाएगा।

आवेदक कम से कम आठवीं पास होना चाहिए तथा उसकी आयु 18 से 45 वर्ष के बीच हो। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि इच्छुक एवं पात्र उम्मीदवार मुद्रण तथा लेखन सामग्री विभाग की वेबसाइट एचपीपीएनएस.एचपी.जीओवी. इन पर 27 फरवरी तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

# जरूरतमंद छात्राओं को दी सहायता राशि

**संजीव चौहान, टौणी देवी**



स्काउटस एवं गाइड्स इकाई की एक नई पहल 'स्काउट मास्टर'।

राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला टौणी देवी के भारत स्काउटस एवं गाइड्स इकाई ने अपने स्काउट मास्टर के मार्गदर्शन में मंगलवार को पाठशाला में पढ़ रही तीन लड़कियों को 10000 रुपए की सावधी जमा राशि दी। इन तीन बच्चों को 30000 रुपए की राशि सेवानिवृत्त प्रिंसिपल ओंकार सिंह, स्थानीय पाठशाला के प्रिंसिपल रजनीश रांगड़ा, कमल सिंह, मनोज चौहान, कृष्ण चंद, सुरेश चौहान, राजेश शर्मा शास्त्री, गाइड कैप्टन कुसुम लता, कविता ठाकुर ने दी।

इन बच्चियों के पिता का देहांत हो गया है और घर में आय के साधन बहुत कम हैं। इसके साथ स्काउटिंग द्वारा चलाई जा रही पात्र छात्र विकास समिति के माध्यम से तीनों बच्चियों की स्कूल फीस, वर्दी और लेखन सामग्री भी हर वर्ष दी जाएगी ताकि इन बच्चों की पढ़ाई बाधित न हो।

स्काउट मास्टर सतीश कुमार राणा ने कहा कि कि इस तरह के बच्चों का सर्वांगीण विकास के लिए भारत स्काउटस एवं गाइड्स इकाई सदैव तत्पर रहती है और कई वर्षों से समाज के उत्थान के लिए लोगों के सहयोग से कार्य कर रही है। इस पुण्य कार्य के लिए गाइड कैप्टन कुसुम लता ने अपना विशेष योगदान दिया। स्काउट मास्टर सतीश कुमार राणा ने इस पुण्य कार्य में सहयोग करने के लिए समस्त दानी सज्जनों का आभार किया।

इसके साथ ग्राम पंचायत रोपा में लड़की की शादी को 15000 रुपए और गोरखपुर ( उत्तर प्रदेश) की लड़की की शादी को 11000 रुपए शगुन के रूप में मदद दी गई। (अनंत ज्ञान)

## कार्तिक शर्मा और वंशिका बड़सर कॉलेज के सबसे तेज धावक

**अनंत ज्ञान, बड़सर**

राजकीय महाविद्यालय बड़सर में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कॉलेज के प्राचार्य राकेश कुमार ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। इस अवसर पर कॉलेज के उपप्राचार्य डॉ. मनोज डोगरा, डॉ. विजय, डॉ. धर्मेंद्र. प्रो. मनदीप, प्रो. अंजना, प्रो. शिवम, प्रो. अजय, प्रो. मस्तराम, प्रो. ज्योति, श्वेता, मधु, विश्वास, आकाश, रीता सोनिया आदि मौजूद रहे।

खेलकूद प्रतियोगिता में लड़कों की 100 मीटर रेस में कार्तिक शर्मा प्रथम, आर्यन ठाकुर द्वितीय, शिवांग पटियाल तीसरी स्थान पर रहा। इसी तरह 200 मीटर दौड़ में अंशुल वनियाल प्रथम, कार्तिक शर्मा द्वितीय, नितिन ठाकुर तीसरे स्थान पर रहा। लड़कियों की 100 मीटर रेस में वंशिका प्रथम, नीना शर्मा द्वितीय, रजनी तीसरे स्थान पर रही।

इसी तरह लड़कियों के 200 मीटर दौड़ में कृतिका प्रथम, शालिनी द्वितीय, रिया तीसरी स्थान पर रही। लड़कों के हाई जंप में अंशुल वनियाल प्रथम शिवांग पटेल द्वितीय और आयुष के तीसरे स्थान पर रहा। इसी तरह हाई जंप में लड़कियों में वंशिका प्रथम, प्रियंका वर्मा द्वितीय और दीपिका कश्यप तीसरे स्थान पर रही। लड़कों के लॉन्ग जंप में अंशुल वनियाल प्रथम, कृतिका शर्मा द्वितीय, आयुष तीसरे स्थान पर रहा। इसी तरह लॉन्ग जंप में वंशिका प्रथम, प्रियंका वर्मा द्वितीय, सजल तृतीय स्थान पर रही।

## ऊना ने पहली पारी में 107 .5 ओवर में बनाए शानदार 498 रन

**अनंत ज्ञान, नादौन**

क्रिकेट स्टेडियम अमतर नादौन में वरिष्ठ अंतर जिला स्तरीय अमतर जोन क्रिकेट प्रतियोगिता का मैच सिरमौर और ऊना की टीम के बीच खेला जा रहा है। दूसरे दिन ऊना की टीम ने 320 रन से आगे खेलते हुए 107.5 ओवर में शानदार 498 रन बनाए।

बल्लेबाज अमनप्रीत ने धुआंधार बल्लेबाजी करते हुए 114 रन बनाए, जबकि पृथ्वी राज ने 95 रन बनाए। सिरमौर की टीम की ओर से गेंदबाजी करते हुए गेंदबाज जयनीत,सतीश व सौरभ ने 3-3 विकेट लिए, जबकि एक बल्लेबाज रन आउट हुआ। मुकाबले में सिरमौर ने पहली पारी खेलते हुए दूसरे दिन का मैच समाप्त होने तक 60 ओवर में 4 विकेट खोकर 170 रन बनाए। बल्लेबाज अचल देव ने 68 रन बनाए, जबकि वैभव शर्मा 56 व प्रियांशु 22 रन बनाकर नाबाद रहे।

यह जानकारी देते हुए जिला क्रिकेट एसोसिएशन के महासचिव अनिल भाटिया व स्टेडियम के प्रभारी संजय टिंका ठाकुर ने बताया कि ऊना की टीम की ओर से गेंदबाजी करते हुए गेंदबाज हरित्क कालिया ने 3 विकेट झटके, जबकि अंकुश बेदी ने एक विकेट ली। अब सिरमौर की टीम बुधवार को 170 रन से आगे खेलेगी।

# सीनियर सिटीजन काउंसिल का 1.50 करोड़ रुपए का बजट पारित

**अनिल कुमार, हमीरपुर**

डॉ. राधा कृष्णन मेडिकल कॉलेज अस्पताल में सीनियर सिटीजन काउंसिल पिछले कई वर्षों से मरीजों की सेवा में तत्पर है। संस्था मरीजों को तीन समय निशुल्क भोजन उपलब्ध करवाने के साथ फल भी देती है। इसके लिए संस्था का बहुत से लोग सहयोग कर रहे हैं। मरीजों को भोजन उपलब्ध करवाने के अलावा गरीब लोगों को निशुल्क दवाइयां और गरीब बच्चों की पढ़ाई के लिए आर्थिक मदद भी उपलब्ध करवा रही है।

सीनियर सिटीजन काउंसिल हमीरपुर की प्रबंधन कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए 1.50 करोड़ रुपए का बजट पारित किया गया।

**रोगियों के भोजन के लिए 60 लाख व गरीब व असहाय बच्चों की पढ़ाई के लिए 15 लाख रुपए का प्रावधान**

संस्था के प्रधान विजय कुमार पुरी ने बताया कि बजट में कर्मचारियों के वेतन पर 12 लाख रुपए, गरीब व असहाय बच्चों की पढ़ाई के लिए 15 लाख रुपए, रोगियों के भोजन के लिए 60 लाख रुपए, गरीब रोगियों, कैंसर व डायलिसिस मरीजों के लिए 7 लाख रुपए, गीता जयंती, शिव रात्री, बसंत पंचमी व अन्य धार्मिक कार्यों के लिए 3 लाख रुपए, गरीब कन्याओं की शादी के लिए 6 लाख रुपए, बाढ़ व आग की घटनाओं से पीड़ित परिवारों की सहायता के लिए 5 लाख रुपए, जिला हमीरपुर की 20 गोशालाओं को चारा देने के लिए 15 लाख रुपए, बिजली का बिल, सीए की फीस, कूलर व चपाती मशीन व अन्य उपकरणों की रिपेयर के लिए 5 लाख रुपए, भोजन भंडार, बाल भवन योग साधन कक्ष व राम दरबार भवन में रंग व रिपेयर के लिए 7 लाख रुपए, फ्रूट व स्वीट डिश के लिए 5 लाख रुपए, पहचान संस्था में पढ़ने वाले बच्चों को सालभर का राशन देने के लिए 2 लाख रुपए, आपदा राहत के लिए 5 लाख रुपए व अन्य फुटकर खर्च के लिए 3 लाख रुपए का प्रावधन किया गया है।

इस मौके पर प्रधान विजय कुमार पुरी ने बताया कि वर्ष 2025-26 का 1.50 रुपए का बजट पारित किया गया है। उन्होंने बताया कि बैठक में प्रबंधन कमेटी के सभी सदस्य मौजूद रहे। इनमें संस्था के वरिष्ठ उपाध्यक्ष ओपी शर्मा, उपाध्यक्ष हेम राज शर्मा, सचिव कुलदीप कमल, ओम प्रकाश टेकड़ा, सुरेश कुमार और भगवान दास शास्त्री सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे। (अनंत ज्ञान)

**सुझाव** राष्ट्र स्तरीय होली उत्सव को लेकर सुजानपुर के व्यापारियों ने एसडीएम को सौंपा मांग पत्र

# व्यापारियों ने बताई दिक्कतें, मेले को लेकर दिए सुझाव

**अनंत ज्ञान, सुजारपुर**

राष्ट्र स्तरीय होली उत्सव 12 मार्च से शुरू होने जा रहा है, जिसको लेकर सुजानपुर व्यापारी वर्ग के प्रतिनिधिमंडल ने मंगलवार को उपमंडल एवं राष्ट्रीय होली मेला कमेटी के अध्यक्ष डॉ. रोहित शर्मा से मुलाकात की। इस दौरान व्यापारी वर्ग ने एक मांग पत्र भी सौंपा है। मांग पत्र में विभिन्न विषयों से उन्हें अवगत करवाया है। इस प्रतिनिधिमंडल में व्यापार मंडल सुजानपुर के पूर्व अध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता, व्यापारी अनिल ठाकुर, आशीष महाजन सहित अन्य लोगों ने कहा कि मेला कम से कम समय अवधि तक चलना चाहिए क्योंकि ज्यादा देर मेला चलने से शहर में पीलिया जैसी घातक बीमारियां पहले भी फैल चुकी हैं और भविष्य में ऐसी बीमारी न फैले, इसके प्रशासन को कदम उठाने चाहिए। व्यापारियों ने कहा कि प्रशासन होली मेले के आयोजन को लेकर जो भी बैठक सुजानपुर एवं जिला हमीरपुर में करेगा, उसमें व्यापार मंडल सुजानपुर या हमीरपुर का एक प्रतिनिधिमंडल जरूर शामिल किया जाए जो आपको इस मेले के संबंध में व्यापारी वर्ग को आने वाली दिक्कतों से अवगत करवा सके। मेला कम से कम दिन चलाया जाए और कितने दिन चलाया जाए इसकी सूचना लिखित में मेले में आने वाले व्यापारी वर्ग को दी जाए इसके साथ-साथ यह भी सुनिश्चित किया जाए कि मेले के भीतर खानपान की दुकानों में हलाल मीट इत्यादि की बिक्री न हो। मेले की दुकानदारी की समय अवधि जब समाप्त होनी है तो उससे दो-तीन दिन पहले ही प्रशासन मेला खाली करवाने को लेकर चेतावनी जारी करें ताकि अंतिम तिथि तक मेला ग्राउंड पूरी तरह खाली हो जाए। अब तक देखा गया है कि पुलिस सहायता कक्षा के सामने ग्राउंड के मुख्य रास्ते के पास कूड़े की डंपिंग साइड बना दी जाती है, जिसे स्थानीय व्यापारी वर्ग एवं मुख्य रास्ते से आने जाने वाले लोगों को भारी मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। इस बारे में एसडीएम एवं मेला अधिकारी डॉ. रोहित शर्मा ने कहा कि मांग पत्र मिला है, उस पर कार्रवाई की जाएगी।



डॉ. रोहित शर्मा से मुलाकात करते व्यापारी।

# सीएम ने किसानों-पशुपालकों को दी बड़ी राहत : अजय

**अनंत ज्ञान ब्यूरो हमीरपुर**



हमीरपुर एपीएमसी के अध्यक्ष अजय शर्मा ने कहा है कि किसानों, बागवानों और पशुपालकों की आय बढ़ाने के लिए मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने ऐतिहासिक निर्णय लिए हैं। एपीएमसी के अध्यक्ष के रूप में एक वर्ष का कार्यकाल पूर्ण होने के अवसर पर पत्रकारों से बातचीत में अजय शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री ने गाय और भैंस के दूध के दामों में भारी वृद्धि तथा प्राकृतिक खेती से पैदा की गई गेहूं और मक्की की फसल के लिए अलग से न्यूनतम समर्थन मूल्य की घोषणा की है।

इससे किसान, बागवान और पशुपालकों को सीधा लाभ पहुंचा है। उन्होंने कहा कि थोक व्यापारी 10 फीसदी से ज्यादा और प्रचून विक्रेता 25.फीसदी से ज्यादा ग्राहक से वसूल नहीं कर सकता। यदि ऐसा होगा तो उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। इसके लिए खाद्य पूर्ति नियंत्रक और एपीएमसी मिलकर काम करेंगे।

एपीएमसी की एक वर्ष की उपलब्धियों की चर्चा करते हुए अजय शर्मा ने बताया कि हमीरपुर की सब्जी मंडी के लिए उपयुक्त जमीन की तलाश की जा रही है। जमीन उपलब्ध होते ही हमीरपुर में आधुनिक सब्जी मंडी का निर्माण किया जाएगा।

अजय शर्मा ने कहा कि बागवानी के क्षेत्र में प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी परियोजना एचपी शिवा के अंतर्गत जिला में विकसित किए जा रहे अमरूद, संतरे और मौसंबी के बागीचों की फसलों के बेहतर विपणन के लिए एपीएमसी विशेष प्रबंध करेगी। प्राकृतिक खेती से पैदा की गई फसलों के लिए भी इसी तरह की व्यवस्था की जाएगी। ग्रामीण महिलाओं और उनके स्वयं सहायता समूह के उत्पादों के लिए जिला प्रशासन के सहयोग से ग्रामीण हाट विकसित किया जाएगा। एपीएमसी अध्यक्ष ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा दी जा रही किसान सम्मान निधि से किसानों को कोई लाभ नहीं हो रहा है। अजय शर्मा ने कहा कि किसानों को उनकी उपज के अनुसार सम्मान निधि दी जानी चाहिए। तभी किसानों के लिए खेती फायदेमंद साबित होगी।

प्रदेश सरकार के दो वर्ष के कार्यकाल की चर्चा करते हुए अजय शर्मा ने कहा कि हमीरपुर जिले में अरबों रुपये की परियोजनाओं के कार्य आरंभ हुए हैं जिससे जिला के चहुमुखी विकास को बल मिला है।

# बिजली बोर्ड कर्मियों ने हमीरपुर में महापंचायत बुलाकर बोला हल्ला

## 7 संगठनों ने संयुक्त संघर्ष समिति के बैनर तले सरकार के खिलाफ निकाला गुबार

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर**



हमीरपुर में मंगलवार को बिजली बोर्ड से जुड़े पेंशनर्स, कर्मचारियों, अभियंताओं, आउट सोर्स कर्मचारियों और अन्य सात संगठनों ने सरकार और प्रबंधन के खिलाफ जमकर रोष निकला। महापंचायत के जरिए उन्होंने खूब हल्ला बोला। इसमें बड़ी तादाद में कर्मचारी, पेंशनर्स के अलावा उनके परिजनों ने भी हिस्सा लिया।

आक्रोश रैली निकालकर उनके नेताओं ने कहा कि सत्ता के नशे में यह सरकार और बोर्ड प्रबंधन बेसुध हो गया है। उन्होंने कहा कि इस इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड को खत्म नहीं होने दिया जाएगा। सरकार ने जो मंशा पाली है, उसका खामियाजा उसके कार-कारिंदों को भुगतना पड़ेगा। इस महापंचायत का ऐलान काफी पहले किया गया था और इससे जुड़े सभी सात संगठन टाउन हॉल में इकट्ठे हुए, जहां बारी-बारी से उन्होंने सरकार की बखियां उधेड़ने में कोई कसर नहीं छोड़ी।

नेताओं का कहना था कि सरकार बिजली बोर्ड के सारे सिस्टम को तहस-नहस कर रही है। इसका निजीकरण करने पर तुली हुई है। कर्मचारियों के लिए युक्तिकरण का रास्ता अपनाया गया है। उनके वित्तीय लाभ नहीं दिए जा रहे हैं। यह भी कहा गया कि विधायकों को तो पेंशन मिल रही है, तो कर्मचारियों को क्यों नहीं?

**18 फरवरी को ऊना में फिर होगी महापंचायत**

रेगुलर पद खत्म किया जा रहे और युवाओं को आउटसोर्स के जरिए शोषण के हवाले किया जा रहा है। कर्मचारियों ने रोष रैली निकालते हुए गांधी चौक पर भी सरकार के खिलाफ जमकर गुबार निकला और कहा कि यह बोर्ड उनका है। इसे सरकार के हाथों बर्बाद नहीं होने दिया जाएगा।

उन्होंने कहा कि बिजली बोर्ड घाटे में नहीं है न कभी था और न ही होगा, लेकिन इस आर्गेनाइजेशन को कमर्शियल कर सरकार ने मुफ्त का जरिया बना दिया है। पैसे देने नहीं हैं, इसमें बोर्ड का कोई कसूर नहीं है। सरकार को शीघ्र इस बाबत फैसला लेना चाहिए कि गलत कौन है, सरकार या बोर्ड से जुड़े हुए लोग। इस महापंचायत को कुलदीप खेरवाड़ा, कामेश्वर दत्त, बीएस ढटवालिया, डॉ. सुरेंद्र डोगरा के अलावा कई नेताओं ने संबोधित किया।

इस अवसर पर कर्मचारी व अभियंता के विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधि के अलावा सेवानिवृत्त साथी एएस गुप्ता, चंद्र सिंह मंडयाल भी मौजूद थे। (अनंत ज्ञान)

### क्या है मुख्य मांगें

- पुरानी पेंशन बहाल की जाए।
- बोर्ड में युक्तिकरण के नाम पर 706 सरप्लस पदों को बहाल किया जाए।
- बोर्ड में नई भर्तियां शुरू की जाए।
- कर्मचारियों व अभियंता के साथ जून 2010 में हुए समझौते को लागू किया जाए।
- बोर्ड पेंशनर्स को लाभ और पेंशन की बकाया राशि शीघ्र दी जाए।
- आउटसोर्स कर्मचारियों के लिए स्थायी नीति बनाई जाए।
- सब स्टेशन व पावर हाउस की ऑपरेशन एंड मेंटेनेंस आउटसोर्सिंग बंद हो।

# एसडीएम सदर ओमकांत ठाकुर पर हमला करने वाले को 3 दिन का पुलिस रिमांड

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

- मंडी शहर के समीप बिंद्रावनी के पास किया था हमला
- अवैध खनन माफिया पर नकेल कसने गए थे एसडीएम

सोमवार देर शाम एसडीएम सदर मंडी ओमकांत ठाकुर पर हमला करने वाले खनन के यहां लेबर का कार्य करने वाले हीरा राम पुत्र नरोत्तम राम को 3 दिन का पुलिस रिमांड मिला है।

बता दें कि सोमवार को खनन माफिया द्वारा हमला कर उन्हें घायल कर दिया था। एसडीएम शाम के समय बिंद्रावणी की ओर अवैध खनन जांच के लिए निकले थे जहां पर कुछ लोग ब्यास नदी किनारे माइनिंग करते हुए पाए गए। इस दौरान खनन में लेबर का कार्य करने वाले हीरा राम पुत्र नरोत्तम राम ने एसडीएम से छीनाझपटी व मारपीट की।

जानकारी अनुसार इस मारपीट की घटना में ओमकांत ठाकुर के दांत में चोट पहुंची है और एक दांत टूट गया है। घटना के उपरांत आरोपी को गिरफ्तार कर पुलिस स्टेशन लाया गया। मंगलवार को आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उसे तीन दिन के पुलिस रिमांड पर भेज दिया गया है। तीन दिनों के बाद आरोपी को पुन: कोर्ट में पेश किया जाएगा।



एसडीएम ओमकांत ठाकुर।

गौरतलब है कि मंडी में अवैध खनन एक बड़ी समस्या है। खनन माफिया बेखौफ होकर प्रदेश में धरती मां का सीना छलनी कर रहे हैं। अगर प्रशासन द्वारा इनके खिलाफ कोई कार्रवाई की जाती है तो ये प्रशासनिक अधिकारियों के ऊपर जानलेवा हमला करने से भी गुरेज नहीं करते हैं।

मंडी के बिंद्रावणी में खनन माफिया के खिलाफ कार्रवाई करने गए एसडीएम सदर ओमकांत ठाकुर पर जानलेवा हमला होना कई सवालों को जन्म दे गया है। इस हमले में एसडीएम सदर बुरी तरह से घायल हुए हैं और उनका एक दांत भी टूट गया है। शहर के बुद्धिजीवियों ने खेद जताते हुए कहा कि जब प्रशासनिक अधिकारी ही सुरक्षित नहीं हैं तो ऐसे में वह खनन माफिया पर नकेल कैसे कस पाएंगे। हमलावरों में से एक ने एसडीएम के मुंह पर मुक्के से वार किया था। इसके बाद घायल हालत में एसडीएम को इलाज के लिए जोनल अस्पताल मंडी ले जाया गया था, जहां डेंटिस्ट ने उन्हें प्राथमिक उपचार दिया।

> **खनन** माफिया को किसी भी सूरत में बक्शा नहीं जाएगा। इस तरह के हमलों का मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा। जिलाभर में नशे के खिलाफ और खनन माफिया के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।
> **- अपूर्व देवगन, डीसी मंडी।**



# प्रदेश में 19,305 कारीगरों-शिल्पकारों का किया पंजीकरण : इंदु गोस्वामी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

केंद्रीय सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय (एमएसएमइ) राज्य मंत्री शोभा करंदलाजे ने राज्यसभा सांसद इंदु गोस्वामी को संसद में बताया की प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के अंतर्गत 17 सितंबर 2023 से 4 फरवरी 2025 तक हिमाचल प्रदेश में 1,82,693 कारीगरों और शिल्पकारों के आवेदन पत्र प्राप्त हुए, जबकि योजना के अंतर्गत इस अवधि में 19,305 को पंजीकरण किया गया।



उन्होंने बताया कि इस योजना के अंतर्गत देश भर में 17 सितंबर 2023 से 4 फरवरी 2025 तक 2.65 करोड़ प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसमें से 27.13 लाख प्रार्थना पत्रों को पंजीकृत किया गया। योजना के अंतर्गत अपने हाथ और औजारों से 18 ट्रेड में काम करने वाले कारीगरों को मदद प्रदान की जाती है। सर्वाधिक कर्नाटक में 31,47,906 कारीगरों और शिल्पकारों के आवेदन पत्र प्राप्त हुए 5,48,522 को पंजीकृत किया गया। करंदलाजे ने गोस्वामी को संसद में बताया की पंचवर्षीय प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना को केंद्रीय कैबिनेट ने 16 अगस्त 2023 को मंजूरी प्रदान की है, जिसके अंतर्गत वर्ष 2023-24 से 2027-28 तक 13000 करोड़ रुपए के बजट प्रावधान से 30 लाख परंपरागत कारीगरों और शिल्पकारों को कवर किया जाएगा।

पंजाब में अब तक 1,79,193 आवेदन पत्र प्राप्त हुए, जिनमें 11,657 को पंजीकृत किया गया। हरियाणा में 7,18,619 आवेदन पत्र प्राप्त हुए 35,289 को पंजीकृत किया गया। जम्मू-कश्मीर में 4,74,197 आवेदन पत्र प्राप्त हुए जिनमें 1,52,253 को पंजीकृत किया गया। उत्तराखंड में 2,75,358 आवेदन पत्र प्राप्त हुए, जिनमें 19,184 को पंजीकृत किया गया। चंडीगढ़ में 1,138 आवेदन पत्र प्राप्त हुए जिनमें 244 को पंजीकृत किया गया। उत्तर प्रदेश में 31,26,817 कारीगरों और शिल्पकारों के आवेदन पत्र प्राप्त हुए 1,60,976 को पंजीकृत किया गया।

# दाड़लाघाट के 6 बैंकों को श्रम विभाग ने जारी किया कारण बताओ नोटिस


**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** श्रम विभाग सोलन ने दाड़लाघाट के 6 बैंकों को कारण बताओ नोटिस जारी किए हैं। इन बैंकों ने अभी तक हिमाचल प्रदेश शॉप एक्ट 1969 के तहत पंजीकरण नहीं किया है, जो कि इस कानून के अनुसार आवश्यक है। दाड़लाघाट में दुकानों, होटलों, बैंकों और अन्य व्यापारिक संस्थानों का सात फरवरी को श्रम निरीक्षक ने निरीक्षण किया, जिसमें पाया गया कि स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, यूको बैंक,पीएनबी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, हिमाचल प्रदेश ग्रामीण बैंक और जोगिंद्रा सहकारी बैंक दाड़लाघाट ने पंजीकरण नहीं किया है।

श्रम निरीक्षक सोलन संतराम वर्मा ने बताया कि इन बैंकों ने व्यावसायिक प्रतिष्ठान चलाने के लिए आवश्यक पंजीकरण प्रमाणपत्र हिमाचल सरकार के अधिनियम 1969 के तहत प्राप्त नहीं किया है, जो कि इस कानून के अनुसार आवश्यक है। जिसके चलते इन बैंकों सहित संबंधित बैंक कॉरपोरेट ओर प्रधान कार्यालय को कारण बताओ नोटिस की प्रतिलिपि भी जारी की है। उन्होंने बताया कि उपरोक्त एक्ट के तहत पंजीकरण शुल्क हिमाचल सरकार को अभी तक जमा नहीं करवाया है, जबकि यह अपना व्यावसायिक प्रतिष्ठान कई वर्षों से चला रहे हं।,इन बैंकों को पंजीकरण कराने के लिए एक सप्ताह का समय दिया गया है। अगर समय रहते पंजीकरण नहीं किया जाता है,तो आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# प्रदेश में खनन माफिया और चिट्टा माफिया का तांडव : बिंदल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने कहा की हिमाचल प्रदेश में खनन माफिया और चिट्टा माफिया का तांडव हिमाचल प्रदेश की वर्तमान सुखविंद्र सिंह सुक्खू सरकार में पूरे हिमाचल प्रदेश में खनन माफिया और चिट्टा माफिया लगातार दनदना रहा है।



मंडी में सब डिविजीनल मैजिस्ट्रेट के उपर खनन माफिया के लोगों द्वारा किया गया जानलेवा हमलाा इनकी बढ़ती हुई ताकत और दादागिरी का ज्वलंत उदाहरण है। जिस तरह से इलाके के सबसे बड़े अधिकारी, जो मैजिस्ट्रेट भी है के उपर पत्थरों से, डंडों से और बाउंसर्स के द्वारा हमला कराना, हिमाचल सरकार के लिए खुली चुनौती है। उन्होंने कहा कि यह वाक्या बारी-बारी से हर जिले में दोहराया जा रहा है। सोलन जिला का बद्दी-बरोटीवाला इसका केंद्र बिंदु बना और माफिया के हौंसले इस कदर बुलंद हुए कि राजनीतिक संरक्षण ने बड़े-बड़े अफसरों की बोलती बंद कर दी।

जिला ऊना, सिरमौर, कांगड़ा, हमीरपुर और बिलासपुर भी इसकी मार से ग्रसित है। जगह-जगह पर चिट्टा माफिया, खनन माफिया और शराब माफिया द्वारा गोलियां चलाना, पुलिस, वन विभाग के लोग और माइनिंग गार्डस की पिटाई होना, आम बात हो गई है और सरकार और मुख्यमंत्री मूकदर्शक बन कर बैठे हैं। चिट्टे के प्रचलन से प्रदेश की युवा पीढ़ी बर्बाद हो रही है और खनन माफिया द्वारा प्रदेश के बहुमूल्य पर्यावरण एवं संसाधनो को नुकसान पहुंचाया जा रहा है और कानून व्यवस्था तार-तार हो रही है।

### गुरु रविदास जी संतों के संत

**गुरु** रविदास जी महाराज की जयंती की पूर्व संध्या पर बिंदल ने कहा कि गुरु रविदास संतों के संत थे। अपने विशिष्ट कार्यों से, मार्ग-दर्शन से, प्रभाव से संत शिरोमणि कहलाए। हम सब उनके चरणो में नतमस्तक होते हैं। रविदास जी ने उपदेश दिया कि इस दुनिया में न कोई छोटा है, न कोई बड़ा है, न कोई ऊंचा है, न कोई नीचा है 'जाति-पाति पूछे न कोई, हरि को भजे सो हरि को होई। गुलामी के कालखंड में जब हमारा देश गुलामी की बेड़ियों में जकड़ा हुआ था, अनेक प्रकार की कुरीतियों, बुराइयों से ग्रसित था, उस समय में गुरु रविदास जी ने पूरे देश को धर्म की शिक्षा दी और एक होकर रहने का उपदेश दिया। आज के इस मौके पर हम इस महान संत को नमन करते हैं।



# हिमाचल के श्रद्धालुओं की बस यूपी में पलटी, 15 घायल

**अनंत ज्ञान, शिमला।** हिमाचल प्रदेश के श्रद्धालुओं की एक बस मंगलवार सुबह को उत्तर प्रदेश में दुर्घटनाग्रस्त हो गई। बस सुल्तानपुर के गोसाइगंज में टूरिस्ट बस बरौंसा बेलहरी रोड पर बासूपुर के पास पुलिया से टकराकर गड्ढे में पलट गई। इस हादसे में 15 लोगों को चोटें आई है। सूचना के अनुसार, बस में कुल 22 यात्री सवार थे। स्थानीय लोगों और पुलिस ने सभी घायलों को बस से निकाला और एंबुलेंस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जयसिंहपुर में भर्ती कराया। बताया जा रहा है कि सभी श्रद्धालु अयोध्या में रामलला के दर्शन करने के बाद काशी विश्वनाथ के दर्शन के लिए जा रहे थे।

# बीबीएन की कविता शर्मा बनी हिमाचल प्रदेश हिंदू महासभा महिला की उपाध्यक्ष

**अनंत ज्ञान, बीबीएन**



अखिल भारत हिंदू महासभा हिमाचल प्रदेशाध्यक्ष सूरज भारद्वाज ने राष्ट्रीय अध्यक्ष रविंद्र कुमार द्विवेदी के निर्देश पर हिमाचल प्रदेश की प्रदेश कार्यकारिणी में नए पदाधिकारियों का मनोनयन करते हुए प्रदेश कार्यकारिणी का विस्तार किया है।

हिंदू महासभा के राष्ट्रीय प्रवक्ता बीएन तिवारी के अनुसार प्रदेशाध्यक्ष सूरज भारद्वाज ने राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नरेश सिंह और प्रदेश प्रभारी जितेंद्र कुमार के परामर्श से बलमा शर्मा को हिंदू महिला सभा का प्रदेश अध्यक्ष और बिलासपुर भाजपा महिला मोर्चा की पूर्व सचिव कविता शर्मा को प्रदेश उपाध्यक्ष हिंदू महिला सभा का दायित्व सौंपा है। इसके अलावा शांति स्वरूप और कैप्टन रामानंद शर्मा को प्रदेश उपाध्यक्ष तथा राजपाल को मंत्री पद पर मनोनीत किया गया है। सूरज भारद्वाज ने कहा कि कार्यकारिणी में अन्य रिक्त पदों पर शीघ्र ही नई नियुक्तियां की जाएगी।

राष्ट्रीय प्रवक्ता बी एन तिवारी ने कहा कि हिमाचल प्रदेश में हिन्दू महासभा का तेजी से विस्तार हो रहा है। नव मनोनीत पदाधिकारियों ने रविंद्र कुमार द्विवेदी, कार्यकारी अध्यक्ष प्रोफेसर यशपाल सिंह, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नरेश सिंह आदि का आभार प्रकट किया है।

# शिक्षा मंत्री के साथ मेधावियों ने देखी विश्व धरोहर अंगकोर वाट

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल के शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर की अगुवाई में कंबोडिया और सिंगापुर के शैक्षणिक भ्रमण पर गए 50 मेधावी विद्यार्थियों के दल ने कंबोडिया में स्थित विश्व प्रसिद्ध अंगकोर वाट मंदिर का दौरा किया। विद्यार्थियों ने इस भव्य मंदिर के इतिहास, सांस्कृतिक और स्थापत्य कला की जानकारी प्राप्त की। शिक्षा मंत्री के साथ पूर्व सीपीएस आशीष बुटेल, समग्र शिक्षा निदेशक राजेश शर्मा, उच्च शिक्षा निदेशक डॉ. अमरजीत शर्मा, प्रारंभिक शिक्षा निदेशक आशीष कोहली सहित अन्य अधिकारी भी इस यात्रा में शामिल हैं।




**विश्व के सबसे बड़े हिंदू मंदिर का किया दौरा, भारतीय संस्कृति और इतिहास से हुए रू-ब-रू**

अंगकोर वाट कंबोडिया के अंकोर क्षेत्र में स्थित है और यह दुनिया का सबसे बड़ा धार्मिक मंदिर है, जो 162.6 हेक्टेयर (402 एकड़) में फैला हुआ है। इस भव्य मंदिर का निर्माण 12वीं शताब्दी में खमेर सम्राट सूर्यवर्मन द्वितीय के शासनकाल में हुआ था। अंगकोर वाट यूनेस्को की विश्व धरोहर सूची में शामिल है और इसकी दीवारों पर रामायण और महाभारत जैसे भारतीय महाकाव्यों के दृश्यों की अद्भुत नक्काशी देखने को मिलती है।

यह मंदिर तीन स्तरों में बना हुआ है, जिसमें हर स्तर पर जाने के लिए सीढ़ियां बनी हैं। मुख्य मंदिर सबसे ऊपरी स्तर पर स्थित है, जहां से पूरा परिसर दिखाई देता है। मंदिर के चारों ओर साढ़े तीन किलोमीटर लंबी पत्थर की दीवारें हैं, जो इसे एक किले जैसा स्वरूप प्रदान करती हैं।

इस अवसर पर शिक्षा मंत्री ने कहा कि विद्यार्थियों के लिए यह सिर्फ भ्रमण नहीं, बल्कि सीखने का एक अनूठा अवसर है। कक्षा से बाहर निकलकर विश्व की महान धरोहरों को नजदीक से देखने और समझने से उनका वैश्विक दृष्टिकोण विकसित होगा।

कंबोडिया के बाद यह शैक्षणिक दल सिंगापुर के लिए रवाना होगा, जहां वे आधुनिक विज्ञान, तकनीकी नवाचार और सांस्कृतिक धरोहरों से रू-ब-रू होंगे। यह दल सिंगापुर साइंस सेंटर और ओमनी थिएटर जाकर वहां विज्ञान और तकनीकी प्रगति की जानकारी हासिल करेगा।

# युक्तिकरण से बिजली बोर्ड में नौकरियां खत्म कर रही प्रदेश सरकार : जयराम

**अनंत ज्ञान, शिमला**



नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने प्रदेश सरकार पर बिजली बोर्ड को निशाना बनाने का आरोप लगाते हुए कहा कि मुख्यमंत्री सुक्खू तानाशाही भरे तुगलकी फैसलों से बाज आएं। उन्होंने कहा कि सरकार सत्ता में आने के बाद से ही बिजली बोर्ड को कमजोर करने की कोशिश कर रही है।

उन्होंने मंगलवार को कहा कि पहले सरकार ने बिजली बोर्ड में कथित घोटाले उजागर करने की कोशिश की, लेकिन उसमें असफल रहने के बाद अब पदों को खत्म कर कर्मचारियों को बेरोजगार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार युक्तिकरण के नाम पर बिजली बोर्ड में नौकरियां समाप्त कर रही है, जिससे हजारों कर्मचारियों का भविष्य अंधकारमय हो गया है।

नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि सरकार ने अब तक बिजली विभाग में 51 महत्वपूर्ण पद समाप्त कर दिए हैं। इसके अलावा, 81 आउटसोर्स कर्मचारियों को नौकरी से निकाल दिया गया है। सरकार ने प्रदेश भर में विभिन्न विभागों में खाली पड़े करीब 1.70 लाख पदों को भी खत्म कर दिया है। अब युक्तिकरण के नाम पर बिजली बोर्ड से 700 पद समाप्त कर दिए गए हैं, जिससे बोर्ड के कर्मचारियों और अधिकारियों में भारी रोष है।


जयराम ठाकुर ने कहा कि सरकार को बिजली बोर्ड को मजबूत करने और प्रदेश में बिजली उत्पादन बढ़ाने की दिशा में काम करना चाहिए था, लेकिन इसके बजाय जनता पर बिजली दरों में वृद्धि का बोझ डाल दिया गया है। उन्होंने कहा कि सरकार बिजली उत्पादन के क्षेत्र में नवाचार लाने के बजाय गलत फैसलों से बिजली बोर्ड की स्थिति बिगाड़ रही है।

### हाइड्रो पावर प्रोजेक्ट ठप, भाजपा ने खोला 'कच्चा चिट्ठा'

**भाजपा** ने पहले भी प्रदेश सरकार पर हाइड्रो पावर प्रोजेक्ट के निर्माण कार्य को गति न देने और निजी पन बिजली कंपनियों को अनुचित लाभ पहुंचाने के आरोप लगाए थे। जयराम ने कहा कि उनकी पार्टी ने राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल के माध्यम से इस मामले को जनता के सामने रखा था।

# शिमला में व्यक्ति ने पेड़ से फंदा लगा दी जान

**अनंत ज्ञान, शिमला**



राजधानी शिमला में एक 54 वर्षीय अधेड़ उम्र के व्यक्ति ने फंदा लगाकर सुसाइड कर लिया। मृतक की पहचान कृष्ण लाल के रूप में हुई है, जो गांव जनोल, डाकघर रौड़ी, शिमला के रहने वाले थे।

पुलिस के अनुसार, पुलिस चौकी जतोग में सुबह करीब सवा 9 बजे सूचना मिली कि जनोल गांव में एक व्यक्ति ने सुसाइड किया है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस टीम तुरंत मौके पर पहुंची, जहां लोगों ने बताया कि कृष्ण लाल ने अपने घर से लगभग 20-25 फुट की दूरी पर स्थित एक बिउंल के पेड़ पर फंदा लगाकर सुसाइड किया। उनके भाई सत्यपाल शर्मा और अन्य परिजनों ने उन्हें तुरंत नीचे उतारा और शिमला में इंदिरा गांधी मेडिकल कॉलेज (ढ्ढत्रूष्ट) हॉस्पिटल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए मामले की जांच शुरू कर दी है।

# गो हत्या मामले के आरोपियों की धरपकड़ न होने पर भड़की विहिप

**उमेश, सुंदरनगर**

उपमंडल सुंदरनगर के हलेल गांव में गौशला में बंधी गाय के साथ अनैतिक कार्य करने के बाद उसी क्रूरता से गला घोंट कर मार डालने की घटना में संलिप्त आरोपियों की धरपकड़ न होने से विश्व हिंदू परिषद ने कड़ी नाराजगी जताई है।

मंगलवार को विश्व हिंदू परिषद ने एसडीएम अमर नेगी तथा डीएसपी भारत भूषण को ज्ञापन सौंप कर घटना के 8 दिन बाद भी आरोपी की धरपकड़ न होने पर ज्ञापन सौंप विरोध जताया है।

विश्व हिंदू परिषद जिला सुंदरनगर के अध्यक्ष रोहताश वर्मा व जिला मंत्री कैप्टन महेंद्र सिंह राणा ने कहा कि इस कायराना कृत्य की जितनी निंदा की जाए कम है। उन्होंने कहा कि परिषद ने ज्ञापन में एसडीएम तथा डीएसपी से मांग की है कि इस जंघन्य अपराध में शामिल आरोपियों को फांसी की सजा दी जाए ताकि भविष्य में कोई ऐसे कुकृत्य करने का दुसाहस न करें।

उन्होंने प्रशासन व पुलिस को चेताया है कि अगर जल्द ही इस मामले में संलिप्त आरोपियों की शिनाख्त कर उनकी धरपकड़ न की गई तो परिषद सड़क पर उतर कर विरोध प्रदर्शन करने को मजबूर होगी। (अनंत ज्ञान)

### एसडीएम और डीएसपी को ज्ञापन सौंप जताई नाराजगी



**कवायद** | विधिक माप विज्ञान विभाग ने बिलासपुर, हमीरपुर और ऊना के एसपी को भेजा पत्र

# पुलिस भर्ती में प्रयोग होने वाले उपकरणों की जांच करेगा माप-तोल विभाग

**शुभम राही, बिलासपुर**

हिमाचल प्रदेश की पुलिस भर्ती में प्रयोग में लाए जाने वाले उपकरणों की जांच अब विधिक माप विज्ञान विभाग करेगा। भर्ती शुरू होने से पहले विधिक माप विज्ञान विभाग को पुलिस द्वारा उनके उपकरणों की जांच करवानी होगी, उसके बाद उन उपकरणों को प्रयोग में लाया जा सकता है।

इसी कड़ी में विधिक माप विज्ञान विभाग बिलासपुर मंडल के सहायक नियंत्रक प्रवीण सिउटा द्वारा हमीरपुर, ऊना व बिलासपुर के पुलिस अधीक्षक को पत्र लिखा गया है। इस पत्र के माध्यम से विभाग के नियमों का हवाला देकर उपकरणों की जांच करवाने के लिए कहा गया है। इन उपकरणों की जांच पहले विभाग करेगा, जिसमें भार मशीन, लॉन्ग जम्प उपकरण, लंबाई मापने वाला मीटर शामिल किए गए हैं। इन उपकरणों की सही जांच के बाद ही इनको पुलिस भर्ती में प्रयोग किया जाएगा। अगर इन किसी भी उपकरणों में सही मानक नहीं पाए जाएंगे, तो उन उपकरणों को पुलिस भर्ती में प्रयोग नहीं किया जा सकता है। इस संदर्भ में ही विभाग द्वारा पुलिस अधीक्षकों को पत्र लिखा गया है।



जानकारी के अनुसार 20 से 24 फरवरी को बिलासपुर, 11 से 15 फरवरी को ऊना व 28 फरवरी से 5 मार्च तक हमीरपुर में पुलिस भर्ती आयोजित की जा रही है, जिसमें हजारों युवक व युवतियां भाग ले रही हैं। ऐसे में इन भर्ती शेडयूल के बाद ही माप तोल विभाग ने अपनी कवायद आरंभ कर दी हैं।

विभागीय अधिकारियों की मानें तो उनका कहना है कि इस तरह से उपकरणों की जांच करने के लिए केंद्र सरकार से आदेश जारी हुए हैं। जिसमें पुलिस भर्ती, आर्मी भर्ती व खेल गतिविधियों में यूज होने वाले उपकरणों की जांच की जाए, क्योंकि कुछ समय पहले देश की किसी बड़ी खेल गतिविधियों में उपकरणों पर सवाल उठाए गए थे। ऐसे इसकी जांच माप-तोल विभाग से करवाई गई थी, जिसमें जांच के बाद कुछ खामियां पाई गई थी। जिसके बाद केंद्र सरकार की ओर से सभी राज्यों को यह आदेश जारी किए गए थे और इन उपकरणों की जांच करने के लिए माप-तोल विभाग को जिम्मेदारी सौंपी गई है। इन्हीं आदेशों की पालना करते हुए विधिक माप विज्ञान विभाग बिलासपुर द्वारा तीन जिलों के पुलिस अधीक्षकों को पत्र लिखा गया है, क्योंकि बिलासपुर में तैनात अधिकारी को तीन जिलों की जिम्मेदारी सौंपी गई है और उक्त अधिकारी बतौर डीविजनल अधिकारी के पद पर सेवाएं दे रहे हैं। ऐसे में पुलिस भर्ती से पहले इन उपकरणों की जांच पुलिस विभाग को माप-तोल विभाग के पास करवाई होगी। उसी के बाद यह उपकरण पुलिस भर्ती में प्रयोग में लाएं जाएंगे। (अनंत ज्ञान)

> **हमीरपुर,** ऊना व बिलासपुर पुलिस अधीक्षक को पत्र लिखा गया है। पुलिस भर्ती में प्रयोग में लाए जाने वाले उपकरणों की जांच पहले विभाग करेगा, उसके बाद ही यह प्रयोग में लाएं जाएंगे। इस संदर्भ में कवायद आरंभ कर दी गई है।
> **-प्रवीण सिउटा, सहायक नियंत्रक, विधिक माप विज्ञान बिलासपुर मंडल।**

## न्यूज ब्रीफ

### देश के लिए दो युद्ध लड़ चुके पूर्व सैनिक कर्म सिंह को सैन्य टुकड़ी ने दी अंतिम सलामी

**अनंत ज्ञान, ज्वालामुखी।** खुंडियां तहसील के मरेहड़ गांव के 80 वर्षीय पूर्व सैनिक नायक कर्म सिंह का सोमवार को अल्प बीमारी के बाद देहांत हो गया। पूर्व सैनिक लीग खुंडियां के चेयरमैन रिटायर्ड कर्नल एमएस राणा ने बताया कि कर्म सिंह अठारह वर्ष की आयु में 1962 में सेना की जैक राइफल्स में भर्ती हुए थे। उन्होंने 1965 और 1971 भारत पाक युद्ध लड़े थे। दिवंगत सैनिक का अंतिम संस्कार में स्टेशन हेडवार्टर योल की सैन्य टुकड़ी ने सलामी दी। सैन्य अधिकारियों ने थल सेनाध्यक्ष की ओर से पार्थिव देह पर श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस अवसर पर पूर्व सैनिक लीग के अध्यक्ष कर्नल एमएस राणा, कैप्टन शक्ति चंद, कैप्टन देशराज, सूबेदार ईश्वर, सूबेदार धर्म सिंह, सूबेदार कर्ण, सूबेदार ध्यान, सूबेदार ओमप्रकाश, हवलदार बनवारी लाल के इलावा इलाके के नागरिकों ने अंतिम संस्कार यात्रा में भाग लिया तथा शोक संतप्त परिवार के प्रति संवेदना गहरी प्रकट की है।

### पूर्व सैनिक कल्याण समिति ने की आर्थिक मदद



**अनंत ज्ञान, डरोह।** सोमवार को पूर्व सैनिक कल्याण समिति की मासिक बैठक सामुदायिक भवन थुरल में समिति के अध्यक्ष कैप्टन ओम प्रकाश राणा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इसमें सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि अपने इलाके में किसी भी परिवार में कोई भी दुर्घटना या घटना होती है और उस परिवार की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं है, घर में कोई भी कमाने वाला नहीं है तो उस पीड़ित परिवार को समिति की तरफ से 5000 रुपए की आर्थिक सहायता दी जाएगी। इस पुण्य कार्य को आज से शुरू करते हुए समिति ने मरघुनी से स्वर्गीय भूपिंदे सिंह ठाकुर के परिवार को घर जाकर पूर्व सैनिक कल्याण समिति थुरल की ओर से 5000 रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान की। इस मासिक बैठक में अध्यक्ष कैप्टन ओम प्रकाश राणा, मुख्य सलाहकार कैप्टन संसार चन्द राणा व कैप्टन अशोक गुलेरिया, महासचिव कैप्टन रवींद्र शर्मा, कोषाध्यक्ष कैप्टन भूपिंदर गुलेरिया(राजू), उपाध्यक्ष कैप्टन चरणजीत राणा(चनों), कैप्टन स्वरूप राणा, कैप्टन जौवन चौहान, सूबेदार महिंदर राणा, सूबेदार सुभाष राणा,सूबेदार सुदेश गुलेरिया, हवलदार मनोज राणा (मिंटू)हवलदार सुरजीत राणा ने विशेष रूप से भाग लिया।

### इच्छी से राजल तक निकाली शोभायात्रा

**अनंत ज्ञान, गगल।** गुरु रविदास महाराज जी की शोभा यात्रा आज गुरु रविदास महासभा के प्रदेशाध्यक्ष प्रकाश चंद भाटिया ब गुरु रविदास महासभा खंड कांगड़ा इकाई के अध्यक्ष कमल सरोच के अध्यक्षता में इच्छी से शुरू हुई गगल, मटौर, खोली, कांगड़ा, घुरकड़ी, राजल व खरट से होती हुई वापस इच्छी के गुरु रविदास सामुदायिक भवन इच्छी में पहुंची। यहां कृषि उपज मंडी के अध्यक्ष निशु मोगरा, हिमाचल कांग्रेस के सचिव नवनीत शर्मा, हरीश धनोटीया ने शोभा यात्रा पर बैंड बाजों के साथ पुष्प वर्षा बरसाई। सरोज ने बताया कि 12 फरवरी को इच्छी में गुरु रविदास के सामुदायिक भवन में स्वास्थ्य जांच शिविर व भंडारे का आयोजन भी किया जाएगा।

### भारती विद्या पीठ स्कूल में जांचा स्वास्थ्य

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** रोटरी क्लब पालमपुर द्वारा एक मेडिकल हेल्थ चेकअप कैंप का आयोजन भारती विद्या पीठ स्कूल बैजनाथ में किया गया। इस कैंप में स्कूल के 438 बच्चों और स्टाफ ने अपने स्वास्थ्य की जांच करवाई। कैंप मे रोटरी वूमेन और चाइल्ड केयर अस्पताल ठाकुरद्वारा के डॉक्टरों व पैरामेडिकल स्टॉफ ने अपनी सेवाएं प्रदान की। कैंप के आयोजन में भारती विद्या पीठ स्कूल के निदेशक नवनीत डोगरा, प्रिंसिपल संजय शर्मा, वाइस प्रिंसिपल अमित सूद व उनके स्टाफ ने भी सहयोग किया।

# सड़कों पर हिमाचल किसान सभा सरकार के खिलाफ किया प्रदर्शन

## गरीब किसानों को कम से कम 5 बीघा कृषि भूमि देने की उठाई मांग

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

जमीन से बेदखली तथा अन्य मुद्दों को लेकर सीटू के नेतृत्व में हिमाचल किसान सभा तथा सेब उत्पादन संघ इकाई ने धर्मशाला में प्रदेश सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की तथा अपनी मांगों को लेकर डीसी के माध्यम से मुख्यमंत्री के एक ज्ञापन सौंपा।



सभा के नेता शकीनी राम ने कहा कि हिमाचल प्रदेश में कई तरह की प्राकृतिक आपदाएं आती रहती हैं, जैसे भूकंप, बादल फटना, अचानक बाढ़ आना, ग्लेशियरों का पिघलना और खिसकना, भूस्खलन आदि, जिसके परिणामस्वरूप कृषि भूमि का नुकसान होता है, जो पिछले दो वर्षों में बहुत बड़े पैमाने पर देखा गया है। कई मामलों में किसानों के पास कोई भूमि नहीं बचती, यहां तक कि घर बनाने के लिए भी नहीं। उन्होंने कहा कि इस मामले में दिसंबर, 2024 में तपोवन में आयोजित हिमाचल प्रदेश विधानसभा के शीतकालीन सत्र में नियम 102 के तहत सरकारी संकल्प को अपनाने के संबंध में एक अतिरिक्त हलफनामा दाखिल किया गया था, ताकि सभी भूमिहीन, छोटे और सीमांत किसानों व उन लोगों को भी 10 बीघा तक भूमि प्रदान की जा सके, जिनकी कृषि भूमि प्राकृतिक आपदा से नष्ट हो गई है। इसके लिए केंद्र सरकार से 1980 के वन संरक्षण अधिनियम में उचित संशोधन करने का अनुरोध किया गया। साथ ही वनाधिकार अधिनियम के तहत अधिकारियों को अधिनियम के तहत किसानों द्वारा किए गए सभी दावों को स्वीकार करने का निर्देश दिया जाए और सरकार द्वारा मासिक आधार पर इसकी निगरानी की जाए। उन्होंने कहा कि सभी भूमिहीन व्यक्तियों को सरकार की नीति के अनुसार ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में क्रमश: दो और तीन बिस्वा भूमि प्रदान की जाए। जब तक उन्हें उपयुक्त भूमि आवंटित नहीं की जाती है, तब तक उनके आवास से बेदखल न किया जाए। वहीं, वर्ष 2023 की प्राकृतिक आपदा में जिनके घर नष्ट हो गए हैं, उन्हें 7 लाख रुपए प्रदान करने का विशेष पैकेज उन लोगों को भी दिया जाए जिन्होंने गैर-म्यूटेटेड नौतोड़ भूमि पर अपने घर बनाए हैं। उन्होंने कहा कि भूमिहीन एवं गरीब किसानों को कम से कम 5 बीघा कृषि भूमि का पट्टा दिया जाए।

# घर से सिलाई केंद्र के लिए निकली रे की युवती लापता

**अनंत ज्ञान, फतेहपुर**

पुलिस चौकी रे के नजदीकी गांव की एक युवती लापता हो गई है। मंगलवार को लापता हुई युवती के परिजनों ने बताया कि 19 वर्षीय काजल उर्फ मिट्ठू पुत्री शौकत अली बीते दिन घर से करीब 700 मीटर दूर रे बाजार में प्रतिदिन की तरह सिलाई सीखने निकली थी। लेकिन वह न तो सिलाई केंद्र पहुंची और न ही शाम तक घर पहुंची। परिजनों व रिश्तेदारों द्वारा उसकी काफी समय तक खोजबीन की गई लेकिन कोई पता न लगा आखिरकार देर शाम पुलिस चौकी रे में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज करवाई गई। उन्होंने लोगों से भी अपील की है कि अगर कहीं पर भी उक्त युवती का पता चलता है तो नजदीकी पुलिस स्टेशन या उनके मोबाइल नंबर 9816789644 पर संपर्क करें। वहीं, पुलिस के एक अधिकारी ने बताया पुलिस ने लापता हुई युवती की फोटो नजदीकी पुलिस स्टेशनों को भेज दी है। जैसे ही कोई जानकारी मिलती है तो तुरंत परिजनों को सूचित कर दिया जाएगा।



### फतेहपुर में दिव्यांगों के लिए आज लगेगा शिविर

**अनंत ज्ञान, फतेहपुर।** फतेहपुर के एक निजी रिजॉर्ट में 12 फरवरी को प्रदेश अल्पसंख्यक वित्त एवं विकास निगम द्वारा एकदिवसीय जागरूकता शिविर लगाया जा रहा है। निगम के पदाधिकारी सीएल शर्मा ने बताया कि शिविर में अल्पसंख्यक व दिव्यागजनों को स्वरोजगार के लिए जागरूक किया जाएगा। उन्होंने क्षेत्र के अल्पसंख्यक व दिव्यांगजनों से अपील की है कि वे शिविर में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हुए केंद्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं की जानकारी हासिल करते हुए फायदा भी उठाएं।

# संचिता मिस, आकृत चुने मिस्टर फेयरवेल

## तृप्ता पब्लिक स्कूल चलवाड़ा में फेयरवेल पार्टी का किया आयोजन

**अनंत ज्ञान, जवाली**

तृप्ता पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल चलवाड़ा में कक्षा ग्यारहवीं के छात्रों द्वारा कक्षा बारहवीं के छात्रों को फेयरवेल पार्टी दी गई, जो कि विद्यालय से अपनी शिक्षा पूरी करने के बाद विद्यालय को छोड़कर आगे की शिक्षा को प्राप्त करने के लिए जा रहे हैं।




पार्टी में मिस फेयरवेल संचिता धीमान, मिस्टर फेयरवेल आकृत धीमान, मिस चार्मिंग तानिया और मिस्टर समर्थ सिंह मनकोटिया और मिस पर्सनैलिटी पूर्वा और मिस्टर पर्सनैलिटी वंश ठाकुर को चुना गया। बच्चों ने सभी जाने वाले विद्यार्थियों को उपहार और केक काटा और उन्हें जबरदस्त पार्टी भी दी गई। इसके बाद बच्चों ने भी विद्यालय में रहते हुए कुछ खट्टे-मीठे अनुभव साझा किए। उसके बाद विद्यालय चेयरमैन वरिंद्र नरियाल और विद्यालय प्रधानाचार्य राकेश राणा ने विद्यालय से जाने वाले सभी विद्यार्थियों को आशीर्वाद देते हुए अपने संदेश में कहा कि इस स्कूल से अपनी शिक्षा पूरी करने के उपरांत आप आगे की शिक्षा प्राप्त करने जा रहें हैं, वे बच्चे दूसरे क्षेत्र में जा कर भी अपने माता-पिता, विद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन करें और दिन दोगुनी रात चौगुनी उन्नति करें। प्रधानाचार्य राकेश राणा के इन्हीं शब्दों से फेयरवेल पार्टी का समापन हुआ।

**पूर्वा मिस और वंश ठाकुर को चुना मिस्टर पर्सनैलिटी**

# एयरपोर्ट प्रभावितों को अभी तक मिला 450 करोड़ मुआवजा

**अनंत ज्ञान, गगल**

कांगड़ा एयरपोर्ट विस्तारीकरण में प्रभावितों को मुआवजा देने की प्रक्रिया में प्रशासन ने 450 करोड़ रुपए की राशि आवंटित की है। प्रशासन ने प्रभावितों को 505 करोड़ रुपये की राशि आवंटित करने का खाका तैयार किया था। इसमें अब प्रशासन 100 करोड़ रुपए की राशि सरकार से मिलने का इंतजार कर रहा है। साथ ही प्रशासन ने आगामी चरण के लिए प्रभावितों के लिए 300 करोड़ रुपए देने का खाका तैयार किया है। राशि मिलने के बाद सहमति देने वाले प्रभावितों को राशि आवंटित करने की प्रक्रिया को शुरू किया जाएगा। कांगड़ा एयरपोर्ट के विस्तारीकरण के तहत 14 गांवों की 147.7587 हेक्टेयर भूमि प्रभावित हो रही है। इसमें 25.1064 हेक्टेयर सरकारी भूमि भी शामिल है। वहीं, 1.5 हेक्टेयर सरकारी भूमि पर कुछ लोगों के आवासीय और व्यवसायिक भवन भी बने हुए हैं। एयरपोर्ट विस्तारीकरण के लिए जिला प्रशासन की ओर से मुआवजा राशि का भी आवंटन किया जाता है। इसमें एयरपोर्ट के साथ लगते मुहालों में राशि का आवंटन किया भी गया है। एसडीएम कांगड़ा इशांत जसवाल ने कहा कि प्रभावितों को 450 करोड़ की राशि आवंटित की जा चुकी है। जैसे-जैसे राशि मिल रही है, उसके हिसाब से ही मुआवजा राशि आवंटित की जा रही है।



### हैप्पी बर्थडे



वीर गढ़ (बौंण) के सर्वजीत धीमान को जन्मदिवस पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

**बर्थडे व सालगिरह के फोटो भेजें**

बर्थडे हो या शादी की सालगिरह। आपकी खुशियों में हम भी हैं शामिल। अपना फोटो अनंत ज्ञान में प्रकाशित करवाने के लिए नाम और पते सहित व्हाट्सऐप नंबर 88945-21702 पर भेजें।

# जयसिंहपुर कॉलेज में स्टूडेंट्स को सिखाए आपदा में बचाव के तरीके

**अनंत ज्ञान, जयसिंहपुर**

कंवर दुर्गा चंद राजकीय महाविद्यालय जयसिंहपुर में 11 फरवरी को राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल के द्वारा एक दिवसीय अभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अभ्यास कार्यक्रम का संचालन महाविद्यालय की आपदा प्रबंधन समिति के संयोजक डॉ. इंद्र कुमार के द्वारा किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्रों को आपदा प्रबंधन से सबंधित जानकारी प्रदान करना रहा, जिसमें महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयंसेवियों व अन्य छात्रों ने बढ़- चढ़ कर भाग लिया।

प्रशिक्षक टीम ने छात्रों को विभिन्न प्रकार की आपदाओं के बारे में आधारभूत जानकारी प्रदान की जिसमें भूकंप, ज्वालामुखी, बाढ़, आग इत्यादि आपदाओं के कारण व प्रभाव के बारे में विस्तार से समझाया। इसके साथ कुछ महत्वपूर्ण तकनीकें जैसे, सी पी आर, जख्म होने पर किए जाने वाले उपचार, दम घुटने की स्थिति पर किए जाने वाले उपचार संबंधी जरूरी जानकारी के बारे में सिखाया। इसके अतिरिक्त कार्यक्रम में टीम ने छात्रों को मॉक ड्रिल के माध्यम से प्राकृतिक व मानव निर्मित आपदाओं के दौरान बचाव के उपायों के बारे में विस्तारपूर्वक सिखाया।

इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. उपेंद्र शर्मा बतौर मुख्यातिथि मौजूद रहे व उन्होंने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि हमें स्वयं को प्रत्येक आपदा के प्रति तैयार रखना है। इसके साथ ही कॉलेज के प्राचार्य ने राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल के पांच सदस्यीय अधिकारियों को कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए बधाई दी।

# स्वच्छ और सुंदर बनेगा नूरपुर नगर

## नगर परिषद ने स्वच्छ शहर, सशक्त शहर योजना का किया शुभारंभ

**भूषण शर्मा, नूरपुर**

नगर परिषद नूरपुर में स्वच्छ शहर, सशक्त शहर योजना का आरंभ किया गया। इस अवसर पर नगर परिषद प्रधान अशोक कुमार सहित सभी वार्ड सदस्य उपस्थित रहे। योजना का मुख्य उद्देश्य शहर को स्वच्छ, सुव्यवस्थित व नागरिक अनुकूल बनाना है।




नगर परिषद अध्यक्ष अशोक कुमार ने बताया कि योजना के तहत कचरे के पृथक्करण के लिए लोगों को जागरूक किया जाएगा। गीले व सूखे कचरे को अलग अलग करने के महत्व के बारे में घर-घर जाकर बताया जाएगा। समूह स्वच्छता नियमों व नगर परिषद द्वारा उपलब्ध करवाई जा रही सेवाओं के बारे में जागरूकता फैलाई जाएगी। उन्होंने कहा कि एक राज्य एक पोर्टल पहल के तहत नागरिक सेवा पोर्टल आरंभ किया जाएगा।

इसके माध्यम से आगामी समय से इस पोर्टल के माध्यम से 45 सेवाएं दी जाएंगी। ऑनलाइन माध्यम से नागरिकों की समस्याओं का शीघ्र से शीघ्र निवारण किया जाएगा। आईईसी कार्यक्रम के तहत समाधान शिविर का आयोजन किया जाएगा, जहां नागरिकों की समस्याओं का तुरंत समाधान होगा। यह पहल पारदर्शिता और डिजिटलल सुविधा को बढ़ावा देगी। इस अवसर पर वार्ड सदस्य व नगर परिषद कर्मचारी उपस्थित रहे। (अनंत ज्ञान)

# पंडित दीनदयाल के विचारों पर चलने का लिया संकल्प

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय में भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय के निर्देशानुसार पंच प्रण पहल कार्यक्रम के अंतर्गत तथा दीनदयाल उपाध्याय अध्ययन केंद्र की पहल पर पंडित दीनदयाल उपाध्याय की 56 वीं पुण्यतिथि पर 'पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की वैचारिकी में पंच प्रण' विषय पर विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य अतिथि के रूप विश्वविद्यालय के अधिष्ठाता आकादमिक प्रो. प्रदीप कुमार उपस्थित रहे। वहीं, मौके पर मुख्य वक्ता के रूप में विश्वविद्यालय के अंबेडकर अध्ययन केंद्र के सहायक आचार्य डॉ. किस्मत कुमार ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय को श्रद्धांजलि देते हुए पंच प्रण के महत्वपूर्ण बिंदुओं पर प्रकाश डाला।

**दीनदयाल उपाध्याय अध्ययन केंद्र की ओर से व्याख्यान का आयोजन**

उन्होंने कहा कि पूर्ण विकसित भारत के सपनों को साकार करने की दिशा में भारत सरकार के द्वारा निर्धारित पंच प्रण मील का पत्थर साबित होंगें। पंच प्रण की यह अवधारणा हमें महान विचारक पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की वैचारिकी में स्पस्ट रूप से दिखाई देती है। उन्होंने पंच प्रण में शामिल विकसित भारत, गुलामी की हर सोच से मुक्ति, विरासत पर गर्व, एकता व एकजुटता एवं नागरिक कर्तव्यों पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए एक -एक बिंदू की वर्तमान समय में सार्थकता पर प्रकाश डाला और कहा कि इन पंच प्राणों का अनुसरण ही भारत राष्ट्र को पुन: विश्व गुरु और सोने की चिड़िया बना सकता है और हम 2047 तक पूर्ण विकसित बन सकते हैं। वहीं मुख्य अतिथि प्रो. प्रदीप ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय जैसे महा पुरुषों के दिखाए रास्ते पर चलकर ही अपना, अपने परिवार, समाज व राष्ट्र का कल्याण कर सकते हैं। उन्होंने उपस्थित युवाओं का आह्वान करते हुए कहा कि पंच प्रण का संकल्प लेकर तथा पंडित दीनदयाल उपाध्याय के विचारों पर चल कर ही देश वासियों और राष्ट्र की आकांक्षाओं की पूर्ति हो सकती है। इस अवसर पर प्रो प्रदीप कुमार ने उपस्थित सभी लोगों को पंच प्रण का संकल्प दिलवाया। इससे पूर्व डॉ. चंद्रशेखर ने सभी का स्वागत किया तथा डॉ विकास नड्डा ने सभी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में वाणिज्य विभाग के अध्यक्ष प्रो मोहिंदर सिंह, प्रबंधन विभाग के डीन प्रो संजीव गुप्ता, अध्यक्ष प्रो. दीपांकर, योग अध्ययन केंद्र के निदेशक डॉ सुनील कुमार, डॉ. प्रतिवाश्री, डॉ. संजय कुमार, डॉ सुनीता, डॉ चंद्र शेखर व करतार सिंह उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन विश्वविद्यालय पंच प्रण पहल के परिसर 2 समन्वयक डॉ. उदय भान ने किया।

# पाईसा में निजी भूमि से काटे खैर के पेड़

**अनंत ज्ञान, देहरा**

वन मंडल देहरा के तहत पाईसा पंचायत के जखरूंडी गांव में निजी भूमि से खैर के पेड़ काटने का मामला सामने आया है। भूमि के मालिक ने पुलिस के पास शिकायत दी है। जानकारी के अनुसार जिनकी भूमि से खैर के पेड़ काटे गए हैं, वे मुकेरियां में रहते हैं। वन विभाग के गार्ड और पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर छानबीन शुरू कर दी है। बताया जा रहा है कि वन विभाग ने घास में छिपाकर रखे खैर के करीब एक दर्जन स्लीपर भी बरामद कर लिए हैं।

**भूमि मालिक ने पुलिस स्टेशन देहरा में शिकायत करवाई दर्ज**

जानकारी के अनुसार जिस भूमि से पेड़ काटे गए है, उसके मालिक को गांव के ही एक व्यक्ति ने सूचना दी की उनकी जमीन से खैर के पेड़ काटे गए हैं। सूचना मिलने के तुरंत बाद भूमि मालिक मुकेरियां से पाईसा गांव पहुंचे और पुलिस थाना देहरा में लिखित शिकायत दी।

मामले की पुष्टि करते हुए डीएसपी देहरा अनिल कुमार ने बताया कि पुलिस को इस बारे में शिकायत मिली है। मामले में पुलिस जांच कर रही है।

# शाहपुर कॉलेज में विद्यार्थियों को यातायात नियमों और सुरक्षा उपायों की दी जानकारी

**अनंत ज्ञान, शाहपुर।** राजकीय महाविद्यालय शाहपुर में सड़क सुरक्षा क्लब और एनएसएस इकाई द्वारा सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्यतिथि महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. विश्वजीत सिंह व मुख्य वक्ता एएसआई दिनेश कुमार पुलिस थाना शाहपुर रहे। एएसआई दिनेश कुमार ने व्यक्तिगत अनुभवों के आधार पर छात्रों को विभिन्न यातायात नियमों, कानूनों और सुरक्षा उपायों की जानकारी दी। उन्होंने हेलमेट और सीट बेल्ट पहनने, मोबाइल फ़ोन का प्रयोग ना करने और यातायात संकेतों का पालन करने की आवश्यकता पर जोर दिया। कार्यक्रम के अंत में सभी छात्रों ने सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने की शपथ ली। यह कार्यक्रम अत्यंत लाभप्रद, शिक्षाप्रद रहा, जिसने छात्रों में सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाई।

# इंटरनेट का सुरक्षित और जिम्मेदार उपयोग करने के लिए जागरूकता जरूरी: डीसी

## धर्मशाला में 'सुरशित इंटरनेट दिवस' पर कार्यशाला आयोजित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

इंटरनेट का सुरक्षित और जिम्मेदारी पूर्ण उपयोग सबके हित में है। साइबर अपराध और इंटरनेट के दुरुपयोग से संबंधित अन्य खतरों से बचने के लिए लोगों के बीच व्यापक स्तर पर जागरूकता जरूरी है। 'सुरक्षित इंटरनेट दिवस' पर मंगलवार को उपायुक्त कार्यालय में आयोजित कार्यशाला की अध्यक्षता करते हुए जिलाधीश कांगड़ा हेमराज बैरवा ने यह उद्गार प्रकट किए।

उन्होंने कहा कि जागरूकता बढ़ाने और इंटरनेट के सुरक्षित और जिम्मेदार उपयोग को बढ़ावा देने के लिए हर साल फरवरी के दूसरे मंगलवार को सुरक्षित इंटरनेट दिवस मनाया जाता है। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य सभी के बीच सुरक्षित तरीके से इंटरनेट के उपयोग के बारे में जागरूकता फैलाना है। डीसी ने कहा कि कोई भी तकनीक वरदान है या शाप यह उसके उपयोग पर निर्भर करता है। उन्होंने कहा कि इसी प्रकार इंटरनेट का उपयोग भी यदि सुरक्षित व जिम्मेदारी से किया जाए तो यह आज के समय में बहुत बड़ा वरदान है। उन्होंने कहा कि कोई भी तकनीक अच्छी या बुरी नहीं होती बल्कि उसको उपयोग करने के तरीके से उसकी सार्थकता सिद्ध होती है। उन्होंने कहा कि आज इंटरनेट उपयोगिता को देखते हुए उसका सही तरीके से इस्तेमाल बेहद जरूरी है। उपायुक्त ने कार्यशाला में सुरक्षित तरीके से इंटरनेट के उपयोग और साइबर खतरों के बारे में सभी के बीच जागरूकता के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि जन-जन को इंटरनेट के सही उपयोग के बारे जागरूक करने की आज बहुत आवश्यकता है।

जिला सूचना-विज्ञान अधिकारी अक्षय मेहता ने 'सुरक्षित इंटरनेट' और आज की डिजिटल दुनिया में साइबर सुरक्षा के महत्व पर प्रतिभागियों को क्या करें और क्या न करें के बारे में बताया गया और सुरक्षित ऑनलाइन वातावरण को बढ़ावा देने के लिए उनकी शंकाओं का भी समाधान किया गया।

## स्पोर्ट्स

### राजकीय महाविद्यालय रिड़कमार में तृतीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का समापन

# नितिन और रीता ने जीता बेस्ट एथलीट का खिताब

**अनंत ज्ञान, शाहपुर**

राजकीय महाविद्यालय रिड़कमार में तीसरी वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। सोमवार को आयोजित एकदिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि के रूप में राजकीय महाविद्यालय धर्मशाला के प्राचार्य राकेश पठानिया ने शिरकत की।




वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में राजकीय महाविद्यालय शाहपुर के प्राचार्य डॉक्टर विश्वजीत सिंह, राजकीय महाविद्यालय लंच के प्राचार्य डॉक्टर संजय शर्मा तथा राजकीय महाविद्यालय शाहपुर के संगीत विभाग के प्रोफेसर डॉ. सतीश ठाकुर मौजूद रहे। इस आयोजन का शुभारंभ प्रोफेसर भूपेंद्र सिंह ने विद्यार्थियों को खेल भावना की शपथ दिलाकर किया। मंच का संचालक प्रोफेसर हाकम चंद ने किया। प्रतियोगिता में नितिन और रीता को बेस्ट एथलीट चुना गया।

मुख्यातिथि रकेश पठानिया ने अपने संबोधन में कहा कि खेल प्रतियोगिता हमें शारीरिक व मानसिक रूप से स्वस्थ रखने का काम करती है, वहीं दूसरी ओर हमें वर्तमान में जीना भी सिखाती हैं। उन्होंने बच्चों को विभिन्न क्षेत्रों में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। महाविद्यालय के विद्यार्थियों की अधिकांश सहभागिता के लिए उन्हें बधाई भी दी। वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता में 100 मीटर दौड़, ऊंची कूद, लंबी कूद, गोला फेंक प्रतियोगिता व रस्साकशी को शामिल किया गया। पुरुष वर्ग के अंतर्गत 100 मीटर दौड़ प्रतियोगिता में अविनाश ने पहला, विशाल ने दूसरा, जबकि शुभकरण ने तीसरा स्थान हासिल किया। लड़कों की गोला फेंक प्रतियोगिता में शुभम, नितिन व बॉबी राणा ने क्रमश: प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान हासिल किया। वहीं, लड़कियों की गोला फेंक प्रतियोगिता में सिमरन ने प्रथम, मीनाक्षी ने द्वितीय व रीता ने तृतीय स्थान हासिल किया। लड़कों की ऊंची कूद प्रतियोगिता में नितिन ने प्रथम, शुभकरण ने द्वितीय व निखिल ने तृतीय स्थान हासिल किया। वहीं, लड़कियों की ऊंची कूद प्रतियोगिता में रीता ने प्रथम, वंदना ने द्वितीय व रीना तृतीय स्थान पर रही। लड़कों की लंबी कूद प्रतियोगिता में नितिन ने प्रथम, मनोज ने द्वितीय व विशाल ने तृतीय स्थान हासिल किया।

## न्यूज ब्रीफ

### व्यक्ति से 6.36 ग्राम हेरोइन की बरामद

**अनंत ज्ञान, गग्गल।** पुलिस थाना गग्गल के तहत सराह खड्ड नजद श्मशानघाट में चढ़ंग निवासी गांव व डाक घर गग्गल तहसील व जिला कांगड़ा के पास से 6.36 ग्राम हेरोइन बरामद की गई। पुलिस ने इस संदर्भ में अभियोग जेर धारा 21 स्वापक औषधि एवं मनःप्रभावी पदार्थ अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### लड़ाई-झगड़ा करने पर दो पर मामला दर्ज

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां।** लड़ाई झगड़ा करने के आरोप में नगरोटा बगवां पुलिस ने दो युवकों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार सद्दूं बरयां में सुरजीत सिंह निवासी सद्दूं बरयां जिला कांगड़ा व उसके दोनों लड़कों ने रजिन्द्र कुमार निवासी सद्दूं बरयां जिला कांगड़ा, उसकी माता व पत्नी के साथ उसकी दुकान में लड़ाई-झगड़ा, गाली-गलौज व मारपीट की तथा धमकियां दीं। इस संदर्भ में पुलिस ने अभियोग जेर धारा 332, 115(2), 352, 351(2), 3(5) भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज जांच शुरू की है। वहीं, दूसरी ओर पुलिस ने सद्दूं बरयां में रजिंद्र कुमार, बिंदु व सुरिंद्र कुमार की शिकायत पर क्रास मामला दर्ज किया है।

### गुरु रविदास प्रकाशोत्सव पर निकाली शोभायात्रा



**अनंत ज्ञान, जवाली।** श्री गुरु रविदास सभा जवाली द्वारा गुरु रवि दास प्रकाश उत्सव बड़ी श्रद्धापूर्वक मनाया गया। सुबह सहज पाठ के भोग के बाद गुरु की शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा गुरु रविदास मंदिर जवाली से शुरू होकर केहरियां चौक से लब कस्बे तक गई। कीर्तन मंडली ने गुरु रविदास की महिमा का गुणगान करके संगतों को निहाल किया। इस मौके पर सभा के प्रधान रामेश्वर रिंकू अमन, जतिंदर नरियाल, रामेश्वर नरियाल, कमल किशोर, रोहित, जतिंदर त्यागी, सन्नी, योगेश कुमार, राकेश कुमार, कुलदीप कुमार, कृष्णा देवी, ओम प्यारी, राधा देवी, विद्या देवी वीर सिंह, गुरनाम सिंह, राज कुमार नारियल अरविंद, पवन कुमार, कुलदीप सिंह, अनीता देवी, रक्षा देवी, शेर सिंह,आदि मौजूद रहे। सभा के प्रधान रामेश्वर रिंकू ने बताया कि 12 फरवरी गुरु रविदास की महिमा का गुणगान किया जाएगा तथा दोपहर में गुरु का अटूट लंगर लगाया जाएगा।

### गुरु रविदास का 648वां प्रकटोत्सव मनाया

**अनंत ज्ञान, योल।** गुरु रविदास का 648वां प्रकटोत्सव योल गुरु रविदास मंदिर में धूमधाम से मनाया गया। 5 फरवरी से रोज सुबह पांच बजे प्रभात फेरी का आयोजन किया जा रहा है। रविदास सभा के प्रधान रमेश भटोआ ने बताया कि मंगलवार को ग्राम नगर-कीर्तन व शबद-कीर्तन के साथ बुधवार को सुबह झंडा रस्म के साथ शबद कीर्तन व तंदपरात गुरु का अटूट लंगर होगा। सभी श्रद्धालुओं से अपील है कि पर्व में बढ़-चढ़कर भाग लें।

### शिवरात्रि मेले में झूले व स्टॉल के लिए बोली 15 को

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** बैजनाथ में राज्य स्तरीय शिवरात्रि मेले का आयोजन 26 फरवरी से 2 मार्च तक इंदिरा गांधी स्टेडियम उत्तेहड़ में किया जाएगा। अध्यक्ष मेला कमेटी एवं एसडीएम बैजनाथ देवी चंद ठाकुर ने बताया कि मेला की शोभा बढ़ाने के लिए मेला मैदान को झूले व स्टॉल हेतु शिवरात्रि मेला कमेटी द्वारा खुली बोली द्वारा आवंटित किया जाना है। उन्होंने बताया कि इच्छुक बोलीदाता 15 फरवरी को प्रातः 10.30 बजे स्टाल व झूले की बोली हेतु इंदिरा गांधी स्टेडियम उत्तेहड़ तहसील बैजनाथ में उपस्थित होकर उक्त नीलामी में हिस्सा ले सकते हैं।

# हटवास में 4.10 करोड़ से बनेगा खेल परिसर: आरएस बाली

## पर्यटन निगम के अध्यक्ष बोले, चाहड़ी तथा हटवास में दो वर्ष में विकास पर व्यय किए चार करोड़ रुपए

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां**

पर्यटन निगम के अध्यक्ष कैबिनेट रैंक आरएस बाली ने कहा कि राज्य सरकार संसाधन बढ़ाने की दिशा में अनेक पग उठा रही है, ताकि हिमाचल को आत्मनिर्भर राज्य के रूप में विकसित किया जा सके। मंगलवार को चाहड़ी तथा हटवास पंचायत में 'विधायक आपके द्वार' कार्यक्रम में लोगों की समस्याएं सुनने के उपरांत पर्यटन निगम के अध्यक्ष आरएस बाली ने कहा कि नगरोटा विस क्षेत्र का समग्र विकास सुनिश्चित किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि नगरोटा के हटवास में चार करोड़ 10 लाख की लागत से स्पोर्ट्स कांप्लेक्स निर्मित किया जाएगा, ताकि युवाओं को खेलकूद के लिए बेहतर सुविधाएं मिल सकें। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार की आम जनमानस की समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करने के लिए हरसंभव प्रयास कर रही है तथा इसी के दृष्टिगत आपका विधायक आपके द्वार कार्यक्रम भी आरंभ किया गया है।

उन्होंने कहा कि सरकार की नीतियों एवं कार्यक्रमों को जन-जन तक पहुंचाया जाएगा ताकि अधिक से अधिक लोग सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठा सकें। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने अपने दो वर्ष के कार्यकाल के दौरान अपनी दस गारंटियों में से छह को पूरा कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि चाहड़ी तथा हटवास पंचायत में गत दो वर्षों में सड़क, स्वास्थ्य, पेयजल की



बेहतर सुविधा उपलब्ध करवाने पर चार करोड़ की राशि व्यय की जा चुकी है। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार नियमों में बदलाव कर व्यवस्था में परिवर्तन कर रही है और कड़े फैसले ले रही है, जिसके आने वाले समय में सुखद परिणाम सामने आयेंगे। उन्होंने आज इन दोनों पंचायत के लोगों की समस्याओं को भी सुना उन्होंने अधिकतर समस्याओं का मौके पर निपटारा किया और अन्य के लिए अधिकारियों को जल्द निपटाने के निर्देश दिए।

इस अवसर पर एसडीएम मुनीश शर्मा, मान सिंह, प्रताप रियाड, अरुण कटोच, एक्शन पीडब्ल्यूडी राजीव शर्मा, एक्शन आईपीएच विवेक ठाकुर, एक्शन बिजली विभाग कमल चौधरी, बीएमओ रूबी भारद्वाज, बीडीओ लतिका, सीडीपीओ राजेश, तहसील कल्याण अधिकारी सुभाष चंद और दीपाली, प्रधान छाया देवी,प्रधान निर्मला देवी,अन्य पंचायत प्रतिनिधि, महिला मंडल, युवा क्लब, अन्य अधिकारी और लोग मौजूद रहे।

# जिला स्तरीय होली उत्सव जयसिंहपुर में होंगी 2 सांस्कृतिक संध्याएं: गोमा

## आयुष एवं खेल मंत्री बोले, मेले और उत्सव समृद्ध संस्कृति के परिचायक

**अनंत ज्ञान, जयसिंहपुर**

जिला स्तरीय होली उत्सव जयसिंहपुर के आयोजन को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता आयुष, युवा सेवाएं एवं खेल मंत्री यादविंद्र गोमा ने की। आयुष मंत्री ने कहा कि जयसिंहपुर में होली उत्सव वर्षों से बड़े हर्षोल्लास एवं धूमधाम के साथ आयोजित होता आ रहा है। उन्होंने प्रशासन को निर्देश दिए कि होली उत्सव लोगों की आस्था का उत्सव है और इसका आयोजन जनमानस की भावनाओं को ध्यान में रखकर किया जाए। उन्होंने कहा कि मिले और उत्सव हिमाचल प्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का हिस्सा है और इन्हें सहेजना तथा संजोय रखना हम सभी के जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि सरकार, प्रदेश के



उत्सवों और मेलों को संजोय रखने के लिये हर संभव सहयोग उपलब्ध करवा रही है।

उन्होंने कहा कि जयसिंहपुर होली उत्सव को सरकार ने स्तरोन्नत कर ज़िला स्तरीय उत्सव का दर्जा दिया है। उन्होंने कहा कि उत्सव को अधिक आकर्षक तथा मनोरंजक बनाने के लिए दो सांस्कृतिक संध्याओं का भी आयोजन किया जाएगा, जिसमें स्थानीय एवं हिमाचल के कलाकारों को अवसर प्रदान किया जाएगा। गोमा ने कहा कि होली हम सभी का उत्सव है और उत्सव के सफल आयोजन के लिए सबका सहयोग जरूरी है। उन्होंने प्रशासन को उत्सव में सभी सहभागिता सुनिश्चित बनाने के लिए दिशा-निर्देश जारी किए। उन्होंने कहा कि उत्सव के दौरान ऐतिहासिक चौगान मैदान में सभी विभागों की विकासात्मक प्रदर्शनियां को सुनिश्चित किया जायेगा, ताकि लोगों को सरकार की योजनाओं की जानकारी प्राप्त हो सके। इस बैठक का संचालन एच एसडीएम जयसिंहपुर संजीव ठाकुर ने किया। उन्होंने कहा कि पिछले वर्ष जयसिंहपुर होली को जिला स्तरीय दर्ज दिया गया था। उन्होंने कहा कि पिछले वर्ष होली उत्सव के लिये करीब 10 लाख 71 हजार आय हुई थी और 10 लाख 65 हजार रुपए व्यय हुआ था। उन्होंने आयुष मंत्री का बैठक में विशेष रूप में शामिल रहने के लिए आभार प्रकट किया।

# दो माह के शिशु का किया जटिल हर्निया ऑपरेशन

**अनंत ज्ञान, नूरपुर**

नूरपुर सिविल अस्पताल में दो माह के शिशु का जटिल हर्निया ऑपरेशन सफलतापूर्वक किया गया। इससे शिशु के महत्वपूर्ण पेट के अंगों को बचाया जा सका। सर्जन डॉ. प्रवीन कुमार और एनेस्थेटिक डॉ. रुहानी महाजन के नेतृत्व में यह ऑपरेशन शिशु की उम्र और आकार के कारण बहुत चुनौतीपूर्ण था। शिशु को हर्निया की समस्या थी, जो अगर बिना उपचार छोड़ दी जाती तो पेट के अंगों को नुकसान पहुंचा सकती थी।

**सिविल अस्पताल नूरपुर के डॉक्टरों की टीम ने किया कमाल**

अस्पताल के डॉ. प्रवीन कुमार और डॉ. रुहानी महाजन ने बताया कि जब बच्चे को लाया गया तो हर्निया फंस गया था। इसका तत्काल ऑपरेशन किया जाना जरूरी था, लेकिन बच्चे की उम्र को देखते हुए यह ऑपरेशन जोखिमपूर्ण था। अस्पताल की अपनी टीम ने मिलकर इसे चुनौती मानते हुए ऑपरेशन को सफलतापूर्वक किया। शिशु की अच्छी तरह से देखभाल की गई और अब वह स्वस्थ हो रहा है। डॉ. प्रवीन कुमार ने कहा कि यह एक जटिल मामला था। ऐसे जटिल ऑपरेशन हिमाचल में आईजीएमसी, टांडा या पीजीआई में ही संभव है।

नूरपुर अस्पताल की टीम ने इसे सफलतापूर्वक कर दिखाया। ऐसे ऑपरेशन के लिए निजी अस्पतालों में लाखों रुपए का खर्चा आ जाता है।

डॉ. रुहानी महाजन ने कहा कि शिशुओं के लिए एनेस्थीसिया विशेष कौशल की आवश्यकता होती है। हम शिशु के ठीक होने से खुश हैं। यह सफल ऑपरेशन हमारे मेडिकल स्टाफ की क्षमता और समर्पण का प्रमाण है। हम सभी मरीजों को सर्वोत्तम सेवाएं प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

# रेनबो नेक्स्टजेन स्कूल में वार्षिकोत्सव की धूम

## छात्रों की आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से कार्यक्रम में लगे चार चांद

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां**

रेनबो नेक्स्टजेन विद्यालय के प्रांगण में वार्षिकोत्सव बड़े धूमधाम से मनाया गया। सांस्कृतिक नृत्य पर आधारित वार्षिक उत्सव में बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि डीएसपी निशा कुमारी, रेनबो इंटरनेशनल स्कूल के प्रधानाचार्य छवि कश्यप तथा विद्यालय के निर्देशक डॉ. जेआर कश्यप की अगुवाई में हुआ।



छात्राओं ने तिलक लगाकर तथा फूलों की वर्षा कर उनका स्वागत किया। सर्वप्रथम उनके द्वारा दीप प्रज्वलित कर मां सरस्वती की वंदना की गई तथा छात्राओं द्वारा भी सरस्वती वंदना प्रस्तुत की गई। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से लेकर नृत्य तक हर गतिविधि के लिए, बच्चों ने शिक्षकों के मार्गदर्शन में कड़ी मेहनत की है। बच्चों की इस तैयारी में न केवल उनके कौशल निखरे हैं, बल्कि उनमें आत्मविश्वास और टीम वर्क की भावना भी विकसित हुई है। तत्पश्चात क्रमबद्ध तरीके से नन्हे मुन्ने बच्चों द्वारा सांस्कृतिक गीत एवं नृत्यों की आकर्षक प्रस्तुतियां प्रस्तुत की गई। वार्षिक उत्सव के अवसर पर छात्र-छात्राओं द्वारा समूह नृत्य व नाटक की रंगारंग प्रस्तुति दी गई (विभिन्न राज्यों के लोक नृत्य जैसे पंजाबी गिद्दा ,राजस्थानी तथा नागपुरी नृत्य ने सभी दर्शकों का मन मोह लिया। छठी तथा सातवीं कक्षा के छात्रों द्वारा हास्य नृत्य प्रस्तुत किया गया ,जिसे देखकर दर्शक भी अपनी हंसी नहीं रोक पाए। नवमी कक्षा के छात्रों ने नाटक प्रस्तुत कर राष्ट्रीय एकता तथा भाईचारे का संदेश दिया। कार्यक्रम के समापन से पहले मुख्य अतिथि ने छात्रों द्वारा प्रस्तुत की गई प्रस्तुतियों की सराहना की तथा उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए उन्हें प्रमाण पत्र सहित इनाम प्रदान किए गए। निर्देशक महोदय द्वारा मुख्य अतिथि को शॉल, टोपी तथा स्मृति चिन्ह द्वारा सम्मानित किया गया।

विद्यालय की संयोजक द्वारा मुख्य अतिथि को उनके कीमती समय निकालने के लिए धन्यवाद दिया और साथ में बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए रेनबो नेक्स्टजेन स्कूल के प्रयासों की सराहना की गई। रेनबो नेक्स्ट जेन स्कूल छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए शैक्षणिक तथा अन्य गतिविधियों के लिए सदैव प्रयासरत रहेगा।

# सुरेश को चुना पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन पालमपुर का अध्यक्ष

**अनंत ज्ञान,पालमपुर।** पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन हिमाचल प्रदेश सिटी यूनिट पालमपुर की बैठक सुरेश पठानिया की अध्यक्षता पालमपुर में आयोजित की गई। इसमें सुरेश ठाकुर प्रदेश के वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं जिला अध्यक्ष कांगड़ा मुख्यातिथि के तौर पर शामिल हुए। इस अवसर पर सर्वसम्मति से चुनाव संपन्न हुए। इसमें प्रधान सुरेश पठानिया, वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजिंदर जरियाल, एमएस राणा महासचिव, हेमंत शर्मा अतिरिक्त महासचिव, गोवर्धन पठानिया मुख्य सलाहकार, जगदेव ठाकुर व सुरेश राणा कोषाध्यक्ष, कुलदीप ठाकुर उपाध्यक्ष, उर्मिला शर्मा, राजिंदर वर्मा, प्रताप डोगरा, रमेश पठानिया, सीता राम धीमान, मधु धीमान, सुदर्शन शर्मा, मुख्य संगठन सचिव, मुख्य संरक्षक उत्तम भट, सुदेश सूद सलाहकार नानक चंद, चंद्र भान शुक्ला, पृथ्वी राज वालिया, मोहिंदर सिंह, संगठन सचिव प्रीतम राख, ठाकुर दास, देश राज चौधरी, रमेश चंद, पंजाब शास्त्री, कुशल बनूरी,जोराबर सिंह, प्रेस सेक्रेटरी राजिंदर डोहरू और जिला के अतिरिक्त महासचिव रविंदर राणा को चुना गया।

# बलाहरा स्कूल की एसएमसी की बैठक में विद्यार्थियों की परीक्षाओं पर की चर्चा

**राकेश डोगरा, डरोह**

शिक्षा खंड थुरल के अंतर्गत आने वाले शहीद लक्खा सिंह राजकीय उच्च विद्यालय बलाहरा में अध्यापक अभिभावक संघ की मासिक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता मुख्याध्यापक दुनी चंद ने की।



इस बैठक में मुख्याध्यापक ने बैठक में उपस्थित अभिभावकों का स्वागत किया। उन्होंने विद्यालय में चल रही गतिविधियों के साथ हाल ही में बच्चों की संपन्न हुई परीक्षाओं पर चर्चा की। साथ ही आने वाली बोर्ड परीक्षाओं को मद्देनजर रखते हुए अभिभावकों से अपने बच्चों पर नजर रखने का आह्वान किया। इस बैठक में अभिभावकों ने भी अपने-अपने विचार साझा किए। उन्होंने कहा कि जिन-जिन लोगों ने अध्यापक राकेश राणा के प्रयासों से विद्यालय के विकास के लिए, सहयोग किया है, वे सभी अगली बैठक में सम्मानित किए जाएंगे, ताकि भविष्य में और भी लोग प्रेरित होकर विद्यालय के विकास में अपना योगदान दे सकें। (अनंत ज्ञान)

# स्टूडेंट्स को मशरूम की किस्मों सुगंधित पौधों की दी जानकारी

**अनंत ज्ञान, हरिपुर**

हरिपुर चंद्रधर गुलेरी राजकीय महाविद्यालय हरिपुर गुलेर में बागवानी उत्पाद और रोजगार विषय एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया।

इस अवसर पर मुख्यातिथि के रूप महाविद्यालय के कार्यवाहक प्राचार्य डॉ. प्रभात कुमार शर्मा ने भाग लिया। मुख्यवक्ता बागवानी विभाग देहरा से विषय विशेषज्ञ डॉ. विवेक गर्ग, डॉ. आरती ठाकुर एवं सफल बागवान के रूप में विपिन कुमार मौजूद रहे। छात्रों के सम्मुख उन्होंने बागवानी को रोजगार के रूप अपनाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने ढींगरी, बटन, सटाके और मिल्की जैसी मशरूम की किस्मों और केम आइल, नीम, मैरी गोल्ड, लेमन ग्रास और मोरिंगा आदि सुगंधित पौधे लगाने की विस्तृत जानकारी प्रदान की। इस अवसर पर डॉ. दिनेश कुमार शर्मा, प्रो. दिनेश कुमार, डॉ. संतोष कुमार और प्रो. रूपाली शर्मा आदि उपस्थित रहे।

# 'स्वच्छता' समाज के लिए महत्वपूर्ण मुद्दा: रेणु शर्मा

**अनंत ज्ञान कांगड़ा**

स्वच्छ मिशन, समृद्ध शहर मिशन पर नगर परिषद कांगड़ा में पत्रकार वार्ता कर रेणु शर्मा ने जानकारी साझा की। कार्यक्रम बारे नगर परिषद कार्यकारी अधिकारी चमन लाल द्वारा जानकारी साझा की गई व आगे की योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई। इसके बाद नगर परिषद अध्यक्ष रेणु शर्मा ने बताया कि शहर में गली गली जाकर लोगों से सुझाव लिए जाएंगे कि किस तरह से शहर को स्वच्छता को बेहतर रूप दिया जा सके। शहर में स्वच्छता को लेकर नगर परिषद के सफाई कर्मचारी कोई भी कमी नहीं रखते है। सफाई कर्मचारी हर रोज अपनी भूमिका निभाते हुए सुबह सवेरे ही लोगों के घरों में कूड़ा लेने के लिए गली गली, घर-घर पहुंचते है। इससे शहर में सफाई व्यवस्था सुचारु रखने में काफी मदद मिलती है। उन्होंने कहा कि स्वच्छता हमारे समाज के लिए एक महत्वपूर्ण मुद्दा है और हमें इसके लिए मिलकर काम करना चाहिए। यह कार्यक्रम स्वच्छ भारत मिशन के तहत आयोजित किया जा रहा है। इसका उद्देश्य देश को स्वच्छ और समृद्ध बनाना है। इस मिशन के तहत, सरकार ने स्वच्छता के क्षेत्र में कई पहल किए हैं और लोगों को स्वच्छता के महत्व के बारे में जागरूक किया है।

**लोगों से सूखे व गीले कचरे को अलग-अलग रखने की अपील**

गीला, सूखा कचरे को इकट्ठे न रखकर अलग अलग रखने की जरूरत है, ताकि जब सफाई कर्मचारी अलग-अलग कूड़ा उठाकर आगे ले जाए तो उस कचरे को अलग करने में आसानी हो। बच्चों के डायपर को भी गीला कूड़े के लिफाफे में अलग से डालना चाहिए, ताकि सफाई व्यवस्था को और बेहतर बनाया जा सके। हमारे स्वयं सहायता समूह, सफाई कर्मचारी, जनता सबकी जिम्मेदारी स्वच्छता को लेकर अहम है। सुमन ने कहा कि आईपीएच विभाग द्वारा यदि नालियों में से पानी की पाइपें निकाली दी जाएं तो सफाई कर्मचारियों को सफाई करने में आसानी होगी। उन्होंने पत्रकार वार्ता के दौरान आईपीएच विभाग से गुजारिश की है कि पानी की पाइपों को नालियों से निकालकर अलग व्यवस्था की जाए।

# नशा करना है तो नाम सिमरन का करें: गुरदीप गिरी

**अनंत ज्ञान, नूरपुर**

संसारी नशे का त्याग कर नाम सिमरन का नशा करें, ताकि जीवन धन्य हो सके। श्रीश्री 1008 गुरदीप गिरी महाराज ने गुरु रविदास के प्रकाश पर्व की पूर्व संध्या पर भलेटा में आयोजित कार्यक्रम में व्यक्त करते हुए कहा कि गुरु को नहीं गुरु की मानने से ही जीवन उज्ज्वल हो सकता है। उन्होंने समूह संगत को श्री गुरु रविदास की वाणी का अनुसरण करने का आह्वान किया। इससे पूर्व प्रकाश पर्व की पूर्व संध्या पर नूरपुर क्षेत्र के वाण गांव से विशाल शोभायात्रा का आयोजन किया गया।

शोभायात्रा खुशी नगर, नूरपुर, जसूर होती हुई से गुज्जर का तालाब पहुंची यहां पर समापन समारोह का आयोजन किया गया। समापन समारोह में क्षेत्र के पूर्व विधायक अजय महाजन बतौर मुख्यातिथि शामिल हुए। उन्होंने श्री गुरु रविदास के प्रकाश पर्व की शुभकामनाएं दीं। मौके संत लवप्रीत और विभिन्न कीर्तन मंडलियों ने समूह संगत को गुरु की वाणी से जोड़ा।

**स्वच्छता** | प्रदेश सरकार की 'स्वच्छ शहर, समृद्ध शहर' योजना को धरातल पर लाने की कवायद शुरू

# जनभागीदारी से स्वच्छ व समृद्ध बनेगा ज्वालामुखी: धर्मेंद्र

**अनंत ज्ञान, ज्वालामुखी**

नगर परिषद ज्वालामुखी में स्वच्छ शहर, समृद्ध शहर प्रदेश सरकार की योजना को धरातल पर लाने के लिए कवायद शुरू कर दी है। इसके अंतर्गत ज्वालामुखी में सेल्फ हेल्प ग्रुप हर बार्ड के घर-घर में जाएंगे और लोगों को जागरूक करेंगे की सूखा व गीला कूड़ा अलग-अलग इकट्ठा करके अलग-अलग ही सफाई कर्मचारियों को दिया जाए। इसके अलावा सेनेटरी बेस्ड मटेरियल अलग से लिफाफे में डालकर अलग से दिया जाए। हफ्ते में एक दिन ई बेस्ड पदार्थ जैसे बल्ब, मोबाइल के खराब मटेरियल



और कांच का सामान आदि इस सामान को हफ्ते में एक दिन कलेक्ट किया जाएगा।

लोग इसको अलग से इकट्ठा करें और जो दिन फिक्स किया गया है उसी में सफाई कर्मचारियों के पास दें। नगर परिषद के अध्यक्ष धर्मेंद्र शर्मा ने कहा कि जनभागीदारी से ही ज्वालामुखी को स्वच्छ समृद्ध बनाया जा सकता है, इसलिए शहर का हर व्यक्ति नगर परिषद को सहयोग करें, ताकि प्रदेश सरकार के इस ड्रीम प्रोजेक्ट को पूरा किया जा सके। नगर परिषद के कार्यकारी अधिकारी संदीप कुमार ने बताया कि डिस्टेंस सर्विसेज लोगों को निशुल्क घर द्वार पर उपलब्ध करवाई जाएगी, जिसमें प्रॉपर्टी टैक्स, कूड़ा कचरा टैक्स, ट्रेड टैक्स, दुकानों का किराया और अन्य टैक्स घर बैठे ऑनलाइन जमा करवाए जा सकते हैं। लोगों को नगर परिषद कार्यालय में आने की जरूरत नहीं है।

उन्होंने बताया कि समाधान योजना जिसके अंतर्गत नगर परिषद के अधिकारी और पार्षद प्रधान और उपप्रधान सहित हर वार्ड में जाएंगे और लोगों की कूड़ा-कचरा, सफाई, बिजली और नालियों आदि की समस्या को मौके पर ही सुनकर उनका मौके पर ही हल कर दिया जाएगा।

उन्होंने लोगों से आह्वान किया है कि सरकार द्वारा चलाई जा रही इस योजना का लाभ उठाएं और नगर परिषद को सहयोग करें। इस मौके पर नगर परिषद सदस्य अनु कुमार, राजेंद्र कुमार बबली, विवेक सूद, नगर परिषद के कनिष्ठ अभियंता कमल कांत, सौदान सिंह, शुभम, अंशुल और अन्य कर्मचारी भी उपस्थित थे।

**ब अदालत नायब तहसीलदार एवं सहायक समाहर्ता द्वितीय श्रेणी तहसील नूरपुर, जिला कांगड़ा ( हि. प्र. )**

सुरिंदर कुमार पुत्र पिशुन्दी राम निवासी लगोड़ मौजा गाहीं लगोड़ तहसील नूरपुर जिला कांगड़ा हि.प्र. । **वादी**

**बनाम**

बक्शीश सिंह पुत्र प्यारो संजय कुमार पुत्र माधो चमन लाल पुत्र बिधिया बगैरा निवासीगण गांव लगोड़ मौजा गाहीं लगोड़ तहसील नूरपुर। **प्रतिवादीगण**

**प्रार्थना** पत्र तकसीम भूमि खाता नं. 2 खतौनी नं. 6 खसरा किता रकबा तादादी 03-54-08 वाक्या मोहाल लगोड़ मौजा गाहीं लगोड़ तहसील नूरपुर।

उपरोक्त मुकदमा तकसीम में प्रतिवादी नं. 1. बखशीश सिंह पुत्र प्यारो, 2. संजय कुमार पुत्र माधो, 3. चमन लाल पुत्र बिधिया, 4. जोगिंदर सिंह पुत्र गैंडा, 5. महिंदर @ महलू राम पुत्र लाला, 6. सुभाष चंद पुत्र मुसाफिर @ ठुन्डू, 7. महाजन राम पुत्र दुलो 8. अमर नाथ पुत्र दुलो 9. महलो राम पुत्र दुलो 11.(a) जनक पुत्र माया देवी 11.(b) सुमन पुत्री माया देवी 12. गुड्डी देवी पुत्री दुलो 13. मिलाप चंद पुत्र प्रीतम चंद 14. बनीता देवी पत्नी रोशन लाल 15. नसीब सिंह पुत्र केसो 17. बिक्रम सिंह पुत्र केसो 18. चैन्चला देवी पत्नी केसो 19. परशोतम लाल पुत्र धरमु 20. कौशल्या देवी विधवा धरमु 21. जीवो देवी पुत्री धरमु 22. रोहनु देवी पुत्री धरमु 23. कर्मो पुत्र वीर सिंह निवासीगण महाल लगोड़ मौजा गाहीं लगोड़ तहसील नूरपुर जिला कांगड़ा हि. प्र. को उक्त मुकदमा तकसीम में इस अदालत से कई बार समन जारी किए गए। परंतु तामील समनात नियमानुसार न हो सकी। इस अदालत को यह विश्वास हो चुका है कि उक्त प्रतिवादीगण को तामील साधारण तरीके से नहीं हो सकती है।

अतः उक्त प्रतिवादीगण को इस इश्तहार अखबार द्वारा सूचित किया जाता है कि वे दिनांक 11-03-2025 को प्रातः 11:00 बजे असालतन व वकालतन अदालत में उपस्थित होकर पैरवी प्रार्थना पत्र तकसीम करें। हाजिर न आने की सूरत में उनके खिलाफ नियमानुसार एक तरफा कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। आज दिनांक 11-02-2025 को मेरे हस्ताक्षर व मोहर अदालत से जारी हुआ।

**सहायक समाहर्ता द्वितीय श्रेणी नूरपुर**

## न्यूज ब्रीफ

### आईटीआई सुन्नी व जलोग की छात्राओं को मिलेगी छात्रवृत्ति

**महेंद्र कुमार, सुन्नी।** औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान सुन्नी में दो दिवसीय कार्यशाला का समापन हुआ। समापन कार्यक्रम औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के प्रिंसिपल गुलाब सिंह ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। सेंटर ऑफ सिविल सोसायटी के सौजन्य से बूट कैंप के तहत आयोजित पी एंड जी बेटियां छात्रवृत्ति योजना के अंतर्गत सुन्नी आईटीआई की 42 तथा जलोग आईटीआई की 20 छात्राओं ने हिस्सा लिया। सोसायटी के कार्यक्रम अधिकारी दीपक शर्मा ने बताया कि चयनित छात्राओं को सोसायटी के माध्यम से एक वर्ष के लिए छात्रवृत्ति प्रदान की जाएगी। उन्होंने बताया कि छात्राओं का चयन परिवार की आय, शैक्षणिक योग्यता और संस्थान में उनके उपस्थिति रिकॉर्ड के अनुसार किया गया।

### राष्ट्रीय स्तर के कार्यक्रम में ऐंजल ने लिया हिस्सा



**अनंत ज्ञान, जुब्बा (शिमला)।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला पीरन की आठवीं कक्षा की छात्रा ऐंजल ठाकुर ने तमिलनाडू के ट्रिची जिला के मनापराई में भारत स्काऊटस एंड गाईड्स के हीरक जयंती के उपलक्ष्य पर आयोजित राष्ट्रीय स्तर के कार्यक्रम में भाग लेकर अपने माता-पिता और स्कूल का नाम रोशन किया है। इस कार्यक्रम में बच्चों के साथ गई गाईड कैप्टन सुलेखा बुशैहरी ने बताया कि शिमला जिला के स्कूलों से स्काऊट एंड गाईड्स के 16 बच्चों का चयन उनकी योग्यता और सक्रियता के आधार पर किया था। शिमला जिला स्काऊट एंड गाईड्स के जिला सचिव लक्ष्मी नेगी, कमीशनर पंकज शर्मा, हरीश शर्मा, सतीश चौहान, आरती चौहान, रजनी शर्मा सहित अन्य अधिकारियों ने स्काऊट एंड गाईड्स के सफल आयोजन पर विद्यार्थियों को अपनी शुभकामनाएं दी है।

### एचएएस अधिकारियों ने मांगे पीएसओ

**अनंत ज्ञान, शिमला ।** अधिकारी संघ के प्रवक्ता ने कहा कि मंडी के एसडीएम ओमकांत ठाकुर पर हुआ जानलेवा हमला निंदनीय है। उन्होंने कहा कि बार-बार विभिन्न सरकारों से फील्ड में काम कर रहे अधिकारियों को पीएसओ देने की मांग उठाई गई है। पूर्व की सभी सरकारों ने इस मांग को पूरा करने के लिए घोषणाएं करने के साथ अधिसूचना भी जारी की। उन्होंने कहा कि आज भी प्रशासनिक सेवाओं के अधिकारी बिना किसी पर्सनल सिक्योरिटी से समाज के असामाजिक तत्वों के साथ लड़ाई लड़ कर रहे हैं। इस वजह से उन्हें जान का जोखिम उठाना पड़ रहा है। प्रवक्ता ने कहा कि इस तरह की घटना पहली दफा नहीं हुई है। पहले भी कई उपमंडल अधिकारियों के ऊपर इस तरह के उपद्रवी तत्वों द्वारा जानलेवा हमले हो चुके हैं। इसके बावजूद भी फील्ड में काम कर रहे अधिकारियों की सुरक्षा को लेकर सरकार उचित कदम नहीं उठा पाई है। हिमाचल प्रदेश प्रशासनिक सेवा अधिकारी संघ ने सरकार से मांग करते हुए सभी एसडीएम, एडीएम और एडीसी को पीएसओ देने की मांग की है।

### डेटशीट में बदलाव, 6 मार्च से शुरू होंगी परीक्षाएं

**अनंत ज्ञान, शिमला।** हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय (एचपीयू) ने बीएड की परीक्षाओं की डेटशीट में बदलाव किया है। अब ये परीक्षाएं मार्च माह में शुरू होंगी। विश्वविद्यालय प्रशासन ने पहले इन परीक्षाओं 21 फरवरी से शुरू करने का निर्णय लिया था, लेकिन अब डेटशीट में बदलाव करते हुए ये परीक्षाएं 6 मार्च से शुरू होंगी और 17 मार्च तक चलेंगी। बीएड प्रथम व तृतीय वर्ष (रेगुलर विद्यार्थियों के लिए), इक्लोन में बीएड कोर्स में प्रवेश प्राप्त प्रथम व द्वितीय वर्ष के विद्यार्थियों (जनवरी बैच) की परीक्षाओं की संशोधित डेटशीट विश्वविद्यालय की ओर से जारी कर दी गई है। बीएड की प्रथम वर्ष व प्रथम सैमेस्टर की परीक्षाएं सुबह के सत्र में आयोजित होंगी और 80 अंकों की परीक्षाएं सुबह 9 से दोपहर 12 बजे तक चलेंगी, जबकि 40 अंकों वाली परीक्षाएं सुबह 9 बजे से 10.30 बजे तक चलेंगी। इसके अलावा बीएड की द्वितीय वर्ष व तृतीय सेमेस्टर की परीक्षाएं दोपहर के सत्र में आयोजित होंगी और 80 अंकों की परीक्षाएं दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक चलेंगी, जबकि 40 अंकों वाली परीक्षाएं दोपहर 2 बजे से 3.30 बजे तक चलेंगी। हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक प्रो. श्याम लाल कौशल ने बताया कि बीएड की परीक्षाओं की संशोधित डेटशीट जारी कर दी है।

### उपायुक्त की अध्यक्षता में जिले के राजस्व अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित, कहा–

# राजस्व मामलों का निपटारा करें अधिकारी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



बैठक के दौरान मौजूद उपायुक्त और अन्य अधिकारी।

उपायुक्त शिमला अनुपम कश्यप ने कहा कि जिला में लंबित राजस्व मामलों का तत्परता से निपटारा किया जाए। ताकि लोगों को बेहतर सुविधा उपलब्ध हो। उपायुक्त बचत भवन में जिला के राजस्व अधिकारियों के साथ आयोजित बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे।

उपायुक्त ने बैठक में निर्देश दिए कि राजस्व मामलों का निपटारा कम से कम समय में करने की दिशा में राजस्व अधिकारी और फील्ड स्टाफ कार्य करें। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार की प्राथमिकता लंबे समय से लंबित राजस्व मामलों के निपटारे की है। ऐसे में फ़ील्ड में राजस्व से जुड़ी शिकायतों के निपटारे में सामने आ रही चुनौतियों का समाधान तुरंत किया जाए।

बैठक में पिछले दो सालों से लंबित और दो साल से पहले के लंबित मामलों की स्थिति को लेकर भी चर्चा की गई जिसको लेकर संबंधित अधिकारियों ने यथास्थिति पर जानकारी साझा की। उन्होंने कहा कि राजस्व अधिकारी के तौर पर यह सभी का दायित्व बनता है की लोगों को बेहतर सुविधा मुहैया करवाई जाए और उनकी समस्याओं का कम समय में निवारण किया जाए। उन्होंने सभी राजस्व अधिकारियों को तत्परता से कार्य करते हुए सुशासन को बढ़ावा देने का आग्रह किया।

#### कार्यों का करें निरीक्षण

**उपायुक्त** ने उपमंडल दंडाधिकारियों को उनके अधीन पड़ने वाले खंडों में चल रहे विकास कार्यों की समय-समय पर जाँच करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि उपमंडल दंडाधिकारी को हर खण्ड में खंड विकास अधिकारी द्वारा करवाए जा रहे कम से कम 10 प्रतिशत कार्यों की जांच आवश्यक रूप से करनी होगी ताकि विकासकार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित की जा सके।

#### भेजें बेहतर प्रस्ताव

**राज्य** आपदा न्यूनीकरण निधि के तहत भेजे गए प्रस्ताव आकर्षक नहीं हैं इसलिए उपायुक्त ने सभी उपमंडल दंडाधिकारियों को बेहतर प्रस्ताव तैयार कर भेजने के निर्देश दिए।

#### जल्द जारी किए जाए मृत्यु प्रमाण पत्र

**उपायुक्त** ने कहा कि समेज त्रासदी के सभी प्रभावितों को अभी तक मृत्यु प्रमाण पत्र जारी न होने की बात सामने आई है जोकि बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने उपमंडल दंडाधिकारी रामपुर को जल्द से जल्द संबंधित लाभार्थी को मृत्यु प्रमाण पत्र जारी करने के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त, उन्होंने कहा कि उपमंडल दंडाधिकारी चौपाल को जल्द तीसरी किस्त संबंधित सभी लाभार्थियों को जारी करने के निर्देश दिए।

#### जिले में 9 स्थानों पर बनेंगे स्वचालित मौसम स्टेशन

**जिले** में 9 स्थानों पर स्वचालित मौसम स्टेशन स्थापित किए जाने हैं जिनमें से अभी तक 2 ऐसे स्टेशन खलग और बसंतपुर में स्थापित किए जा चुके हैं। इसके अतिरिक्त, पनोग (शोघी), अरहा (नारकंडा), जमोग (सुन्नी), शकरत, बगैन, थाना (चौपाल) में स्थापित किए जाने हैं। उपायुक्त ने राजस्व अधिकारियों को इस दिशा में भी कार्य करने के निर्देश दिए ताकि इन स्टेशन को जल्द स्थापित किया जा सके।

#### 20 तक तैयार करें उपमंडल आपदा प्रबंधन योजना

**उपायुक्त** ने सभी उपमंडल दंडाधिकारियों को 20 फरवरी 2025 तक उपमंडल आपदा प्रबंधन योजना तैयार कर उपायुक्त कार्यालय को सूचित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस कार्य को करते समय डेटा को बारीकी से अपडेट करें ताकि आपदा के दौरान किसी समस्या का सामना न करना पड़े।

# उपाध्याय के मुताबिक लोकतंत्र की मुख्यधारा सहिष्णु रही है: भाजपा



कार्यक्रम के दौरान विचार व्यक्त करते हुए प्रवक्ता।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

भारतीय जनता पार्टी के वैचारिक अधिष्ठाता पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि पर भाजपा मुख्यालय में प्रदेश संगठन महामंत्री सिद्धार्थन, प्रदेश उपाध्यक्ष संजीव कटवाल, कोषाध्यक्ष कमलजीत सूद, मीडिया प्रभारी कर्ण नंदा, प्रवक्ता बलबीर वर्मा, प्यार सिंह कंवर, जिला अध्यक्ष केशव चौहान, मंडल अध्यक राजीव पंडित द्वारा उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

इस उपलक्ष्य पर प्रदेश उपाध्यक्ष संजीव कटवाल ने कहा कि आज एकात्म मानववाद के प्रणेतापं. दीनदयाल उपाध्याय का स्मृति दिवस है, उनकी मृत्यु 11 फरवरी, 1968 को हुई थी। जनसंघ के पितृ पुरुष प. दीनदयाल उपाध्याय एक राज नेता से ज्यादा एक महा मानव के रूप में लोगों के मन मस्तिष्क में समाए हुए थे।

दीनदयाल उपाध्याय ने कहा था लोकतंत्र केवल बहुमत का राज नहीं। उपाध्याय के मुताबिक लोकतंत्र की मुख्यधारा सहिष्णु रही है। इसके बिना चुनाव, विधायिका आदि कुछ भी नहीं है।

सहिष्णुता भारतीय संस्कृति का आधार है। पंडित दीनदयाल उपाध्याय भारत में लोकतंत्र के उन पुरोधाओं में से एक हैं, जिन्होंने इसके उदार और भारतीय स्वरूप को गढ़ा है। वर्ष 1937 में वह राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से जुड़े। जहां उन्होंने संघ के संस्थापक डॉ. हेडगेवार से बातचीत की और संगठन के प्रति अपनी सच्ची निष्ठा व्यक्त की।

# कोटखाई के युवा ने बनाया मल्टी टास्किंग ह्यूमनॉइड रोबोट 'जेनो'

**अनंत ज्ञान, जुब्बल**



कोटखाई उपमंडल की हिमरी पंचायत के धार गांव के 20 वर्षीय प्रवीन मेहता ने एक अनोखा मल्टी टास्किंग ह्यूमनॉइड रोबोट 'जेनो' तैयार किया है। यह रोबोट कई कार्यों को एक साथ करने में सक्षम है और आधुनिक तकनीक से लैस है।

प्रवीन ने इस रोबोट को बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण उपकरणों और इलेक्ट्रॉनिक घटकों का उपयोग किया है। इस रोबोट को ब्लूटूथ और वाई-फाई आधारित कंट्रोल सिस्टम के माध्यम से वायरलैस तरीके से संचालित किया जा सकता है। इसमें लगा 12 वोल्ट कृषि पंप और 5 लीटर का टैंक इसे सिंचाई, बागवानी और सफाई जैसे कार्यों में उपयोगी बनाता है।

प्रवीन मेहता ने बताया कि उनका लक्ष्य इस रोबोट को और अधिक एडवांस बनाना है, ताकि यह मानव जीवन को और अधिक सुविधाजनक बना सके।

## रामपुर में 6.13 ग्राम चिट्टे सहित धरा युवक

**अनंत ज्ञान, शिमला।** पुलिस थाना रामपुर में एक युवक से चिट्टा वरामद करने का मामला दर्ज हुआ है। जानकारी के अनुसार पुलिस उप मंडल रामपुर ने विशेष दल राष्ट्रीय उच्च मार्ग– 05 पर फील्ड होस्टल जाने वाली सड़क में पैराफिट पर बैठे एक युवक से 6.13 ग्राम चिट्टा बरामद करने में सफलता हासिल की।

आरोपी की पहचान साहिल (22) पुत्र पदम लाल गांव व डाकघर बरी तहसील निचार जिला किन्नौर के रूप में हुई है। उप मंडल पुलिस अधिकारी रामपुर नरेश शर्मा ने मामले की पुष्टि करते हुए बतलाया है कि युवक के खिलाफ पुलिस थाना रामपुर में मादक पदार्थ अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया जा चुका है ।

# विधायक ब्राक्टा ने किया कमरौण डिस्वाणी सड़क का लोकार्पण

**दशमी रावत, रोहड़ू**

रोहड़ू विधानसभा क्षेत्र के विधायक मोहन लाल ब्राक्टा ने कमरौण-मौटाडी-डिस्वाणी सड़क का लोकार्पण किया। विधायक ने सड़क को वाहन योग्य बनाकर लोगों को समर्पित किया है। मीडिया प्रभारी हैप्पी वनित मेहत्ता ने बताया कि यह सड़क लगभग 2 किलोमीटर लंबी है और इस सड़क के बनने से स्थानीय लोगों की लंबे समय से चली आ रही मांग पूरी हो गई है।

उन्होंने बताया कि सड़क के बनने से लोगों को फसले मंडियों तक ले जाने में आसानी होगी और कमरौण गांव भी अब सड़क सुविधा से जुड़ गया है, जिससे इस गांव के लोगों को आने-जाने में सुविधा होगी। सड़क के उद्घाटन अवसर पर लोगों को संबोधित करते हुए विधायक ब्राक्टा ने बताया कि विकास एक निरंतर प्रक्रिया है।

उन्होंने बताया कि कांग्रेस पार्टी व पूर्व मुख्यमंत्री स्व. वीरभद्र सिंह के नेतृत्व में रोहड़ू विधानसभा क्षेत्र में अभूतपूर्व विकास हुआ है। विकास की यह प्रक्रिया विधानसभा क्षेत्र में निरंतर चलती रहेगी।

इस अवसर पर जिला परिषद शिमला उपाध्यक्ष सुरेंद्र रेटका ,पूर्व अध्यक्ष ब्लाक कांग्रेस कमेटी रोहड़ू ईश्वर दास, एसडीपीओ रोहड़ू प्रणव चौहान, लोक निर्माण विभाग के अधिशाषी अभियंता प्रवेश चौहान, जल शक्ति विभाग के सहायक अभियंता अनिरुद्ध बालनाहटा सहित आदि मौजूद थे।(अनंत ज्ञान)

## किसानों को मोबाइल पर मिलेगा मौसम का अलर्ट

**अनंत ज्ञान, शिमला।** शिमला जिले के किसानों और बागवानों को अब मौसम की सटीक जानकारी मिलेगी। सरकार (रियल–टाइम) डाटा उपलब्ध कराने के लिए जिले में 9 स्वचालित मौसम केंद्र स्थापित करने जा रही है ताकि मौसम का पूर्वानुमान लगाया जा सके।

जिला प्रशासन के मुताबिक अब तक शिमला ग्रामीण क्षेत्र के खलग और बसंतपुर में मशीनें स्थापित की जा चुकी हैं। बाकी 7 स्टेशनों पर काम चला है।

यह स्टेशन पनोग (शोघी), अरहा (नारकंडा), जलोग (सुन्नी), शकरत, बगैन, थाना (चौपाल) में स्थापित किए जाने हैं। किसानों को उनके फोन पर अलर्ट के जरिये मौसम का ताजा अपडेट मिलता रहेगा।

## इंडियन राफ्टिंग फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष शौकत सिकंद आज आएंगे बिलासपुर



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** हिमाचल प्रदेश राफ्टिंग एसोसिएशन के राज्य महासचिव इम्तियाज खान ने बताया कि जिला कुल्लू में मार्च माह में आयोजित होने जा रही राष्ट्रीय राफ्टिंग चैंपियनशिप के सफल अयोजन हेतु बैठक का आयोजन बिलासपुर के लुहणू परिसर में 12 फरवरी बुधवार को 11 बजे किया जाएगा। इसमें इंडियन राफ्टिंग फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष शौकत सिकंद एवं हिमाचल प्रदेश राफ्टिंग एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष ऊना के पूर्व विधायक सतपाल सिंह रायजदा विशेष रूप से शिरकत करेंगे। बैठक के उपरांत बिलासपुर के सतलुज रिवर में राज्य स्तरीय राफ्टिंग चैंपियनशिप करवाने के औहर से लेकर मंडी भराड़ी फोरलेन पुल तक सतलुज रिवर का निरीक्षण किया जाएगा। बैठक में राफ्टिंग गेम्स के टेक्निकल अधिकारी, प्रदेश के पदाधिकारी एवं जिला बिलासपुर के सभी पदाधिकारी विशेष रूप से शिरकत करेंगे।

## हादसे में दंपती गंभीर घायल, एम्स में भर्ती

**अनंत ज्ञान, श्री नयना देवी।** उपमंडल स्वारघाट के अंतर्गत पुलाचड छांब भुजाण सड़क पर एक सड़क हादसे में दंपती गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के मुताबिक ग्राम पंचायत सवाहण निवासी ठेकेदार जयमल सिंह अपनी पत्नी के साथ जालपा मंदिर में माथा टेकने के लिए जा रहे थे। यहां गिरे हुए डंगे के पास से क्रॉस करते समय उनकी गाड़ी अनियंत्रित होकर लगभग 100 फुट ट नीचे गिरकर सड़क पर पलट गई। घटना का पता लगते ही स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और घायल दंपत्ति को बाहर निकाला। इस हादसे में पति-पत्नी को गंभीर चोटें आई हैं। दोनों को निजी गाड़ी से सवारघाट ले गए, जहां से उन्हें एम्स बिलासपुर ले जाया गया। उधर, बिलासपुर एएसपी शिव स्वरूमार चौधरी ने बताया कि पुलिस मामले की जांच कर रही हैं।

## गुरु रविदास प्रकाशोत्सव पर निकाली शोभायात्रा

**अनंत ज्ञान, झंडूता।** जिला के झंडूता विधानसभा क्षेत्र में पड़ने वाली ग्राम पंचायत के गांव डोल में संत शिरोमणी गुरू रविदास जी का 648वां प्रकाश पर्व बड़ी धूमधाम से मनाया गया। सतगुरु रविदास समिति के बैनर तले आयोजित इस जिलास्तरीय कार्यक्रम में पीसीसी पूर्व महासचिव विवेक कुमार ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। सबसे पहले निशान साहिब और ध्वजारोहण कार्यक्रम का आयोजन किया। गया तथा प्रसाद वितरण किया गया। इस मौके पर उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए मुख्यातिथि विवेक कुमार ने कहा कि संत गुरू रविदास जी को किसी धर्म जाति से जोड़ कर नहीं देखना चाहिए वे संपूर्ण मानवजाति के लिए एक ऐसे संत हुए जिन्होंने पांखडवाद से बचने और समरसता का पाठ पढ़ाया। विवेक कुमार ने कहा कि रूढ़िवादियों से फंसे समाज को भ्रमजाल से निकालने के लिए गुरू रविदास ने अहम भूमिका निभाई। उन्होंने कहा कि संत गुरु रविदास जी के काव्य सिक्ख धर्म के पावन ग्रंथों में पढ़ने को मिलते हैं। जो मानव को जीवन जीने की कला सीखाते हैं। ऐसे में मानवता को अग्रणी मानने वाले गुरु रविदास को हर धर्म हर जाति के लोग मानते हैं। उनके द्वारा समाज को दी गई शिक्षाएं आज भी प्रासंगिक है।

## सुक्खू सरकार में खनन माफिया का बोलबाला

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** भाजपा प्रदेश प्रवक्ता महेंद्र धर्माणी ने मंडी में एसडीएम पर हुए हमले को दुर्भाग्यपूर्ण बताया है। उन्होंने प्रदेश में बिगड़ती स्थिति के लिए मौजूदा सरकार को जिम्मेदार ठहराया है तथा दावा किया कि राजनीतिक हस्तक्षेप ने प्रदेश में खनन माफिया तथा चिट्टा माफिया को बढ़ावा दिया है। उन्होंने कहा कि जिस तरह से खनन माफियाओं द्वारा प्रदेश के प्रशासनिक अधिकारी पर जानलेवा हमला किया गया है उसे जाहिर हो गया है कि जब प्रदेश में सरकार के अधिकारी ही सुरक्षित नहीं है तो आम आदमी कितना सुरक्षित होगा। धर्माणी ने कहा कि जब से तथाकथित व्यवस्था बदलने वाली सरकार सत्ता में आई है तब से खनन माफिया तथा चिट्टा माफिया बेकाबू हो गया है और इसकी वजह साफ है कि खनन और चिट्टा माफिया को राजनीतिक संरक्षण मिल रहा है तथा दिन प्रतिदिन उनके खिलाफ अब प्रशासनिक प्रयास भी कमजोर पड़ने लगे हैं। उन्होंने कहा कि एक तरफ तो सरकार इन लोगों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं कर रही है और अगर कोई अधिकारी या फिर आम जनता कोशिश करने में लगी है तो उनके ऊपर जानलेवा हमले हो रहे हैं। कहा कि खनन माफिया के साथ-साथ चिट्टा माफिया भी पूरे प्रदेश में आज हावी है जिसकी वजह से प्रदेश का युवा मर रहे है लेकिन सरकार अपनी मौज मस्ती में व्यस्त है और जिस तरह से एसडीएम पर जानलेवा हमला हुआ है तथा जिस तरह पिछले दिनों बद्दी में ड्रग और खनन माफिया के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने वाली एसपी को भी अचानक छुट्टी पर भेज दिया गया था। उस से साफ जाहिर है कि सरकार खुद अपने ईमानदार अधिकारियों का मनोबल तोड़ने में लगी हुई है।



### राज्य स्तरीय आयोजन की तैयारियों को लेकर घुमारवीं में हुई प्रशासनिक बैठक

# घुमारवीं ग्रीष्मोत्सव में सजेंगी प्रदर्शनियां और सांस्कृतिक कार्यक्रम भी होंगे : गौरव चौधरी

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**





घुमारवीं में 5 से 9 अप्रैल तक आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय ग्रीष्मोत्सव की तैयारियों को लेकर उपमंडलाधिकारी गौरव चौधरी ने मंगलवार को विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ एक बैठक की। इस बैठक में मेले की तैयारियों से संबंधित विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की गई और संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक में जानकारी दी गई कि मेले का शुभारंभ शोभायात्रा से किया जाएगा, जबकि पशु मेले का आयोजन 4 अप्रैल को किया जाएगा। मेले के दौरान खेलकूद प्रतियोगिताओं, प्रश्नोत्तरी, बेबी शो और बुजुर्ग शो का भी आयोजन किया जाएगा। इन कार्यक्रमों को सफलतापूर्वक संपन्न कराने के लिए आवश्यक तैयारियों को अंतिम रूप देने पर जोर दिया गया।

लोक निर्माण विभाग को मेला मैदान का समतलीकरण करने और मैदान तक सड़क सुविधा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। जल आपूर्ति और अस्थायी नल की व्यवस्था के लिए आईपीएच विभाग को आवश्यक कदम उठाने को कहा गया। विद्युत विभाग को मेले के दौरान बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। मेले में विभिन्न प्रकार की प्रदर्शनियां लगाई जाएंगी, जिसमें सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की विस्तृत जानकारी आम जनता को दी जाएगी। साथ ही, अन्य विभागीय प्रदर्शनियों का भी आयोजन किया जाएगा। यातायात और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशासन को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। अग्निशमन विभाग को भी मेले में तत्पर रहने और अपनी गाड़ियों की समय पर मरम्मत सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए, ताकि किसी भी आपात स्थिति से प्रभावी ढंग से निपटा जा सके। स्वास्थ्य और खाद्य सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए फूड एंड सेफ्टी विभाग को भी सतर्क रहने को कहा गया है। विभाग को निर्देश दिए गए हैं कि मेले में लगे खाद्य स्टालों और दुकानों का समय-समय पर निरीक्षण किया जाए, ताकि खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता सुनिश्चित की जा सके।

इसके अतिरिक्त, मेले को सामरिक रूप से समृद्ध बनाने के लिए आम जनता से भी आलेख आमंत्रित किए जाएंगे। यह आलेख मेले की ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और सामाजिक पृष्ठभूमि को दर्शाने के साथ-साथ इसके महत्व को उजागर करेंगे। बैठक के दौरान सभी विभागों को यह सुनिश्चित करने के लिए कहा गया कि मेले की तैयारियां समय पर पूरी हों और आम जनता को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

# वार्ड सिस्टर और स्टाफ नर्सेस उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

बिलासपुर धात्री महिला व नवजात शिशु की सहायता के लिए चलाए जा रहे केयर कैंपेनियन प्रोग्राम के दो वर्ष की अवधि पूर्ण होने पर क्षेत्रीय चिकित्सालय बिलासपुर में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम धात्री महिला तथा उसके नवजात शिशु को छोटी- छोटी समस्याओं के समाधान के लिए स्वास्थ्य संस्थाओं का रुख न करना पड़े इसके लिए आनलाइन सहायता, मोबाइल केयर कंपेनियन, उपलब्ध करवाने के लिए आरंभ किया है। प्रदेश के अस्पतालों में चल रहा केयर कैंपेनिंग प्रोग्राम के तहत गर्भवती महिलाओं, धात्री महिलाओं व स्वजन को देखभाल प्रशिक्षण दिया जाता है। नेशनल हेल्थ मिशन के तहत आरंभ इस प्रोग्राम में ममता एनजीओ के तहत इस वाचत महिलाओं व स्वजन को अस्पताल में दाखिल होने के दौरान ममता की ओर से तैनात डॉ. प्रवीन ठाकुर, डॉ. ज्योति भारतीय तथा अस्पताल की नर्स सपना यह प्रशिक्षण दे रही हैं। ऐसे में जांच के दौरान और प्रसव के बाद उनका नंबर मोबाइल केयर प्रोग्राम में पंजीकृत किया जाता है। जिन महिलाओं का प्रसव होना होता है, उनको मोवाइल पर ही उनकी दवा खाने के समय के बाबत रिमाइंडर आता है। प्रोग्राम में पंजीकरण होने के बाद अगर बच्चा दूध न पी रहा हो या मां को दूध न आ रहा हो, बच्चा अधिक रोता हो या मां को कोई दिक्कत हो तो इस व्हाट्सएप नंबर पर एक मैसेज करने के बाद किस तरह से उस समस्या का हल करना है उसके बारे में जानकारी दी जाती है। कार्यक्रम के दो वर्ष पूर्ण होने पर अभियान के सफल संचालन में उत्कृष्ट सहयोग देने वाले स्टाफ को सम्मानित किया गया। ममता हेल्थ इंस्टीट्यूट फॉर मदर एंड चाइल्ड के सहयोग से चलाए जा रहे इस कार्यक्रम में बिलासपुर अस्पताल की चिकित्सा अधीक्षक डॉ. एकके सिंह ने वार्ड सिस्टर्स व स्टाफ नर्सेस को प्रमाण पत्र वितरित कर सम्मानित किया।



उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित वार्ड सिस्टर और स्टाफ नर्सेस सामूहिक चित्र में।

# ई-श्रम कार्डधारकों के लिए बढ़ाई मुआवजा आवेदन की अंतिम तिथि

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

> **कार्डधारक एवं आश्रित अब 31 मार्च तक कर सकते हैं अप्लाई**

असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के लिए सरकार द्वारा संचालित ई-श्रम योजना के अंतर्गत मुआवजा प्रदान करने की प्रक्रिया जारी है। जिन श्रमिकों ने 31 मार्च, 2022 तक ई-श्रम पोर्टल पर पंजीकरण कराया था और किसी दुर्घटना या विकलांगता का शिकार हुए हैं, आश्रित पात्र 2 लाख रुपए तक के मुआवजे के लिए आवेदन कर सकते हैं। पहले आवेदन की अंतिम तिथि 2024 तक थी, जिसे अब बढ़ाकर 31 मार्च कर दिया गया है, जिससे पात्र श्रमिकों को बड़ी राहत मिलेगी। जिला श्रम अधिकारी अश्विनी कुमार ने बताया कि इस योजना के तहत उन श्रमिकों के परिवारों को मुआवजा दिया जाता है, जो दुर्घटना में मृत्यु, स्थायी या आंशिक विकलांगता का शिकार हुए हैं। यदि किसी श्रमिक की दुर्घटना में मृत्यु हो जाती है या वह स्थायी रूप से अक्षम हो जाता है, तो उसके परिवार को 2 लाख रुपए तक का मुआवजा दिया जाएगा। वहीं, आंशिक विकलांगता की स्थिति में 1 लाख रुपये तक की राशि प्रदान की जाएगी। मुआवजे के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि 31 मार्च निर्धारित की गई है, लेकिन श्रमिकों को 15 मार्च तक आवेदन प्रक्रिया पूरी करने की सलाह दी गई है, ताकि उनकी फाइलों की जांच और स्वीकृति समय पर हो सके। आवेदन के लिए श्रमिकों के आश्रितों को ई-श्रम कार्ड, आधार कार्ड, बैंक खाता विवरण, चिकित्सा प्रमाणपत्र (यदि लागू हो), पुलिस रिपोर्ट (यदि दुर्घटना का मामला हो) और अन्य आवश्यक दस्तावेज संलग्न करने होंगे। उन्होंने बताया कि और अधिक जानकारी के लिए श्रमिक बिलासपुर स्थित श्रम विभाग कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं या कार्यालय नंबर 01978-221516 पर कॉल कर सकते हैं। सरकार की यह पहल उन श्रमिकों और उनके परिवारों के लिए एक महत्वपूर्ण राहत है, जो अपने जीवनयापन के दौरान दुर्घटनाओं या विकलांगता के कारण कठिनाइयों का सामना कर रहे हैं।

## नशे के खिलाफ चलाया अभियान

**अनंत ज्ञान, बरठीं।** विकास खंड झंडूता की पंचायत बरठीं के गांव धरोटी के ज्वाला महिला मंडल ने नशे को रोकने के लिए अभियान चलाया। महिला मंडल की सभी सदस्यों ने यह निश्चय किया की चिट्टा बेचने वाला चाहे कोई भी हो उसे बख्शा नहीं जाएगा।

### रिव्यू — स्वास्थ्य विभाग की जिला स्तरीय मासिक बैठक का आयोजन

# डॉ. परविंद्र ने की स्वास्थ्य कार्यक्रमों की समीक्षा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**



स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग जिला बिलासपुर के ट्रॉमा हॉल में जिला स्तरीय मासिक बैठक का आयोजन जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. परविंद्र की अध्यक्षता में किया गया। इस मासिक बैठक में जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. परविंद्र सिंह ने ब्लॉक मारकंड, घुमारवीं, श्री नयना देवी जी तथा झडूंता की रिपोर्ट तथा अन्य विभाग द्वारा चलाए जा रहे सभी प्रोग्राम का रिव्यू किया गया। गर्भवती माता का पंजीकरण तथा बच्चों का टीकाकरण, जिसमें बीसीजी ओरल पोलियो, हेपेटाइटिस बी, पैंटा थर्ड, एमआर और डीपीटी की बूस्टर डोज का रिव्यू किया गया तथा इनकी प्रोग्रेस रिपोर्ट के अनुसार अधिकारियों तथा कर्मचारियों को कमियों को दूर करने और साथ ही प्रोग्रेस में सुधार के लिए आवश्यक निर्देश दिए गए। 20 फरवरी को राष्ट्रीय कृमि मुक्त दिवस पर 1 से 19 वर्ष के बच्चों एलबेंडाजोल की दवाई खिलाई जाएगी, जो बच्चे उस दिन एलवेडाजोल की गोली खाने से छूट जायेंगे, उन्हें मॉपअप दिवस जो कि 27 फरवरी को मनाया जाएगा, उस दिन उन सभी को कबर किया जाएगा। उन्होंने बताया कि जिला बिलासपुर के सभी स्वास्थ्य खंडों को एलवेंडाजोल की दवाई भेज दी गई है। मीटिंग में आरसीएच पोर्टल तथा आरकेएसके की प्रोग्रेस रिपोर्ट पर भी मूल्यांकन किया गया। गैर संचारी रोगों के लिए की सेवाओं का जिला स्तर पर विश्लेषण किया गया तथा पाई गई कमियों को दूर करने के संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देश दिए गए। इस मासिक बैठक में डॉक्टर काजल ने भी विशेष रूप से चर्चा की तथा सभी स्वास्थ्य केंद्र को बेहतर बनाने के लिए आवश्यक कदम उठाने के लिए आग्रह किया।

## न्यूज ब्रीफ

### पठानिया 14 को रखेंगे स्वास्थ्य केंद्र की आधारशिला

**अनंत ज्ञान, चंबा।** विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया के 12 फरवरी से भटियात विधानसभा क्षेत्र के जारी प्रवास कार्यक्रम में आंशिक बदलाव हुआ है। विधानसभा अध्यक्ष के संशोधित प्रवास कार्यक्रम की जानकारी देते हुए विभागीय प्रवक्ता ने बताया कि कुलदीप सिंह पठानिया 12 फरवरी को संत रविदास जयंती के अवसर पर गांव छलाड़ा में आयोजित होने वाले कार्यक्रम में भाग लेंगे। वह इसके पश्चात दोपहर ज़िला ऊना के लिए रवाना होंगे। उनका रात्रि ठहराव परिधि गृह ऊना में रहेगा। विधानसभा अध्यक्ष 13 फरवरी को सुबह ऊना से मराड (रायपुर) को प्रस्थान करेंगे तथा ग्राम पंचायत रायपुर के तहत मराड गांव के लिए संपर्क मार्ग निर्माण की आधारशिला रखने के पश्चात दोपहर बाद मनहोता गांव में लाइब्रेरी का शुभारंभ भी करेंगे। कुलदीप सिंह पठानिया अपने प्रवास कार्यक्रम की निरंतता में 14 फरवरी को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र समोट के भवन निर्माण की आधारशिला रखेंगे । इसके पश्चात वह ग्राम पंचायत टुंडी के तहत भराड़ी-कुरला संपर्क मार्ग निर्माण के लिए भूमि पूजन करेंगे। विधानसभा अध्यक्ष 15 फरवरी को सुबह चंडीगढ़ प्रस्थान करेंगे।

### 9 अप्रैल तक चलेगा सफाई जागरूकता अभियान

**अभिषेक शर्मा, जोगिंद्रनगर।** जोगिंद्रनगर शहरी क्षेत्र में सरकार के स्वच्छ शहर समृद्ध शहर अभियान के अंतर्गत आगामी 9 अप्रैल तक जन जागरूकता अभियान चलेगा। इस अभियान के माध्यम से लोगों को कूड़े के सही निपटान की जानकारी के साथ-साथ स्वच्छ्ता के प्रति जागरूक किया जाएगा। इस संबंध में आज कनिष्ठ अभियंता नगर परिषद जोगिंद्रनगर विपिन कुमार ने 10 शहरी क्षेत्र के स्वयं सहायता समूहों के साथ बैठक की। बैठक के दौरान उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि जोगिंदर नगर शहरी क्षेत्र में सरकार के 'स्वछ शहर समृद्ध शहर' जागरूकता अभियान की शुरुआत कर दी गई है। यह जागरूकता अभियान जोगिंद्रनगर शहरी क्षेत्र में आगामी 9 अप्रैल तक चलेगा। उन्होंने बताया कि इस जागरूकता अभियान के तहत लोगों को कूड़े के सही निष्पादन बारे जानकारी दी जाएगी। उन्होंने बताया कि इस अभियान के दौरान स्वयं सहायता समूह के सदस्य घर-घर जाकर लोगों को जागरूक करने में अहम भूमिका निभाएंगे। साथ ही लोगों को गीले, सूखे व इलेक्ट्रॉनिक कचरे को अलग-अलग रखने बारे जागरूक करेंगे। उन्होंने बताया कि इस अभियान के दौरान लोगों की शिकायतों को भी सुना जाएगा तथा समस्याओं का निपटान भी सुनिश्चित किया जाएगा। साथ ही उन्होंने सभी शहरवासियों से आह्वान किया है कि वे शहर को स्वच्छ व समृद्ध बनाने में नगर परिषद जोगिंदर नगर को अपना साकारात्मक सहयोग प्रदान करें।

### डीसी ने प्रशिक्षणार्थियों से लिया प्रशिक्षण का फीडबैक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** उपायुक्त शिमला अनुपम कश्यप ने कंप्यूटर एप्लीकेशन और संबद्ध गतिविधियों में प्रशिक्षण और दक्षता कार्यक्रम के तहत उपायुक्त कार्यालय की विभिन्न शाखाओं में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे प्रशिक्षणार्थियों से भेंट की। प्रशिक्षणार्थियों की उपायुक्त के साथ यह दूसरी बैठक थी जिसमें उनसे फीडबैक ली गई ताकि इस कार्यक्रम को और सार्थक बनाया जा सके। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे युवाओं को सरकारी कार्यालयों के कार्य से अवगत करवाना और उनकी कार्य क्षमता को बढ़ाना है। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम की अवधि 6 माह इसलिए रखी गई है ताकि प्रशिक्षण प्राप्त करने के पश्चात प्रशिक्षणार्थियों में किसी भी प्रकार का संकोच न रहे और वह भविष्य के लिए तैयार हो सकें। उपायुक्त ने कहा कि इस कार्यक्रम को और अधिक सार्थक व व्यावहारिक बनाने के प्रयास किये जायेंगे ताकि प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे युवा और अधिक लाभान्वित हो सकें। उन्होंने अतिरिक्त उपायुक्त शिमला अभिषेक वर्मा को कार्यक्रम की एसओपी तैयार करने के निर्देश दिए ताकि कार्यक्रम को और व्यावहारिक बनाया जा सके और आवश्यक चीजों को प्रशिक्षण में जोड़ा जा सके। अनुपम कश्यप ने जिला कल्याण अधिकारी केवल राम चौहान को प्रशिक्षण कार्यक्रम को इस तरह तैयार करने के निर्देश दिए जिससे प्रत्येक प्रशिक्षणार्थी को उपायुक्त कार्यालय की हर शाखा में प्रशिक्षण प्राप्त करने का अवसर प्राप्त हो।

### आउटसोर्स कर्मी मांगों को लेकर 17 से हड़ताल पर

**अनंत ज्ञान, शिमला।** आईजीएमसी कॉन्ट्रैक्ट वर्कर्स यूनियन संबंधित सीटू के बैनर तले आईजीएमसी अस्पताल के सफाई, वार्ड अटेंडेंट, सुरक्षा कर्मी, ईसीजी, मैस, लॉन्ड्री, डेटा एंट्री ऑपरेटर, ऑपरेशन थिएटर असिस्टेंट आदि 600 आउटसोर्स कर्मी अपनी मांगों की पूर्ति व 132 मजदूरों की बहाली के लिए 17 फरवरी से हड़ताल पर उतरेंगे। यह निर्णय आईजीएमसी कॉन्ट्रैक्ट वर्कर्स यूनियन संबंधित सीटू की बैठक में लिया गया। बैठक में सीटू प्रदेशाध्यक्ष विजेंद्र मेहरा, जिला कोषाध्यक्ष बालक राम, सीटू नेता विवेक कश्यप, यूनियन अध्यक्ष वीरेंद्र लाल, महासचिव नोख राम, कोषाध्यक्ष सीता राम, निशा, सरीना, सुरेंद्रा, उमा, विद्या, वनीता, संजीव, लेख राज, वंदना, चमन, सरिता, सुनीता, उमा, मुकेश, संदीप, हीरा लाल आदि शामिल रहे। यूनियन ने चेतावनी दी है कि अगर निकाले गए मजदूरों को तुरंत बहाल न किया गया तो आंदोलन तेज होगा व हड़ताल आगे बढ़ेगी। अस्पताल प्रशासन द्वारा 132 कर्मियों को नौकरी से निकालने के खिलाफ मजदूर उग्र हो गए हैं व हड़ताल पर उतरने का निर्णय लिया है। यूनियन ने अस्पताल के प्रधानाचार्य, अतिरिक्त निदेशक व चिकित्सा अधीक्षक से तत्काल मांगों का समाधान मांगा है। यूनियन ने 132 मजदूरों की तत्काल बहाली की मांग की है। यूनियन ने निर्णय लिया है कि आईजीएमसी प्रशासन के खिलाफ निरंतर आंदोलन होगा। इसके तहत हड़ताल, धरने प्रदर्शन, राजभवन, सचिवालय, महात्मा गांधी प्रतिमा, उपायुक्त कार्यालय मार्च व अधिकारियों के घेराव होंगे। सीटू प्रदेशाध्यक्ष विजेंद्र मेहरा, जिला कोषाध्यक्ष बालक राम, सीटू नेता विवेक कश्यप, यूनियन अध्यक्ष वीरेंद्र लाल, महासचिव नोख राम व कोषाध्यक्ष सीता राम ने अस्पताल के प्रबंधन व ठेकेदारों पर आरोप लगाया है कि वे मजदूरों का भयंकर शोषण कर रहे हैं। उन्होंने आईजीएमसी प्रबंधन से पूछा है कि कोविड योद्धाओं को नौकरी से निकालने व उनके साथ ऐसा बर्ताव करने के पीछे उनका कौन सा गुप्त एजेंडा है। उन्होंने आईजीएमसी अस्पताल प्रबन्धन पर मजदूरों के गम्भीर शोषण का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि आईजीएमसी अस्पताल में अंग्रेजों के ज़माने के काले कानून आज भी जारी हैं।

#### विश्व सुरक्षित इंटरनेट दिवस पर जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित, अमित मैहरा बोले-

# साइबर अपराधों से बचने के लिए करें सुरक्षित इंटरनेट का प्रयोग

**अनंत ज्ञान, चंबा**

विश्व सुरक्षित इंटरनेट दिवस के अवसर पर आज अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी अमित मैहरा की अध्यक्षता में राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र चंबा के सहयोग से जिला स्तरीय जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी ने कहा कि वर्तमान समय इंटरनेट का है, इसके बिना बहुत से कार्य संभव नहीं हो सकते हैं।

उन्होंने कहा कि वर्तमान परिप्रेक्ष्य में बढ़ते साइबर अपराधों तथा जालसाजी मामलों से बचने के लिए सुरक्षित इंटरनेट सेवाओं का प्रयोग महत्वपूर्ण है।

उन्होंने कहा कि साइबर अपराधों तथा जालसाजी मामलों से बचने तथा सुरक्षित इंटरनेट उपयोग से संबंधित जागरूकता के लिए प्रत्येक वर्ष फरवरी माह के दूसरे मंगलवार को विश्व सुरक्षित इंटरनेट दिवस मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया के इस समय में सुरक्षित और नैतिकता के साथ इंटरनेट का इस्तेमाल करना ही





समझदारी है। उन्होंने कहा कि साइबर स्वच्छता, फिशिंग, हैकिंग, विशिंग, स्मिशिंग, मालवेयर से स्वयं के कंप्यूटर उपकरणों एवं व्यक्तिगत खातों सेफ एंड सिक्योर करने से किसी भी साइबर अपराध और फ्राडड से बचा जा सकता है।

उन्होंने बताया कि साइबर स्वच्छता की प्रक्रिया के तहत आमजन एवं अधिकारियों व कर्मचारी को उनके कंप्यूटर व अन्य उपकरणों एवं उसमें रखी गई व्यक्तिगत जानकारी की सुरक्षा बनाए रखने में मदद करती है। कार्यक्रम में सहायक उपायुक्त पीपी सिंह ने ऑनलाइन बैंकिंग के लिए मजबूत पासवर्ड, दो चरणीय प्रमाणिकता, मजबूत स्क्रीन लॉक और बायोमैट्रिक, विश्वसनीय स्रोतों से मोबाइल एप्स डाउनलोड, सुरक्षित इंटरनेट कनेक्शन का उपयोग करने, सॉफ्टवेयर और एप्स को नियमित रूप से अपडेट करने से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की।

### डॉ. जालम सिंह ने मासिक रिपोर्ट का किया आकलन

**चंबा।** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग चंबा द्वारा बीते कल मंगलवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी चंबा के सभागार में जिला स्तर पर खंड चिकित्सा अधिकारियों की मासिक समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता जिला स्वास्थ्य अधिकारी चंबा डॉ. जालम सिंह भारद्वाज ने की। बैठक में उन्होंने खंड चिकित्सा अधिकारियों द्वारा भेजी गई मासिक रिपोर्ट का आकलन किया और महत्वाकांक्षी जिले के अंतर्गत चल रही स्वास्थ्य संबंधी योजनाओं और गतिविधियों की समीक्षा की तथा इसकी प्रोग्रेस बढ़ाने के लिए कहा। जिला स्वास्थ्य अधिकारी ने राष्ट्रीय हेल्थ मिशन के तहत जिले में चल रहे कार्यकर्मों की चर्चा की, जिनमें प्रजनन एवं मातृ शिशु स्वास्थ्य कार्यक्रम, टीकाकरण कार्यक्रम, राष्ट्रीय बाल स्वास्थ कार्यक्रम, जननी शिशु सुरक्षा कार्यक्रम, एनसीडी कार्यक्रम, टीबी नियंत्रण कार्यक्रम की खंड स्तरीय समीक्षा की।

## भुवनेश सिंह कटोच चंबा के प्रेरणास्पद खेल संरक्षक

**आरके सहगल, चंबा**





चंबा जिले के खेल प्रेमियों के लिए प्रेरणा का अद्वितीय स्रोत, भुवनेश सिंह कटोच (मुन्ना) ने भारतीय मार्शल आर्ट थांग-ता में अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से न केवल राष्ट्रीय स्तर पर हिमाचल प्रदेश का प्रतिनिधित्व किया है, बल्कि अंतरराष्ट्रीय पुरस्कारों से भी अपने दम का प्रमाण दिया है। 1999 में ब्लैक बेल्ट प्राप्त करने के बाद, उन्होंने 2007 में आगरा में रजत पदक और 2008 में स्वर्ण पदक जीतकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया, साथ ही 2008 में हिमाचल प्रदेश में और 2018 में चंडीगढ़ में बेस्ट रेफरी अवॉर्ड से सम्मानित होकर अपना योगदान सुनिश्चित किया।

उन्होंने खेलो इंडिया यूथ गेम्स में तकनीकी अधिकारी के रूप में हिमाचल प्रदेश का प्रतिनिधित्व करते हुए अपने प्रशिक्षित खिलाड़ियों के साथ निरंतर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया, जिसमें उनके बेटे ने जूनियर राष्ट्रीय प्रतियोगिता (श्रीनगर) में स्वर्ण पदक, खेलो इंडिया यूथ गेम्स में कांस्य पदक और हाल ही में सीनियर राष्ट्रीय प्रतियोगिता (हरिद्वार) में स्वर्ण पदक जीतकर परिवार और राज्य का मान बढ़ाया। कटोच साहब के नेतृत्व में हिमाचल प्रदेश की टीम ने तीन बार खेलो इंडिया यूथ गेम्स में भाग लेकर अपनी क्षमता का प्रमाण प्रस्तुत किया है। अपने अनुभव और उपलब्धियों के आधार पर, उन्होंने जोर देकर कहा कि चंबा जिले में खेल उपकरण एवं खेल संस्कृति की स्थापना की अत्यंत आवश्यकता है, क्योंकि जिले में अपार प्रतिभा निहित है।

उचित खेल सुविधाओं और संसाधनों के विकास से युवा वर्ग को नई दिशा मिलेगी और वे अपने अद्वितीय योगदान से देश का नाम रोशन करेंगे। उन्होंने प्रशासन और खेल संगठनों से अपील की कि वे मिलकर खेलों के प्रति जागरूकता फैलाएं और युवाओं को प्रोत्साहित करने हेतु नई पहलों का समर्थन करें। चंबा के हर युवा को यह संदेश दिया है कि खेल के क्षेत्र में निवेश करना और नई प्रतिभाओं को बढ़ावा देना हमारे भविष्य का निर्माण करेगा। उनके प्रयासों से न केवल जिले का खेल स्तर ऊंचा होगा, बल्कि आने वाली पीढ़ियां भी उनके देश के लिए उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सकेंगी।( अनंत ज्ञान)

## निगम की बस दुर्गेठी के समीप हांफी, यात्री हुए परेशान

**अनंत ज्ञान, चंबा**



चंबा-भरमौर मार्ग पर एचआरटीसी बसों के बीच रास्ते में हांफने का सिलसिला रूकने का नाम नहीं ले रहा है। इस मार्ग पर आए दिन कहीं न कहीं बीच रास्ते में ही सरकारी बस सेवा बीच रास्ते में ही हांफ रही है।

प्रबंधन द्वारा पहाड़ी रूट्स पर पुरानी व खटारा बसों के भेजने के कारण सवार यात्रियों को भी काफी परेशानियों का कामना सामना करना पड़ रहा है। मंगलवार को भी निगम की एक बस दुर्गेठी के समीप बीच रास्ते में ही हांफ गई। जिसके कारण

**बीच रास्ते में ही बसें खराब हो जाने के कारण निगम की साख लग रही दांव पर**

इस बस में सवार यात्रियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। इससे पहले भी इस मार्ग पर आए दिन बीच रास्ते में ही निगम की बसें बीच रास्ते में ही खड़े होने के मामले सामने आ चुके हैं।

इसको लेकर कई बार लोगों ने बीच रास्ते में बसे खड़ी होने के फोटो और वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल किए हैं। बार-बार शिकायत करने के बाद भी निगम द्वारा यहां पर लगातार पुरानी व खटारा बसें भेजने का सिलसिला जारी है जिसका खामियाजा यहां पर सवारियों को उठाना पड़ रहा है, तो वहीं पर लगातार बीच रास्ते में ही बसे खराब हो जाने के कारण निगम की साख भी दांव पर लग रही है।

## चंपा ठाकुर ने जीता स्वर्ण पदक, चंबा पहुंचने पर स्वागत

**अनंत ज्ञान, चंबा**

जिला चंबा के चुराह क्षेत्र से संबंध रखने वाली चंपा ठाकुर ने हिमाचल प्रदेश की महिला कबड्डी टीम की ओर से 38वें नेशनल गेम्स, उत्तराखंड में खेलकर लगातार तीसरी बार स्वर्ण पदक जीतकर हिमाचल व जिला चंबा का मान बढ़ाया है।

हिमाचल की टीम पूरे टूर्नामेंट में अजेय रही और फाइनल में हरियाणा को हराकर गोल्ड मेडल जीता। इससे पहले राष्ट्रीय खेल 2022 (अहमदाबाद) और 2023 (गोवा) में भी हिमाचल टीम स्वर्ण पदक जीत चुकी है, और यह



लगातार तीसरी बार टीम ने अपनी जीत का परचम लहराया है।

आज अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, जिला चंबा द्वारा चंपा ठाकुर का भव्य स्वागत किया गया। इस मौके पर विद्यार्थी परिषद के प्रांत सह मंत्री भवानी ठाकुर, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य अर्पित जरियाल, संजीव, स्नेहा, ईशु, आंचल सहित कई उपस्थित रहे।

विद्यार्थी परिषद ने कहा कि चंपा ठाकुर से प्रेरणा लेकर सभी मातृशक्ति और बहनों को खेलों में आगे आना चाहिए और अपने जिले एवं प्रदेश का नाम रोशन करना चाहिए।

परिषद ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उनके माता-पिता एवं परिवारजनों को नमन किया, जिन्होंने उन्हें खेलों में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया और पूरा सहयोग दिया।

## दिल्ली की जनता के फैसले का स्वागत : मनीष

**अनंत ज्ञान, चंबा**

आम आदमी पार्टी (आप) के प्रवक्ता मनीष सरीन ने चंबा में आयोजित एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में दिल्ली विधानसभा चुनाव के परिणामों पर प्रतिक्रिया व्यक्त की। उन्होंने जनता के निर्णय का सम्मान करते हुए कहा, हम दिल्ली की जनता के फैसले का स्वागत करते हैं और आशा करते हैं कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) अपने चुनावी वादों को पूरा करेगी।

सरीन ने आगे कहा, एक मजबूत विपक्ष के रूप में, हम जनता की सेवा जारी रखेंगे और उन मुद्दों को उठाएंगे जो जनहित में महत्वपूर्ण हैं। हमारा उद्देश्य है कि सरकार को जनहितकारी कार्यों के लिए प्रेरित करना और आवश्यकतानुसार रचनात्मक आलोचना करना।



जानकारी देते हुए मनीष सरीन व साथ हैं अन्य।

**कहा-भाजपा से अपने चुनावी वादों को पूरा करने की रहेगी आस**

**समस्याओं के समाधान के लिए दिया आश्वासन**

प्रेस कॉन्फ्रेंस के अंत में, सरीन ने दिल्ली की जनता का धन्यवाद करते हुए कहा, हम आपके समर्थन के लिए आभारी हैं। आम आदमी पार्टी आगामी विधानसभा और लोकसभा चुनावों में मजबूती से मुकाबला करेगी और हमें पूर्ण विश्वास है कि हम अगले चुनावों में वापसी करेंगे।

इस अवसर पर, सरीन ने पार्टी की आगामी रणनीतियों और योजनाओं पर भी प्रकाश डाला, जिसमें जनता के साथ संवाद बढ़ाने और उनकी समस्याओं के समाधान के लिए ठोस कदम उठाने का आश्वासन दिया।

## गांव काकडोलू में 65 केवीए का ट्रांसफार्मर स्थापित : नीरज

**अनंत ज्ञान, चंबा**

विधायक नीरज नैय्यर ने बताया कि चंबा विधानसभा क्षेत्र के तहत विद्युत आपूर्ति व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि इसी कड़ी में ग्राम पंचायत उटीप के काकडोलू गांव में विद्युत बोर्ड के द्वारा 65 केवीए का एक बड़ा ट्रांसफार्मर स्थापित किया गया है।



इस ट्रांसफार्मर के स्थापित होने के पश्चात काकडोलू, भुजा व अन्य साथ लगते गांव के लोगों को काफी लंबे समय से चली आ रही लो वोल्टेज की समस्या से निजात मिलेगी। विधायक ने बताया कि गत माह स्थानीय लोगों का एक प्रतिनिधिमंडल के द्वारा उक्त ट्रांसफॉर्म को स्थापित करने की मांग पर संज्ञान लेते हुए उन्होंने विद्युत बोर्ड को निर्देशित किया गया था।

स्थानीय लोगों ने विधायक नीरज नैय्यर का मांग पूरी होने पर आभार प्रकट किया है। उन्होंने बताया कि ग्राम पंचायत घरमाणी में भी लो वोल्टेज की समस्या के समाधान को लेकर विद्युत बोर्ड द्वारा एक अतिरिक्त ट्रांसफार्मर स्थापित किया गया है। जिसे अगले दो दिनों के भीतर सुचारु कर दिया जाएगा ताकि लोगों को परेशानी का सामना न करना पड़े ।

### 5.12 ग्राम चिट्टे के साथ पंजाब का युवक गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** पुलिस थाना जोगिंद्रनगर की स्पैशल टीम ने एक व्यक्ति को 5.12 ग्राम चिट्टे के साथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार युवक की पहचान पंजाब के जिला गुरदासपुर के शास्त्री नगर बटाला निवासी के रूप में हुई है।

जानकारी के मुताबिक स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम ने जोगिंद्रनगर की तरफ से पैदल आ रहे एक व्यक्ति की तलाशी के दौरान उसके पास से 5.12 ग्राम चिट्टा बरामद हुआ। युवक की पहचान विशाल पुत्र स्व. परमिंद्र सिंह निवासी गुरु अमर दास कॉलोनी, शास्त्री नगर बटाला जिला गुरदासपुर के रूप में हुई हैं। पुलिस ने युवक को गिरफ्तार कर मामला दर्ज कर लिया है। थाना प्रभारी सकीनी कपूर ने मामले की पुष्टि की है।

### सूडोकू नवताल- 7339

**★★★★☆ मध्यम**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | 6 | | 3 | | 4 | | 8 |
| | 2 | | | | 9 | | 7 | |
| 4 | | | 1 | 6 | | | | 2 |
| | | 8 | | | 2 | | 3 | |
| 1 | | 4 | | | | 2 | | 5 |
| | 3 | | 5 | | | 8 | | |
| 7 | | | | 9 | 5 | | | 3 |
| | 8 | | 6 | | | | 4 | |
| 6 | | 2 | | 7 | | 5 | | 1 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनवृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

### सूडोकू नवताल -7338 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 6 | 5 | 1 | 8 | 2 | 7 | 4 | 9 |
| 7 | 9 | 2 | 3 | 5 | 4 | 1 | 8 | 6 |
| 4 | 1 | 8 | 6 | 7 | 9 | 5 | 3 | 2 |
| 6 | 5 | 9 | 2 | 4 | 8 | 3 | 7 | 1 |
| 8 | 4 | 7 | 9 | 3 | 1 | 6 | 2 | 5 |
| 1 | 2 | 3 | 5 | 6 | 7 | 4 | 9 | 8 |
| 2 | 7 | 6 | 4 | 9 | 5 | 8 | 1 | 3 |
| 5 | 8 | 1 | 7 | 2 | 3 | 9 | 6 | 4 |
| 9 | 3 | 4 | 8 | 1 | 6 | 2 | 5 | 7 |

अनंत ज्ञान

## आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी,श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

### आज का पंचांग

12 फरवरी, 2025, बुधवार

**विक्रमी संवत :** 2081, **शक संवत :** 1946 (क्रोधी), **मास :** माघ, **तिथि** पूर्णिमा (07:26): **नक्षत्र** आश्लेषा (07:36), **पक्ष :** शुक्ल, **योग :** सौभाग्य (08:06) **शुभ मुहूर्त :** अभीजित (कोई नहीं), **राहुकाल** (12:35 -01:58)।

### विशेष दिन

- 12 फरवरी 2025 : पूर्णिमा व्रत आज।
- 12 फरवरी 2025 : होलिका रोपण आज।

**मेष:** कार्यस्थल पर आप शानदार प्रदर्शन करेंगे और उत्साह के साथ काम करेंगे। नौकरी की तलाश कर रहे हैं, तो आप सफल होंगे।

**वृषभ:** आज आप कई कार्यों में व्यस्त रहेंगे। यदि व्यवसाय या नौकरी की तलाश में हैं तो आप सफल रहेंगे। संपत्ति की बिक्री और खरीद लाभप्रद होगी।

**मिथुन:** रचनात्मक क्षेत्रों से जुड़े लोगों के लिए आज का दिन अत्यंत शुभ है। आपको पारिवारिक सदस्यों का पूर्ण सहयोग प्राप्त होगा।

**कर्क:** आर्थिक रूप से दिन शुभ है। भाग्य आपका साथ देगा और आप कठिन कार्यों को पूरा कर पाएंगे। प्रतिद्वंद्वी आपको नुकसान नहीं पहुंचा पाएंगे।

**सिंह :** आप सभी क्षेत्रों में अच्छी प्रगति करेंगे। इच्छित काम भी पूरा हो सकता है। परीक्षा में बैठने वाले छात्रों को वांछित परिणाम मिलेंगे।

**कन्या :** आज परिणाम आपकी उम्मीदों पर खरे नहीं उतरेंगे। आप अनावश्यक काम में शामिल होंगे और कठिनाइयों का सामना भी करेंगे।

**तुला:** कार्यस्थल पर किए गए प्रयास आपको सकारात्मक परिणाम देंगे। मेहनती जातकों के लिए नौकरी में पदोन्नति और व्यवसाय में प्रगति संभव है।

**वृश्चिक:** जीवन में आगे बढ़ने के अवसर मिलेंगे। यदि आप उनमें से अधिकांश का लाभ नहीं उठा पाते हैं, तो आप सदैव के लिए अवसर खो देंगे।

**धनु :** सकारात्मक सोच के साथ स्थितियों को नियंत्रित करने में सक्षम होंगे। आर्थिक रूप से सुरक्षित रहेंगे। किसी भी जोखिम भरे उद्यम में प्रवेश न करें।

**मकर :** आर्थिक रूप से यह दिन बहुत अच्छा रहेगा। प्रॉपर्टी, वाहन आदि में निवेश करने के लिए अच्छा समय है। आपके करियर में कुछ बदलाव होंगे ।

**कुंभ :** भाग्य आपका साथ देगा। कठिनाइयां समाप्त होंगी और रुके हुए कार्य गतिशील होंगे। वित्तीय काम करना फायदेमंद और लाभकारी होगा।

**मीन :** काम में कुछ उतार-चढ़ाव हो सकता है। दुश्मनों से सावधान रहें, जो आपको नुकसान पहुंचाने की कोशिश कर सकते हैं।

## बसंत पंचमी के उपलक्ष्य पर करवाया कवि सम्मेलन

**अनंत ज्ञान, मंडी**

भाषा एवं संस्कृति विभाग मंडी द्वारा बसंत पंचमी के उपलक्ष्य में कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। कवि सम्मेलन की अध्यक्षता जानी-मानी शास्त्रीय संगीतकार व कलाकार प्रो. शुक्ला शर्मा ने की।

जिला भाषा अधिकारी प्रोमिला गुलेरिया ने बताया कि कार्यक्रम में 32 कवियों ने अपनी कविताएं प्रस्तुत की। कार्यक्रम में गंगा राम राजी ने आलोक नाथ की कविता मेरी जवानी के दिन एक कविता का पाठ किया। मुरारी शर्मा ने बसंत को

**कार्यक्रम में 32 कवियों ने अपनी कविताएं की प्रस्तुत**

तो आना है, शीर्षक कविता सुनाकर एक सुंदर संदेश दिया जबकि रता लाल शर्मा ने हंसी के फव्वारे हास्यप्रद चुटकुले सुनाकर सबका मनोरंजन किया।

निर्मला चंदेल ने महाकुंभ तीर्थो के राजा प्रयाग राज गंगा जमुना से नहीं जलेंगे अधिकार पर कविता पढ़ी, जबकि विनोद गुलेरिया ने गल सुणी जा मेरी गल सुनाई जा मिंजो बड़ी याद आउंदी बापू तेरे घरा दी मंडयाली कविता सुनाकर सबका मन मोह लिया।

कृष्णा ठाकुर ने ये क्या हो रहा है बढ़ते नशे के प्रभाव की चिंता व्यक्त की तथा युवा पीढ़ी को नशे से दूर रहने का संदेश दिया जबकि आर के गुप्ता ने आग कविता नामक सुंदर पहाड़ी कविता सुनाई।

इसके अतिरिक्त दक्षा शर्मा, सुरेन्द्र मिश्रा, कृष्ण चंद महादेविया, रतन लाल शर्मा, रूपेश्वरी शर्मा, हरपिंदर कौर इत्यादि ने भी कविताएं सुनाकर श्रोताओं का मनोरंजन किया।

## भूमिहीन व सीमांत किसानों को राहत दे सरकार : किसान सभा

**दशमी रावत, जुब्बल**

हिमाचल किसान सभा और सेब उत्पादक संघ ने जुब्बल व कोटखाई में प्रशासनिक अधिकारियों के माध्यम से सीएम को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने भूमिहीन व सीमांत किसानों को राहत देने की मांग की है। किसान संगठनों ने बताया कि बिना उचित मुआवजे और पुनर्वास नीति के किसानों को वन भूमि से बेदखल किया जा रहा है, जिससे उनकी आजीविका संकट में पड़ गई है। ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि सर्वोच्च न्यायालय के बाबूराम बनाम हिमाचल प्रदेश मामले में हालिया फैसले के बाद सरकार कई किसानों की भूमि को अपनी संपत्ति मान रही है, जिससे सैकड़ों परिवार बेघर हो रहे हैं। उच्च न्यायालय के अंतिम फैसले तक किसी भी किसान को बेदखल न किया जाए। भूमि अधिग्रहण अधिनियम 2013 के तहत प्रभावित किसानों को चार गुना मुआवजा दिया जाए।

**अनदेखी** अस्पताल परिसर में सफाई व्यवस्था को सुधारने की जरूरत

# सजावटी पौधों में टंगी हैं शराब की बोतलें

**भीम बसेड़ू, महादेव**

जिला मंडी से सटे बल्ह के अंतर्गत नगर परिषद नेरचौक के यहां सरकारी क्षेत्र में चल रहे अस्पताल एवं मैडिकल कॉलेज परिसर के एक बड़े भाग में जहां सफाई व्यवस्था को सुधारने की सख्त जरूरत है, वहीं यहां सजावटी पौधों में जगह-जगह शराब की बोतलें फंसी देखी जा सकती हैं।

इस विशाल परिसर में शराब आदि की धरपकड़ में संबंधित लोगों की संलिप्तता पाई गई थी और उसके बाद सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई थी और खासकर



रात के समय अस्पताल परिसर में प्रवेश करने की स्थिति में तलाशी भी ली जाती रही लेकिन लगता है कि अब वह बात आई गई हो गई है इसलिए लापरवाही के चलते अब हालात पुन: बिगड़ रहे हैं और संबंधित प्रशासन तथा सुरक्षा कर्मी इत्यादि इस बुराई के प्रति गंभीर नहीं हैं जिससे बढ़ते जा रहे नशे के मकड़जाल में शायद इस अस्पताल से संबद्ध आदि कुछ लोग भी दो कदम आगे रहकर अपनी फूहड़ आधुनिकता का बेरोकटोक प्रदर्शन कर रहे हैं।

ऐसी स्थिति में यह बेखौफ माहौल बनाना अपने आप में बड़ा ही दुर्भाग्यपूर्ण है। नशे की इस लत से सामाजिक बुराई पनपने से इन्कार नहीं किया जा सकता। सरकारी अस्पताल जहां नशा करना सख्त मना एवं जुर्म होता है और नशा आदि न करने की सलाह दी जाती है उधर मरीज को इस उम्मीद से ही ले जाया जाता है कि वह भला चंगा होगा मगर उसे यह नहीं मालूम कि अस्पताल में ही कुछ लोग ही मदहोशी के लिए अंग्रेजी व देशी दोनों खूब गटक रहे हैं। बुद्धिजीवी लोगों में इस बात को लेकर सख्त ऐतराज है। लोगों ने जिला के संबंधित शीर्षस्थ पद अधिकारी व उपायुक्त मंडी से नेरचौक अस्पताल के परिसर में पाई गई शराब की बोतलों को हल्के में न लेकर गहन जांच पड़ताल कर शीघ्र ही अस्पताल की व्यवस्था को बड़े पैमाने पर सुधारने के लिए कारगर कदम उठाए।( अनंत ज्ञान)

### पिकअप से 15 पेटियां अवैध शराब बरामद

**अनंत ज्ञान, चंबा।** पुलिस ने पठानकोट-चम्बा-भरमौर एनएच पर परेल के पास पिकअप में से अवैध शराब की 15 पेटियां बरामद की हैं। आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मुकद्दमा दर्ज कर लिया है। मंगलवार को पुलिस की टीम ने परेल के पास नाका लगा रखा था। वहां से गुजरने वाले सभी वाहनों की गहनता से जांच की जा रही थी।

उसी दौरान पठानकोट से चंबा की तरफ आ रही पिकअप को भी जांच के लिए रोका गया। इस दौरान जब पिकअप में रखे सामान की जांच की गई तो सब्जी व राशन के नीचे छुपाई शराब की 15 पेटियां बरामद हुईं। पुलिस ने मामला दर्ज कर आगामी जांच शुरू कर दी है।

**अगर** आप खुद से प्यार नहीं करते। आप दूसरों से प्रेम नहीं कर सकते।
–दलाई लामा

## संपादकीय

# खनन माफिया की दबंगई

हिमाचल में अवैध खनन का खेल सालों से चला है, लेकिन उस पर अंकुश नहीं लग पा रहा है। इस धंधे से जुड़े लोगों को पैसों की अंधी भूख ने दबंग और माफिया बना दिया है। डर या खौफ नाम की चीज इनके जहन में बिलकुल नहीं होती है। यही वजह है कि अवैध खनन से जुड़े लोग आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त पाए जा रहे हैं। सालों तक उनके खिलाफ केस चलते रहते हैं, लेकिन वे कानून को भी ठेंगे पर रखते हैं। मंडी के बिंद्रवणी में ब्यास नदी के किनारे हो रहे अवैध खनन पर कार्रवाई करने गए एसडीएम सदर पर खनन माफिया की ओर से किया गया जानलेवा हमला सुरक्षा को लेकर कई सवाल खड़े कर गया। हमले में एसडीएम का दांत भी टूट गया है।

इस घटनाक्रम के बाद जिले के लोगों में काफी रोष है। खनन माफिया का दुस्साहस इतना बढ़ गया है कि अब आए दिन अधिकारियों पर हमले होने लग पड़े हैं। सोलन के नालागढ़, कांगड़ा के नूरपुर तथा ऊना में खनन माफिया की हरकतें किसी से छुपी नहीं हैं। खनन माफिया अक्सर रात के अंधेरे में खनन करता है, ताकि वह पकड़ में न आए। ऐसी क्या वजह है कि खनन माफिया को जब अवैध खनन करने से रोका जाता है तो वह बेखौफ होकर लोगों की जान लेने पर उतारु हो जाते हैं? इसका सीधा सा जवाब है कि कहीं न कहीं खनन माफिया को राजनीतिक संरक्षण भी प्राप्त होता है, क्योंकि वह कुछ चाटूकार नेताओं और बेईमान अफसरों को घूस देकर उनकी जेबें गर्म कर देते हैं।

खनन माफिया के राजनीतिक संबंधों को उजागर करने की हिम्मत कोई सरकार आज तक नहीं जुटा पाती है। हां, जब विधानसभा लगती है तो कुछ दिन शोर अवश्यक होता है, लेकिन इसके बाद फिर सब पुराने ढर्रे पर चलता रहता है। अवैध खनन हर सरकार के गले की फांस बनता रहा है। अवैध खनन के पर्यावरणीय प्रभाव होते हैं। लगातार खनन करने से भूमि का क्षरण होता है, जिससे मिट्टी की उर्वरता कम हो जाती है तथा किसानों को खेती किसानी करने में काफी दिक्कतें पेश आती हैं। खनन के दौरान उपयोग किए जाने वाले रसायन जल स्त्रोतों में मिलकर जल प्रदूषण का कारण बन जाता है। यही नहीं, वनस्पति और जीव-जंतुओं की हानि भी होती है, जिससे पारिस्थितिकी तंत्र बिगड़ जाता है। खनन के सामाजिक प्रभाव भी कम नहीं हैं। इससे स्थानीय समुदायों की हानि हो सकती है, जैसे कि उनकी जमीन का अधिग्रहण या उनके घरों का विस्थापन। खनन के दौरान उपयोग किए जाने वाले रसायनों और धूल से स्थानीय लोगों के स्वास्थ्य पर नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है। आर्थिक असमानता बढ़ सकती है, जिससे खनन कंपनियों को लाभ हो सकता है। खनन के आर्थिक नुकसान बहुत ज्यादा हैं।

अवैध खनन से जहां एक तरफ सरकार को राजस्व की हानि होती है, तो वहीं इससे आर्थिक विकास पर नकारात्मक प्रभाव भी पड़ता है। लगातार और अवैज्ञानिक खनन से बाजार में अस्थिरता आ सकती है, जैसे कि खनिजों की कीमतें बढ़ सकती हैं या घट सकती हैं। खनन माफिया पर काबू पाने के लिए कानूनी कार्रवाई तो हो रही है, लेकिन सुरक्षा पुख्ता न होने से अधिकारी भी कई बार माफिया पर हाथ डालने से कतराते हैं। पुलिस और अन्य कानून प्रवर्तन एजेंसियों को खनन माफिया के खिलाफ मामले दर्ज करने से नहीं डरना चाहिए और उन्हें अदालत में लाने के लिए प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। निगरानी और सर्वेक्षण सबसे बेहतर जरिया है। निश्चित रूप से इससे माफिया की गतिविधियों को ट्रैक करने और उन्हें रोकने में मदद मिलती है और पुलिस अपना काम तसल्ली से करती है। स्थानीय समुदायों को खनन माफिया के खिलाफ लड़ने में शामिल किया जाना चाहिए।

सामुदायिक सदस्यों को खनन माफिया की गतिविधियों की रिपोर्ट करने और उन्हें रोकने में मदद करने के लिए आगे जाना चाहिए। खनन प्रशासन में सुधार करना भी आवश्यक है। यह खनन माफिया को बढ़ावा देने वाली कमियों को दूर करने में मदद कर सकता है। न्यायिक प्रणाली में सुधार करना आवश्यक है। यह खनन माफिया के खिलाफ मामलों को तेजी से और प्रभावी ढंग से निपटाने में मदद कर सकता है। मीडिया को भी खनन माफिया के खिलाफ लड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभानी चाहिए। सामाजिक जागरूकता बढ़ाना भी आवश्यक है। बहरहाल, उम्मीद की जानी चाहिए कि आने वाले समय में प्रदेश से खनन माफिया का अंत होगा और लोग सुख चैन की सांस ले सकेंगे तथा पुलिस खनन माफिया के पीछे न भागकर लोगों को और बेहतर सुरक्षा कवच दे सकेगी। ■

## आज के दिन की प्रमुख हस्ती

### फिल्मों के नायक, खलनायक और चरित्र अभिनेता

**प्राण** कृष्ण सिकंद हिंदी फिल्मों के जाने माने नायक, खलनायक और चरित्र अभिनेता थे। प्राण ऐसे अभिनेता थे, जिनके चेहरे पर हमेशा मेकअप रहता है और भावनाओं का तूफान नजर आता है जो अपने हर किरदार में जान डालते हुए यह अहसास करा जाता है कि उनके बिना यह किरदार बेकार हो जाता। प्राण का जन्म पुरानी दिल्ली के बल्लीमारान इलाके में बसे एक रईस परिवार में हुआ था। बचपन में उनका नाम 'प्राण कृष्ण सिकंद' था। उनका परिवार बेहद समृद्ध था।



प्राण कृष्ण सिकंद
जन्म :12 फरवरी, 1920
मृत्यु : 12 जुलाई, 2013

प्राण बचपन से ही पढ़ाई में होशियार थे। बड़े होकर उनका फोटोग्राफर बनने का इरादा था। 1940 में जब मोहम्मद वली ने पहली बार पान की दुकान पर प्राण को देखा तो उन्हें फिल्मों में उतारने की सोची और एक पंजाबी फिल्म 'यमला जट' बनाई, जो बेहद सफल रही। फिर क्या था, इसके बाद प्राण ने कभी मुड़कर देखा ही नहीं। 1947 तक वह 20 से ज्यादा फिल्मों में काम कर चुके थे और एक हीरो की इमेज के साथ इंड्रस्ट्री में काम कर रहे थे। अभिनेता प्राण को दशकों तक बुरे आदमी (खलनायक) के तौर पर जाना जाता रहा और ऐसा हो भी क्यों न, पर्दे पर उनकी विकरालता इतनी जीवंत थी कि लोग उसे ही उसकी वास्तविक छवि मानते रहे, लेकिन फिल्मी पर्दे से इतर प्राण असल जिंदगी में वे बेहद सरल, ईमानदार और दयालु व्यक्ति थे। समाज सेवा और सबसे अच्छा व्यवहार करना उनका गुण था। ■



## कविता

### आए गए के लिए

*अतुल कुमार, गड़खल जिला सोलन*

*एक त्योहार पर मुझे कंपनी ने दो कप सैट दे दिए,*
*घर लाया तो मां ने कहा रख दे इसे टांड पर आए गए के लिए।*
*पिता जी लाए नए कंबल माता जी ने पुराना ही सिल दिए*
*नए के लिए बोली, दिवान में रख दे, आए गए के लिए।*
*मेरी बहन नया मेजपोश ले कर आई, मेज पर बिछाने के लिए,*
*मां ने पुराना ही बिछाए रखा बोली नया रख दे आए गए के लिए।*
*मेरा छोटा भाई नई छह थालियां अपने खाने के लिए,*
*मां बोली एक आदि इस्तेमाल कर लो*
*बाकी रख दे, आए गए के लिए।*
*मां घर में नई थाप्पी आने पर भी कपड़े पुराने से ही धोती थी*
*हमारे घर में तो हर नई चीज आए गए के लिए होती थी।*
*अगले महीने मेरी शादी है नई बहू घर आएगी, नए संसार के लिए,*
*डरता हूं, मां यह न कह दे, इसे भी रख दे, आए गए के लिए।*

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 व 8091450407 पर भेज सकते हैं।**

# प्रतिस्पर्धा नहीं बालमन को चाहिए मोटिवेशन



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक बार फिर परीक्षाओं से पहले देश के परीक्षार्थी बच्चों, अध्यापकों और अभिभावकों से मन की बात के माध्यम से संवाद कायम कर मोटिवेट करने की बड़ी पहल की है। मन की बात में परीक्षा पर चर्चा के आठवें संस्करण का महत्व इसलिए महत्वपूर्ण और सामयिक हो जाता है कि आने वाले दिनों में सीबीएसई और राज्यों के बोर्डों की परीक्षाएं होने जा रही है। प्रधानमंत्री की संपूर्ण परीक्षा व्यवस्था और इसके साइड इफेक्ट को समझते हुए संवाद कायम करना अपने आप में महत्व रखता है। देश के लगभग सभी कोनों से तनाव, शिक्षकों और अभिभावकों की अति महत्वाकांक्षा के चलते बच्चों द्वारा डिप्रेशन में जाने और अपनी जीवनलीला समाप्त करने के समाचार आम होते जा रहे हैं।



लेखक : डॉ. राजेंद्र प्रसाद शर्मा
स्वतंत्र टिप्पणीकार

कोचिंग हब कोटा बच्चों की आत्महत्या के लिए बदनाम है पर कोटा से अधिक आत्महत्या देश के अन्य हिस्सों में भी हो रही है। कोटा को आत्महत्याओं के दाग को धोने के लिए सार्थक प्रयास करने होंगे। खैर, प्रधानमंत्री मोदी ने जिम्मेदार अभिभावक की भूमिका निभाते हुए न केवल परीक्षार्थियों की हौसला अफजाई की है, अपितु अध्यापकों को भी स्पष्ट संदेश दिया है। इसमें दो राय नहीं होनी चाहिए कि बच्चों के कोमल मन को प्रतिस्पर्धा के बोझ तले दबाने में आज घर, परिवार, समाज, शिक्षा केंद्र और सोशल मीडिया प्रमुखता से नकारात्मक भूमिका निभा रहे हैं। पता नहीं शिक्षा व्यवस्था में भी यह किस तरह का बदलाव है कि कुछ दशक पहले तक दसवीं पास करना बड़ी बात माना जाता था तो परीक्षा देने वाले लाखों बच्चों में से फर्स्ट डिविजन कुछ हजार तक रहते थे, उसके बाद लगभग दोगुने द्वितीय श्रेणी व बाकी तीसरी श्रेणी पाकर संतोष कर लेते थे।

आज हालात यह है कि परीक्षा देने वाले अधिकांश बच्चों के मार्क्स तो 90 प्रतिशत या इससे अधिक ही होते हैं। यहां सवाल परीक्षा प्रणाली को लेकर हो जाता है तो दूसरी और प्रतिस्पर्धा की यह खिचड़ी 90 प्रतिशत से अधिक अंक लाने वाले बच्चों और खासतौर से उनके पेरेंटस में होने लगी है।

अब तो हो यह गया है कि पेरेंट्स की प्रतिष्ठा के लिए बच्चों की बलि चढ़ाई जाने लगी है। प्रधानमंत्री मोदी ने सही कहा है कि कुकर के प्रेशर की तरह बच्चों को प्रेशर में रखना ही अभिभावकों और शिक्षकों की भूमिका में आ गया है। अब अभिभावक दिशा देने वाले के स्थान पर अपनी कुंठा को बच्चों से पूरा कराने में जुटे हैं। यह वास्तविकता है। बच्चे की लगन किसी और दिशा में होती है और उससे अपेक्षा कुछ और करने या बनाने की होने लगती है। कुछ बच्चों का कोमल मन यह प्रेशर सहन नहीं कर पाता है और डिप्रेशन या मौत को गले लगा लेते हैं और फिर पेरेंट्स आंसू पूछते रह जाते हैं। परीक्षा पर चर्चा की अच्छी बात यह है कि देश के 3.30 करोड़ बच्चों, 20 लाख शिक्षकों और साढ़े पांच लाख से अधिक अभिभावक इससे जुड़े। मोदी जी ने बच्चों को मोटिवेट करते हुए क्रिकेट का उदाहरण देते हुए बैटिंग करने वाले खिलाड़ी की भूमिका निभाने का संदेश दिया, तो टाइम मैनेजमेंट पर फोकस करने, लिखने की आदत डालने, खुल कर अपनी बात कहने, रोबोट नहीं इंसान बनने और पूरी नींद लेने के लिए मोटिवेट किया। सबसे खास बात यह कि बच्चों को स्वयं से प्रतिस्पर्धा करने का संदेश दिया। हमें दूसरे के स्थान पर स्वयं से प्रतिस्पर्धा करनी है। स्वयं से प्रतिस्पर्धा करेंगे तो आत्मविश्वास बढ़ेगा। दरअसल होता यह है कि दूसरे से प्रतिस्पर्धा के चक्कर में नकारात्मकता अधिक आती है। होना यह चाहिए कि अपनी कमियों को ही सबक बनाकर बहुत कुछ सीखा जा सकता है। आज बच्चों को खुला आसमान चाहिए। जहां वह अपनी क्षमता का बेहतर प्रदर्शन कर सकें। मोदीजी ने बच्चों को मोटिवेट करते हुए कहा है कि विफलताओं से निराश न होकर उससे सबक लेना चाहिए।

जीवन में सफल होने के लिए बहुत कुछ होता है। मोदीजी ने मन की बात में बच्चों, परिजनों और टीचर्स तीनों को संदेश देने का प्रयास किया है। बच्चों की नाकामी पर कभी किसी स्कूल या टीचर ने जिम्मेदारी ली हो, यह आज तो लगभग असंभव है। चाहे आप पढ़ाई के नाम पर स्कूल को कितनी ही फीस देते हो आप पर बच्चे को ट्यूशन कराने का दबाव आ ही जाता है। यदि शिक्षण संस्थानों में कमजोर और औसत बच्चों पर अधिक ध्यान दिया जाए तो तस्वीर बदल भी सकती है। इसी तरह से पेरेंट्स को भी नसीहत देने में मोदी जी पीछे नहीं रहे। पेरेंट्स को बच्चों की लगन, रुचि को समझना होगा। अपनी अपेक्षाएं उस पर लादने के स्थान पर दिशा देने के प्रयास करने होंगे। बच्चों के साथ बैठकर खुलकर बात करें। उनकी इच्छा, लगन और कोई परेशानी है तो उसे समझने का प्रयास करें। बच्चों में परस्पर तुलना कर बालक मन को कुंठित नहीं करना चाहिए। बच्चों को निराश करने के स्थान पर मोटिवेट करने के समग्र प्रयास की आवश्यकता है।

बच्चों को मशीन नहीं बनाया जाना चाहिए। बच्चों को समझाया यह जाना चाहिए कि 24 घंटे का समय सभी के पास होता है, इस समय को किस प्रकार से उपयोग करना है इस पर फोकस हो तो निश्चित रूप से अच्छे परिणाम प्राप्त हो सकते हैं। कहने का अर्थ यह है कि बच्चों का मनोबल बढ़ाने उनमें सकारात्मकता विकसित करने की दिशा में हमें काम करना होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने परीक्षाओं से पहले अपने प्रधानमंत्री काल में 8 वीं बार परीक्षा पर चर्चा करते हुए बच्चों, शिक्षकों और अभिभावकों को संदेश देने का सार्थक प्रयास किया है। अब सबका दायित्व है कि इन सकारात्मक पक्षों को बच्चों तक पहुंचाया जाए। बच्चों को समझाना होगा कि बड़ी बात जीवन में सफल होना है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

## नजरिया

# आर्थिक संकट से जूझ रहे साधनहीन बुजुर्गों की नजरें सरकार पर

जीवनभर कड़ी मेहनत से अपना एवं अपने परिवार का पालन पोषण करने वाला व्यक्ति जब 60 आयु पार कर लेता है। तब उसका शरीर भी जवाब देने लगता है। कई बीमारियां उसे घेरने लगती है।

उसे दो जून की रोटी के साथ दवा-दारू की भी जरूरत रहती है। कोई व्यक्ति सरकारी नौकरी से सेवानिवृत्त हुआ हो। उसे गुजारे लायक पेंशन मिल जाती है, लेकिन जिस व्यक्ति ने जीवनभर मेहनत मजदूरी करके बड़ी मुश्किल से अपने घर में चुल्हा जलाया है। उसका बुढ़ापा भी अत्यंत कठिनाई से गुजरता है। उन्हें जरूर की हर छोटी बड़ी चीज के लिए दूसरे पर ही निर्भर होना पड़ता है। यदि बेटे सरकारी नौकरी पर हो तथा संस्कारी हो तो उनके बुजुर्ग माता-पिता को कोई ज्यादा कठिनाई नहीं होती। उनका बुढ़ापा आसानी से कट जाता है, लेकिन जिनके बेटे सरकारी नौकरी पर नहीं होते। उन्हें अपनी जिंदगी बोझ लगने लगती है। बेटे बेरोजगार हो तो उन्हें घर चलाना मुश्किल होता है। ऐसी स्थिति में उनकी नजरें सरकार की ओर लगी रहती है। अब समय बहुत तेजी से बदल रहा है। संयुक्त परिवार टूटते-टूटते एकल परिवार बन गए। आत्मीयता के रिश्ते कमजोर होने लगे हैं। एकल परिवार में अब पति-पत्नी और बेटा-बेटी चार या पांच सदस्यों तक सीमित हो गए हैं।



लेखक : रामलाल पाठक
वरिष्ठ पत्रकार एवं साहित्यकार

ऐसे में यदि किसी घर में सरकारी नौकरी से सेवानिवृत्त बुजुर्ग हैं। वह तो जैसे-तैसे अपना गुजारा कर लेते हैं। उन्हें यही रहता है कि वह अपने को अकेले महसूस करते हैं, लेकिन यदि उसे सामाजिक सुरक्षा पेंशन मात्र 1 हजार रुपए मासिक मिलते है। तब उन्हें अपने हाल पर ही जीना पड़ता है। प्रदेश में पूर्व भाजपा की जयराम सरकार ने पात्र बुजुर्ग पुरुष और महिलाओं जिनकी आयु साठ वर्ष हो गई थी तथा जो इनकम टैक्स नहीं देते थे। उन्हें एक हजार रुपए प्रतिमाह पेंशन की सुविधा प्रदान की थी। 65 वर्ष से ऊपर की महिलाओं को 1 हजार 150 रुपए प्रतिमाह पेंशन दी।



जबकि 70 वर्ष की आयु पूरी कर चुकी महिलाएं चाहे उनके पति सरकारी नौकरी से सेवानिवृत्त हुए हैं। उन्हें सभी को पेंशन दी गई। वर्तमान कांग्रेस की सुक्खू सरकार ने अपने कार्यकाल के दो साल पूरे करने के बावजूद बुजुर्गों की पेंशन में कोई बढ़ोतरी नहीं की। इससे उन बुजुर्गों में रोष व्याप्त हैं। जिनके परिवार से कोई सदस्य सरकारी नौकरी पर नहीं हैं। उन्हें अपना समय व्यतीत करना मुश्किल हो गया है। बुजर्गों के कमजोर शरीर में कई बीमारियां लग जाती है। उन्हें अपने लिए दवा-दारू की भी जरूरत रहती है। ऊपर से महंगाई से सबसे अधिक असर बुजुर्गों पर ही पड़ता है। होना तो यह चाहिए था कि 50 हजार रुपए की वार्षिक आय के बुजुर्गों को कम से कम 5 हजार रुपए मासिक पेंशन मिलनी चाहिए थी, ताकि उन्हें दो जून की रोटी का जुगाड़ हो सकें। सेवानिवृत्त कर्मचारियों को 30 हजार रुपए से अधिक की मासिक पेंशन मिलती है। तब भी उन्हें गुजारा करना मुश्किल होता है। उनके मुकाबले एक हजार रुपए मासिक पेंशन लेने वाले की क्या स्थिति होगी।

इसका सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है। नई पीढ़ी एवं पुरानी पीढ़ी में विचारों में जमीन आसमान की असमानता है। नई पीढ़ी के लोग आधुनिकता से प्रभावित है। इसलिए जो भी काम करते हैं। उन्हें बुजुर्ग पसंद नहीं करते। जिन बुजुर्गों ने संयुक्त परिवार में रहकर अपनी जो प्रतिष्ठा पाई थी। अब उन्हें ऐसा मान-सम्मान नहीं मिल रहा है। अब न कोई उन बुजुर्गों की सुनता है और न उन्हें कोई अच्छी-बुरी बात सुनता है। सभी लोग अपने-अपने मे मस्त है। पति-पत्नी अपने-अपने काम-काज में व्यस्त हैं। बच्चे शिक्षण-प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। घर में बेचारे बुजुर्ग अकेले रह जाते हैं तथा अपना मन-मसोस करके गुम-सुम रहकर अपना समय काट रहे हैं ( एक समय था जब परिवार की तीन-चार पीढ़ियां परदादा से लेकर पोते तक सभी परिजनों का भोजन एक ही रसोई में पकता था तथा सारा परिवार एक साथ भोजन करते थे।

परिवार के सभी सदस्यों का परस्पर एक दूसरे से प्रेम था। उस समय बुजुर्गों को घर परिवार की शान समझा जाता था। घर के सारे निर्णय बुजुर्गों की सहमति से लिए जाते थे। समय मिलने पर बुजुर्ग महिलाएं चरखा चलाती थी। उम्रदराज पुरुष बाण बाटते थे। बुजुर्गों के पास घंटों तक बच्चे बैठते तथा उनसे शिक्षाप्रद लोककथा सुनते। बुजुर्ग उनसे अपनी जिंदगी के खट्टे-मिठ्ठे अनुभव भी साझा करते थे। अब बच्चे मां-बाप की भी कम ही सुनते हैं। दादी-दादी को जरूरी रिश्ता भी नहीं मानते। ऐसे में बुजुर्गों का भविष्य अंधकारमय होकर रह गया है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

## अपनी बात

**आप** और कांग्रेस की मेहनत फिजूल और गठबंधन का उसूल बिखर गया। देश ने हरियाणा, महाराष्ट्र के बाद दिल्ली में भाजपा का आत्मविश्वास देखा। केजरीवाल कल तक एक संस्था की तरह देखे गए, अब उनके अध्यायों में सबक उभर रहे हैं। कुछ कहेंगे दिल्ली को निचोड़ कर भाजपा ने चुनाव परिणाम निकाला है। केंद्रीय सत्ता के प्रभाव में यह अप्रत्याशित नहीं। क्या कोई हार के हारा या जीत के पीछे हारा। इन सब प्रश्नों के बीच दिल्ली एक अलग मतदाताओं का समूह। विस्थापितों की दिल्ली, आश्रमों की दिल्ली, आश्रय की दिल्ली, इसके-उसके आशय की दिल्ली और राष्ट्रीय आत्म सम्मान की दिल्ली। कई साम्राज्य, कई उदय, कई पतन, कई समानताएं, कई असमानताएं, फिर भी यहां की संवेदनाएं राष्ट्र का प्रतिनिधित्व करती रहीं। नागरिक जागरूकता के हर परचम की कोई न कोई कहानी दिल्ली में मिल जाएगी।

**रजिंद्र कुमार, शाहपुर**

# रहस्यवादी चिंतक व समाज सुधारक गुरु रविदास

भक्ति काल के महान साधक, चिंतक व रहस्यवादी कवि जिनकी चर्चा संत कबीर जी के साथ भी की जाती है ,उन्हें ही गुरु रविदास जी के नाम से जाना जाता है। गुरु रविदास जी ,रैदास, रोही दास व रुही दास के नाम से भी अपनी पहचान रखते हैं। उनका जन्म पवित्र नगरी वाराणसी के गांव गंधर्वपुर सीर में, वर्ष 1450 या 1398 कहीं कहीं 1377 को (बताया गया है) , माघ पूर्णिमा के दिन माता श्रीमती कलसां व पिता संतोष दास के घर हुआ था, क्योंकि गुरु रविदास के पिता चमड़े के कारोबार से जुड़े थे और जूते बनाने का काम करते थे। रविदास भी अपने पिता के साथ जूते बनाते, उन्हें गांठते और अपने इस काम में बड़ी लगन व मेहनत के साथ-साथ प्रभु के भजन व गीत भी गाते रहते थे।



लेखक : डॉ. कमल के प्यासा
लोअर समखेतर, मंडी

अपने मधुर व्यवहार, गायन वादन व जन सेवा के कारण ही गुरु जी की पहचान दूर-दूर तक हो गई थी। 12 वर्ष की आयु में रविदास की शादी लोना देवी नामक लड़की से मां बाप ने करवा दी थी। गृहस्थ को चलने की लिए शादी के पश्चात रविदास और भी मेहनत से काम करने लगा था, लेकिन प्रभु के भजनों के गायन व गरीबों, साधु संतों के जूतों को (बिना पैसों के) गांठने की सेवा कुछ ज्यादा ही चलती रहती थी, घर से निकाले जाने के पश्चात रविदास ने अलग से जूते गांठने का काम शुरू कर दिया और फिर गरीबों व साधु संतों की सेवा वैसे ही प्रभु भजनों के गायन के साथ यथावत चलती रही।

एक दिन कुछ पास के लोग गंगा स्नान को जा रहे थे तो गुरु जी के शिष्यों ने उन्हें भी चलने को कहा,तो गुरु जी कहने लगे, 'मन चंगा तो कठौती में गंगा।' गुरु रवि जी के कहने का तात्पर्य यह था कि यदि मानव के विचार ठीक हों ,उसकी नियत ठीक हो तो अपने घर पर ही सब कुछ मिल जाता है और वहीं पर गंगा स्नान भी हो जाता है। सच में, गुरु रवि दास जी ने सच ही तो कहा था, दिल में तरह-तरह के द्वेष भाव हो और मन इधर उधर भटक रहा हो ,तो उस गंगा स्नान का क्या लाभ, सबसे पहले तो इंसान के विचार व व्यवहार ठीक होना चाहिए। कितनी बड़े दार्शनिक थे गुरु रविदास जी ,,,,,,,,? उनके विचारों से ही हमें उनका परिचय और जानकारी मिल जाती है। हिंदू हो या मुसलमान उनके लिए सभी बराबर थे, इसी प्रकार वेद, पुराण और कुरान उस परमेश्वर की ही देन हैं। तभी तो गुरु रविदास जी ने अपनी वाणी में कहा था,'कृशन, करीम, राम, हरि, राघव जब लग एक न देखा। वेद, कतेब, कुरान, पुरानन, सहज एक नहि देखा। चारों वेद के करे खंडौती। जन रैदास करे दंडौती।'



## जयंती विशेष

ईश्वर की आराधना व भक्ति के लिए सदाचार, परहित भावना व सद्व्यवहार का पालन करना जरूरी हो जाता है। रविदास जी आगे समझाते हुए कहते हैं, कि जिस प्रकार एक इतना बड़ा हाथी, जिसे अपनी देह पर घुमान रहता है, वह चीनी के छोटे से कण को नहीं उठा पाता, जब कि एक छोटी सी चींटी उसी कण को आसानी से उठा लेती है। इसीलिए इंसान को अपनी ताकत, पैसे और संपत्ति आदि पर गुमान नहीं करना चाहिए। नम्रता और सादगी ही इंसान को उस परमात्मा तक पहुंचती है। गुरु रविदास जी के संबंध में ऐसा भी बताया जाता है कि एक बार उनका, एक पड़ोसी ब्राह्मण गंगा स्नान को जा रहा था, उसने गुरु जी से भी चलने को कहा तो गुरु जी ने अपनी तरफ से एक रुपए का सिक्का गंगा माता को चढ़ाने को देते हुए कहा,'जब गंगा माता हाथ करे तभी इसे देना'। पंडित जी जब सिक्का गंगा जी को देने लगे तो सच में ही गंगा जी ने हाथ निकाल कर सिक्का ले लिया और बदले में गुरु रविदास के लिए एक सोने का कंगन पकड़ा दिया। वह कंगन पंडित ने राजा को दे दिया। राजा ने आगे अपनी रानी को दे दिया। जिस पर उसने (रानी ने)राजा से वैसा ही दूसरा कंगन मांग लिया। राजा ने फिर पंडित से दूसरा कंगन लाने को कहा। पंडित अब दुविधा में पड़ गया,'कहां से लाऊं,'सोचने लगा' ,'क्या किया जाए, ?'
ब्राह्मण तो गुरु रविदास के मिलनसार व्यवहार से अच्छी तरह से परिचित था ,इसलिए उसने सोचा क्यों न रविदास के पास जाकर इसका कुछ उपाय किया जाए और वह सीधा रविदास के पास जा पहुंचा, फिर उस ने सारी व्यथा सच सच कह उनसे कह डाली।

रविदास ने कहा ,'कोई बात नहीं यदि तूने राजा को मेरा कंगन दे दिया है तो। मैं गंगा माता से ओर मांगता हूं' कह कर गुरु रविदास ने अपनी कठौती में (आंखे बंद करके गंगा माता को याद करते हुए) हाथ डाल कर एक कंगन निकाल कर पंडित को पकड़ा दिया। यही से मन चंगा तो कठौती में गंगा वाली बात फिर से चरितार्थ हो जाती है। गुरु रविदास जी के इस चमत्कार से जहां पंडित व राजा रानी खुश हो गए ,वहीं गुरु जी की वहा वाही व चमत्कारों की चर्चा जगह-जगह होने लगी, उन्होंने निर्गुण,सगुण की चर्चा के साथ ही साथ,रहस्यवादी व सूफी संतों की संगत के साथ रह कर भी कई तरह के धार्मिक सुधार व ऊंच नीच को मिटाने में हमेशा प्रयत्नशील रहते थे।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# हिमाचल के हर नशा कारोबारी की निकलनी चाहिए शवयात्रा

जिस प्रकार देवभूमि हिमाचल प्रदेश की अमन शांति को नशे के सौदागरों ने अशांत और गंभीर स्थिति पैदा कर दी है, मीडिया बंधुओं और सोशल मीडिया के माध्यम से हमें हर दिन सूचना एवं जानकारी मिलती है कि हिमाचल प्रदेश पुलिस ने आज इतने नशे के सौदागरों और नशा करने वाले युवाओं को सलाखों के पीछे पहुंचाने का सराहनीय प्रयास किए, जिस नशे ने हिमाचल प्रदेश युवाओं को जैसे मौत के मुहाने पर लाकर खड़ा कर दिया है। ऐसी गंभीर स्थिति शायद ही पूर्व में हिमाचल प्रदेश में देखने एवं सुनने को मिलती हो जिस प्रकार वर्तमान में आए दिन हिमाचल प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों से नशे को लेकर अजीबोगरीब घटनाएं हो रही है।



लेखक : हेमराज राणा
स्वतंत्र लेखक, सिरमौर

इसी परिप्रेक्ष्य में क्षेत्र के बुद्धिजीवियों एवं शिक्षाविदों के अनुभव अनुसार हिमाचल प्रदेश नशे के सौदागरों की शवयात्रा निकालने और उनका पुरजोर विरोध जागरूक युवा एवं समाज करने का प्रयास कर रहा है, जिसकी शुरुआत जिलों से हो चुकी है और जो अतिआवश्यक भी मानीं जातीं हैं, क्योंकि नशे का कारोबार हिमाचल प्रदेश के अनेक सीमावर्ती राज्यों के साथ-साथ यहां तक कि विदेशों से भी नशें की सप्लाई की जाती हैं। जिस नशे की आड़ में नशे के सौदागर कुछ ही समय में लखपति और करोड़पति बनने की लालसा में अंधे हो चुकें हैं, जो कि निश्चित रूप से समाज और युवाओं के शत्रु माने जाते हैं। अगर हम आप इस गंभीर समस्या को लेकर एकजुटता नहीं दिखाएंगे तो निसंदेह उड़ता पंजाब की तरह ही हिमाचल भी उड़ता हिमाचल बनने में देर नहीं लगेगी।



आज हम सभी युवाओं और समाज का नैतिक कर्तव्य बनता है कि हिमाचल प्रदेश को नशामुक्त करने में समय-समय पर हर नशे के सौदागरों की शवयात्रा निकालने और उनका समाज से पुरजोर विरोध करना आज की मुख्य जरूरत और मांग बन चुकी है, अन्यथा आने वाले समय में न जाने हमारे घरों के बच्चे एवं एकलौते चिराग भी नशे की लत में बुझ जाए, तो वहीं नशे की समस्या अन्य घरों की समस्या नं समझकर अपने घर की समझने की भी परम आवश्यकता है। नशे के कारोबारी शुरुआत में युवाओं को मुफ्त के जाल में फंसाकर उनको नशा का आदी बना देते हैं लत लगने के कारण कुछ ही वर्षों में मौत के मुहाने तक पहुंचा देते हैं, साथियों आज हम सभी को मिलकर पुलिस के साथ कंधे से कंधा मिलाकर समय रहते सही जानकारी नशे के सौदागरों और नशा करने वालों की देने का प्रयास करना चाहिए, आपका प्रयास प्रदेश और समाज के लिए कभी न कभी वरदान साबित हो सकें।

पुनः निवेदन और आग्रह रहेगा कि हम सभी नशे के सौदागरों की विभिन्न क्षेत्रों में परिक्रमा करके शवयात्रा निकालने का प्रयास करें, ताकि कहीं न कहीं उन राक्षस आततायियों को कुछ तो शर्म एवं अहसास हो कि जो धन के लोभ में अपने समाज और प्रदेश को बर्बाद करने में तुले हुए हैं जिन्होंने देवभूमि के युवाओं को मौत के मुहाने पर लाकर खड़ा कर दिया है, अगर हमें हिमाचल प्रदेश को नशामुक्त करने और अपने युवाओं एवं बच्चों के जीवन को सलामत रखना है तो,वहीं प्रदेश सरकार को भी नशे के खात्मे के लिए कड़े कानून एवं नियमों को सुनिश्चित करवाने का भी प्रयास करना चाहिए, ऐसी उम्मीद और विश्वास जनहित में प्रदेश के मुख्यमंत्री और सरकार से करते हैं।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

**अनंत ज्ञान**
प्रकाशक एवं मुद्रक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN01099
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

# मंडी पहुंचा अनंत ज्ञान का नशे के खिलाफ महाअभियान

**अनिल शर्मा, मंडी**

नशा धीमा जहर है, यह स्लोगन अब बहुत पुराना हो गया है। अब तो चिट्टा जैसा नशा शुरू हो गया है, जो बहुत ही कम समय में उपयोगकर्ता को मौत की नींद सुला देता है। यदि मंडी की बात करें तो गत 60 दिनों में 25 से अधिक युवा नशे के कारण अपनी जीवन लीला समाप्त कर चुके हैं। ऐसे ही कुछ हाल प्रदेशभर के हैं, लेकिन सवाल यह उठता है कि पुलिस छोटे-छोटे चिट्टा उपयोगकर्ता को पकड़ती है, अभी तक बहुत बड़ी खेप और दर्जनों बड़े डीलरों को क्यों नहीं पकड़ पाई है।

**नशे से 60 दिन में 25 युवाओं की हुई मौत**

मौत का यह आंकड़ा तो वह है जो सार्वजनिक हो गया, जो नहीं हुआ वह तो अभी समाज में प्रतिष्ठा की गलियों में दफन है। समाज के लिए नासूर बनते जा रहे नशे को लेकर दैनिक समाचार पत्र एवं वेब टीवी अनंत ज्ञान ने अपनी सामाजिक भागीदारी निभाते हुए नशे के खिलाफ सार्वभौमिक अभियान आरंभ कर दिया है।


एंग्लो संस्कृत मॉडल स्कूल नेला, मंडी के विद्यार्थी।


स्वामी विवेकानंद वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला मंगवाई, मंडी।



गुरु गोबिंद सिंह पब्लिक वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला पड्डल, मंडी।


राजकीय रानी अमृत कौर कन्या पाठशाला मंडी की छात्राएं पेंटिंग को दर्शाती हुई।

नशे के खिलाफ अनंत ज्ञान का महाअभियान

इस कड़ी में 365 दिनों तक लगातार चलने वाला जन जागरण अभियान जिला मंडी के उपमंडलों के स्कूलों में विद्यार्थियों से लेकर हर पंचायत तक शुरू किया है। जिला के स्कूलों के होनहार विद्यार्थियों ने नशे के दुष्प्रभावों पर पेंटिंग बनाकर इस अभियान को मजबूती प्रदान की है। इसमें उपमंडल स्तर पर सभी स्कूलों के प्रतिभागियों में से तीन विजेताओं का चुनाव भी होगा। इसके साथ ही प्रतिभागी विद्यार्थियों ने नशा रोकने के लिए वाक्य भी इंगित किए हैं। इन बेहतर स्लोगनों को प्रतिदिन दैनिक समाचार पत्र अनंत ज्ञान में प्रकाशित किया जाएगा।(अनंत ज्ञान)

# उपायुक्त ने राजस्व कार्यों में तेजी लाने के दिए आदेश

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**

उपायुक्त मंडी अपूर्व देवगन ने मंगलवार को उपमंडल सरकाघाट में एसडीएम कार्यालय सरकाघाट, तहसील सरकाघाट, बलद्वाड़ा, उप-तहसील भदरोता व उप-तहसील कार्यालय ढ़लवान का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने राजस्व संबंधी कार्यों के सुचारू संचालन और लंबित मामलों का समयबद्ध निपटारे और राजस्व कार्यों में तेजी लाने के लिए राजस्व अधिकारियों के साथ राजस्व मामलों की समीक्षा बैठक की।

बैठक में डीआरओ मंडी हरीश शर्मा व एसडीएम सरकाघाट स्वाति डोगरा सहित तहसीलदार, नायब तहसीलदार, कानूनगो और उपमंडल क्षेत्र के ग्रामीण राजस्व अधिकारियों (पटवारियों) ने भाग लिया। उन्होंने उपमंडल की सरकाघाट व बल्दबाड़ा तहसील सहित अन्य उप तहसीलों में लंबित चल रहे तकसीम खानगी, निशानदेही व इंतकाल के मामलों की व्यक्तिगत रूप से एक-एक मामले की समीक्षा की।

उपायुक्त ने क्षेत्र के सभी पटवारियों और क्षेत्रीय कानूनगो को राजस्व संबंधी कामकाज को समयबद्ध सुनिश्चित करने के निर्देश देते हुए कहा कि तकसीम खानगी, निशानदेही व इंतकाल के मामले, जो 6 माह या एक वर्ष से अधिक समय से लंबित हैं, उनका निपटारा प्राथमिकता के आधार पर सुनिश्चित किया जाए। राजस्व अधिकारियों व कर्मचारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि राजस्व संबंधी किसी भी मामले का समयबद्ध निपटारा नहीं किया जाता है तो दोषी अधिकारियों व कर्मचारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

## न्यूज ब्रीफ

### एफपीओ ने पंजीकृत किए चार महिला एग्रो प्रोसिसिंग सेंटर

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** एफपीओ धर्मपुर द्वारा महिलाओं को स्थानीय कृषि उत्पादों, फलों इत्यादि के खाद्य उत्पाद तैयार करने के उद्देश्य से सात प्रोसिसिंग सेंटर 31 मार्च तक स्थापित करने का लक्ष्य रखा है। जिन्हें एफपीओ खड्य सुरक्षा कानून के तहत उत्पाद बनाने के लिए एफएसएसएआई प्रमाण पत्र हासिल किए जा रहे हैं, जिनमें से अभी तक चार सेंटर पंजीकृत हो चुके हैं जिनमें सिद्धपुर के सकोह में लीला मेमोरियल ऐग्रो प्रोसिसिंग सेंटर, घरवासड़ा में श्री अन्न महिला एग्रो प्रोसिसिंग, तनियार में धाड़ता एग्रो प्रोसिसिंग एंड मॉर्केटिंग सेंटर तथा बरोटी में प्राकृतिक प्रोडूक्ट्स प्रोसेसिंग सेंटरों का पंजीकरण हो गया है और 31 मार्च तक जोढन, बिंगा और संधोल में भी ऐसे प्रोसिसिंग सेंटर रजिस्टर करवाने का लक्ष्य रखा गया है। एफपीओ के अध्यक्ष सत्तपाल सिंह चौहान, सचिव भूपेंद्र सिंह और सीबीबीओ के जिला प्रभारी डॉ. हरदयालसिंह ने दो नए प्रोसिसिंग सेंटरों को प्रमाण-पत्र वितरित किए। डॉ. कुलदीप ने बताया कि एफपीओ ने संधोल गो सदन, समौड़ और खनोड़ में जैविक खाद तैयार कर ली है जिसे 27 फरवरी को मंडी में होने वाले अंतरराष्ट्रीय शिवरात्रि मेले के अवसर पर मार्केटिंग के लिए लांच किया जाएगा।

### सुंदरनगर के शहरी क्षेत्र का खरीहड़ी मार्ग उखड़ा

**भीम बसेडू, महादेव।** शहरी क्षेत्र सुंदरनगर के अंतर्गत आती पक्की सड़क के एक बड़े भाग के किए गए मरम्मत कार्य को उखड़ते देखा जा सकता है। भोजपुर से संपर्क करते खरीहड़ी, पुराना नगर आदि ऐसे घनी आबादी वाले इलाके हैं जहां सड़क की दशा सुधारने के लिए बिछाया गया मैटीरियल उखड़ चुका है। लोगों का कहना है कि शहरी क्षेत्र के एक बड़े भाग में सड़क कार्य को लेकर की गई यह मनमानी सरासर बेइमानी है जिसकी बड़े स्तर पर जांच पड़ताल होना अति आवश्यक है। लोगों ने संबंधित विभाग व प्रदेश सरकार से पुरजोर मांग की है कि शीघ्र ही सड़क का स्तरहीन कार्य करने वालों के साथ सख्ती से निपटा जाए।(अनंत ज्ञान)



### उपमंडल कार्यालय में खाली पदों को भरे सरकार

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** उपायुक्त मंडी अपूर्व देवगन के सरकाघाट दौरे के दौरान विभिन्न सामाजिक संगठनों ने उन्हें उपमंडल कार्यालय, सरकाघाट व धर्मपुर में खाली चल रहे पदों को भरवाने के लिए ज्ञापन सौंपा, जिससे जनता के काम प्राथमिकता से हों तथा वर्तमान कर्मचारियों पर रिक्त चल रहे पदों की वजह से काम का अतिरिक्त बोझ न हो। उपमंडल कार्यालय सरकाघाट में 2 पद वरिष्ठ सहायक के तथा 1-1 पद लिपिक, दफ्तरी, चौकीदार व ड्राइवर का रिक्त चल रहा है। जबकि उपमंडल कार्यालय धर्मपुर में 2 पद वरिष्ठ सहायक के तथा 1-1 पद जूनियर ऑफिस असिस्टेंट, दफ्तरी व चपड़ासी का पद रिक्त चल रहा है। समाजिक कार्यकर्ता रमेश चंद्र भारद्वाज हिमाचल दिव्यांग कल्याण समिति के प्रदेशाध्यक्ष हरिदास प्रजापति व अनुसूचित जाति, जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग एवम अल्प संख्यक संयुक्त संघर्ष मोर्चा, सरकाघाट के महासचिव रणजीत सिंह ने इन पदों को भरने के लिए दिव्यांगों, विधवाओं और गरीब लोगों को नौकरी पर रखने का अनुरोध किया है।

### बच्चों के समग्र विकास को लेकर करवाया समारोह

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** जिला समन्वयक की अगुवाई में राष्ट्रीय व मॉडल प्राथमिक पाठशाला में जिला स्तरीय ईसीसीई दिवस पीएम श्री राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला सरकाघाट में प्राथमिक शिक्षा की गुणवत्ता को बढ़ाने और बच्चों के समग्र विकास को लेकर समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के तहत 3-6 वर्ष की आयु के बच्चों के पांच प्रमुख विकासात्मक पहलुओं–शारीरिक, बौद्धिक, भाषाई, सामाजिक-भावनात्मक एवं नैतिक विकास–पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। परियोजना अधाकारी मीना ठाकुर ने अपने विचार रखे कार्यक्रम के अंत में मुख्यतिथि पवन ठाकुर ने अपना प्रेरणादायी संदेश दिया और सरकार की योजना के बारे में विस्तृत जानकारी दी और बेहतर प्रदर्शन करने वाले विभूतियों को सम्मानित किया।

### लोग अज्ञात लिंक या संदिग्ध ईमेल पर न करें क्लिक

**अनंत ज्ञान, मंडी।** सुरक्षित इंटरनेट दिवस पर मंगलवार को उपायुक्त कार्यालय सभागार में एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई जिसमें विभिन्न विभागों के अधिकारियों व कर्मचारियों को डिजिटल साक्षरता के प्रति जागरूक किया गया। कार्यशाला की अध्यक्षता करते हुए जिला सूचना- विज्ञान अधिकारी मंडी अश्वनी कुमार शर्मा ने बताया कि डिजिटल गतिविधियों में वृद्धि के साथ ही डाटा चोरी, सोशल मीडिया हैकिंग, ऑनलाइन धोखाधड़ी और बैंकिंग घोटाले जैसे साइबर अपराध भी बढ़ गए हैं। इससे निपटने के लिए नागरिकों को साइबर सुरक्षा के बारे में जागरूक रहना चाहिए और बड़े साइबर हमलों से खुद को बचाने के लिए सावधानियों का पालन करना चाहिए। उन्होंने फेसबुक, व्हाट्सएप, इंस्टाग्राम और अन्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर अज्ञात लिंक या संदिग्ध ईमेल पर क्लिक न करने की भी सलाह दी और नागरिकों को समय समय पर अपनी गोपनीय सेटिंग अपडेट करने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की तुरंत रिपोर्ट करने का आग्रह किया तथा डिजिटल बैंकिंग और यूपीआई भुगतान सुरक्षा के लिए ओटीपी साझा न करें।

# संत रविदास जयंती पर दिखा भक्ति का संगम, सत्संग से गूंजा नगर

**अभिषेक शर्मा, जोगिंद्रनगर**

संत रविदास जयंती पूर्व संध्या में जोगिंद्रनगर में श्रद्धा और भक्ति का संगम देखने को मिला। मंगलवार को गरोडु से जोगिंद्रनगर बाजार तक निकाली गई भव्य शोभायात्रा ने श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। ढोल-नगाड़ों की गूंज, पुष्पवर्षा और भक्ति गीतों के बीच श्रद्धालु 'संत रविदास जी की जय' के जयघोष करते नजर आए। सुबह गरोडु से प्रारंभ हुई शोभायात्रा में भक्तगण संत रविदास जी का चित्र, झंडे और बैनर लिए हुए जोगिंद्रनगर बाजार तक पहुंचे। नगर में जगह-जगह श्रद्धालुओं ने स्वागत किया। पूरा शहर भक्ति और श्रद्धा से ओतप्रोत नजर आया।

शहर के विभिन्न धार्मिक स्थलों पर संत रविदास जी की उपासना, भजन-कीर्तन और सत्संग का आयोजन किया गया। गुरुद्वारों और मंदिरों में विशेष प्रार्थना सभाएं हुईं जिनमें संत रविदास जी के उपदेशों पर प्रकाश डाला गया। श्रद्धालु उनके भजनों में मग्न होकर उनकी शिक्षाओं को आत्मसात करने का संकल्प लेते दिखे।(अनंत ज्ञान)



### संत रविदास के उपदेश आज भी प्रासंगिक

संत रविदास जी समाज सुधारक और भक्ति आंदोलन के महान संत थे। उन्होंने जीवनभर प्रेम, एकता और समानता का संदेश दिया। उनके प्रसिद्ध वचन 'मन चंगा तो कठौती में गंगा' का महत्व आज भी समाज के लिए प्रेरणादायक बना हुआ है।

### भंडारे का आज होगा आयोजन

जिला परिषद सदस्य विजय भाटिया ने जानकारी दी कि बुधवार को संत रविदास जयंती के उपलक्ष्य में झंडा रस्म व भंडारे का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने श्रद्धालुओं से इस धार्मिक आयोजन में बढ़-चढ़कर भाग लेने और प्रसाद ग्रहण करने की अपील की।

### शहर में भक्ति और श्रद्धा का बना माहौल

शोभायात्रा के सफल आयोजन के लिए आयोजकों ने सभी सहयोगियों का धन्यवाद किया। पूरे शहर में भक्ति और श्रद्धा का माहौल बना रहा, जिससे संत रविदास जी के विचार और शिक्षाएं जीवंत हो उठीं।

# बैहना में बच्चों ने विज्ञान मेले में साइंस प्रोजेक्ट और प्रदर्शनी को किया प्रस्तुत

**विनोद, नेरचौक**

दी फीनिक्स स्कूल बैहना में मंलगवार को विज्ञान मेले का आयोजन किया गया, जिसमें निदेशक उच्च शिक्षा यशवीर कुमार ने कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि शिरकत की।

विज्ञान मेले में बच्चों ने विभिन्न प्रकार के साइंस प्रोजेक्ट तथा प्रदर्शनी को प्रस्तुत किया, जिसकी मुख्यातिथि ने काफी सराहना की। समारोह के अंत में स्कूल प्रधानाचार्या प्रीती कंवर तथा चेयरमैन सुरेंद्र चौधरी ने बच्चों के सफल भविष्य की कामना करते हुए सफलता का आशीर्वाद दिया।(अनंत ज्ञान)


बच्चों द्वारा बनाए गए प्रोजेक्ट को देखते मुख्यातिथि।

# नशे को नजरअंदाज न करें, दें सूचना : नेगी

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर**

सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के सौजन्य से नशामुक्त भारत अभियान के अंतर्गत ग्राम पंचायत सलापड़ के सामुदायिक भवन में जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। कार्यक्रम में एसडीएम सुंदरनगर अमर नेगी ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की तथा एएसपी मंडी सागर चंद शर्मा विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

शिविर में विभिन्न विभागों के अधिकारी व कर्मचारियों ने उपस्थित जनता व स्कूली विद्यार्थियों को नशे के खिलाफ जागरूक किया। शिविर के दौरान जिला कल्याण अधिकारी मंडी समीर, बीडीओ सुंदरनगर विवेक चौहान, तहसील कल्याण अधिकारी धर्मशीला, प्राधानाचार्य पाठशाला सलापड़ संजय कुमार आदि विचार सांझा किए। एसडीएम ने कहा कि पंचायत स्तर पर विभिन्न समितियां गठित की जाएंगी। लोगों से आग्रह किया कि वे नशे को नजरंदाज न करें और नशे की घटना दिखाई देती है तो जानकारी संबंधित जिम्मेदार व्यक्ति को दें।

# सीएम के संभावित पधर दौरे को लेकर अधिकारियों को तैयारियों के आदेश

**कविता, पधर**

मुख्यमंत्री सुक्खू के 14 फरवरी को संभावित पधर दौरे को लेकर एसडीएम कार्यालय पधर के सभागार में विभागीय बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक की अध्यक्षता पूर्व मंत्री कौल सिंह ठाकुर ने की।

पूर्व मंत्री कौल सिंह ठाकुर ने मुख्यमंत्री के आगामी 14 फरवरी को प्रस्तावित पधर दौरे को लेकर सभी विभागीय अधिकारियों को सभी तैयारियां समयबद्ध पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि इस दौरान मुख्यमंत्री का विभिन्न विकासात्मक योजनाओं के लगभग 85 करोड़ के उद्घाटन व शिलान्यास करने के साथ जनसभा को भी संबोधित करने का कार्यक्रम संभावित है। उन्होंने मुख्यमंत्री के पधर दौरे को सफल बनाने के लिए सभी विभागीय अधिकारियों से टीम वर्क की भावना के साथ कार्य करने के भी निर्देश दिए।

इस दौरान पूर्व मंत्री ठाकुर कौल सिंह व एडीसी मंडी रोहित राठौर के द्वारा संभावित प्रस्तावित दौरे के सभा स्थल का निरीक्षण भी किया। इस दौरान एसडीएम पधर सुरजीत सिंह, तहसीलदार डॉ. भावना वर्मा, डीएसपी देव राज, खंड विकास अधिकारी विनय सहित विभिन्न विभागों के उपमंडल स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे। (अनंत ज्ञान)

# भारतीय स्कूल नलसर में किया हवन-यज्ञ

**आदर्श यादव, नेरचौक**

आर्य समाज के तत्वावधान में भारतीय पब्लिक स्कूल नलसर में बच्चों के उज्जवल भविष्य के लिए हवन यज्ञ का आयोजन किया गया। विदित रहे की आर्य समाज सुन्दरनगर कॉलोनी व महिला आर्य समाज सुन्दरनगर कॉलोनी की ओर से इस वर्ष संकल्प लिया है कि आर्य समाज की चार दिवारी से बाहर निकल कर गांव-गांव व पाठशालाओं में जा कर वेद प्रचार-प्रसार का कार्य करेंगे।

आर्यसमाजी प्रभात आनंद ने बताया कि इस कार्यक्रम के तहत स्कूली बच्चों व गांववासियों को वेद की ओर लौटो और महर्षि देव दयानंद सरस्वती जी की शिक्षा की ओर लौटने का संदेश दिया जा रहा है । प्रथम चरण में अभियान के तहत गांव गांव जाकर संदेश दिया जा रहा है तथा विभिन्न स्कूलों में हवन-यज्ञ कर बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की जा रही है।

हवन-यज्ञ के इस कार्यक्रम में स्कूल प्रधानाचार्य धना रावत, स्कूल प्रबंधन समिति के सदस्य, अभिभावक व राजेश रावल, ईश्वर दास, सत्यवती देशवाल, सरवन आर्य, भावना शर्मा, हरदेव आर्य, मायादेवी ने यज्ञ संपन्न करवाया।



कार्यक्रम के दौरान सामूहिक चित्र में विद्यार्थी व अन्य।

# 12 फरवरी तक पानी की किल्लत

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** जोगिंद्रनगर मंगलवार जल शक्ति विभाग ने नगर परिषद जोगिंद्रनगर और आसपास की पंचायतों के लिए पानी की किल्लत को लेकर सूचना जारी की है। मसौली, जलपेहड़, निचला गरोंडू, दारट बंगला, नेर घरवासड़ा, गांव आरठी और शानन द्राहल योजना से जुड़ी पंचायतें द्राहल, कुठेड़ा और बूहला भडयारा की पेयजल स्कीमें बाधित हो गई हैं।

शानन जल विद्युत परियोजना के तहत बरोट स्थित रेजर वायर की सफाई के कारण पानी की आपूर्ति ठप हो गई है। इस कारण प्रभावित पंचायतों के लोगों को 12 फरवरी तक पानी की समस्या झेलनी पड़ेगी। जोगिंद्रनगर का शहरी क्षेत्र भी प्रभावित होगा।

# पुश्तैनी कब्जों को नियमित करने की बने नीति

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**

नबाही वार्ड के जिला परिषद सदस्य मुनीष शर्मा के नेतृत्व में सरकाघाट क्षेत्र के लोगों ने सरकाघाट के तहसीलदार के माध्यम से प्रदेश के मुख्यमंत्री सुक्खू को मकानों और गोशालाओं की जमीन के पुश्तैनी कब्जों को उपयुक्त नीति बनाकर नियमित करने के लिए मांगपत्र भेजा। मुनीष शर्मा ने कहा कि प्रदेश एवं सरकाघाट क्षेत्र के लोग जिनके मकान या गोशालाएं पुरखों के समय से सरकारी अथवा वन भूमि (वन सरंक्षण अधिनियम 1980 के लागू होने के बाद) पर निर्मित हैं उन छोटे कब्जों की भूमि को कब्जाधारकों को नियमित किया जाए व एक उपयुक्त नीति के माध्यम से इस समस्या का निवारण किया जाए और लोगों के बिजली, पानी के कनेक्शन काटने और मकानों व गोशालाओं को गिराने के आदेशों को स्थगित किया जाए।

पूर्ववर्ती सरकारों ने भी 20 बीघा और 10 बीघा तक जमीन कब्जाधारकों को नियमित करने के आश्वासन दिए थे परंतु मुद्दा हल नहीं हो पाया। वन सरंक्षण अधिनियम 1980 की जटिलताओं के कारण लाखों कब्जाधारकों के मकानों को खतरा बना हुआ है।

केंद्र सरकार का यह कानून हिमाचल के हितों पर कुठाराघात करने वाला कानून साबित हुआ है। लोगों ने मुख्यमंत्री से इस मुद्दे पर उपयुक्त नीति के माध्यम से लाखों लोगों के आशियानों को बचाकर प्रदेश की जनता के हितों की रक्षा करने की अपील की है।

# जोगिंद्रनगर में मेगा रोजगार मेला 19 को

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान जोगिंद्रनगर में 19 फरवरी को विशाल रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। संस्थान की प्रधानाचार्य ई. नवीन कुमारी ने बताया कि मेले में विभिन्न प्रतिष्ठित कंपनियां भाग लेंगी । प्रधानाचार्य ने बताया कि यह रोजगार मेला प्रशिक्षुओं के लिए सुनहरा अवसर है। इच्छुक अभ्यर्थी निर्धारित तिथि पर संस्थान पहुंचकर रोजगार मेले में भाग ले सकते हैं।

# व्यापारियों ने नलसर में पुलिस गस्त बढ़ाने की उठाई मांग

**विनोद जसवाल, नेरचौक**

नलसर क्षेत्र में बढ़ रही चोरी की घटनाओं, जानलेवा नशे चिट्टे के खिलाफ व्यापार मंडल नलसर का एक प्रतिनिधिमंडल थाना प्रभारी बल्ह संजय कुमार से मिला।

प्रतिनिधिमंडल प्रधान व्यापार मंडल नलसर हरीश कुमार की अध्यक्षता में मिला, जिसमें महासचिव विनोद जसवाल सहित साथी व्यापारी मुरारी शर्मा, ललित शर्मा, संजय पुरी ,प्रभात आनंद, हितेश शर्मा आदि शामिल थे। प्रतिनिधि मंडल ने थाना प्रभारी बल्ह से नलसर व इसके आसपास के क्षेत्र में पुलिस गस्त बढ़ाने, पुलिस नाके लगाने का आग्रह किया। प्रधान हरीश कुमार ने बताया कि व्यापारी वर्ग पुलिस का हर संभव सहयोग करेगा। थाना प्रभारी संजय कुमार ने कहा कि आपराधिक गतिविधि को पनपने नहीं दिया जाएगा।(अनंत ज्ञान)

**निर्देश** वैज्ञानिक सलाहकार समिति की बैठक सुंदरनगर में आयोजित, डॉ. नवीन बोले-

# किसानों की समस्याओं का करें समाधान

**उमेश, सुंदरनगर**

कृषि विज्ञान केंद्र मंडी स्थित सुंदरनगर की वैज्ञानिक सलाहकार समिति की बैठक का आयोजन केंद्र के परिसर में मंगलवार को किया गया, इसमें समिति के विभागीय सदस्यों के साथ किसान सदस्यों ने भाग लिया। बैठक की अध्यक्षता चौधरी सरवन कुमार हिमाचल प्रदेश कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. नवीन कुमार ने की।

बैठक में हुए कुलपति डॉ. नवीन कुमार ने कहा कि सरकार द्वारा कलस्टर स्तर पर कार्य करने पर प्रोत्साहन दिया जा रहा है और ऐसे में सभी विभाग आपस में सामन्जस्य स्थापित कर किसानों की समस्याओं का स्थायी समाधान प्रदान कर सकते हैं। उन्होंने विभिन्न विभागों के अधिकारियों से आग्रह किया कि वे कलस्टर स्तर पर एकीकृत तौर से गतिविधियों को शामिल करें जिससे किसानों की आमदनी में बढ़ोतरी की जा सके।

उन्होंने बताया कि ऐसे कलस्टर विकसित हो जाने पर यह अन्य किसानों के लिए एक मॉडल के रूप में कार्य कर सकते हैं। डॉ. नवीन कुमार ने बताया कि फील्ड लेवल पर तैनात अधिकारी कृषि से संबंधित आ रही समस्यांओं को कृषि विश्वविद्यालय पालमपुर से सांझा करें ताकि उन समस्याओं के समाधान के लिए ठोस कदम उठाए जा सकें।(अनंत ज्ञान)



### वैज्ञानिक करें एडवाइजरी जारी

हिमाचल प्रदेश कृषि विश्वविद्यालय पालमपुर के निदेशक प्रसार शिक्षा डॉ. विनोद कुमार शर्मा ने केंद्र के वैज्ञानिकों से कहा कि फसलों की ज्वलंत समस्याओं के समाधान के लिए मिडिया के माध्यम से समय-समय पर एग्रो एडवाइजरी जारी करें। विश्वविद्यालय की अनुमोदित प्रोद्योगिकी का लाभ उठा सकें। आईसीएआर अटारी जोन- 1 लुधियाना से वर्चुअल माध्यम से जुड़े प्रधान वैज्ञानिक डा. राजेश राणा ने उद्यमिता विकास द्वारा महिला सशक्तिकरण पर अधिक कार्य करने का आग्रह किया। वैज्ञानिक डा. पंकज सूद ने बताया कि सभी विभाग जमीनी स्तर पर कार्य कर हैं।

# नशा माफिया पर लगाम लगाए सरकार : एनके पंडित

**अनंत ज्ञान, मंडी।** मंडी कांग्रेस के पूर्व प्रवक्ता एनके पंडित ने मीडिया को दिए बयान में कहा कि नशा और खनन माफिया पर हिमाचल सरकार तुरंत रोक लगाए।

एनके पंडित ने मंडी सदर एसडीएम के ऊपर हुए हमले की कड़ी निंदा की है। उन्होंने कहा कि अधिकारी तो अपनी ड्यूटी ईमानदारी से करते हैं, ऐसे में प्रदेश सरकार का भी कर्तव्य बनता है कि उनकी सुरक्षा में कोई चूक न हो और खनन माफिया, नशा माफिया, वन माफिया और शराब माफिया के ऊपर सख्त कड़ी करवाई होनी चाहिए। कांग्रेस पार्टी के पूर्व प्रवक्ता एनके पंडित ने कहा कि पुलिस चालान करना छोड़ कर नशे माफिया के खिलाफ अभियान चलाए और उन्हें गिरफ्तार कर जिलों में डाले।

# छात्र नेतृत्व से साकार होगा मजबूत लोकतंत्र का सपना

**रितेश चौहान, सरकाघाट**

मजबूत लोकतंत्र का सपना छात्र नेतृत्व से ही साकार किया जा सकता है। राजनीति में युवाओं की रूचि और भागीदारी ही देश का भविष्य तय कर सकती है। यह बात हिमाचल प्रदेश स्टूडेंट पार्लियामेंट के संस्थापक डॉ. वीर विक्रम सिंह ने दस हजार बच्चों को संबोधित करते हुए कही।

**वीर सिंह ने युवाओं को समझाई सियासत**

उन्होंने कहा कि राजनीति में युवाओं की भागीदारी ही लोकतंत्र को मजबूती प्रदान कर सकती है। उन्होंने 10,000 से ज्यादा युवा नेताओं को संबोधित किया। वीर विक्रम सिंह पेशे से डॉक्टर हैं और वह पीएचसी चैंदेश के चिकित्सा अधिकारी प्रभारी का कार्यभार संभाल रहे हैं। हिमाचल प्रदेश स्टूडेंट पार्लियामेंट के संस्थापक भी है। डॉ. वीर विक्रम सिंह को मेघालय विधानसभा अध्यक्ष थॉमस ए. संगमा द्वारा मराठा शॉल पहनाकर सम्मानित किया गया।

हिमाचल प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने युवा नेतृत्व को बढ़ावा देने और सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवा में योगदान देने के लिए उनकी सराहना की। इस राष्ट्रीय सम्मेलन में हिमाचल की मजबूत भागीदारी रही। इस दो दिवसीय राष्ट्रीय विधायी सम्मेलन भी आयोजित किया, जिसमें हिमाचल प्रदेश के विधायक शामिल हुए। डॉ. विक्रम सिंह ने अपने मार्गदर्शकों और समर्थकों के प्रति हार्दिक आभार प्रकट किया। डॉ. वीर विक्रम सिंह की बीसीएस 2025 में भागीदारी, हिमाचल प्रदेश के लिए एक ऐतिहासिक उपलब्धि है।(अनंत ज्ञान)


मुख्यातिथि को सम्मानित करते हुए गणमान्य।

## न्यूज ब्रीफ

### विधायक ने बाबा बाल से लिया आशीर्वाद



**अनंत ज्ञान, ऊना।** कुटलैहड़ के विधायक विवेक शर्मा ने जिला ऊना मुख्यालय पर श्री राधा कृष्ण मंदिर कोटला कलां में चल रहे वार्षिक धार्मिक सम्मेलन में शिरकत करके राष्ट्रीय संत बाबा बाल महाराज से आशीर्वाद लिया और कुटलैहड़ की समस्त जनता के सुख-समृद्धि की कामना की।

### युकां ने इन्फ्लुएंसर की गिरफ्तारी के लिए किया प्रदर्शन

**अनंत ज्ञान, ऊना।** उपमुख्यमंत्री और डेरा बाबा रुद्रानंद के उत्तराधिकारी के खिलाफ जारी किए गए विवादित वीडियो को लेकर राजनीति गरमा गई है। मंगलवार को जिला युवा कांग्रेस ने आरोपित को गिरफ्तार करने की मांग को लेकर हरोली पुलिस स्टेशन के सामने प्रदर्शन किया। इससे पहले सोमवार को युवा कांग्रेस नेताओं ने जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन कर सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर की गिरफ्तारी की मांग को लेकर एसपी ऊना को ज्ञापन सौंपा था। जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष प्रशांत राय के नेतृत्व में हुए इस प्रदर्शन में युवा कांग्रेस पदाधिकारी व कार्यकर्ता शामिल हुए। कांग्रेस ने सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर पर उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री की छवि धूमिल करने और सनातन धर्म का अपमान करने का आरोप लगाया। इस अवसर पर अखिल अग्निहोत्री ने कहा कि पूर्व सोशल मीडिया के चैनल पर जारी वीडियो में बिना किसी दलील के पूजनीय धर्मस्थल डेरा बाबा रुद्रानंद के बारे में अभद्र टिप्पणी की गई है। इसके साथ ही उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री के बारे में आपत्तिजनक, मर्यादा रहित, धर्म रहित भाषा का उपयोग किया है। इससे लोगों की भावनाओं की आहत किया गया है, जिसे जोकि सहन नहीं किया जाएगा। उधर, जानकारी के मुताबिक आरोपित से पूछताछ का दौर जारी है। युवा कांग्रेस गिरफ्तारी पर अड़ी है। पुलिस हर पहलु पर छानबीन कर रही है।

### दस वर्षीय छात्र की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

**अनंत ज्ञान, हरोली।** क्षेत्र के थाना टाहलीवाल के तहत नंगल कलां में पांचवी कक्षा के एक छात्र की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतक छात्र की पहचान दस वर्षीय आदित्य, पुत्र अर्जुन यादव, निवासी आजमगढ़ (उत्तर प्रदेश) के रूप में हुई है, जो अपने परिवार के साथ पिछले काफी समय से नंगल कलां की झुग्गी-झोपड़ी में ही रह रहा था। जानकारी के अनुसार, सोमवार और मंगलवार की मध्य रात्रि आदित्य की अचानक तबीयत खराब हो गई थी। आदित्य के पेट में तेज दर्द हुआ, जिसके चलते परिजन उसे तुरंत स्थानीय अस्पताल ले गए। डॉक्टरों ने हालत गंभीर देखते हुए उसे ऊना रैफर कर दिया, लेकिन क्षेत्रीय अस्पताल ऊना ले जाते समय रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। डीएसपी हरोली मोहन रावत ने बताया कि बच्चे के शव का पोस्टमार्टम करवाया जा रहा है।

### बाइंडिंग मशीन अटेंडेंट के भरे जाएंगे 3 पद

**अनंत ज्ञान, ऊना।** हिमाचल प्रदेश मुद्रण तथा लेखन सामग्री विभाग में बाइंडिंग मशीन अटेंडेंट के 3 पद भरे जाएंगे। इन पदों में ओबीसी श्रेणी में 1 पद, सामान्य श्रेणी में 1 पद और ईडब्ल्यूएस श्रेणी का 1 पद शामिल है। बाइंडिंग मशीन अटेंडेंट पद हेतु आवेदन करने के लिए विभाग की आधिकारिक वेबसाइट पर फॉर्म उपलब्ध है। जिला रोजगार अधिकारी ऊना अक्षय शर्मा ने बताया कि बाइंडिंग मशीन अटेंडेंट पद के लिए शैक्षणिक योग्यता किसी भी मान्यता प्राप्त शिक्षा बोर्ड से आठवीं पास और आयु सीमा 18 से 45 वर्ष निर्धारित की गई है। उन्होंने बताया कि योग्य व इच्छुक अभ्यर्थी 27 फरवरी सायं 5 बजे तक अपने फॉर्म मुद्रण तथा लेखन सामग्री विभाग हिमाचल प्रदेश में जमा करवा सकते हैं।

### रविदास जयंती के तहत अंब में निकाली शोभायात्रा

**अनंत ज्ञान, अंब।** रविदास जयंती के पावन अवसर पर अंब क्षेत्र में एक भव्य और ऐतिहासिक शोभायात्रा का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। शोभायात्रा में शामिल लोगों ने पूरे रास्ते 'रविदास जी के जयकार' लगाए और धार्मिक भजन एवं संगीत के साथ जश्न मनाया और एकता का संदेश दिया। यात्रा में रथ और फूलों से सजी झांकियां आकर्षण का केंद्र बनीं। इस अवसर पर पुलिस और स्थानीय प्रशासन ने यात्रा के सुचारु संचालन के लिए आवश्यक कदम उठाए थे। कार्यक्रम के समापन के बाद श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। साथ ही, आयोजकों ने सभी से रविदास जी की शिक्षाओं को अपने जीवन में उतारने का आह्वान किया और समाज में भाईचारे एवं समानता की भावना को बढ़ावा देने की बात की।

### पार्षद अब घर-घर जगाएंगे स्वच्छता की अलख : नीलू

**अनंत ज्ञान, गगरेट।** नगर पंचायत गगरेट को स्वच्छ व समृद्ध बनाने के लिए नगर पंचायत गगरेट के समस्त पार्षद व कर्मचारी अब घर-घर जाकर लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करेंगे। इस दौरान सरकार द्वारा सिटीजन पोर्टल के माध्यम से चलाई जा रही सेवाओं की जानकारी भी लोगों को दी जाएगी। यही नहीं बल्कि नगरवासियों की समस्याओं के निदान के लिए कस्बे के हर वार्ड में अब प्रत्येक सोमवार और वीरवार को समाधान शिविर भी आयोजित होंगे। इस अवसर पर नगर पंचायत सचिव सुष्मा देवी, कनिष्ठ अभियंता राजीव ठाकुर, पूर्व प्रधान व पार्षद सुरेंद्र सिंह तोतू भी मौजूद थे।

### बीटन कॉलेज में खेलों का किया आयोजन

**नरेश सिंघा, टाहलीवाल।** हरोली के तहत संत ढांगू वाले गुज्जर राजकीय महाविद्यालय बीटन में एक दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। महाविद्यालय की प्राचार्या सुनीता गोयल ने खेलों का शुभारम्भ करते हुए विद्यार्थियों को जीवन में पढ़ाई के साथ-साथ खेलों के महत्व के बारे में भी बताया। इस दौरान कई प्रतियोगिताएं करवाई गईं जिनके विजेताओं को प्राचार्या डॉ.सुनीता गोयल द्वारा मेडल पहनाकर सन्मानित किया गया। कार्यक्रम में मंच संचालन डॉ दिलीप दिलीप बाली द्वारा बखूबी किया गया। (अनंत ज्ञान)

### भागवत कथा में बताया गोवर्धन पूजा का महत्व

**हीना पठानिया, बडूही।** बाबा बालक नाथ मंदिर कठोह के प्रांगण में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के पांचवें दिन मंगलवार को आचार्य शिवकुमार शास्त्री ने गोवर्धन लीला के साथ भगवान श्री कृष्ण के बाल लीलाओं का प्रसंग सुनाया। कथा आयोजक रिटायर्ड कर्नल तरसेम चंद राणा एवं डॉ. ओम प्रकाश शर्मा ने बताया कि इस दौरान भगवान के जन्मोत्सव उनके नामकरण और पूतना वध के साथ माखन चोरी की लीलाओं का वर्णन सुनकर श्रद्धालु मंत्रमुग्ध हो गए। इस मौके पर उर्मिला राणा, पंडित कृष्ण शर्मा, डॉ.ओम प्रकाश शर्मा एवं समस्त कठोह निवासी उपस्थित रहे। (अनंत ज्ञान)

# निर्माणाधीन परियोजनाओं को 31 मार्च तक हर हाल में करें पूरा : उपमुख्यमंत्री

## डिप्टी सीएम मुकेश अग्निहोत्री ने की हरोली के विकास कार्यों की समीक्षा

**अनंत ज्ञान, ऊना**

उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने हरोली विधानसभा क्षेत्र में चल रही प्रमुख विकास परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्धारित समय सीमा में इन्हें पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि हरोली में निर्माणाधीन डॉ. सिम्मी अग्निहोत्री राजकीय पीजी कॉलेज, पुल, बस अड्डा और विश्राम गृह को 31 मार्च तक हर हाल में पूरा किया जाए, ताकि जनता को जल्द से जल्द इनका लाभ मिल सके।

उन्होंने अधिकारियों को निर्माण कार्यों में गति लाने और तय समय सीमा का सख्ती से पालन करने के निर्देश दिए। उपमुख्यमंत्री ने बताया कि हरोली में लगभग 16 करोड़ रुपए की लागत से डॉ. सिम्मी अग्निहोत्री राजकीय पीजी कॉलेज का भवन तैयार किया जा रहा है। इसे एक उत्कृष्ट शिक्षा केंद्र के रूप में विकसित किया जा रहा है, जहां अगले शैक्षणिक सत्र से एमए तथा अन्य डिग्री कोर्स के साथ ही प्रोफेशनल कोर्सेज की कक्षाएं शुरू होंगी। यहां मानविकी, विज्ञान, वाणिज्य स्ट्रीम के साथ-साथ व्यावसायिक कोर्सेज तथा ललित कलाओं में म्यूजिक सहित अन्य डिग्री कोर्स भी उपलब्ध होंगे।



विकास कार्यों का जायजा लेते उप मुख्यमंत्री एवं अन्य अधिकारी।

इसके अलावा, हरोली में लगभग 5 करोड़ रुपए की लागत से पुल का निर्माण किया जा रहा है, जिससे बरसात के दौरान स्थानीय लोगों और वाहनों की आवाजाही सुगम होगी। उपमुख्यमंत्री ने बताया कि हरोली में लगभग 7 करोड़ रुपए की लागत से नया बस अड्डा निर्माणाधीन है। इस परियोजना को भी 31 मार्च तक पूर्ण करने के निर्देश परिवहन विभाग को दिए गए हैं। नए बस अड्डे के बनने से स्थानीय यात्रियों को बेहतर परिवहन सुविधा मिलेगी।

इसके अतिरिक्त, हरोली में लगभग 7 करोड़ रुपये की लागत से जलशक्ति विभाग का विश्राम गृह बनाया जा रहा है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि इस विश्राम गृह का कार्य भी 31 मार्च तक पूरा किया जाए। उन्होंने सभी संबंधित विभागों को निर्देश दिए कि विकास कार्यों की गति तेज करें ताकि निर्धारित समय सीमा में पूरा करके ये परियोजनाएं जनता को समर्पित की जा सकें।

## ओलंपिक क्याकिंग एवं कैनोइंग राफ्टिंग में पहली बार हिमाचल की टीम ने जीते तीन मेडल



अपने मेडल के साथ हिमाचल की टीम।

**राजेश ठाकुर, बंगाणा**

हिमाचल प्रदेश का क्याकिंग एवं कैनोइंग संगठन की राफ्टिंग टीम 38वीं ओलंपिक नेशनल चैंपियनशिप प्रतियोगिता जो कि उत्तराखंड में आयोजित हुई। इसमें हिमाचल प्रदेश की क्याकिंग एवं कैनोइंग राफ्टिंग टीम ने भी इस चैंपियनशिप प्रतियोगिता में भाग लिया था।

हिमाचल प्रदेश क्याकिंग एवं कैनोइंग राफ्टिंग एसोसिएशन के सचिव डॉ. पदम गुलेरिया ने बताया कि हिमाचल प्रदेश की टीम कोच शाम लाल चौधरी की अध्यक्षता में महिला टीम ने आठ किलोमीटर रेस में तृतीय स्थान प्राप्त किया है। वही, मिक्स टीम के इवेंट में 500 मीटर रेस में द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया है। क्याकिंग एवं कैनोइंग राफ्टिंग चैंपियनशिप्स प्रतियोगिता में पहली बार तीन मेडल जीते हैं। यह हिमाचल प्रदेश के लिए एक बहुत ही गर्व की बात है। टीम के कोच एनआईएस शाम लाल चौधरी ने बताया कि आगे आने वाली ऐसी खेलकूद प्रतियोगिताओं के लिए प्रदेश सरकार व संबंधित विभाग द्वारा बढ़िया वाटर स्पोर्ट्स सैंटर तथा बढ़िया प्रशिक्षण कोच उपलब्ध करवाए जाएं तो और भी अच्छे खिलाड़ी ऐसी प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेने के बाद हिमाचल प्रदेश के लिए और भी मेडल हासिल कर सकते हैं।

विजेता खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर मुख्यमंत्री सुक्खू, उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री,खेल मंत्री यादविंद्र गोमा, हिमाचल प्रदेश ओलंपिक एसोसिएशन के अध्यक्ष वीरेंद्र कंवर ने विजेता खिलाड़ियों तथा उनके कोच शाम लाल चौधरी को बधाई दी है। (अनंत ज्ञान)

## करीब 1600 युवाओं ने पुलिस भर्ती के लिए लगाई दौड़

**अनंत ज्ञान, ऊना।** जिले में पुलिस कांस्टेबल भर्ती प्रक्रिया मंगलवार सुबह सात बजे से शुरू हो गई, जोकि 15 जनवरी तक जारी रहेगी। इसमें जिलेभर के 7800 लड़के व लड़कियां पुलिस सेवा का सपना पूरा करने के लिए प्रयास करेंगे। पहले दिन करीब 1600 लड़कों ने भर्ती प्रक्रिया में हिस्सा लिया।

जानकारी के अनुसार 5617 लड़कों व 2172 लड़कियों ने पुलिस भर्ती प्रक्रिया के लिए आवेदन किया है। इसमें लड़कियों के 380 और लड़कों के 708 पद भरे जाने हैं। पुलिस भर्ती में अनुशासन सहित अन्य व्यवस्थाओं को दुरुस्त रखने के लिए करीब 150 पुलिस जवानों व अधिकारी तैनात किए गए हैं। इसके अलावा सीसीटीवी से भी निगरानी रखी जा रही। आवेदन करने वाले युवाओं को एडमिट कार्ड अपने साथ लेकर आने को कहा गया है। एडमिट कार्ड और बताए गए सभी प्रमाण पत्र लाने जरूरी हैं। मोबाइल इस्तेमाल पर पाबंदी रहेगी।

## 'स्वच्छ शहर, समृद्ध शहर' अभियान का नगर पंचायत अंब में हुआ आगाज



'स्वच्छ शहर, समृद्ध शहर' अभियान के तहत साफ-सफाई की गई।

**विवेक शर्मा, अंब**

नगर पंचायत अंब में मंगलवार से स्वच्छ शहर, समृद्ध शहर कार्यक्रम की औपचारिक शुरुआत हो गई। शहरी विकास विभाग द्वारा संचालित इस विशेष अभियान का उद्देश्य नगरवासियों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करना और कचरा निपटान की उचित प्रक्रिया अपनाने के लिए प्रेरित करना है। यह अभियान 10 फरवरी से 9 अप्रैल तक चलेगा, जिसमें स्थानीय स्वयं सहायता समूह की अहम भागीदारी रहेगी।

कार्यक्रम के अंतर्गत स्वयं सहायता समूह के सदस्य प्रत्येक घर का द्वार दो बार खटखटाएंगे और नागरिकों को गीले एवं सूखे कचरे के उचित प्रबंधन के बारे में जागरूक करेंगे। कार्यक्रम की शुरुआत नगर पंचायत अंब की अध्यक्ष इंदु धीमान और नगर पंचायत सचिव हर्ष गुप्ता की उपस्थिति में हुई।

अध्यक्ष इंदु धीमान ने इस मौके पर कहा कि यह अभियान अंब नगरवासियों के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। इससे न केवल सफाई व्यवस्था में सुधार आएगा बल्कि लोगों को कचरा निपटान के सही तरीकों की जानकारी भी मिलेगी। नगर पंचायत सचिव हर्ष गुप्ता ने कहा कि हमारा लक्ष्य नगर के हर घर तक यह संदेश पहुंचाना है कि स्वच्छता ही समृद्धि की कुंजी है। (अनंत ज्ञान)

## गलत बस में बैठकर आनंदपुर साहिब के बजाए भरवाईं पहुंची लड़कियां

**अनंत ज्ञान, चिंतपूर्णी**

नयना देवी माता मंदिर में माथा टेककर लौट रहीं लुधियाना की 6 सहेलियां गलत बस में बैठकर सोमवार रात करीब 10 बजे चिंतपूर्णी के भरवाईं में पहुंच गईं। दरअसल लड़कियों ने आनंदपुर साहिब में रुकना था, लेकिन जैसे ही उन्होंने कंडक्टर से बात की तो उसने बताया कि हां यह बस नंदपुर जा रही है। हालांकि यह नंदपुर अंब के साथ लगने वाला एक स्टेशन था। लड़कियों को लगा कि कंडक्टर आनंदपुर साहिब वाले स्टेशन की बात कर रहा है। इसी गफलत में वह उस बस में बैठ गईं और देर रात भरवाईं पहुंच गईं। जैसे ही वह बस से उतरीं तो उनकी समझ में कुछ नहीं आ रहा था कि कौन से अनजान स्टेशन में पहुंच गई हैं। इसी कशमकश में उन्हें भरवाईं में एक घंटा हो गया और रात के 11 बज गए। इस दौरान वहां अंब निवासी सामाजिक कार्यकर्ता मनोज कौशिक,



सामाजिक कार्यकर्ता मनोज कौशिक और आपदा मित्र ने लड़कियों की सहायता की।

जो कि माता चिंतपूर्णी में माथा टेककर घर आ रहे थे पहुंचे। भरवाईं में इन लड़कियों को सामान के साथ परेशान होकर घूमते हुए देखा तो उनसे पूछताछ की। पता चला कि लड़कियां गलती से भरवाई पहुंच गई थीं। इसके बाद मनोज ने तुरंत स्थानीय आपदा मित्र संदीप कुमार को सूचित किया।

संदीप ने रात्रि के समय को देखते हुए स्वयं भरवाईं पहुंचकर लड़कियों को ठहराने के साथ-साथ खाने का भी प्रबंध करवाया। दूसरे दिन सुबह मंगलवार को माता चिंतपूर्णी के दर्शन करवाकर उन्हें अपने गंतव्य की तरफ रवाना किया।

उनमें से एक लड़की रितिका ने बताया कि रात 10 बजे के करीब हमें बस वाले ने भरवाई से थोड़ा आगे एक सुनसान जगह पर उतार दिया। अनजान जगह होने के कारण हमें डर भी लग रहा था और कोई सहायता को भी नहीं मिल रहा था, तभी बड़े भाई के जैसे मनोज कौशिक ने अपनी गाड़ी रोककर बात की और स्थानीय निवासी संदीप के माध्यम से हमारा ठहरने व खाने का प्रबंध भी करवाया। आपदा मित्र ने लड़कियों की मदद कर मानवता का परिचय देकर एक मिसाल पेश की है।

## विधायक विवेक शर्मा ने नवाजे शिवालिक स्कूल के मेधावी





मेधावी छात्रों के साथ विधायक विवेक शर्मा।

**अनंत ज्ञान, थानाकलां**

राज्य सरकार शिक्षा के क्षेत्र में सुधार और छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए राज्य सरकार निरंतर प्रयासरत है। सरकार करोड़ों रुपए खर्च कर शैक्षणिक सुविधाओं को सुदृढ़ बना रही है, ताकि हिमाचल प्रदेश शिक्षा के क्षेत्र में दोबारा पहले स्थान पर पहुंच सके। यह बात कुटलैहड़ के विधायक विवेक शर्मा ने शिवालिक पब्लिक स्कूल बीहड़ू में आयोजित वार्षिक समारोह के दौरान बतौर मुख्यातिथि शिरकत करते हुई कही।

समारोह में छात्रों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। समारोह का समापन छात्रों को पारितोषिक वितरण के साथ हुआ। इस अवसर विधायक विवेक शर्मा की पत्नी एवं रेडक्रॉस सोसायटी की सदस्य मृदु शर्मा, कांग्रेस ब्लॉक कमेटी के अध्यक्ष रामआसरा शर्मा, रमेश चंद बंगा आदि उपस्थित रहे।

## श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का किया वर्णन

**अनंत ज्ञान, ऊना**

स्थानीय कोटला कलां स्थित बाबा बाल जी महाराज के श्री राधाकृष्ण मंदिर में चल रही भागवत कथा में भागवत कथा व्यास इंद्रेश जी महाराज ने भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का वर्णन किया। उन्होंने कहा कि भगवान कृष्ण का जन्म वासुदेव और देवकी के गर्भ से कारगार में हुआ था। वासुदेव ने श्रीकृष्ण को गोकुल में यशोदा के यहां दे दिया था, जहां यशोदा ने अपने लल्ला कान्हा को बड़े ही लाड़ प्यार से पाला। नंद जी के घर में उत्सव जैसा माहौल था। इस अवसर पर आयोजित श्रीमद् भागवत कथा में उन्होंने श्रीकृष्ण बाल लीला, कालियामसन मर्दन तथा गोवर्धन पूजा का सुंदर चित्रण किया गया। कथा व्यास इंद्रेश जी ने भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीला, माखन चोरी तथा गोवर्धन पूजा की कथा श्रद्धालुओं को सुनाई।

उन्होंने कहा कि भगवान की लीलाएं मानव जीवन के लिए प्रेरणादायक हैं। बाल कृष्ण सभी का मन मोह लिया करते थे। नटखट



बाबा बाल आश्रम में भागवत का श्रवण करते सैकड़ों श्रद्धालु।

स्वभाव के चलते यशोदा मां के पास उनकी हर रोज शिकायत आती थी। उन्होंने कहा कि भगवान कृष्ण अपनी सखाओं और गोप-ग्वालों के साथ गोवर्धन पर्वत पर गए थे।

वहां पर गोपिकाएं छप्पन प्रकार का भोजन रखकर नाच गाने के साथ उत्सव मना रही थीं। कृष्ण के पूछने पर उन्होंने बताया कि आज के ही दिन देवों के स्वामी इंद्र का पूजन होता है। इसे इंद्रोज यज्ञ कहते हैं। इससे प्रसन्न होकर इंद्र व्रज में वर्षा करते हैं, जिससे प्रचुर अन्न पैदा होता है। भगवान कृष्ण ने कहा कि इंद्र में क्या शक्ति है। उनसे अधिक शक्तिशाली तो हमारा गोवर्धन पर्वत है। इसके कारण ही वर्षा होती है, अत: हमें इंद्र से बलवान गोवर्धन की पूजा करनी चाहिए। बहुत विवाद के बाद श्रीकृष्ण की यह बात मानी गई और व्रज में गोवर्धन पूजा की तैयारियां शुरू हो गईं। इस अवसर पर बाबा बाल जी महाराज, माधवानंद जी, किशोर जी आदि उपस्थित गणमान्य लोगों ने आरती भी की। इस कार्यक्रम में कुटलैहड़ के विधायक विवेक शर्मा भी शामिल हुए।

## डेरा बाबा रुद्रानंद के विरुद्ध टिप्पणी एक साजिश : राजेश

**अनंत ज्ञान, गगरेट।** लाखों लोगों की आस्था के केंद्र डेरा बाबा रुद्रानंद व महाराज सुग्रीवानंद जी के परम शिष्य स्वामी हेमानंद जी महाराज के विरुद्ध सोशल मीडिया पर भ्रामक व आपत्तिजनक टिप्पणी करने पर जहां लोगों में आक्रोश चरम पर है, वहीं प्रदेश भाजपा सचिव एवं पूर्व विधायक राजेश ठाकुर ने भी अति दुर्भाग्यपूर्ण करार दिया है। राजेश ठाकुर ने कहा कि अपनी कुंठा शांत करने व सुर्खियों में आने के लिए कोई मंदबुद्धि ही पवित्र डेरे व स्वामी हेमानंद जी महाराज के विरुद्ध अनर्गल बयानबाजी करेगा तो इसे स्वीकार नहीं किया जाएगा। यह सनातन धर्म को बदनाम करने व समाज में अशांति फैलाने की सोची समझी साजिश है जिसका प्रदेश सरकार त्वरित संज्ञान ले और ऐसा दुस्साहस करने वाले के विरुद्ध कड़ी से कड़ी कानूनी कार्रवाई करे।

## प्रकाशोत्सव को लेकर प्रभात फेरियों का दौर शुरू, शोभायात्रा आज

**अनंत ज्ञान, संतोषगढ़**

स्थानीय नगर संतोषगढ़ के इतिहासिक श्री गुरु रविदास मंदिर में जगतपिता गुरु रविदास महाराज के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में प्रभात फेरियों का दौर 4 फरवरी से लगातार जारी है। इसी उपलक्ष्य में तड़के चार बजे मंगलवार को भी प्रभातफेरी का आयोजन मंदिर से युवाओं द्वारा किया गया। वहीं, सुबह आठ बजे मंदिर में प्रभातफेरी को विराम दिया। इस अवसर पर केवल कृष्ण, सतीश सहगल आदि श्रद्धालुओं के घरों में प्रभातफेरी के सेवादारों सहित श्रद्धालुओं के लिए चायपान के प्रसाद का प्रबंध किया गया।

प्रभात फेरियां बुधवार को जन्मोत्सव के दिन समाप्त होगी। श्री गुरु रविदास मंदिर सभा संतोषगढ़ के प्रधान एडवोकेट कुलविंदर बैंस ने बताया कि स्थानीय ऐतिहासिक श्री गुरु रविदास मंदिर में गुरु रविदास महाराज के 648 वें प्रकाशोत्सव को धूमधाम से मनाया जाएगा। दो दिवसीय कार्यक्रम में जहां प्रकाशोत्सव के दिन बुधवार को झंडा रस्म अदाकर शोभायात्रा निकाली जाएगी। बुधवार को सुबह मंदिर में झंडा रस्म अदा करने के बाद शाम चार बजे परिसर से शोभायात्रा एवं नगर कीर्तन का आयोजन किया जाएगा, जोकि पूरे नगर की परिक्रमा करने के बाद वापस मंदिर में समापन होगा। अगले दिन चांदयानी खुर्द से दीदी सरकार व ज्ञानानंद होली वाले मौजूद होंगे। वहीं, गायक मुकेश गोलडी, रागी जत्था भाई राजनदीप सिंह श्री आनंदपुर वाले, जोनी महे व रमेश महे जालंधर वाले अपनी सुरीली आबाज के जादू से संगत को गुरु की महिमा से जोड़ेंगी।

शोभायात्रा में श्रद्धालुओं के लिए जगह-जगह चाय आदि के प्रसाद की व्यवस्था भी की गई है। इस अवसर पर मुख्य सेवादार महादेव लाडी, तविन घंटी, सत्य प्रकाश, मूलराज, मदन लाल, रामपाल, तविन, रितेश सिंघा, पंकज, रवि सिंघा, नरेश रूपा, सन्नी, राहुल, सागर, अजय, धीरज, बंटी, जतिन, अंकु, शाली, अमन सहित अन्य ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

**तैयारी** नगर निगम आयुक्त का सभी से सहयोग का आह्वान, गांवों, औद्योगिक प्रतिष्ठानों और हाईवे से सटे क्षेत्रों में भी कचरा प्रबंधन की प्रभावी व्यवस्था की जा रही लागू

# ऊना नगर निगम में प्रभावी कचरा प्रबंधन के लिए 'सोर्स सेग्रीगेशन' पर विशेष जोर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना**

नगर निगम ऊना कचरा प्रबंधन प्रणाली को सुदृढ़ बनाने के लिए 'सोर्स सेग्रीगेशन' (स्रोत स्तर पर कचरे का पृथक्करण) पर विशेष जोर दे रहा है। इस दिशा में नागरिकों को जागरूक करने के लिए लक्षित प्रयास किए जा रहे हैं। नगर निगम आयुक्त एवं अतिरिक्त उपायुक्त महेंद्र पाल गुर्जर ने इसमें सभी नागरिकों से सक्रिय सहयोग का आह्वान किया है। उन्होंने जन जागरूकता में सक्रिय सहयोग के लिए मंगलवार को डीआरडीए सभागार में पूर्व नगर परिषद ऊना के पार्षदों के साथ बैठक की तथा उसके उपरांत प्रेस ब्रीफिंग में इस अभियान की रूपरेखा प्रस्तुत की।

उन्होंने कहा कि 'स्वच्छ शहर-समृद्ध शहर' अभियान के तहत गीले और सूखे कचरे के पृथक्करण को प्रोत्साहित किया जा रहा है। नगर



नगर निगम आयुक्त पत्रकारों से बातचीत करते हुए

निगम नागरिकों को इस दिशा में शिक्षित और जागरूक करने के लिए व्यापक प्रयास कर रहा है, जिससे ऊना को एक स्वच्छ, सुव्यवस्थित और आदर्श नगर निगम के रूप में विकसित किया जा सके।

उन्होंने बताया कि नगर निगम ऊना की सफाई व्यवस्था केवल शहरी क्षेत्र तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि सीमावर्ती गांवों, औद्योगिक प्रतिष्ठानों और हाईवे से सटे क्षेत्रों में भी कचरा प्रबंधन की प्रभावी व्यवस्था लागू की जा रही है। इसके अतिरिक्त, बेहतर कचरा प्रबंधन के लिए उपयुक्त भूमि के चयन और हस्तांतरण की प्रक्रिया भी प्रारंभ कर दी गई है। साथ ही, नव सम्मिलित पंचायतों के लिए अलग-अलग क्लस्टर बनाए जाएंगे, जिससे उनके आसपास ही कचरा निस्तारण की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जा सके। इस संबंध में संबंधित पंचायत सचिवों को आवश्यक निर्देश जारी किए गए हैं।

### स्वच्छता नागरिकों की भागीदारी से ही संभव

नगर निगम आयुक्त ने नगर निगम क्षेत्र के सभी निवासियों से घर से ही स्वच्छता की शुरुआत करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि स्वच्छता केवल सरकारी प्रयासों से संभव नहीं होगी, बल्कि नागरिकों की सक्रिय भागीदारी से ही ऊना स्वच्छता रैंकिंग में आगे बढ़ेगा और एक सुव्यवस्थित एवं आदर्श नगर निगम के रूप में विकसित होगा।

### सिटीजन कनेक्ट प्रोग्राम से नागरिक सेवाएं होंगी अधिक प्रभावी

गुर्जर ने बताया कि नगर निगम ने नागरिक सुविधाओं को बेहतर बनाने के उद्देश्य से 'सिटीजन कनेक्ट प्रोग्राम' (नागरिक संपर्क कार्यक्रम) की शुरुआत की है, इसे तीन चरणों में लागू किया जा रहा है। पहले चरण में नगर निगम क्षेत्र में गीले और सूखे कचरे के पृथक्करण को बढ़ावा दिया जा रहा है, जिससे कचरा प्रबंधन व्यवस्था को सुदृढ़ किया जा सके। दूसरे चरण में नागरिकों को सिटीजन सेवा पोर्टल के माध्यम से विभिन्न सेवाएं डिजिटल रूप से उपलब्ध कराने पर बल रहेगा, जिससे प्रशासनिक प्रक्रियाएं अधिक सुगम और पारदर्शी होंगी। तीसरे चरण में नगर निगम क्षेत्र के तहत पूर्व नगर परिषद के हर वार्ड और 14 नई सम्मिलित पंचायतों में समाधान शिविरों का आयोजन किया जाएगा, जिससे नागरिकों की शिकायतों और आवश्यकताओं का त्वरित समाधान किया जा सके।

### प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) में पक्के मकान के लिए मिलेंगे 2.50 लाख

आयुक्त ने बताया कि नगर निगम ऊना में प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के दूसरे चरण का सर्वे शुरू हो गया है, जिसके तहत नगर निगम ऊना में सभी पात्र लोगों के पक्के मकान बनाने के लिए प्रति परिवार 2.50 लाख रुपए की राशि प्रदान की जाएगी। प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी)-2 के लाभ के लिए पात्र लोग अब खुद अपना सर्वे कर सकते हैं। नगर निगम में सम्मिलित 14 पंचायतों को इस योजना का सीधा लाभ मिलेगा। खास बात यह है कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में 1.50 लाख रुपए दिए जाते हैं, जबकि शहरी क्षेत्रों में 2.50 लाख रुपए गृह निर्माण के लिए मिलते हैं। इसके अतिरिक्त, वार्षिक आय सीमा भी ग्रामीण क्षेत्र की 1.80 लाख रुपए के मुकाबले शहरी क्षेत्र के लिए 3 लाख रुपए रखी गई है।

## न्यूज ब्रीफ

### पागलनाला के समीप गिरी गाड़ी, तीन को आई चोटें

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग।** अटल टनल रोहतांग के नॉर्थ पोर्टल में पागलनाला के समीप मंगलवार सुबह एक टाटा सूमो गाड़ी अनियंत्रित होकर सड़क से नीचे गिर गई। गाड़ी में सवार तीन पर्यटकों को हल्की चोटें आईं व घायलों का सिस्सू स्थित अस्पताल में उपचार किया गया। हादसे के दौरान टाटा सूमो में आठ पर्यटक थे, लेकिन सभी भाग्यशाली रहे। माइनस तापमान के बीच लाहौल में सड़कों पर पानी जम रहा है। इससे सड़क पर फिसलन ज्यादा है और हादसे का खतरा बना रहता है। एसपी लाहौल-स्पीति मयंक चौधरी ने बताया कि पारा लुढ़कने से सड़कों पर पानी जम रहा है। इससे सड़क पर फिसलन बढ़ी है। वाहन चालकों से आग्रह किया कि मौसम के हालात के हिसाब से ही सफर करें।

### मंदिर में चोरी, सीसीटीवी कैमरे में कैद हुए चोर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** जिला मुख्यालय कुल्लू के अखाड़ा बाजार में बीती रात के समय माता दुर्गा के मंदिर में चोरी का मामला सामने आया है। यह पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। सुबह मंदिर में चोरी का पता चलते ही लोगों ने कुल्लू पुलिस को सूचना दी और सीसीटीवी फुटेज भी पुलिस को सौंप दी है। अब सीसीटीवी फुटेज के आधार पर कुल्लू पुलिस की टीम चोर की तलाश में जुट गई है। वहीं, स्थानीय लोगों ने कुल्लू पुलिस से मांग रखी कि क्षेत्र में घूम रहे नशेड़ियों पर लगाम कसी जाए, ताकि इस तरह की चोरी की घटनाओं पर अंकुश लग सके। वहीं, एसपी कुल्लू डॉ. कार्तिकेयन गोकुलचंद्रन ने बताया कि पुलिस की टीम ने मामला दर्ज कर लिया है और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर जल्द आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### सीएचसी उदयपुर में हाइड्रोलिक डेंटल चेयर स्थापित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग।** लाहौल-स्पीति की विधायक अनुराधा राणा ने कहा कि सीएचसी उदयपुर में नई हाइड्रोलिक डेंटल चेयर स्थापित कर दी गई है। उन्होंने कहा कि अब घाटी के लोगों को दंत चिकित्सा का लाभ मिल सकेगा। उन्होंने कहा कि यह हाइड्रोलिक डेंटल चेयर गत दो सालों से खराब थी। उन्होंने कहा कि जो नेता इस चेयर को लेकर राजनीति कर रहे हैं। यह चेयर उनके कार्यकाल में ही खराब हुई थी। विधायक अनुराधा राणा ने कहा कि प्रदेश सरकार स्वास्थ्य सुविधाओं को सुदृढ़ करने में जुटी हुई है। लाहौल-स्पीति के विकास को लेकर हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं।

### सड़क सुरक्षा को लेकर छात्रों में दिखा जोश

**अनंत ज्ञान, आनी।** राजकीय महाविद्यालय निरमंड में सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए एक विशेष अभियान चलाया गया। रोड सेफ्टी क्लब की ओर से आयोजित इस कार्यक्रम में पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें 70 से अधिक स्टूडेंट्स ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। क्लब के समन्वयक डॉ. संदीप ठाकुर ने कार्यक्रम का नेतृत्व किया और छात्रों को सड़क सुरक्षा नियमों की जानकारी दी। प्रतियोगिता में सुर्विमता, डॉली, निरमा, पल्लवी, सुनिधि, संजीता, सुरेंद्र, पीतांबर, प्रवीण, सोमेश, अदिति और दीपक सहित कई स्टूडेंट्स ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. राजन नेगी ने सभी प्रतिभागियों को बधाई दी और उनके उत्साह की सराहना की। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों के लिए जलपान की भी व्यवस्था की गई। इस तरह के आयोजन से छात्रों में सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने में मदद मिलेगी और वे इन नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित होंगे।

### भूकंप, प्राथमिक चिकित्सा के सिखाए गुर

**जितेंद्र शुमा, आनी।** कुल्लू में चल रहे 14 दिवसीय फेमेक्स कार्यक्रम के छठे दिन एनडीआरएफ की 14वीं वाहिनी ने आनी खंड के लुहरी स्कूल में स्कूल सेफ्टी प्रोग्राम का आयोजन किया। उपमंडलाधिकारी धर्मेश ठाकुर की देखरेख में आयोजित इस कार्यक्रम में टीम कमांडर तेज सिंह चौहान के नेतृत्व में एनडीआरएफ की टीम ने 104 विद्यार्थियों को आपदा प्रबंधन का प्रशिक्षण दिया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को भूकंप से पहले, दौरान और बाद में की जाने वाली सावधानियों की जानकारी दी। टीम ने ड्रॉप, कवर, होल्ड तकनीक का प्रदर्शन किया और प्राथमिक चिकित्सा के तरीके सिखाए। रक्तस्राव नियंत्रण, सीपीआर जैसी आपातकालीन स्थितियों से निपटने के तरीके बताए। साथ ही, कम लागत में तैयार किए जाने वाले फ्लोटिंग डिवाइस और इंप्रोवाइज्ड स्ट्रेचर बनाने की विधि भी सिखाई। अग्निशमन यंत्रों के उपयोग की पास विधि का भी प्रशिक्षण दिया गया।

# एक्शन, ओके, कट की आवाज से गूंजा मनाली का नग्गर कैसल

## ट्रैकिंग की थकान मिटाने रेस्तरां पहुंचे अभिनेता अहान व अभिनेत्री अनीत

**कमलेश वर्मा, कुल्लू**



पर्यटन नगरी मनाली का नग्गर कैसल इन दिनों एक्शन, ओके, कट की आवाज से गूंजा हुआ है। इसी कड़ी में मंगलवार को भी नग्गर कैसल में शूटिंग हुई, जिसमें फिल्माया गया कि ट्रैकिंग पर गए अभिनेता अहान व अभिनेत्री अनीत अपनी थकान मिटाने नग्गर के एक रेस्तरां में पहुंचे। इस रेस्तरां में लाइव म्यूजिक चल रहा था। दोनों ने गाने की धून पर डांस किया और अपनी थकान मिटाई। इस बीच उन्होंने रेस्तरां में दोपहर का भोजन भी किया। यह रेस्तरां नहीं, बल्कि पर्यटन निगम का नग्गर कैसल है। नग्गर में अभिनेता अहान व अभीनेत्री अनीत पर दिन भर दृश्य फिल्माए गए। नग्गर कैसेल को गोंपा की तरह सजाया गया। पहला दृश्य प्रांगण में फिल्माया गया, जहां अभिनेता व अभिनेत्री सहित अन्य ट्रैकर साथियों के साथ दृश्य फिल्माए गए। दूसरे दृश्य में दोनों को डांस करते हुए दिखाया गया। तीसरा दृश्य दोपहर का भोजन करते हुए, जबकि दोपहर बाद चौथा दृश्य ट्रैकर्स से बातचीत करते हुए व पांचवा दृश्य अभिनेता व अभिनेत्री को गाड़ी में बैठकर वापस लौटते हुए का दृश्य फिल्माया गया। यशराज के बैनर तले बन रही हिंदी फिल्म की शूटिंग का आज अंतिम दिन था। स्थानीय को-ऑर्डिनेटर अनिल कायस्ता ने बताया कि निर्देशक मोहित सूरी के निर्देशन में बन रही हिंदी फिल्म की आज भी नग्गर कैसेल में शूटिंग की गई। उन्होंने बताया कि अभिनेता अहान के साथ अभिनेत्री अनीत पड्डा पर कुछ दृश्य फिल्माए गए। उन्होंने बताया कि मंगलवार शाम को फिल्म यूनिट ने अपना पैकअप कर लिया। उन्होंने बताया कि यूनिट बुधवार को लौट जाएगी। उन्होंने बताया कि अप्रैल महीने में शूटिंग को लेकर निर्देशक मोहित सूरी मनाली आएंगे। (अनंत ज्ञान)

# अनुसंधान केंद्र के किसानों को भेड़पालन व खरगोश पालन के तरीकों बारे बताया



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद नई दिल्ली के अंतर्गत केंद्रीय भेड़ एवं ऊन अनुसंधान संस्थान, अविकानगर राजस्थान का उत्तरी शीतोष्ण क्षेत्रीय केंद्र गड़सा कुल्लू में मंगलवार को 63वां स्थापना दिवस मनाया।

इस क्षेत्रीय अनुसंधान केंद्र की स्थापना वर्ष-1963 में हिमाचल प्रदेश के कुल्लू जिले के गड़सा गांव के निकट हुई थी। अनुसंधान केंद्र के किसानों को भेड़पालन व खरगोश पालन के तरीकों के बारे में बताया। केंद्र के अध्यक्ष डॉ. आर पुरुषोत्तमन ने बताया कि यह स्थापना दिवस क्षेत्रीय किसान मेला (प्रौद्योगिकी प्रदर्शन एवं किसान -वैज्ञानिक संवाद) के रूप में मनाया गया। यह किसान मेला केंद्र सरकार की अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति उपयोजनाओं के माध्यम से किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्याथिति डॉ. बीके जोशी, पूर्व निदेशक, आईसीएआर एनबीएयजीआर, डॉ. एके मोहंती, निदेशक आईसीएआर सीआईआरसी, डॉ. आर्तबंधु साहू, निदेशक आईसीएआर-एन आईएएनपी, डॉ. आर पुरुषोत्तम, प्रभारी एनटीआरएस, डॉ. अजय कुमार, नोडल अधिकारी एससीएसपी, डॉ. राजेंद्र पाल, उपनिदेशक पशुपालन कुल्लू विभाग, इंद्रभूषण कुमार, मुख्य प्रशासिनिक अधिकारी अविकानगर रहे। वहीं, कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. अरुण कुमार तोमर, निदेशक, आईसीएआर-सीएसडब्लूआरआई अविकानगर द्वारा की गई। सभी अथितियों को आयोजित कृषि और पशुपालन व उनसे विकसित उत्पादों की प्रदर्शनी का भ्रमण, गड़सा केंद्र के पशुओं की लाइव प्रदर्शनी का भ्रमण निदेशक द्वारा करवाया गया।

# नगर पंचायत बंजार में समाधान शिविर के माध्यम से होगा समस्याओं का निपटारा

**अनंत ज्ञान, बंजार**

नगर पंचायत बंजार में स्वच्छ शहर समृद्ध शहर योजना का शुभारंभ नगर पंचायत बंजार की अध्यक्ष आशा शर्मा द्वारा किया गया।

इस मौके पर अध्यक्ष आशा शर्मा ने बताया कि योजना का संचालन 9 अप्रैल 2 महीने तक किया जाएगा। प्रदेश सरकार द्वारा संचालित प्रदेश की समस्त नगर निकायों में स्वच्छ शहर समृद्ध शहर मिशन का आयोजन किया जा रहा है। नगर पंचायत बंजार में इस योजना का आज दूसरा दिन है, जिसमें प्रेस कान्फ्रेंस और कार्य आवंटन का आयोजन किया गया। इस योजना के तहत नगर पंचायत के समस्त पार्षद व कर्मचारी तथा स्वयं सहायता समूह की महिलाएं समस्त नगर वासियों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करवाएंगे तथा सरकार द्वारा संचालित सृजन सेवा पोर्टल के माध्यम से चलाई जा रही 9 सेवाओं के बारे में भी विस्तार से जानकारियां देंगे। इसके लिए सभी वार्डों में सप्ताह में एक दिन समाधान शिविर लगाया जाएगा, जिसके तहत नगर वासियों की समस्याओं व शिकायतों का समाधान किया जाएगा। इस योजना का उद्देश्य नगर पंचायत बंजार के बाशिंदों से जुड़ना और उनकी शिकायतों का निवारण और समस्याओं का समाधान करना है। शिविर में स्वच्छता की भी जानकारी दी जाएगी। इस अवसर पर नगर पंचायत सचिव हर्षित शर्मा, कनिष्ठ अभियंता गोपाल कृष्ण, अध्यक्षा आशा शर्मा, उपाध्यक्ष प्रकाश विशिष्ट, समस्त पार्षद महेंद्र शर्मा, उर्मिला नेगी, बबीता, कुलदीप सोनी, कपिल शर्मा व गुलशन कुमार, गीता सागर आदि मौजूद रहे।

# 17 से 21 तक रायसन में होगा नेत्र जांच शिविर

**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल।** जिला कुल्लू के रायसन स्थित आंखों के अस्पताल में 5 दिवसीय चिकित्सा शिविर का आयोजन राष्ट्रीय विहीनता निवारण समिति द्वारा किया जा रहा है।

डॉक्टर डेनिस ने बताया कि इस शिविर का आयोजन 17 से 21 फरवरी तक किया जाएगा। 17 से 19 फरवरी के मध्य मरीजों की भर्ती व जांच की प्रक्रिया होगी। शिविर में डॉ. राजेंद्र प्रसाद नेत्र विज्ञान केंद्र (एम्स) नई दिल्ली से अनुभवी नेत्र चिकित्सकों द्वारा जांच व ईलाज किया जाएगा। वहीं, डॉक्टर डेनिस ने बताया कि इस शिविर में मरीजों को अपना आधार कार्ड लाना अनिवार्य होगा। शिविर में मरीज आखों का ईलाज व शल्य चिकित्सा करवा सकते हैं।

# लोगों को सूखे व गीले कूड़े के प्रति जागरूक करेंगे स्वयं सहायता समूह

**अनंत ज्ञान, मनाली**




स्वच्छ शहर-समृद्ध शहर कार्यक्रम का आयोजन नगर परिषद मनाली द्वारा मंगलवार को आयोजित किया गया।

स्वच्छ शहर-समृद्ध शहर कार्यक्रम में शहर को स्वच्छ व सुंदर बनाने के लिए रणनीति बनाई गई। स्वयं सहायता समूह घर-घर जाकर लोगों को सूखे व गीले कूड़े के प्रति जागरूक करेंगे, ताकि कूड़े का निष्पादन सही ढंग से हो सके। इस दौरान नगर परिषद के अध्यक्ष मनोज लारजे ने कहा कि स्वच्छता ही समृद्ध शहर का आधार है और स्वच्छता सुनिश्चित बनाने के लिए शत-प्रतिशत जन सहभागिता अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण सुनिश्चित बनाने के लिए कचरे का समुचित एवं वैज्ञानिक प्रबंधन आवश्यक है। इस दिशा में स्वच्छ शहर-समृद्ध शहर कार्यक्रम महत्वपूर्ण है। कार्यक्रम के तहत स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण और कचरे के प्रबंधन के लिए परिणाम मूलक पहल की जाएगी। उन्होंने कहा कि मनाली में शिकायत निवारण, सामुदायिक स्थानों की बुकिंग व्यापार लाइसेंस, संपत्ति कर प्रबंधन सहित अनेक जनसेवाएं लोगों को ऑनलाइन उपलब्ध होंगी। भविष्य में इस प्लेटफार्म के माध्यम से सेवाएं प्रदान की जाएंगी। उपाध्यक्ष सुनीता शर्मा ने कहा कि जब कोई शहर स्वच्छ होता है, तो वहां रहने वाले लोगों को लाभ पहुंचता है। साथ ही पर्यटन, विकास एवं आर्थिकी को भी बढ़ावा मिलता है।

उन्होंने मनाली वासियों से आग्रह किया कि शहर को साफ व सुथरा बनाने में नप का सहयोग करें। कार्यक्रम में पार्षद चंद्रा पदान सहित कम्युनिटी ऑर्गेनाइजर गोमती, सैनिटरी सुपरवाइजर रजत, व्यापार मंडल के अध्यक्ष संजीव ठाकुर ने भी अपने विचार रखे। इस दौरान नगर परिषद के कर्मचारी, व्यापार मंडल, स्वयं सहायता समूह सहित मनाली के लोग मौजूद रहे।

# सतर्कता से करें इंटरनेट का उपयोग : राहुल कुमार

## कहा-ऑनलाइन जोखिम और सुरक्षा उपायों के बारे में जागरूकता आवश्यक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग**




सुरक्षित इंटरनेट दिवस के मौके पर राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र लाहौल-स्पीति द्वारा डीसी कार्यालय के सभागार में एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता डीसी राहुल कुमार ने की।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में इंटरनेट का उपयोग हर फील्ड में किया जा रहा है और इंटरनेट ने घर पर बैठे-बैठे कई प्रकार की सुविधाओं व सेवाओं तक आम जनता की पहुंच सुलभ की है। उन्होंने कहा कि इंटरनेट का उपयोग सतर्कता व सावधानी के साथ करना चाहिए, ताकि किसी प्रकार की वित्तिय धोखाधड़ी न हो सके। उन्होंने कहा कि सभी उम्र के इंटरनेट उपयोगकर्ताओं को ऑनलाइन जोखिम और सुरक्षा उपायों के बारे में जागरूक करने और साइबर स्वच्छता को बढ़ावा देने की वर्तमान में बहुत आवश्यकता है। सभी नागरिकों को साईबर सुरक्षा के बारे में जानकारी होना बहुत आवश्यक है, ताकि कोई भी व्यक्ति वित्तिय धोखाधड़ी और डाटा चोरी की घटनाओं से सुरक्षित रह सके। इस अवसर पर सहायक आयुक्त संकल्प गौतम, एसडीएम केलांग रजनीश शर्मा, मुख्य चिकित्सा आधिकारी डॉ. रोशन आदि मौजूद रहे।

### पंचायतों में जागरूकता कैंप लगाने के निर्देश

**डीसी** ने अधिकारियों को जिले की आम जनता को इंटरनेट के उपयोग करते समय वित्तिय धोखाधड़ी से कैसे बचें इस बारे में पंचायतों में जागरूकता कैंप लगाने के निर्देश दिए, ताकि अधिक से अधिक लोग जागरूक हो सकें। इस वर्ष, सुरक्षित इंटरनेट दिवस एक साथ बेहतर इंटरनेट के लिए थीम के तहत मनाया जा रहा है। इसका उद्देश्य नागरिकों के बीच जिम्मेदारी के साथ इंटरनेट उपयोग को बढ़ावा देते हुए सुरक्षित ऑनलाइन प्रथाओं, साइबर स्वच्छता, प्रमुख साइबर खतरों और प्रभावी शमन रणनीतियों के बारे में इंटरनेट उपयोगकर्ताओं को शिक्षित करना है। जिला सूचना विज्ञान अधिकारी जगदीप शर्मा ने प्रेजेंटेशन से इंटरनेट का उपयोग कैसे सुरक्षित तरीके से करें व सावधानियों के बारे में जानकारी प्रदान की। उन्होंने बताया कि ई-मेल व व्हाट्सएप पर प्राप्त होने वाले ऐसे लिंक पर क्लिक न करें, जिसमें लाटरी व किसी अन्य प्रकार का लाभ व लोन प्रदान करने के लिए प्रलोभन दिया गया हो।

# प्रदेश में अब अधिकारी भी नहीं सुरक्षित : अमित सूद

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

हिमाचल प्रदेश में अब कानून व्यवस्था की हालत इतनी खराब हो गई है कि सरकारी अधिकारी भी अपने कार्यस्थल पर सुरक्षित नहीं हैं।



वहीं आए दिन चिट्टे के सेवन से प्रदेश में युवकों की मौत के मामले सामने आ रहे हैं। इससे पता चलता है कि आज हिमाचल प्रदेश की कानून व्यवस्था कितनी खराब है और आम जनता व सरकार कैसे खराब तंत्र का शिकार बन रही है। जिला कुल्लू के मुख्यालय ढालपुर में पत्रकारों से औपचारिक बातचीत करते हुए जिला कुल्लू भाजपा के अध्यक्ष अमित सूद ने कहा कि बीती रात के समय जिस तरह से मंडी के एसडीएम पर जानलेवा हमला किया गया। उससे पता चलता है कि सरकार अवैध खनन माफिया को संरक्षण दे रही है।

**आए दिन चिट्टे के सेवन से हो रही युवाओं की मौत**

इसके अलावा हेरोइन की तस्करी में भी कुछ नेताओं और पुलिस कर्मचारियों के नाम सामने आ रहे हैं।

अमित सूद ने कहा कि अगर सरकार ही खनन माफिया, नशा माफिया को संरक्षण देगी, तो किस तरह से प्रदेश का युवा सुरक्षित रहेगा। हिमाचल प्रदेश में भाजपा के द्वारा लगातार इस मुद्दे को सरकार के समक्ष रखा जा रहा है, लेकिन सरकार इस मुद्दे की ओर बिलकुल भी गंभीर नहीं है। ऐसे में अब आने वाले समय में समाज के बीच जन जागरण अभियान चलाया जाएगा और हेरोइन तथा कानून माफिया का संरक्षण करने वाले नेताओं के खिलाफ आवाज उठाई जाएगी।

# भाजपा को छोड़ कांग्रेस में शामिल हुए दो कार्यकर्ता

**अनंत ज्ञान, बंजार।** मंगलवार को विधायक भुवनेश्वर गौड़ के निवास कटराईं में एक महत्वपूर्ण राजनीतिक घटनाक्रम हुआ। दो लोगों ने भाजपा को छोड़कर कांग्रेस का दामन थामा। इन दोनों व्यक्तियों का नाम भाग चंद और शेर सिंह है, जो क्रमश: सारी गांव और बलोहनी गांव से हैं। विधायक भुवनेश्वर गौड़ ने बताया कि ये दोनों भाजपा की दमनकारी नीतियों से असंतुष्ट थे और उन्होंने कांग्रेस में शामिल होने का फैसला किया। गौड़ ने कहा कि कांग्रेस पार्टी में शामिल होने के लिए इन दोनों का स्वागत किया गया है। इस अवसर पर गौड़ ने कहा कि जो व्यक्ति समस्याओं के समाधान खोजता है। वहीं, सफलताओं की चाबी हासिल करता है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा से ही लोगों की समस्याओं का समाधान करने के लिए प्रतिबद्ध रही है। इस दौरान पार्टी के कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# बीबीसी टकोली की टीम ने जीती क्रिकेट प्रतियोगिता



**अनंत ज्ञान, सैंज**

सैंज के ढाका क्रिकेट स्टेडियम में स्थानीय खेल प्रेमियों द्वारा आयोजित त्रिमूर्ति युवा मेमोरियल क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें 28 टीमों ने हिस्सा लिया।

मंगलवार को क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन समारोह आयोजित किया गया। बंजार भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व मंडल अध्यक्ष ओम प्रकाश ठाकुर ने समापन अवसर पर मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। इससे पूर्व उन्होंने क्रिकेट प्रतियोगिता के फाइनल मैच में हिस्सा ले रहे युवा खिलाड़ियों को जीत के प्रति प्रोत्साहित किया तथा रिबन काट कर मैच का शुभारंभ किया। फाइनल मैच बीबीसी टकोली व एके 47 आनी टीम के बीच खेला गया, जिसमें बीबीसी टकोली की टीम विजय रही। क्रिकेट प्रतियोगिता में मुख्यातिथि ने क्रिकेट प्रतियोगिता में विजेता व उपविजेता को पुरस्कार बांटे। इस मौके पर सैंज भाजपा के नेता वेद प्रकाश, पूर्व उपप्रधान ओम प्रकाश, रेबतीराम, यशवंत सिंह, योगेंद्र कुमार, रोहित, आत्माराम, चुन्नीलाल आदि मौजूद रहे।

**प्रदर्शन** हिमाचल किसान सभा ने निकाली रैली, सीएम को भेजा बेदखली रोकने का ज्ञापन

# आनी में किसानों का जमीन बचाओ आंदोलन

**अनंत ज्ञान, आनी**



उपमंडल मुख्यालय आनी में मंगलवार को जमीन से बेदखली के खिलाफ हिमाचल किसान सभा ने जोरदार प्रदर्शन किया। हिमाचल किसान सभा की आनी इकाई ने पूर्व प्रदेश सचिव डॉ. ओंकार शाद के नेतृत्व में विश्राम गृह से एसडीएम कार्यालय तक रैली निकाली। किसान सभा ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू को एसडीएम के माध्यम से ज्ञापन भेजा।

ज्ञापन में बताया कि सुप्रीम कोर्ट ने बाबू राम बनाम हिमाचल प्रदेश मामले में बिना स्पष्ट आदेश के ही की जा रही बेदखली को अवैध करार दिया है। पिछले 10 वर्षों में डीएफओ कोर्ट द्वारा सार्वजनिक परिसर अधिनियम के तहत हजारों बेदखली आदेश जारी किए गए, जिन्हें अब या तो रद्द कर दिया गया है या हाईकोर्ट को वापस भेज दिया गया है। किसान नेताओं का कहना है कि राज्य में अभी भी कानूनी प्रक्रिया का पालन किए बिना आवासीय मकानों को सील किया जा रहा है। नौतोड़ पॉलिसी के तहत स्वीकृत भूमि पर बने मकानों को भी नहीं छोड़ा जा रहा है। वर्ष 2000 में भूमि राजस्व अधिनियम -1963 में धारा 163ए के तहत 1,67,339 किसानों ने अतिक्रमित सरकारी भूमि के नियमितीकरण के लिए आवेदन किया था। इस अधिनियम के खिलाफ हिमाचल हाईकोर्ट में एक याचिका लंबित है, जिस पर अभी अंतिम आदेश आना बाकी है, लेकिन इसके बावजूद भी ऐसे किसानों को पब्लिक परनिसिस एक्ट के तहत कब्जे वाली भूमि खाली करने के लिए नोटिस दिए जा रहे हैं। आपदा के कई मामलों में किसानों के पास कोई भूमि नहीं बचती, यहां तक कि घर बनाने के लिए भी नहीं। किसान सभा ने मांग कि बेकार भूमि या बंजर भूमि को 1927 के वन अधिनियम और 1980 के वन संरक्षण अधिनियम में परिभाषित नहीं किया गया है इसलिए इसे भारत के संविधान के अधिकार क्षेत्र से बाहर घोषित किया जाए और जब तक ऐसा नहीं किया जाता है, तब तक सभी बेदखलियों को स्थगित रखा जाए। सभी भूमिहीन और छोटे और सीमांत किसानों और उन लोगों को भी 10 बीघा तक भूमि प्रदान की जा सके, जिनकी कृषि भूमि प्राकृतिक आपदा से नष्ट हो गई है। इसके लिए केंद्र सरकार से 1980 के वन संरक्षण अधिनियम में उचित संशोधन करने का अनुरोध किया जाए। भूमिहीन एवं गरीब किसानों को कम से कम 5 बीघा कृषि भूमि दी जाए और नियमित की जाए। सभी भूमिहीन व्यक्तियों को सरकार की नीति के अनुसार ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में क्रमश: दो और तीन बिस्वा भूमि प्रदान की जाए और जब तक उन्हें उपयुक्त भूमि आवंटित नहीं की जाती, तब तक उनके आवास से बेदखल न किया जाए और 2023 की प्राकृतिक आपदा में जिनके घर नष्ट हुए हैं, उन्हें 7 लाख रुपए प्रदान करने का विशेष पैकेज दिया जाए व भूमि अधिग्रहण अधिनियम-2013 के अनुसार किसानों को उनकी अधिग्रहित भूमि का 4 गुणा मुआवजा दिया जाए।

# किसानों की जमीनों से बेदखली न्यायसंगत नहीं

**कुल्लू/पतलीकूहल।** हिमाचल किसान सभा तथा सेब उत्पादक संघ कुल्लू द्वारा किसानों की जमीन से बेदखली के खिलाफ कुल्लू व पूलीकूहल में धरना-प्रदर्शन किया गया, जिसमें सैकडों किसानों ने भाग लिया। किसानों को संबोधित करते हुए किसान सभा के जिलाअध्यक्ष गोविंद भंडारी ने कहा कि प्रदेश के अंदर किसानों की जमीनों से बेदखली व मकानों की तालाबंदी की जा रही है, जो कि न्यायसंगत नहीं है। किसान सभा मांग करती है कि इन बेदखली पर सरकार जल्द रोक लगाए और किसानों की 5 बीघा तक की भूमि को नियमित करने की प्रक्रिया को तुरंत शुरू करे, जिनके पास मकान बनाने के लिए भूमि नहीं है, उन्हें 2 बिस्वा शहर में तथा गांव में 3 बिस्वा जमीन दी जाए। जिले के अंदर हजारों लोगों ने 2 बिस्वा जमीन के लिए आवेदन किए हैं, लेकिन अभी तक उन्हें जमीन नहीं दी गई है और इन लोगों की घरों की तालाबंदी न की जाए। वहीं, इस मौके पर अनिल कुमार ने कहा कि विधानसभा ने वर्ष 2000 में भूमि राजस्व अधिनियम-1953 की धारा 163ए को शामिल कर संशोधन किया था, जिसके तहत 167339 किसानों ने शपथ पत्र भरकर अतिक्रमित सरकारी भूमि को नियमितिकरण करने के लिए आवेदन किए थे।

# सरकार! एक माह में पेंशनर्स के सभी वित्तीय लाभ करे जारी, नहीं तो करेंगे आंदोलन : गुलशन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**



हिमाचल प्रदेश पेंशनभोगी संघ खंड भुंतर की मासिक समीक्षा बैठक भुंतर में खंड अध्यक्ष ओंकार दत्त शर्मा की अध्यक्षता में हुई।

बैठक में पेंशनर्स की विभिन्न समस्याओं पर विस्तृत चर्चा की गई। इस अवसर पर हिमाचल प्रदेश पेंशनभोगी संघ के प्रदेशाध्यक्ष एलआर गुलशन बतौर मुख्यातिथि मौजूद रहे। पेंशनर्स ने प्रदेश सरकार द्वारा जनवरी 2016 से 31 जनवरी 2022 तक संशोधित वेतनमान के एरियर का भुगतान सहित तीन किस्तों के 11 प्रतिशत महंगाई भत्ते की घोषणा न करने और पिछले लगभग 82 महीनों का देय महंगाई भत्ते के बकाया एरियर का भुगतान अनावश्यक रूप से लटकाने पर प्रदेश सरकार के प्रति गहरी नाराजगी जताई। एलआर गुलशन ने बताया कि पूर्व जयराम सरकार के समय कर्मचारियों और पेंशनर्स को संशोधित वेतनमान के एरियर का केवल 50 हजार रुपए की धनराशि का ही भुगतान किया गया था, जबकि वर्तमान सुक्खू सरकार दो साल का कार्यकाल पूरा करने पर भी कर्मचारियों और पेंशनर्स के करोड़ों रुपए के बकाया एरियर का भुगतान नहीं कर पाई है, जिससे प्रदेश के कर्मचारियों और पेंशनर्स में भारी रोष व्याप्त है। उन्होंने बताया कि 25 जनवरी को हिमाचल पूर्ण राज्यत्व दिवस पर भी मुख्यमंत्री सुक्खू ने कर्मचारियों के लिए न तो महंगाई भत्ते की घोषणा की और न ही 2016 से संशोधित वेतनमान के एरियर के संदर्भ में मंच से कोई वक्तव्य दिया। संघ ने चेताया कि यदि सरकार ने एक महीने के भीतर पेंशनर्स के सभी वित्तीय लाभ जारी नहीं किए, तो प्रदेश के लाखों पेंशनर्स आंदोलन करेंगे, जिसका उत्तरदायित्व राज्य सरकार का होगा। बैठक में कुल्लू सहित सभी जिला मुख्यालयों और खंड स्तर पर पेंशनर भवन निर्माण की राज्य सरकार से मांग दोहराई।

### चार नए पेंशनर्स ने ग्रहण की सदस्यता

**हालांकि,** हिमाचल प्रदेश पेंशनभोगी संघ की मांग पर कुल्लू जिला मुख्यालय में डीसी कुल्लू के निर्देश पर उपमंडलाधिकारी (नागरिक) कुल्लू को पेंशनर भवन निर्माण के लिए 10 बिस्वा भूमि चयन करने के लिए रिपोर्ट देने को कहा गया है, लेकिन अभी तक इस बाबत धरातल पर कोई सकारात्मक परिणाम नहीं निकले हैं। उन्होंने पेंशनर्स की इस जायज मांग पर जल्द उचित कार्रवाई करने की जिला प्रशासन से मांग की है। बैठक में चार नए पेंशनर्स ने हिमाचल प्रदेश पेंशनभोगी संघ की सदस्यता ग्रहण की, जिसमें सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य जयकृष्ण ठाकुर, केहर सिंह ठाकुर, शिवलाल और हिंदी प्रवक्ता कुलदीप गौतम ने सदस्यता ग्रहण की।

## न्यूज ब्रीफ

### डॉ. शांडिल का सोलन का प्रवास स्थगित

**अनंत ज्ञान, सोलन।** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता तथा सैनिक कल्याण मंत्री कर्नल डॉ. धनीराम शांडिल का 12 फरवरी का सोलन विधानसभा क्षेत्र का प्रवास किन्हीं अपरिहार्य कारणों से दृष्टिगत स्थगित हो गया है।

### सफाई अभियान के साथ एनएसएस शिविर शुरू

**अनंत ज्ञान, कंडाघाट।** डिग्री कॉलेज कंडाघाट में मंगलवार से राष्ट्रीय सेवा योजना का सात दिवसीय विशेष शिविर सफाई अभियान के साथ शुरू हुआ। इस शिविर के आरंभ होने पर कॉलेज सभागार में उद्घाटन समारोह आयोजित किया गया। इसकी अध्यक्षता कॉलेज प्रधानाचार्य डॉ. मदन लाल मनकोटिया ने की। कॉलेज के राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) कार्यक्रम अधिकारी प्रो. मेघना राणा और सुधीर कुमार ने सात दिवसीय विशेष शिविर में हर दिन आयोजित होने वाली गतिविधियों की रिपोर्ट प्रस्तुत की। उन्होंने बताया कि इसमें 30 स्वयंसेवी प्रतिभागी विद्यार्थी हिस्सा ले रहे हैं। प्रधानाचार्य ने अपने संबोधन में सात दिवसीय शिविर के दौरान सभी स्वयंसेवियों को अपने कार्य को अनुशासन में रहकर आपसी सहयोग से करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि इस तरह के शिविर से विद्यार्थियों में राष्ट्र प्रेम, सेवा और सहयोग की भावना का विकास होता है। उद्घाटन सत्र के बाद विद्यार्थियों ने पहले दिन स्वच्छता अभियान चलाया।

### सड़क सुरक्षा से संबंधित जानकारी दी

**अनंत ज्ञान, सोलन।** पीजी कॉलेज सोलन के रोड सेफ्टी क्लब और एनएसएस इकाई के द्वारा सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान के अंतर्गत एक व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन कॉलेज के कॉन्फ्रेंस हॉल में किया गया, जिसमें कॉलेज के लगभग 100 विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस कार्यक्रम के मुख्य वक्ता सोलन यातायात पुलिस के हेड कांस्टेबल अजय गुप्ता ने सभी छात्रों से रूबरू होते हुए उन्हें सड़क सुरक्षा नियम, चिन्हों, प्रतीकों की विस्तार से जानकारी दी तथा छात्रों के द्वार पूछे गए यातायात तथा सड़क सुरक्षा संबंधी प्रश्नों के उत्तर दिए। इस अवसर पर कॉलेज के रोड सेफ्टी क्लब के संयोजक डॉ. मुकेश कुमार शर्मा ने भी छात्रों को सड़क सुरक्षा से संबंधित जानकारी दी। इस कार्यक्रम में एनएसएस प्रभारी डॉ. घनश्याम सोनी, डॉ. प्रियंका मुल्तानी सहित कॉलेज के अन्य शिक्षक तथा गैर-शिक्षक वर्ग मौजूद रहे।

### इंटरनेट सुरक्षा के बारे में किया जागरूक

**अनंत ज्ञान, सोलन।** राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र (एनआईसी) सोलन द्वारा सुरक्षित इंटरनेट दिवस पर एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिला सूचना विज्ञान अधिकारी, सोलन ने कहा कि सुरक्षित इंटरनेट दिवस मनाने का उद्देश्य लोगों को इंटरनेट सुरक्षा के बारे में जागरूक करना है। उन्होंने कहा कि सुरक्षित इंटरनेट दिवस प्रत्येक वर्ष 11 फरवरी को मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि इंटरनेट माध्यम से हर प्रकार की जानकारी प्राप्त की जा सकती है। इंटरनेट ने हमारे जीवन को सुगम बनाया है, लेकिन साथ ही हमें साइबर अपराधों के खतरों से भी अवगत करवाया है। कार्यशाला में राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र सोलन द्वारा इंटरनेट के सुरक्षित उपयोग पर पावर प्वॉइंट के माध्यम से प्रस्तुति दी गई। इस अवसर पर जिला सूचना विज्ञान कार्यालय के अधिकारियों सहित विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने भाग लिया।

### लोगों को स्वच्छता पर जागरूक करेगा वाहन

**अनंत ज्ञान, बद्दी।** नगर निगम बद्दी की आयुक्त सोनाक्षी सिंह तोमर ने स्वच्छ शहर-समृद्ध शहर कार्यक्रम के तहत एक प्रचार-प्रसार वाहन को रवाना किया। उन्होंने कहा कि स्वच्छ शहर-समृद्ध शहर अभियान के तहत आगामी दो माह तक लोगों को स्वच्छता के प्रति प्रचार-प्रसार वाहन के माध्यम से जागरूक किया जाएगा, ताकि स्वच्छता लोगों के जीवन का अभिन्न अंग बन सके। सोनाक्षी सिंह तोमर ने दुकानदारों, ढाबा मालिकों, सब्जी एवं फल विक्रेताओं सहित अन्य व्यापारिक प्रतिष्ठानों से आग्रह किया कि वे प्रतिबंधित पॉलीथीन का उपयोग पूर्ण रूप से बंद करें। उन्होंने सफाई कर्मचारियों व अन्य लोगों को सूखा तथा गीला कचरे को अलग-अलग कर उचित रूप से रखने व उठाने के बारे में भी जानकारी दी।

# सोलन को स्वच्छ और समृद्ध बनाने के लिए नगर निगम चलाएगा अभियान

**आर मोहन चौहान, सोलन**

स्वच्छ शहर समृद्ध शहर योजना के तहत सोलन शहर में 60 दिन तक व्यापक अभियान चलाया जाएगा।

नगर निगम ने इसके लिए ब्लू प्रिंट तैयार किया है। अभियान के अंतर्गत शहरवासियों को गीला और सूखा कूड़ा अलग–अलग देने के लिए जागरूक किया जाएगा, ताकि नगर निगम के कर्मियों को कूड़ा सेग्रीगेट करने में समय न गवाना पड़े। सोलन नगर निगम की कमिश्नर एकता कापटा ने मंगलवार को कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सूखा कूड़ा मंगलवार और शुक्रवार को लिया जाएगा, जबकि गीला कूड़ा अन्य दिनों में निगम के कर्मी कलेक्ट करेंगे। इसके अलावा वीरवार को घरेलू हानिकारक कचरा इकट्ठा किया जाएगा। जागरूकता के अभाव में शहरवासी नगर निगम के कर्मियों को गीला व सूखा कूड़ा अलग–अलग न देने के बजाय एक ही दिन दे रहे हैं। इससे दिक्कतें पेश आ रही हैं। ऐसे में नगर निगम ने इस समस्या से निजात पाने के लिए अब समाधान शिविर का आयोजन करने का फैसला किया है। इस शिविर के दौरान निगम कर्मचारी, अधिकारी व पार्षद हर वार्ड में जाकर लोगों को गीला व सूखा कूड़ा अलग–अलग देने के लिए प्रोत्साहित करेंगे। इसके अलावा समाधान शिविर में लोगों की समस्या को भी सुना जाएगा और कोशिश की जाएगी की मौके पर ही उसका निपटारा कर दिया जाए। (अनंत ज्ञान)



### सेल्फ हेल्प ग्रुप की महिलाएं भी करेंगी जागरूक

**सोलन** नगर निगम की कमिश्नर एकता कापटा ने कहा कि 15 फरवरी से सेल्फ हेल्प ग्रुप की महिलाएं भी लोगों को घर-घर जाकर जागरूक करेंगी। महिलाओं के पास बाकायदा आइडेंटी कार्ड होगा, तो किसी भी शहरवासी को घबराने की आवश्यकता नहीं है। उन्होंने कहा कि 10 से 15 मिनट में महिलाएं घर तरीके से एक परिवार को जागरूक कर देंगी। इस अभियान में भी महिलाओं द्वारा जहां एक तरफ घर परिवार के सदस्यों को पंफ्लेट दिए जाएंगे। वहीं, दूसरी तरफ उन्हें गिला व सुखा कूड़ा अलग-अलग देने के लिए भी प्रेरित किया जाएगा। उन्होंने शहरवासियों से अपील की कि जब सेल्फ हेल्प ग्रुप की महिलाएं उनके घर द्वार आएंगी, तो वह उन्हें फ्रॉड न समझें और अपने परिवार से संबंधित अन्य प्रकार की जानकारियां भी प्रोवाइड करवा दें। इसके अलावा होटल, पीजी के साथ भी मिलकर नगर निगम प्लानिंग करने में जुटा हुआ है।

### समस्याओं का होगा समाधान

**निगम** की तरफ से आयोजित होने वाले शिविर में लोगों की समस्याओं जैसे गार्बेज, प्रॉपर्टी टैक्स, मैप्स सहित कई अन्य दिक्कत का समाधान होगा। एकता ने कहा कि वार्ड एक में 28 फरवरी से समाधान शिविर का आयोजन होगा और 17 मार्च तक यह शिविर चलेंगे। वार्ड एक में 28 फरवरी सुबह 11 बजे से समाधान शिविर शुरू होगा। इसके बाद वार्ड 2 में 1 मार्च, वार्ड 3 में 3 मार्च, वार्ड 4 में 4 मार्च, वार्ड 5 और 6 में 5 मार्च को समाधान शिविर का आयोजन किया जाएगा, जबकि वार्ड 7 में 6 मार्च, वार्ड 8 में 7 मार्च, वार्ड 9 में 10 मार्च, वार्ड 10 में 11 मार्च, वार्ड 11 में 12 मार्च, वार्ड 12 में 13 मार्च, वार्ड 13 में 15 मार्च, वार्ड 14 में 17 मार्च, वार्ड 15 में 18 मार्च, वार्ड 16 में 19 मार्च और वार्ड 17 में 20 मार्च को समाधान शिविर का आयोजन होगा। इन सभी वार्डों में भी लोगों की समस्याओं को सुना जाएगा। एकता ने इस दौरान लोगों से सहयोग की अपील की।

### आखिरी 15 दिन में होगा साझा उत्सव

**इस** अभियान में 45 दिनों तक तो इसी प्रकार से कर्मी और अधिकारी लोगों को गीला व सूखा कूड़ा देने के लिए, जागरूक करते रहेंगे, लेकिन इसके बाद आखिरी 15 दिन में एक साझा उत्सव का भी आयोजन करेगा। कमिश्नर ने कहा कि साझा उत्सव आखिरी के दो सप्ताह चलेगा और इसमें निगम अपने अचीवमेंट को सेलिब्रेट करेगी। इसमें एक मेले का भी आयोजन होगा, जिसमें कई प्रॉडक्ट्स की प्रदर्शनी लगाई जाएगी। हालांकि, यह प्रदेश के अलग-अलग नगर निगम को करना है, तो ऐसे में एमसी को कब करना है इस बारे में भी जल्द ही जानकारी प्रदान कर दी जाएगी।

# निश्चित सिंह नेगी ने संभाला सिरमौर एसपी का कार्यभार

**अनंत ज्ञान, नाहन**

निश्चित सिंह नेगी ने सिरमौर जिले के नए पुलिस अधीक्षक के रूप में कार्यभार संभाल लिया।

इस दौरान उन्होंने अपनी प्राथमिकताओं को मीडिया के साथ साझा किया। इस दौरान उन्होंने 20 फरवरी तक हो रही पुलिस भर्ती को लेकर भी जानकारी दी। मीडिया से बात करते हुए जिला पुलिस अधीक्षक एचपी एस निश्चित सिंह नेगी ने बताया कि जिला सिरमौर उत्तराखंड यूपी और हरियाणा की सीमाओं के साथ सटा हुआ है इसलिए कानून व्यवस्था बनाए रखना उनकी मुख्य प्राथमिकता रहेगी। इसके अलावा उन्होंने बढ़ते नशे पर विशेषकर चिट्टे के सौदागरों को पकड़ने और उसकी सप्लाई पर रोक लगाने के लिए उचित कदम उठाने की बात कही। उन्होंने कहा कि इसके साथ–साथ अवैध खनन पर रोक लगाने को लेकर अन्य विभागों के साथ मिलकर रणनीति तैयार कर खनन माफिया पर भी लगाम लगाई जाएगी। इसके साथ–साथ उन्होंने कहा कि रैश ड्राइविंग और ड्रिंक ड्राइविंग पर शिकंजा कसने के लिए भी प्रयास किए जाएंगे, ताकि इससे होने वाली दुर्घटनाओं को कम किया जा सके।



**नशा, खनन, ट्रैफिक और कानून व्यवस्था दुरुस्त रखना रहेगी प्राथमिकता**

जिला पुलिस अधीक्षक निश्चित सिंह नेगी ने कहा कि 20 फरवरी तक चौहान मैदान में पुलिस भर्ती का आयोजन किया जा रहा है, जिसके लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। इस पुलिस भर्ती के लिए 11000 अभ्यर्थियों ने आवेदन किए हैं। व्यवस्था बनाए रखने को लेकर 15 फरवरी तक युवतियों की भर्तियां, जबकि 16 से 20 फरवरी तक युवाओं के लिए भर्ती प्रक्रिया की जा रही है।

## थुनाग कॉलेज सतत भविष्य के लिए स्वदेशी ज्ञान प्रणाली पर सम्मेलन की करेगा मेजबानी

**अनंत ज्ञान, सोलन**

डॉ. यशवंत परमार औद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय, नौणी के बागवानी और वानिकी कॉलेज, थुनाग, जिला मंडी सतत भविष्य के लिए स्वदेशी ज्ञान प्रणाली विकासशील भारत–2047 के लिए एक रोडमैप विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन की मेजबानी करेगा।

यह कार्यक्रम इंडियन इकोलॉजिकल सोसायटी, लुधियाना के सहयोग से आयोजित करेगा और इसे जेआईसीए के साथ–साथ इंडियन काउंसिल ऑफ सोशल साइंस रिसर्च विजन विकसित भारत–2047 द्वारा प्रायोजित किया गया है। धर्मपुर के विधायक चंद्रशेखर, पतंजलि आयुर्वेद लिमिटेड के एमडी डॉ. आचार्य बालकृष्ण (वर्चुअल) और पद्मश्री नेक राम शर्मा सहित कई प्रमुख वक्ता इस सम्मेलन में शामिल होंगे, जो सम्मेलन के दौरान मुख्य व्याख्यान देंगे। यह सम्मेलन पांच प्रमुख विषयों पर केंद्रित होगा विज्ञान और प्रौद्योगिकी, स्वदेशी ज्ञान प्रणाली, बागवानी और वानिकी, प्राकृतिक खेती एवं आयुर्वेद और शिल्प कौशल और आयुर्वेदिक अभ्यास। इसके अतिरिक्त, छह तकनीकी सत्र आयोजित किए जाएंगे, जिनकी अध्यक्षता विभिन्न संस्थानों के प्रतिष्ठित शिक्षाविद करेंगे। इसके अतिरिक्त हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय, प्राकृतिक खेती खुशहाल किसान योजना (वर्चुअल), वन कॉलेज एवं अनुसंधान संस्थान, मेट्टुपालयम, तमिलनाडु और एचपी जेआईसीए वानिकी परियोजना, शिमला जैसे संस्थानों के विशेषज्ञ भी अपने विचार रखेंगे। सम्मेलन में 8 राज्यों के 132 प्रतिनिधि भाग लेंगे, जो 17 विश्वविद्यालयों, अनुसंधान स्टेशनों और 4 राष्ट्रीय संस्थानों का प्रतिनिधित्व करेंगे।

## ग्रामीण प्री–इंक्यूबेशन केंद्र अर्की में स्थापित

**अनंत ज्ञान, अर्की।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान अर्की में सोलन के पहले ग्रामीण प्री–इंक्यूबेशन केंद्र का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर आयोजित कार्यशाला में एसडीएम अर्की यादविंद्र पाल मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रहे, जबकि डॉयरेक्टर स्किल लैब्स हिमेश शर्मा विशेषातिथि रहे। मुख्यातिथि ने संस्थान के प्रशिक्षुओं को संबोधित करते हुए आत्मविश्वास बनाए रखने, समस्याओं का आलोचनात्मक विश्लेषण करने और नवाचार के लिए प्रेरित किया। डॉ. हिमेश शर्मा ने योजना और उसके प्रभावी कार्यान्वयन की विस्तृत जानकारी साझा की। आईएमसी अध्यक्ष विनोद पंवर ने भी अपने विचार रखे और उन्होंने छात्रों को सफल उद्यमियों के बारे में बताया कि किस प्रकार उन्होंने अपने अथक परिश्रम से ऊंचाइयों को छुआ। उन्होंने छात्रों को स्वरोजगार अपनाने के लिए प्रेरित किया। संस्थान के प्रधानाचार्य अजय ठाकुर ने बताया कि इन केंद्रों का उद्देश्य एमएसएमई प्रदर्शन को बढ़ाना और गति प्रदान करना है।

## ऑल बैंकस इलेवन ने जीती क्रिकेट प्रतियोगिता की ट्रॉफी



**अनंत ज्ञान, राजगढ़**

राजगढ़ में अराजपत्रित कर्मचारी संघ द्वारा आयोजित तृतीय विभागीय क्रिकेट प्रतियोगिता ऑल बैंकस इलेवन के नाम रही। फाइनल में ऑल बैंकस इलेवन ने नगर पंचायत व प्रेस संयुक्त टीम को 9 विकेट से पराजित किया।

समापन अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता विवेक शर्मा, अजय चौहान व विक्रम ठाकुर बतौर मुख्यातिथि शामिल हुए और विजेता व उपविजेता टीमों को पुरस्कृत किया। उन्होंने अराजपत्रित कर्मचारी संघ को कर्मचारी वर्ग के लिए आयोजित इस प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिए बधाई दी। फाइनल मुकाबला ऑल बैंकस इलेवन व नगर पंचायत व प्रेस संयुक्त टीम के मध्य खेला गया। नगर पंचायत प्रेस टीम ने टास जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 6 ओवर में 43 रन बनाए। बैंक्स इलेवन ने लक्ष्य को विजय की 9 गेंद में 28 रनों की शानदार पारी के बदौलत 2 ओवर 4 गेंदों में ही प्राप्त कर लिया और ट्रॉफी अपने नाम की।

## सोलन से नाबालिग युवती यूपी के शाहजहांपुर में मिली

**अनंत ज्ञान, सोलन।** एक शिकायतकर्ता ने महिला पुलिस थाना सोलन में रिपोर्ट दर्ज करवाई कि इनकी बेटी, जिसकी उम्र 16 साल है व 10वीं कक्षा में पढ़ती है वह घर से सत्संग के लिए गई थी, लेकिन वापस नहीं लौटी। उन्होंने अपनी बेटी की हर जगह तलाश की, लेकिन उसका कोई पता न चल सका, जिस पर उपरोक्त अभियोग महिला पुलिस थाना सोलन में पंजीकृत किया गया। इस अभियोग की जांच के दौरान महिला पुलिस थाना सोलन तथा जिले की साइबर टीम द्वारा गुमशुदा नाबालिग की तलाश के लिए तकनीकी डिटेल का गहनता पूर्वक विश्लेषण किया गया, जिसके आधार पर गुमशुद्धा नाबालिग को उतरप्रदेश के शाहजहांपुर से बरामद कर सुरक्षित इसके परिजनों के हवाले कर दिया गया है। जांच के दौरान पाया गया कि यह लड़की घर में बिना किसी को बताए अपनी एक मित्र के पास शाहजहांपुर उत्तर प्रदेश चली गई थी। जांच जारी है।

## 15 तक करवाएं बिजली मीटरों की ई–केवाईसी

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** बिजली उपमंडल दाड़लाघाट के अंतर्गत आने वाले सभी घरेलू और होटलों वाले उपभोक्ताओं की बिजली के मीटरों की ई–केवाईसी प्रकिया शुरू की गई है, जिसकी अंतिम तिथि 15 फरवरी तक है। बिजली विभाग दाड़ला के सहायक अभियंता सचिन आर्य ने बताया कि उपभोक्ताओं को ई–केवाईसी करवाने के लिए मीटर खाता संख्या, आधार कार्ड और बिजली का कोई भी नया और पुराना बिल लाना होगा। ई–केवाईसी की प्रक्रिया बिजली विभाग दाड़लाघाट के कार्यालय में सुबह 10 से शाम 5 बजे तक होगी। सचिन आर्य ने उपभोक्ताओं से कहा कि वे समय पर केवाईसी करवाने के लिए उपस्थित हों, ताकि उन्हें बिजली की सेवाओं में कोई परेशानी न हो। उन्होंने बताया कि जो उपभोक्ता ई–केवाईसी नहीं करवाएगा, वह भविष्य में बिजली के बिलों में मिलने वाली सब्सिडी सुविधाओं से वंचित रह जाएगा, जिसके लिए उपभोक्ता स्वयं जिम्मेदार होगा। सहायक अभियंता ने उपभोक्ताओं से अपील करते हुए कि अपनी ई–केवाईसी समय अनुसार करवा लें।

## कांग्रेस ने दिल्ली में बनाया लगातार छह बार जीरो सीट लेने का इतिहास : रावत

**अनंत ज्ञान, नाहन**

नाहन सिरमौर भाजपा के जिला सह मीडिया प्रभारी प्रताप सिंह रावत ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने दिल्ली चुनाव में लगातार छह बार जीरो सीट जीतने का इतिहास बनाया है इसलिए अब कांग्रेस पार्टी का नाम गिनीज बुक में दर्ज होना चाहिए।



रावत ने बताया कि 2014 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी को दिल्ली लोकसभा चुनाव में जीरो सीट, 2015 के दिल्ली विधानसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी को जीरो सीट। 2019 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी को दिल्ली में जीरो सीट और 2020 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी को दिल्ली में जीरो सीट। वहीं, 2024 के लोकसभा चुनाव में भी कांग्रेस पार्टी को दिल्ली में जीरो सीट इसी तरह बीते 2025 के विधानसभा चुनाव में भी कांग्रेस पार्टी को दिल्ली विधानसभा चुनाव में जीरो सीट मिली है। रावत ने बताया कि कांग्रेस पार्टी के नेताओं ने हिमाचल विधानसभा चुनाव के दौरान प्रदेश की जनता को जो झूठी गारंटी दी है। इसका असर सभी जगह पढ़ रहा है, जिसका खामियाजा कांग्रेस पार्टी राजस्थान, मध्य प्रदेश, हरियाणा, महाराष्ट्र, विधानसभा चुनाव में भुगत चुकी है। रावत ने बताया कि दिल्ली के साथ–साथ अब हिमाचल की जनता का भी कांग्रेस पार्टी से मोहभंग हो चुका है, जिसका खामियाजा कांग्रेस पार्टी हिमाचल में भी लोकसभा चुनाव एवं राज्यसभा चुनाव में भुगत चुकी है।



## सराहां कॉलेज में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की रही धूम

**अनंत ज्ञान, सोलन**

राजकीय डिग्री कॉलेज सराहां में कॉलेज स्टूडेंट्स सेंट्रल एसोसिएशन (सीएससीए) द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

सर्वप्रथम सीएससीए अध्यक्ष जागृति शर्मा ने सभी शिक्षक, गैर–शिक्षक वर्ग तथा कॉलेज के सभी विद्यार्थियों का स्वागत किया। तत्पश्चात मुख्यातिथि कार्यकारी प्राचार्य प्रोफेसर जगमोहन सिंह द्वारा दीप प्रज्वलन किया गया। इसके बाद मुख्यातिथि व प्राध्यापक वर्ग और गैर शिक्षक वर्ग को बैच लगाकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सीएससीए अध्यक्ष जागृति शर्मा, सचिव श्रुति शर्मा और साक्षी शर्मा ने मंच संचालन किया। तत्पश्चात कॉलेज की छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना प्रस्तुत की गई। नीतिका द्वारा शास्त्रीय नृत्य, विश्वजीत द्वारा एकल गीत तथा सुनिधि द्वारा हरियाणवी नृत्य प्रस्तुत किया गया। इसके साथ ही कुसुम लता द्वारा भजन, विशाल ने पहाड़ी नाटी प्रस्तुत की।

## हाटी यूनिट चंडीगढ़ का पुनर्गठन सुरेंद्र ठाकुर को अध्यक्ष की कमान

**अनंत ज्ञान, सोलन**

हिमाचल भवन चंडीगढ़ में आयोजित हाटी यूनिट चंडीगढ़ की बैठक वर्तमान अध्यक्ष महेंद्र चौहान की अध्यक्षता में संपन्न हुई, जिसमें 43 सदस्यों ने भाग लिया। इस बैठक में हाटी यूनिट चंडीगढ़ का सर्वसम्मति से पुनर्गठन किया गया।

इसमें अध्यक्ष सुरेंद्र ठाकुर, उपाध्यक्ष राजेश ठाकुर, सचिव रजत चौहान, सहसचिव श्रृष्टि चौहान व आदित्य चौहान को कोषाध्यक्ष बनाया गया। बैठक में हाटी मुद्दे पर हाईकोर्ट में चल रही सुनवाई के बारे में केंद्रीय हाटी समिति के मीडिया सलाहकार कर्नल नरेश चौहान ने विस्तृत जानकारी दी तथा आर्थिक सहयोग के लिए भी पुर्नगठित हाटी यूनिट चंडीगढ़ से रणनीति तैयार करने का सुझाव दिया। इस बैठक में केंद्रीय हाटी समिति की ओर से कर्नल नरेश चौहान, अतर सिंह नेगी (कोषाध्यक्ष), रण सिंह चौहान (कानूनी सलाहकार), फकीर चंद चौहान, रमेश देसाई, गुमान सिंह वर्मा, शिवानंद शर्मा, योगराज चौहान, उमेश कमल, (सोलन यूनिट), हरदेव वर्मा, विकल्प ठाकुर (राजगढ़ यूनिट), रवींद्र चौहान, राजन चौहान, (संगड़ाह यूनिट), रमेश मेहता (पझौता यूनिट) दनेश चौहान अधिवक्ता, महेंद्र चौहान, विरेंद्र, सोमवीर, सुनिल ठाकुर, जतिन तोमर, मयंक शर्मा, रोहित तोमर, सतिंदर चौहान (चंडीगढ़ हाटी यूनिट) आदि के सदस्यों ने भाग लिया। चंडीगढ़ हाटी यूनिट में सर्वसम्मति से चुने गए पदाधिकारियों द्वारा जल्द ही कार्यकारिणी का विस्तार किया जाएगा। नव नियुक्त अध्यक्ष सुरेंद्र ठाकुर सहित पदाधिकारियों ने सभी उपस्थित सदस्यों का धन्यवाद किया तथा हाटी मुद्दे पर केंद्रीय हाटी समिति के मार्गदर्शन में कार्य करने की वचनबद्धता दोहराई।



## ग्राम पंचायत प्रधानों का फर्जी बिल बनाकर लाखों का गबन : मेलाराम

**अनंत ज्ञान, नाहन**



सिरमौर जिले के संगड़ाह विकास खंड में अनेक ग्राम पंचायत प्रधानों द्वारा फर्जी जीआर और नकली बिल बनाकर लाखों रुपए के गबन का पर्दाफाश हुआ है। संगड़ाह में पत्रकारों को संबोधित करते हुए जिला भाजपा प्रवक्ता एवं पंचायत समिति संगड़ाह के पूर्व अध्यक्ष मेलाराम शर्मा और भाजपा मंडल संगड़ाह के अध्यक्ष बलबीर ठाकुर ने बताया कि आरटीआई के तहत प्राप्त सूचना के अनुसार ग्राम पंचायत रेडली और दाना घाटों तथा शिवपुर में पंचायत प्रधानों द्वारा फर्जी बिल बनाकर लाखों रुपए का घोटाला किया गया है।

उन्होंने आरटीआई के तहत प्राप्त सूचना का हवाला देते हुए कहा कि जिन ट्रकों द्वारा रेड़ली और दाना घाटों ग्राम पंचायतों के लिए रेत और बजरी का ढुलान किया गया है जीआर में उन ट्रकों की जगह फर्जी तौर पर स्कूटर मोटरसाइकिल और मारुति कारों के नंबर पाए गए और यह स्पष्ट हो गया है कि शिमला जिले के ठियोग में पानी के टैंकरों की ढुलाई स्कूटरों और मोटरसाइकिलों की तर्ज पर यहां भी रेत, रोड़ी और बजरी की ढुलाई के लिए जीआर में जिन वाहनों के नंबर दिए गए हैं आरटीआई की सूचना के अनुसार वे वाहन, ट्रक और टिप्पर न होकर स्कूटर मोटरसाइकिल और मारुति कारों के नंबर पाए गए।

भाजपा नेताओं ने बताया कि हिमाचल प्रदेश में जब से कांग्रेस सरकार सत्ता में आई है, तब से चारों तरफ भ्रष्टाचार का बोलबाला हुआ है और कांग्रेसी नेताओं द्वारा विकासखंड संगड़ाह की अनेक पंचायतों में फर्जी जीआर बनाकर लाखों रुपए का घोटाला किया जा रहा है। उन्होंने हैरानी जताई कि पुलिस और प्रशासन को शिकायत सौंपने के बाद भी अभी तक कोई कार्रवाई अमल में नहीं लाई गई। उन्होंने विधानसभा उपाध्यक्ष विनय कुमार जिनके क्षेत्र में यह घोटाले हुए हैं और प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से आग्रह किया कि पंचायतों में बड़े स्तर पर हो रहे घोटालों पर तुरंत अंकुश लगाया जाए और जिन्होंने लाखों रुपए के घपले किए हैं, उन्हें निलंबित करें।

**एक्शन** पट्टा कार्यालय में नहीं मिलते फील्ड कर्मचारी, बीडीओ ने लिखी चिट्ठी

# नपेंगे देरी से आने वाले कर्मचारी

**अनंत ज्ञान, कसौली**

जिला सोलन के तहत आने वाले खंड विकास कार्यालय पट्टा में फील्ड के कुछ कर्मचारियों के समय पर उपस्थित न होने का मामला सामने आया है।

विकास खंड अधिकारी ने कर्मचारियों को पत्र जारी किया है व उच्चाधिकारियों को प्रेषित किया है। फील्ड से कुछ कर्मचारियों के समय पर न पहुंचने की शिकायतें विकास खंड अधिकारी को फोन पर संबंधित क्षेत्र के लोग कर रहे थे। इस बाबत कई बार विकास खंड अधिकारी कर्मचारियों की बैठकों में भी मौखिक रूप से कार्यालयों में समय पर पहुंचने का आह्वान कर चुके हैं, ताकि जनता के कार्यों व समस्याओं का समय पर निराकरण हो सके। विकास खंड अधिकारी ने जारी पत्र में कहा कि कार्यालय के कर्मचारी समय पर ड्यूटी पर उपस्थित नहीं होते व कुछ कर्मचारी 11 बजे आते हैं व कुछ तो 12 बजे आते हैं व कई कर्मचारी 3, 4 बजे कोई न कोई बहाना बनाकर कार्यालय से चले जाते हैं।

इसी प्रकार फील्ड कर्मचारी भी, जिसमें पंचयात सचिव, ग्राम रोजगार सेवक, तकनीकी सहायक, सिलाई अध्यापिकाएं आदि ड्यूटी समय में अपनी मनमर्जी से बिना किसी को पूर्व सूचना दिए अपना स्थान छोड़कर दूसरी जगह चले जाते हैं या कार्यालय में सही समय पर उपलब्ध नहीं होते तथा समय पूर्व ही 2, 3 बजे बिना किसी की पूर्व अनुमति के कार्यालय छोड़कर चले जाते हैं। उन्होंने सभी कर्मचारियों को जारी पत्र कर कहा कि जो भी कर्मचारी भविष्य में अपनी ड्यूटी सही प्रकार से नहीं करेगा, उसके खिलाफ कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। इस पत्र की प्रति खंड विकास कार्यालय ने बाबत सूचना निदेशक ग्रामीण विकास व पंचायतीराज विभाग, डीसी सोलन, अतिरिक्त उपायुक्त सोलन व विकास खंड पट्टा के कार्यालय, क्षेत्रीय कर्मचारियों को भेज दी है। खंड विकास कार्यालय से जारी पत्र की लोगों ने सराहना की है। लोगों का कहना है कि जब कर्मचारी विकास खंड कार्यालय में भी 11,12 बजे आते हैं तो फील्ड में क्या हाल होगा। यह चिंता का विषय है।

### पंचायतों में किए जाएंगे औचक निरीक्षण

**उधर,** इस बारे में विकास खंड अधिकारी पट्टा कुलदीप सिंह ने बताया कि ऑफिस में व फील्ड से भी कुछ कर्मचारियों की समय पर ड्यूटी न पहुंचने व ड्यूटी टाइम से पहले ही चले जाने की शिकायतें लगातार मिल रही थी। लोग फोन कर शिकायत कर रहे थे व लोगों को अपने काम करवाने में परेशानी न हो इसके लिए पत्र लिखा गया है। समय-समय पर पंचायतों में औचक निरीक्षण किए जाएंगे और जो कर्मचारी दोषी होंगे उनके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

## स्वच्छ व समृद्ध शहर योजना का शुभारंभ

**अनंत ज्ञान, अर्की।** नगर पंचायत अर्की द्वारा स्वच्छ शहर समृद्ध शहर योजना का विधिवत रूप से शुभारंभ किया गया। नगर पंचायत के प्रधान अनुज गुप्ता ने बताया कि इस योजना का शुभारंभ पांच फरवरी को प्रदेश के मुख्यमंत्री द्वारा किया गया था, जिसे अर्की नगर पंचायत द्वारा भी आरंभ कर दिया गया है। इस योजना का 45 दिनों का प्रारूप बैठक में बनाया गया है। अनुज गुप्ता ने बताया कि भविष्य में भी इसी प्रकार की 45 सेवाएं पोर्टल के माध्यम से नगर पंचायत द्वारा प्रदान की जाएंगी। अनुज ने बताया कि इन योजनाओं के प्रसार के लिए नगर पंचायत के सदस्य, सफाई कर्मचारी तथा अन्य महिला समूहों के माध्यम से लोगों को जागरूक किया जाएगा। इसके अतिरिक्त अन्य समाजसेवी संस्थाओं की भी सहायता ली जाएगी। इसके अतिरिक्त स्कूलों में व नगर पंचायत द्वारा अपने स्तर पर बच्चों के लिए इन विषयों को लेकर पेंटिंग व अन्य प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी, ताकि इन योजनाओं का प्रचार–प्रसार हो सके। उन्होंने लोगों से आग्रह किया कि वे नगर पंचायत के इस कार्य में साथ दें।

## राष्ट्रीय उच्च मार्ग–707 का 80 प्रतिशत कार्य पूर्ण : डीसी



**अनंत ज्ञान, नाहन**

डीसी सिरमौर सुमित खिमटा की अध्यक्षता में उपायुक्त कार्यालय में राष्ट्रीय उच्च मार्ग–707, पांवटा से गुम्मा तक सड़क को चौड़ा करने के दौरान होने वाले नुकसान के संदर्भ में बैठक आयोजित की गई।

बैठक के दौरान डीसी ने बताया कि नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) द्वारा सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय (मोर्थ) को सड़क चौड़ा करने के दौरान प्राकृतिक जल स्रोतों, सिंचाई एवं पेयजल योजनाओं को होने वाले नुकसान को जल्द ठीक करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय उच्च मार्ग–707, पांवटा से गुम्मा सड़क का निर्माण कार्य 80 प्रतिशत तक पूर्ण हो चुका है तथा 20 प्रतिशत कार्य किया जाना शेष रह गया है, जिसे जल्द पूरा कर दिया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को शेष बचे कार्यों को जल्द पूरा करने के साथ–साथ इस कार्य के दौरान जल शक्ति विभाग की सिंचाई एवं पेयजल योजनाओं, प्राकृतिक जल स्रोतों तथा स्थानीय सड़कों को हुए नुकसान को जल्द ठीक करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कार्य के दौरान इस मार्ग पर यातायात को सुचारू रखने के भी निर्देश दिए, ताकि लोगों को यातायात में कोई असुविधा न हो। बैठक में जिला ग्रामीण विकास अभिकरण के परियोजना अधिकारी अभिषेक मित्तल, खनन अधिकारी सिरमौर कुलभुषण शर्मा, अधिशाषी अभियंता जल शक्ति विभाग जगबीर वर्मा, मोर्थ के पीडी साश्वत महापात्रा, हरजीत सिंह, जीसी सत्या आदि मौजूद रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### हरियाणा में निकाय चुनाव लड़ेगी इनेलो: अभय

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** हरियाणा में इंडियन नेशनल लोकदल (इनेलो) के राष्ट्रीय प्रधान महासचिव चौधरी अभय सिंह चौटाला ने इनेलो मुख्यालय में जिला और शहरी प्रधानों की एक बैठक ली, जिसमें निकाय चुनावों में पार्टी सिंबल पर चुनाव लड़ने को लेकर चर्चा की गई। बैठक में तय हुआ कि अगले दो दिन के अंदर नगर पालिका, नगर निगम और नगर परिषद के चुनाव लड़ने के इच्छुक उम्मीदवारों से बातचीत करके पार्टी मुख्यालय को अवगत कराएंगे। जहां सिंबल पर चुनाव लड़ना जरूरी होगा, वहां पार्टी सिंबल पर लड़ेंगे और जहां कोई ऐसा उम्मीदवार जो हमारी विचारधारा का होगा और हमारे से समर्थन मांगेगा तो उसे हम समर्थित उम्मीदवार के रूप में खड़ा करेंगे। बैठक में यह निर्णय भी लिया गया कि पार्टी के वरिष्ठ नेताओं को चार-चार जिले दिए हैं, जहां जाकर वो इनेलो के जितने भी पुराने साथी हैं, चाहे वो स्वर्गीय चौधरी देवीलाल के समय के हैं या स्वर्गीय चौधरी ओमप्रकाश चौटाला के साथ रहे हैं और किन्हीं वजहों से आज निष्क्रिय हैं उन सबसे संपर्क करेंगे और उनसे मिलकर बातचीत कर पार्टी में लाया जाएगा।

### सूरजकुंड आए विदेशी कारोबारियों में खुशी

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** फरीदाबाद जिले के सूरजकुंड की ऐतिहासिक धरा पर विगत 38 सालों से आयोजित किए जा रहे अंतरराष्ट्रीय शिल्प मेले में देश ही नहीं, अपितु विदेश के व्यापारी भी खुद को भाग्यशाली समझते हैं। ऐसे ही थाईलैंड से आए थाई डीडी ग्रुप ने मेले में स्टॉल लगाए जाने से लेकर फ्री आवासीय सुविधाएं दिए जाने पर हरियाणा सरकार के प्रति कृतज्ञता प्रकट की है। हरियाणवी चौपाल के समीप एफसी-34 नंबर स्टाल पर थाईलैंड का श्रृंगार सामान खरीदने के लिए महिलाओं की भीड़ उमड़ रही है। यहां सुंदर-सुंदर ईयररिंग, हेयर क्लिप, रंग-बिरंगे हेयर बैंड, ब्रासलेट, लेडिज बैग, पर्स, हैट, फोन चार्म, चेन, टी-शर्ट, खिलौने, मोबाइल कवर, अंगूठी आदि उत्पाद बेचे जा रहे हैं। बैंकाक व थाईलैंड के शहर चिआंग माई से आए 15 सदस्यीय समूह के सदस्यों कैमिम, ब्रेम्दा, जेनिफर आदि ने बताया कि भारत के अलावा उन्होंने तुर्की, चीन, वियतनाम और अफगानिस्तान में भी अपनी स्टॉल लगा चुके हैं। सूरजकुंड में उनका आना पांचवीं बार हुआ है। उनका कहना है कि जितना आनंद एवं सुकून उन्हें यहां आकर मिलता है उतना और कहीं नहीं मिलता। कैमिम ने बताया कि वे लोग थाई डीडी के नाम से अपना समूह चलाते हैं। यहां सभी थाईलैंड के प्रोडक्ट डिस्पले किए गए हैं, जो कि पर्यटकों को काफी लुभा रहे हैं। खासतौर से महिलाएं उनकी स्टॉल पर आकर जमकर खरीददारी कर रही हैं, जिससे उनके सामान की बेहतरीन बिक्री हो रही है।

### निहंग ने किरपान से महिला जज पर किया हमला

**अनंत ज्ञान, पटियाला।** पंजाब के पटियालाय की जिला अदालत में उस समय हड़कंप मच गया जब एक निहंग ने कोर्ट रूम में घुसकर महिला जज पर हमला कर दिया। आरोपी ने किरपान से हमला किया था, लेकिन गनीमत रही कि आरोपी जज तक नहीं पहुंच पाया और उसे समय रहते दबोच लिया गया। इस घटना के बाद पूरे कोर्ट कांप्लेक्स सनसनी फैल गई। आरोपी की पहचान पटियाला के गोबिंद नगर के रहने वाले गुरपाल सिंह के तौर पर हुई है।

### पटियाला में तीन गैंगस्टर गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** पंजाब व चंडीगढ़ में कत्ल, असलहा एक्ट और नशे की तस्करी के मुकदमों में नामजद तीन शातिरों को पटियाला पुलिस ने अलग-अलग केसों में बड़ी मात्रा में हथियारों के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक गैंगस्टरों के नजदीकी साथी इन आरोपियों में से एक कत्ल के केस में वांटेड था।आरोपियों के पास से 32 बोर के चार पिस्टल, 315 बोर की एक पिस्तौल और कुल 21 कारतूस बरामद किए गए हैं। पकड़े गैंगस्टरों की पहचान दिलदार खान उर्फ दिला बनूड़ निवासी मोहल्ला सैणियां जिला मोहाली, कुलविंदर सिंह मोफर निवासी गांव मोफर जिला मानसा और मनिंदर सिंह उर्फ लड्डू निवासी गांव बलवेड़ा जिला पटियाला के तौर पर हुई है।एसएसपी डॉ. नानक सिंह ने मंगलवार को यहां आयोजित पत्रकार वार्ता में बताया कि पटियाला की पुलिस पार्टी ने गुप्त सूचना के आधार पर दिलदार खान उर्फ दिला बनूड़ को अबचल नगर फोकल पाइंट से गिरफ्तार किया है। इसके पास से पुलिस ने दो पिस्टल 32 बोर समेत आठ कारतूस बरामद किए हैं। पुलिस के मुताबिक आरोपी दिलदार खान के खिलाफ साल 2020 में असलहा एक्ट व नशे की तस्करी के आरोप में चंडीगढ़ में केस दर्ज हैं।

### 'इंडिया गॉट टैलेंट' के विवादास्पद एपिसोड 'ब्लॉक'

**नई दिल्ली।** सरकार के आदेश के बाद यूट्यूब पर 'इंडिया गॉट लैटेंट' के उस एपिसोड को 'ब्लॉक' कर दिया है, जिसमें रणवीर इलाहाबादिया की अश्लील और आपत्तिजनक टिप्पणियां थीं। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय की वरिष्ठ सलाहकार कंचन गुप्ता ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि रणवीर इलाहाबादिया की अश्लील और आपत्तिजनक टिप्पणियों वाले 'इंडिया हैज लैटेंट' एपिसोड को भारत सरकार के आदेश के बाद यूट्यूब पर 'ब्लॉक' कर दिया है। हास्य कलाकार समय रैना के यूट्यूब रियलिटी शो 'इंडियाज गॉट लैटेंट' में माता-पिता और यौन संबंधों को लेकर इलाहाबादिया की विवादास्पद टिप्पणी के बाद उन्हें हर तरफ से आलोचनाओं का सामना करना पड़ा।

### हसीना की पार्टी के पूर्व सांसद माजिद को भेजा जेल

**ढाका।** देश की अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना की पार्टी बांग्लादेश अवामी लीग के पूर्व सांसद एडवोकेट माजिद खान को आज हत्या के एक मामले में जेल भेज दिया गया। पुलिस ने हबीगंज-2 निर्वाचन क्षेत्र (बनियाचोंग-अजमिरीगंज) के पूर्व सांसद माजिद को कल ढाका के फार्मगेट इलाके से गिरफ्तार किया था।

### अखनूर में मिले मोर्टार शेल को किया निष्क्रिय



**जम्मू।** जम्मू जिले के अखनूर सेक्टर में मंगलवार को एक मोर्टार शेल मिला, जिसे बम निरोधक दस्ते ने निष्क्रिय कर दिया। अधिकारी ने बताया कि नामंदर गांव के पास प्रताप नहर में कुछ स्थानीय लोगों ने सुबह करीब 10 बजे मोर्टार शेल देखा। उन्होंने बताया कि सूचना मिलने पर पुलिस दल मौके पर पहुंचा और बाद में बम निरोधक दस्ते को बुलाया, जिसने विस्फोटक पदार्थ को सुरक्षित रूप से निष्क्रिय कर दिया।

### खड़गे व राहुल नहीं होंगे इन्वेस्ट सम्मेलन में शामिल

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी बेंगलुरु में आयोजित होने वाले 'इन्वेस्ट कर्नाटक 2025' शिखर सम्मेलन में शामिल नहीं होंगे। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि संसद में बजट पर जारी चर्चा के कारण दोनों नेता बहुत व्यस्त होने के कारण इस समारोह में नहीं जा सकेंगे। दोनों नेताओं को मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया था। कर्नाटक में कांग्रेस की सरकार है। रमेश ने 'एक्स' पर पोस्ट किया कि दोनों राज्यसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल संसद में बजट पर जारी चर्चा के कारण बहुत व्यस्त हैं, इसलिए उन्हें आज शाम बेंगलुरु में कर्नाटक निवेशक शिखर सम्मेलन के उद्घाटन में शामिल होने में असमर्थता पर खेद है।

# पंजाब के 'आप' नेताओं को केजरीवाल के 3 गुरुमंत्र, कहा-

# लोगों से जुड़ो, मुद्दे पहचानो, डटकर लड़ो

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**



दिल्ली विधानसभा चुनाव में मिली हार के बाद अब आम आदमी पार्टी (आप) का पूरा फोकस पंजाब पर है। राजधानी की हार का असर पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं पर ना पड़े इसके लिए मंगलवार को पंजाब के सभी विधायकों को दिल्ली स्थित कपूरथला हाउस में बुलाया गया था। यहां पर करीब 30 मिनट तक पार्टी संयोजक अरविंद केजरीवाल ने नेताओं को मोटिवेट किया।

मीटिंग के दौरान उन्होंने नेताओं को तीन गुरुमंत्र दिए। उन्होंने कहा- लोगों से जुड़ो, मुद्दों को पहचानो और डटकर लड़ो। सूत्रों की मानें तो इस मीटिंग के बाद अब पार्टी के वर्किंग स्टाइल में भी बदलाव देखने को मिल सकता है।

मीटिंग के बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए पंजाब के सीएम भगवंत मान ने कहा कि दिल्ली चुनाव में गुंडागर्दी और पैसा चला। मान ने कांग्रेस के विधायकों के पार्टी बदलने और अरविंद केजरीवाल के पंजाब का सीएम बनने की कोशिश के आरोप पर हंसते हुए कहा कि विपक्ष पौने 3 साल से ऐसा बोल रहा है। उनसे पूछ लो, दिल्ली में उनके कितने विधायक हैं?

## कानून व्यवस्था पर उठ रहे सवाल

**पंजाब** सरकार भले ही कानून व्यवस्था को अन्य प्रदेशों से बढ़िया होने का दावा करती है, लेकिन गैंगस्टर कल्चर, नशा तस्करी और क्राइम बढ़ गया है। एक के बाद एक थानों पर हमले हो रहे है। विपक्ष इस पर सरकार को घेर रहा है। पत्रकार पुरुषोत्तम ने कहा कि कानून व्यवस्था का बुरा हाल है। लोगों को घरों से निकलना मुश्किल हो गया है। नशा अभी तक खत्म नहीं हुआ है। जबकि सत्ता में आने के समय वादा किया था।

## राज्य पर बढ़ता कर्ज

**पंजाब** पर इस समय 3.75 लाख करोड़ का कर्ज है। इस वजह से विकास योजनाओं के लिए फंड जुटाना मुश्किल हो रहा है। मुफ्त बिजली, महिलाओं को फ्री बस सर्विस और अन्य विकास योजनाओं को पूरा करने के लिए भी पैसे की जरूरत है। मौजूदा वित्तीय वर्ष में 28 हजार करोड़ का कर्ज लेना पड़ा है। खर्च कम कर अपने रिसोर्स पैदा करने होंगे।

## महिलाओं को एक हजार रुपए देने की गारंटी पूरी नहीं

**पंजाब** में 'आप' ने सत्ता में आने से पहले 5 गारंटियां दी थीं। इनमें सबसे अहम गारंटी थी 18 साल से अधिक उम्र की महिलाओं को हर महीने एक हजार रुपए देना, लेकिन यह गारंटी अभी तक ठंडे बस्ते में पड़ी है। इसका खामियाजा पार्टी ने लोकसभा, निकाय चुनाव, पंचायत चुनाव व दिल्ली चुनाव में भी भुगता है। वहीं, अब पार्टी के लिए इस गारंटी को पूरा करना मजबूरी बन गई है। हालांकि इसे पूरा करने के संकेत दिल्ली में पार्टी सुप्रीमो अरविंद केजरीवाल से मीटिंग के बाद वित्तमंत्री हरपाल चीमा ने दिए हैं। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने पांच से चार गारंटियां तीन साल में पूरी कर दी हैं। एक बची गारंटी को भी जल्दी ही पूरा किया जाएगा।

### दिल्ली मॉडल पंजाब के लिए चुनौती

**पंजाब** में सत्ता में आने से लेकर अभी तक प्रदेश में हुए हर चुनाव में 'आप' नेता दिल्ली मॉडल पेश कर वोट मांग रहे थे, लेकिन अब जब दिल्ली में ही पार्टी सत्ता से बाहर हो गई है तो ऐसे में दिल्ली मॉडल के नाम पर वोट मांगना असंभव सा हो गया है। सीनियर पत्रकार एस पुरषोतम का कहना है कि जिस दिल्ली मॉडल के सहारे सत्ता में आए थे, वह उनके हाथ से निकल गया है। अब उन्हें पंजाब को मॉडल पेश करना होगा।

### विधायकों को पावर देना

**भले** ही पंजाब में आम आदमी पार्टी की मजबूत सरकार है, लेकिन विधायकों व अन्य नेताओं के पास इतनी पावर नहीं है। जिस वजह से कई अफसर भी विधायकों की नहीं सुनते हैं। यह मामला पार्टी की मीटिंगों के अलावा विधानसभा में भी उठ चुका है। यह शिकायत दूर करना भी बड़ी चुनौती है। जब नेताओं के पास कोई पावर रहेगी तभी वह पार्टी को इलाके में मजबूत कर पाएंगे।

# मेयर बबला ने की गोशालाओं का दौरा कर सुविधाओं की समीक्षा




**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

शहर की मेयर श्रीमती हरप्रीत कौर बबला, सीनियर डिप्टी मेयर जसबीर बंटी, डिप्टी मेयर तरुणा मेहता, पार्षद गुरप्रीत गपी और प्रेम लता ने स्वास्थ्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. इंद्रदीप कौर और संबंधित अधिकारियों के साथ रायपुर कलां और औद्योगिक क्षेत्र, चरण-1 में गोशाला का निरीक्षण किया।


दौरे के दौरान डॉ. इंद्रदीप कौर ने मेयर और टीम को गोशाला में गउओं और एबीसी सेंटर में कुत्तों की देखभाल के लिए अपनाई जाने वाली प्रक्रियाओं के बारे में जानकारी दी। गोशालाओं की वर्तमान स्थिति पर विस्तार से चर्चा की गई और उनके प्रबंधन में आने वाली विभिन्न चुनौतियों पर प्रकाश डाला गया।

मेयर ने सीसीटीवी कैमरों की अनुपस्थिति, सुबह और शाम दोनों पालियों में गउओं के चारे की गुणवत्ता और मात्रा और जानवरों की देखभाल के लिए कर्मचारियों की उपलब्धता सहित गंभीर चिंताएं उठाईं। उन्होंने पशुओं के समय पर चिकित्सा उपचार के लिए गोशाला में पशु चिकित्सकों की तत्काल आवश्यकता पर भी जोर दिया।

डॉ. इंद्रदीप कौर ने मेयर को गो उपकर राजस्व में भारी कमी के कारण नगर निगम के सामने आने वाली वित्तीय बाधाओं से भी अवगत कराया। मेयर ने अधिकारियों को गोशालाओं और उसके आसपास साफ-सफाई और हरियाली में सुधार करने का निर्देश दिया और अग्नि सुरक्षा उपकरण और सीसीटीवी कैमरे लगाने के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त, उन्होंने बेहतर देखभाल के लिए बीमार गायों और नवजात बछड़ों को उनकी माताओं से अलग रखने के महत्व पर जोर दिया।

# लेखक सुरेश की बुक 'जिंदा लाश' का हुआ विमोचन

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**




लेखक सुरेश गोयल द्वारा लिखित बुक 'जिंदा लाश' का विमोचन किया गया। यह बुक भारत के ओवरऑल डेवलपमेंट इन इंडिया और ए स्टडी इन दी री-ऑर्गेनाइजेशन ऑफ इंडिया रूलर अर्बन सोसायटी के बारे में लिखी गई है। लेखक सुरेश गोयल ने प्रेस को संबोधित करते हुए बताया कि यह बुक भारतीय शिक्षा प्रणाली, खेल के मैदान, बेरोजगारी और न्याय प्रणाली पर लिखी गई है। लेखक ने बताया कि इससे पहले भी रिकवरी आफ इंडिया नाम की किताब समाज को समर्पित की हुई है।

इस बुक में भारत के किसानों के साथ हो रहे अत्याचार के बारे में भी लिखा गया है। किसानों को उचित दामों में और सब्सिडी पर फर्टिलाइजर खाते और बीज समय पर मुहैया करवाने चाहिए। अभी किसानो को जो फर्टिलाइजर खाते और बीज मुहैया करवाया भी जा रहा है तो उसमें भी बहुत बड़ी धांधली है, जिसका जिक्र कहीं नहीं होता। रूलर एरिया में बच्चों के खेल के अच्छे मैदाने के साथ-साथ अच्छे स्कूल और हॉस्पिटल की बहुत जरूरत है।

## डडूमाजरा डंपिंग साइट का बढ़ेगा दायरा

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** मनदीप सिंह बराड़, आईएएस, गृह सचिव, सहसचिव स्थानीय सरकार, यूटी, चंडीगढ़ ने अपशिष्ट प्रबंधन के प्रगति कार्य का जायजा लेने के लिए डडूमाजरा में डंपिंग ग्राउंड और विरासत खनन स्थल का दौरा किया। उनके साथ एमसी कमिश्नर अमित कुमार, आईएएस, मुख्य अभियंता संजय अरोड़ा और एमसी चंडीगढ़ के अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे। एसएलजी ने अपशिष्ट प्रबंधन और जैव खनन परियोजना की वर्तमान स्थिति का आकलन किया। इस यात्रा का उद्देश्य चल रही अपशिष्ट निपटान प्रक्रियाओं की समीक्षा करना और साइट की क्षमता बढ़ाने के लिए और अधिक तकनीकों का पता लगाना है।

# टिहरी झील पहुंचकर सीएम ने बढ़ाया खिलाड़ियों का उत्साह

**जगदीश शर्मा, चंडीगढ़**



मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को टिहरी झील कोटी कॉलोनी में 38वें राष्ट्रीय खेलों के अंतर्गत आयोजित कयाकिंग-कैनोइंग प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने 1000 मीटर हीट कयाकिंग मेन्स प्रतियोगिता में स्वर्ण, रजत एवं कांस्य पदक विजेताओं को मेडल पहनाकर एवं सोविनियर से सम्मानित किया। इस दौरान श्रीमती गीता धामी भी मौजूद रही। उक्त प्रतियोगिता में उत्तराखंड के प्रभात कुमार ने स्वर्ण पदक, एसएससीबी ने रजत तथा दिल्ली ने कांस्य पदक जीता।

मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड देवभूमि, वीरभूमि के बाद अब खेलभूमि के रूप में स्थापित हो रहा है। राज्य में 38वें राष्ट्रीय खेलों की मेजबानी करना पहला और सुखद अनुभव है। 28 जनवरी से 38वें राष्ट्रीय खेलों का भव्य आयोजन हो रहा है। सारी खेल प्रतियोगिताएं उत्तराखंड के 11 अलग-अलग स्थानों पर आयोजित की गईं।

खिलाड़ियों के लिए सारे खेल ट्रैक बनाए गए तथा कोई भी खेल उपकरण बाहर से नहीं लाए गए। जहां 37वें राष्ट्रीय खेलों में उत्तराखंड 25वें स्थान पर रहा था वहीं अब हमारा राज्य 38वें राष्ट्रीय खेलों में 7 स्थान पर है। मुख्यमंत्री ने कहा कि टिहरी झील ऊर्जा उत्पादन के साथ ही पर्यटन और साहसिक खेलों के लिए अन्यन्त अनुकूल है। यह वाटर स्पोर्ट्स का बहुत बड़ा हब बनेगा। यहां पर पहले भी राष्ट्रीय/अंतरराष्ट्रीय स्तर की खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की गई हैं और आगे भी खेलों का क्रम सालभर चलता रहे यह प्रयास किये जायेंगे। इससे पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा, स्थानीय स्तर पर स्वरोजगार के अवसर प्राप्त होंगे तथा स्थानीय आर्थिकी को बल मिलेगा। इस अवसर पर विधायक देवप्रयाग विनोद कंडारी, सोना सजवाण, राजेश नौटियाल, संजय नेगी, मनमोहन सिंह रावत, शोभनी धनोला व अन्य लोग मौजूद रहे। (अनंत ज्ञान)

## देश-विदेश

# ट्रंप की धमकी: हमास 15 फरवरी तक सभी बंधकों को करे रिहा, नहीं तो मचेगी तबाही

**एजेंसी, वाशिंगटन**



**अमेरिकी** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने चेतावनी देते हुए कहा कि हमास ने शनिवार दोपहर तक बंधकों को रिहा नहीं किया तो तबाही मचेगी।

फिलिस्तीनी ग्रुप ऐसा नहीं करता है तो वह इसराइल-हमास युद्धविराम को रद्द करने का प्रस्ताव रखेंगे। ट्रंप ने 8 जनवरी को हमास की ओर से रिहा किए गए तीन बंधकों की कमजोर शारीरिक हालत और फिलिस्तीनी ग्रुप की तरफ से बंधकों की रिहाई रोकने की घोषणा पर निराशा व्यक्त की। बता दें गाजा युद्धविराम समझौते के तहत हमास को इसराइली बंधकों को रिहा करना है, जिसके बदले में इसराइल फिलिस्तीनी कैदियों को छोड़ेगा। अब तक पांच बार बंधकों-कैदियों की अदला-बदली हो चुकी है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा कि जहां तक मेरा सवाल है, अगर शनिवार 12 बजे तक सभी बंधकों को वापस नहीं लौटाया जाता है, तो मैं कहूंगा कि इसे रद्द कर दिया जाए और सभी दांव बंद कर दिए जाएं और तबाही मचने दी जाए। उन्हें 15 फरवरी को 12 बजे तक बंधकों को वापस लौटा दिया जाना चाहिए। ट्रंप ने कहा कि अगर जॉर्डन और मिस्र गाजा से हटाए जाने वाले फिलिस्तीनी शरणार्थियों को नहीं लेंगे तो वे उन्हें दी जाने वाली सहायता रोक सकते हैं। यह टिप्पणी ऐसे समय में आई है जब ट्रंप के इस प्रस्ताव पर कुछ असमंजस की स्थिति है कि एक बार लड़ाई बंद हो जाने के बाद गाजा पर अमेरिका का कब्जा हो जाएगा।

## अमेरिकी सांसदों ने अडानी के खिलाफ अभियोग को लेकर अटॉर्नी जनरल को लिखा पत्र

**वाशिंगटन।** अमेरिका के छह सांसदों ने नवनियुक्त अटॉर्नी जनरल को अमेरिकी न्याय विभाग (डीओजे) द्वारा लिए गए 'संदिग्ध' फैसलों के खिलाफ पत्र लिखा है। इनमें कथित रिश्वत घोटाले में उद्योगपति गौतम अडानी के समूह के खिलाफ अभियोग का मामला भी शामिल है। सांसदों ने पत्र में आशंका जताई कि इससे 'करीबी सहयोगी भारत के साथ संबंध खतरे में पड़ सकता है'। लांस गुडेन, पैट फॉलन, माइक हरिडोपोलोस, ब्रैंडन गिल, विलियम आर. टिम्मोंस और ब्रायन बेबिन ने अमेरिका की अटॉर्नी जनरल पामेला बॉन्डी को पत्र लिखकर 'जो बाइडन के प्रशासन के तहत डीओजे द्वारा लिए गए कुछ संदिग्ध निर्णयों की ओर ध्यान आकर्षित किया।

## अमरीकी कंपनी से तेजस के इंजन मिलने पर बनी सहमति

# वायुसेना को जल्द मिलेगी 83 लड़ाकू विमानों की खेप

**एजेंसी, बेंगलुरु**



**भारतीय** वायुसेना को मिलने वाले 83 स्वदेशी लड़ाकू विमान मिलने का रास्ता साफ हो गया है। तेजस के लिए अमरीकी कंपनी जीई से मिलने वाले इंजन 404 की आपूर्ति पर सहमति बन गई है और पहला इंजन इस वर्ष मार्च में और इस वर्ष के अंत तक कुल कुइंजन मिल जाएंगे।

तेजस का निर्माण करने वाली हिंदुस्तान एरोनॉटिक्स लिमिटेड ने कहा कि इंजन 404 के साथ साथ तेजस मार्क वन के लिए इंजन 414 की आपूर्ति सुचारु होने पर वह 2031-32 तक सभी 180 तेजस विमानों की आपूर्ति कर देगी। एचएएल के मुख्य प्रबंध निदेशक डी के सुनील ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि जीई के साथ शीर्ष स्तर पर बातचीत हुई है और इंजन 404 की आपूर्ति पर सहमति बन गयी है। पहला इंजन इस वर्ष मार्च में और बाकी 11 इस वर्ष के अंत तक मिल जाएंगे। वह पहले इंजन के लिए 80 प्रतिशत प्रौद्योगिकी हंस्तांतरण पर अपनी स्थिति स्पष्ट करे और उसके बाद इसकी कीमत पर बात की जाएगी। उन्होंने कहा कि हमने अपने सभी बिंदुओं से जीई को अवगत करा दिया है और अब उनके जवाब का इंतजार है।

# केंद्र सरकार करेगी पंचायतों पर हस्तांतरण सूचकांक रिपोर्ट जारी

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**पंचायतीराज** राज्य मंत्री एसपी सिंह बघेल देश में पंचायतों पर व्यापक हस्तांतरण सूचकांक रिपोर्ट जारी करेंगे, जिससे राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में विकेंद्रीकरण की प्रगति पर जानकारी मिलेगी। मंत्रालय ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पंचायती राज मंत्रालय ने यहां जारी एक बयान में कहा कि मंत्री की ओर से 'राज्यों में पंचायतों को हस्तांतरण की स्थिति एक सांकेतिक साक्ष्य आधारित रैंकिंग 2024' शीर्षक वाली रिपोर्ट 13 फरवरी को जारी की जाएगी। मंत्रालय ने कहा कि यह पंचायतीराज संस्थानों (पीआरआई) को सशक्त बनाने और 73वें संवैधानिक संशोधन के 'स्थानीय स्वशासन' के दृष्टिकोण को साकार करने की दिशा में भारत की यात्रा में एक मील का पत्थर है। हस्तांतरण सूचकांक, सूक्ष्म अनुसंधान और अनुभवजन्य विश्लेषण का परिणाम है।

# इंफाल पश्चिम और तेंगनौपाल से नौ उग्रवादी गिरफ्तार

**एजेंसी, इंफाल**

**सुरक्षाबलों** ने मणिपुर के इंफाल पश्चिम और तेंगनौपाल जिलों से नौ उग्रवादियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि प्रतिबंधित संगठन कांगलीपाक कम्युनिस्ट पार्टी के दो उग्रवादियों को इंफाल पश्चिम जिले के रूपमहल टैंक इलाके से गिरफ्तार किया गया।

वे रूपमहल टैंक क्षेत्र में जबरन वसूली की गतिविधियों में शामिल थे। सुरक्षाबलों ने प्रतिबंधित संगठन यूनाइटेड नेशनल लिबरेशन फ्रंट (कोइरेंग) और पीआरईपीएके के दो उग्रवादियों को रविवार को तेंगनौपाल जिले से गिरफ्तार किया। पुलिस ने बताया कि सुरक्षा बलों ने तेंगनौपाल जिले के एल मिनौ रिजलाइन से प्रतिबंधित समूह केसीपी के पांच सदस्यों को भी गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार पांच आतंकवादियों के पास से एक एलएमजी, एक एसएलआर, दो इंसास राइफल और एक एके 47 राइफल के साथ-साथ 14 मैगजीन, गोला-बारूद और अन्य सामान जब्त किया। चुराचांदपुर जिले के कांवपुई इलाके से हथियारों की तस्करी के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया। उसके पास से एक कोल्ट 7.65 एमएम ऑटो पिस्तौल और 9 एमएम पिस्तौल (देसी), मैगजीन, 16 अलग प्रकार के गोला-बारूद और अन्य सामान जब्त किया है।

# सेंसेक्स 1018 अंक और निफ्टी 309 अंक नीचे गिरा

**एजेंसी, मुंबई**




**सेंसेक्स** मंगलवार को 1018 अंक (1.31 फीसदी) की गिरावट के साथ 76,293 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी में भी 309 अंक (1.32 फीसदी) की गिरावट रही, ये 23,071 के स्तर पर बंद हुआ। बाजार लगातार 5वें कारोबारी दिन गिरकर बंद हुआ है। निफ्टी रियल्टी सबसे ज्यादा 3 फीसदी टूटा है। मीडिया इंडेक्स भी 2.85 फीसदी गिरकर बंद हुआ।

वहीं, ऑटो, एफएमसीजी, फार्मा और सरकारी बैंकों के इंडेक्स में करीब 2 फीसदी की गिरावट रही। मेटल और आईटी इंडेक्स करीब 1.50 फीसदी नीचे बंद हुए। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के स्टील और एल्युमीनियम आयात पर टैरिफ बढ़ाने के कदम के बाद बाजार में लगातार गिरावट आ रही है। ट्रंप के इस कदम से दुनिया भर में ट्रेड वॉर की आशंका फिर से पैदा हो गई है। ट्रंप ने एल्यूमीनियम टैरिफ को 10 फीसदी से बढ़ाकर 25 फीसदी कर दिया है और स्टील आयात पर 25 फीसदी टैरिफ को बहाल कर दिया, जो पहले अमेरिका में ड्यूटी फ्री था।

## अमेरिका में विमान टकराए, 1 की मौत

**वाशिंगटन।** अमेरिका में दो निजी विमानों की टक्कर में कम से कम एक व्यक्ति की मौत हो गई और चार अन्य घायल हो गए। स्कॉट्सडेल हवाई अड्डे के प्रवक्ता केली कुएस्टर ने कहा कि ऑस्टिन से आने वाला एक लियरजेट 35ए रन-वे में पहले से खड़े एक जेट से टकरा गया। ऐसा प्रतीत होता है कि लियरजेट का बायां मुख्य गियर लैंडिंग के समय विफल हो गया। स्कॉट्सडेल हवाई अड्डा फीनिक्स से लगभग 22 मील उत्तर पूर्व में स्थित है। स्कॉट्सडेल अग्निशमन विभाग के प्रवक्ता कैप्टन डेव फोलियो ने हादसे में एक व्यक्ति के मरने और चार अन्य के घायल होने की पुष्टि की। इनमें से दो लोगों की हालत गंभीर है। एयरजेट 35ए लैंडिंग के बाद रन-वे पर फिसल गया और खड़े बिजनेस जेट से टकरा गया।

# बदलते वैश्विक सुरक्षा परिदृश्य में नवाचार और मजबूत साझेदारी की जरूरत : राजनाथ

**एजेंसी, बेंगलुरु**




**रक्षा** मंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को कहा कि उभरते वैश्विक सुरक्षा परिदृश्य में नवोन्मेषी दृष्टिकोण और मजबूत साझेदारी की जरूरत है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को कॉन्क्लेव में कहा कि कमजोर रहकर कोई देश कभी भी शांति नहीं ला सकता, केवल मजबूत होकर ही हम बेहतर दुनिया के लिए काम कर सकते हैं।

इस कॉन्क्लेव में 30 देशों के मंत्री शामिल हुए। उन्होंने कहा कि शांति का वट वृक्ष केवल शक्ति की जड़ों पर ही खड़ा हो सकता है। भारत ने अपनी रक्षा क्षमताओं को मजबूत करने के लिए कड़ी मेहनत की है। मुझे लगता है कि एयरो इंडिया के रूप में एक और महाकुंभ शुरू हुआ है। प्रयागराज महाकुंभ आत्म खोज का कुंभ है, वहीं एयरो इंडिया रिसर्च का कुंभ है। भारत का मानना है कि कमजोर रहकर अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था और शांति सुनिश्चित नहीं की जा सकती। आज, संघर्षों की बढ़ती संख्या हमारे विश्व को और अधिक अप्रत्याशित स्थान बना रही है। वर्चस्व की नयी लड़ाई, हथियार निर्माण के नए तरीके एवं साधन, सरकार से इतर तत्वों की बढ़ती भूमिकाएं तथा विघटनकारी प्रौद्योगिकियों ने विश्व व्यवस्था को और अधिक नाजुक बना दिया है। उन्होंने कहा कि सीमाओं की सुरक्षा और आंतरिक सुरक्षा के बीच का अंतर कम होता जा रहा है, क्योंकि 'हाइब्रिड' युद्ध शांति काल में भी महत्वपूर्ण राष्ट्रीय बुनियादी ढांचे को निशाना बना सकता है।

# महाकुंभ मेला क्षेत्र और प्रयागराज शहर में 'नो व्हीकल जोन' घोषित

**एजेंसी, महाकुंभ नगर (उप्र)**

**प्रयागराज** महाकुंभ में माघी पूर्णिमा के स्नान पर्व को देखते हुए प्रशासन ने विशेष यातायात व्ययवस्था लागू की है। इसके तहत 11 फरवरी, 2025 को सुबह चार बजे से संपूर्ण मेला क्षेत्र को 'नो व्हीकल जोन' घोषित किया गया है।

अधिकारियों के मुताबिक, प्रयागराज आने वाले श्रद्धालुओं के निजी और सार्वजनिक वाहनों को 11 फरवरी को सुबह चार बजे के बाद संबंधित रूट की पार्किंग में पार्क कराया जाएगा, ताकि शहर में यातायात अव्यवस्था नहीं हो और श्रद्धालु पैदल सुगमता से स्नान घाटों तक पहुंच सकें। उन्होंने बताया कि श्रद्धालुओं के आवागमन को सुगम बनाने के लिए प्रशासन ने 11 फरवरी की शाम पांच बजे से पूरे प्रयागराज शहर को भी 'नो व्हीकल जोन' घोषित किया है। केवल आपातकालीन सेवाओं को इस प्रतिबंध से छूट दी जाएगी। मेला क्षेत्र में श्रद्धालुओं की सुरक्षित निकासी सुनिश्चित करने के लिए यह विशेष यातायात योजना 12 फरवरी को स्नान संपन्न होने तक लागू रहेगी।

## माघी पूर्णिमा को लेकर व्यवस्था कड़ी

**माघी** पूर्णिमा के महास्नान के चलते प्रयागराज में सुरक्षा व्यवस्था को कड़ा किया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को कड़े दिशा-निर्देश दिए हैं। 13 जनवरी से अब तक 45 करोड़ से ज्यादा श्रद्धालु स्नान कर चुके हैं। मंगलवार को 1.21 करोड़ श्रद्धालुओं संगम में स्नान किया।

## स्पोर्ट्स विंडो

### टोरेंट ग्रुप गुजरात टाइटंस में सबसे अधिक हिस्सेदारी खरीदने के करीब

**नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के पूर्व चैंपियन गुजरात टाइटंस को जल्द ही नया मालिक मिल सकता है, क्योंकि भारतीय कारोबारी समूह टोरेंट ग्रुप इस फ्रेंचाइजी में सबसे अधिक हिस्सेदारी खरीदने के करीब है। सीवीसी कैपिटल पार्टनर्स (इरेलिया कंपनी प्राइवेट लिमिटेड) ने 2021 में इस टीम को खरीदा था। अहमदाबाद स्थित टोरेंट ग्रुप अब उससे टीम में 67 प्रतिशत हिस्सेदारी खरीदेगा। इस सौदे को आईपीएल संचालन परिषद की अंतिम मंजूरी मिलना बाकी है। यह मंजूरी मिलने के बाद 21 मार्च से शुरू होने वाले टूर्नामेंट से पहले इस फ्रेंचाइजी पर टोरेंट ग्रुप का मालिकाना हक हो जाएगा। आईपीएल के एक सूत्र के अनुसार टोरेंट समूह द्वारा दो तिहाई स्वामित्व (67 प्रतिशत) हासिल करने के लिए बातचीत अंतिम चरण में है। एकमात्र मालिक के रूप में सीवीसी समूह के लिए लॉक-इन अवधि फरवरी के आखिर में समाप्त हो जाएगी जिसके बाद वे हिस्सेदारी बेचने के लिए स्वतंत्र हैं।

### मां के निधन के कारण जेनेसिस इनविटेशनल टूर्नामेंट से हटे वुड्स

**सैन डिएगो।** टाइगर वुड्स टॉरे पाइंस में होने वाले जेनेसिस इनविटेशनल गोल्फ टूर्नामेंट से यह कहते हुए हट गए कि वह



अभी तक अपनी मां के अचानक निधन से नहीं उबर पाए हैं। टाइगर की मां कुल्टिडा वुड्स का पिछले मंगलवार को 80 वर्ष की आयु में निधन हो गया था। वुड्स ने सोशल मीडिया पर जारी पोस्ट में कहा, ''मैंने इस सप्ताह खेलने की योजना बनाई थी, लेकिन मैं अभी इसके लिए तैयार नहीं हूं।'' उन्होंने कहा,''मैंने इस टूर्नामेंट में खेलने के लिए तैयार होने की अपनी तरफ से हर संभव प्रयास किए। मैं जानता हूं कि मेरी मां भी यही चाहती, लेकिन मैं अभी तक उनके निधन से नहीं उबर पाया हूं।'' वुड्स इस टूर्नामेंट के मेजबान भी हैं और उनके इस सप्ताह के आखिर में टॉरे पाइंस में उपस्थित रहने की उम्मीद है।

### रिलायंस ने हंड्रेड टीम में छह करोड़ पाउंड में 49 प्रतिशत हिस्सेदारी खरीदी

**लंदन।** सरे काउंटी क्रिकेट क्लब (एससीसीसी) ने रिलायंस के साथ अपने सौदे की पुष्टि की है लेकिन कहा है कि वह हंड्रेड क्रिकेट प्रतियोगिता की टीम ओवल इनविंसिबल्स में 51 प्रतिशत की अधिक हिस्सेदारी अपने पास बनाए रखेगा। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की फ्रेंचाइजी मुंबई इंडियंस की मालिक रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड (आरआईएल) ने अपनी सहायक कंपनी, राइज वर्ल्डवाइड के जरिए हंड्रेड टीम में छह करोड़ पाउंड में 49 प्रतिशत हिस्सेदारी खरीदी। एससीसीसी ने एक बयान में कहा, ''रिलायंस इंडस्ट्रीज के पास हंड्रेड टीम में 49 फीसदी हिस्सेदारी होगी, जबकि सरे के पास 51 फीसदी हिस्सेदारी रहेगी।'' बयान में कहा गया है, ''क्लब को उम्मीद है कि उसकी टीम को दक्षिण अफ्रीका में पिछले सप्ताह एक और लीग खिताब जीतने वाले मुंबई इंडियंस के व्यापक अनुभव का फायदा मिलेगा और वह इस प्रतियोगिता में अग्रणी टीम बनी रहेगी।'' ओवल इनविंसिबल्स ने अब तक चार खिताब जीत कर खुद को द हंड्रेड प्रतियोगिता में एक मजबूत टीम के रूप में स्थापित किया है। उसकी महिला टीम पहले दो सत्र में चैंपियन बनी थी, जबकि पुरुष टीम ने 2023 और 2024 में खिताब जीते थे।

### लॉरा खूबखूरती से बनाती है सबको दीवाना

**दक्षिण अफ्रीकी।** द. अफ्रीकी महिला टीम की कप्तान लॉरा वोल्वार्ड्ट जितनी अपने खेल में माहिर हैं, उतनी ही खूबसूरती के मामले में भी आगे हैं। उनकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर पोस्ट होते ही वायरल हो जाती हैं।



## भारत-इंग्लैंड तीसरा व अंतिम वनडे | लय बरकरार रखकर क्लीन स्वीप करने उतरेगी भारतीय टीम

# रोहित-कोहली की फॉर्म पर रहेगी निगाह

**एजेंसी, अहमदाबाद**

पहले दो मैच में आसान जीत से उत्साह से लबरेज भारतीय टीम इंग्लैंड के खिलाफ बुधवार को यहां होने वाले तीसरे और अंतिम एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में अपनी लय बरकरार रखकर क्लीन स्वीप करने के इरादे से मैदान पर उतरेगी। इस मैच में हालांकि, रोहित शर्मा और विराट कोहली पर निगाह रहेगी, जिनके पास चैंपियंस ट्रॉफी से पहले फॉर्म हासिल करने का यह आखिरी मौका होगा।

भारत पहले दो मैच चार विकेट के समान अंतर से जीत कर पहले ही सीरीज अपने नाम कर चुका है। रोहित शर्मा की अगुवाई वाली टीम अब उस नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेलने के लिए उतरेगी, जहां उसे वनडे विश्व कप 2023 के फाइनल में हार का सामना करना पड़ा था। यह कहने की जरूरत नहीं है कि भारतीय टीम चैंपियंस ट्रॉफी से पहले कोहली की फॉर्म को लेकर चिंतित होगी। आठ टीमों के बीच खेले जाने वाली चैंपियंस ट्रॉफी 19 फरवरी से पाकिस्तान और दुबई में शुरू होगी। भारत अपने सभी मैच दुबई में खेलेगा। भारत अपना पहला मैच 20 फरवरी को बांग्लादेश के खिलाफ खेलेगा और 23 फरवरी को अपने चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान का सामना करेगा।

कप्तान रोहित शर्मा ने दूसरे वनडे में 90 गेंद पर 119 रन बनाकर फॉर्म में वापसी की जो भारत के लिए अच्छे संकेत हैं। कोहली अपने इस साथी से प्रेरणा लेकर यहां बड़ी पारी खेलना चाहेंगे। कोहली पूरी तरह से लय में नहीं दिख रहे हैं] लेकिन वह इतनी देर तक क्रीज पर नहीं टिके हैं कि खुद को बड़ी पारी खेलने का मौका दे सकें। कोहली का बल्ला अगर चल जाता है तो यह स्टार बल्लेबाज वनडे क्रिकेट में 14000 रन बनाने वाला तीसरा खिलाड़ी बन सकता है। कोहली को इस मुकाम पर पहुंचने के लिए केवल 89 रन की जरूरत है। भारत ने अभी तक तीनों विभाग में अच्छा प्रदर्शन किया है। स्पिनर वरुण चक्रवर्ती को टीम में शामिल करने और तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी की वापसी से भारत का गेंदबाजी आक्रमण मजबूत हुआ है।



शमी की सफल वापसी से निश्चित तौर पर भारतीय टीम प्रबंधन को राहत मिली होगी क्योंकि तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह की फिटनेस को लेकर संदेह बना हुआ है। बुमराह को पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार अहमदाबाद में होने वाले इस वनडे से वापसी करनी थी, लेकिन अभी वह बेंगलुरु में राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी में ही हैं। भारत और इंग्लैंड दोनों की टीम ने मंगलवार को अभ्यास नहीं किया था, क्योंकि वे तरोताजा होकर तीसरे वनडे में उतरना चाहती हैं। रोहित का कटक में खेले गए मैच में शतक टीम के अन्य खिलाड़ियों को भी अच्छा प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित करेगा। इनमें विकेटकीपर बल्लेबाज के एल राहुल भी शामिल हैं जो अभी तक अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं। ऐसे में अगर भारत ऋषभ पंत को मौका देता है तो किसी को हैरानी नहीं होनी चाहिए। वह बाएं हाथ के बल्लेबाज हैं जो भारतीय टीम को संतुलन प्रदान कर सकते हैं। भारत को मध्यक्रम में श्रेयस अय्यर से अच्छी पारी की उम्मीद होगी। ऑलराउंडर अक्षर पटेल को पांचवें नंबर बल्लेबाजी करने के लिए उतारना अभी तक सही साबित हुआ है। बाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने पहले दो मैच में 52 और नाबाद 42 रन बनाए। पटेल के बल्लेबाजी में अच्छे प्रदर्शन से रविंद्र जडेजा पर से कुछ दबाव कम हुआ होगा, जिन्होंने अभी तक सीरीज में छह विकेट लिए हैं। भारतीय खिलाड़ियों ने स्पिन गेंदबाजों की मदद करने वाले विकेटों पर अभी तक अच्छा प्रदर्शन किया है। चैंपियंस ट्रॉफी में दुबई में उन्हें इसी तरह की परिस्थितियां मिलने की संभावना हैं।

जहां तक जोस बटलर की अगुवाई वाली इंग्लैंड की टीम का सवाल है तो उसे चैंपियंस ट्रॉफी से पहले मनोबल बढ़ाने वाली जीत हासिल करने के लिए तीनों विभाग में अच्छा प्रदर्शन करना होगा। ऑलराउंडर जैकब बैथेल के चोटिल होने के कारण बाहर हो जाने से भी उसकी टीम की परेशानियां बढ़ गई हैं। पिछले मैच में फिल साल्ट और बेन डकेट की सलामी जोड़ी ने इंग्लैंड को अच्छी शुरुआत दिलाई थी लेकिन वह उसका फायदा नहीं उठा पाया। जो रूट ने भी अपना प्रभाव छोड़ा है लेकिन उन्हें दूसरी तरफ से सहयोग नहीं मिला है।

गेंदबाजी में स्पिनर आदिल रशीद ने परिस्थितियों का पूरा फायदा उठाया है लेकिन अगर इंग्लैंड को जीत हासिल करनी है तो उसके बल्लेबाजों को अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा।

**मैच : दोपहर 1.30 बजे से**

**संभावित टीमें**

**भारत।** रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल (उप-कप्तान), यशस्वी जायसवाल, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, केएल राहुल (विकेटकीपर), ऋषभ पंत (विकेटकीपर), हार्दिक पांड्या, रविंद्र जड़ेजा, वॉशिंगटन सुंदर, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, हर्षित राणा, मोहम्मद शमी, अर्शदीप सिंह और वरुण चक्रवर्ती।

**इंग्लैंड:** जोस बटलर (कप्तान और विकेटकीपर), हैरी ब्रूक, बेन डकेट, जो रूट, फिलिप साल्ट, जेमी स्मिथ (विकेटकीपर), टॉम बैंटन, ब्रायडन कार्स, लियाम लिविंगस्टोन, जेमी ओवरटन, जोफ्रा आर्चर, गस एटकिंसन, साकिब महमूद, आदिल रशीद और मार्क वुड।

## वैशाली बोली-कैंडीडेट्स टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई करना लक्ष्य

**एजेंसी, नई दिल्ली**

भारतीय शतरंज ग्रैंडमास्टर आर वैशाली ने इस साल के लिए दो लक्ष्य तय किए हैं अपने प्रदर्शन में निरंतरता बनाए रखना और प्रतिष्ठित कैंडीडेट्स टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई करना। इस 23 वर्षीय खिलाड़ी ने पिछले साल अच्छा प्रदर्शन किया था और कई उपलब्धियां हासिल की थी। इनमें ग्रैंडमास्टर खिताब हासिल करने वाली तीसरी भारतीय महिला खिलाड़ी बनना, शतरंज ओलंपियाड में भारतीय महिला टीम को स्वर्ण पदक दिलाने में अहम भूमिका निभाना और विश्व ब्लिट्ज चैम्पियनशिप में कांस्य पदक जीतना शामिल है। वैशाली ने कहा, ''मेरा मुख्य लक्ष्य लगातार अच्छा प्रदर्शन करना और कुछ अच्छे मैच खेलना है।''



उन्होंने कहा, ''निश्चित रूप से साल के अंत तक मेरा लक्ष्य कैंडीडेट्स टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई करना है। मुझे पिछले साल कैंडीडेट्स टूर्नामेंट में खेलने का मौका मिला था और मुझे उम्मीद है कि मैं फिर से इसके लिए क्वालीफाई करने में सफल रहूंगी।'' कैंडीडेट्स टूर्नामेंट की विजेता खिलाड़ी विश्व शतरंज चैंपियनशिप में खेलती है। वैशाली ने कहा कि विश्व ब्लिट्ज चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीतना उनके लिए महत्वपूर्ण रहा।

## उत्तराखंड में हो रही नेशनल गेम्स में रचा इतिहास

# हिमाचल की बेटियों ने बैंडबॉल में **जीता गोल्ड**

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

उत्तराखंड में चल रही नेशनल गेम्स में हिमाचल प्रदेश की महिला हैंडबॉल टीम ने इतिहास रचते हुए अपना फाईनल मैच भी जीत कर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। हिमाचल प्रदेश ओलंपिक संघ महासचिव राजेश भंडारी ने यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि अपने सभी मैचों की तरह हिमाचल प्रदेश महिला हैंडबॉल टीम ने फाईनल मैच को जीत कर स्वर्ण पदक अपने नाम कर अपने जिला व प्रदेश का नाम रोशन किया। हिमाचल प्रदेश हैंडबॉल महिला टीम से कप्तान मेनिका पाल 7, भावना ने 8, गुलशन ने 7, शालिनी ने 4, मिताली ने 3, रिम्पल ने 5, प्रियंका ने 4 गोल कर अपनी टीम को विजय दिलाई। हिमाचल प्रदेश ओलंपिक संघ ने हिमाचल प्रदेश महिला हैंडबॉल टीम की क्फाईनल में जितने के लिए बधाई दी है। हिमाचल प्रदेश ओलम्पिक संघ के अध्यक्ष वीरेंद्र कंवर, सह सचिव डीडी तनवर, मुनीश राणा, चंदन ठाकुर, दीपक ठाकुर, रणदीव ठाकुर, कर्ण चन्देल , मनोज ठाकुर, स्नेहलता, कान्ता पराशर, परवीन दुबे, ने टीम स्वर्ण पदक जीतने पर बधाई दी है ।



## पंकज आडवाणी बने भारतीय स्नूकर चैंपियन, 36वां राष्ट्रीय खिताब जीता

**एजेंसी, इंदौर**



भारत के सबसे कुशल खिलाड़ी पंकज आडवाणी ने अपने कौशल और दृढ़ संकल्प का शानदार प्रदर्शन करते हुए यहां यशवंत क्लब में राष्ट्रीय स्नूकर चैंपियनशिप जीती जो उनके करियर का कुल-मिलाकर 36वां राष्ट्रीय और 10वां पुरुष स्नूकर खिताब है। ओएनजीसी की तरफ से खेल रहे आडवाणी ने खराब शुरुआत से उबरते हुए फाइनल में ब्रिजेश दमानी को हराया। दमानी ने पहला फ्रेम जीत कर अच्छी शुरुआत की थी लेकिन इसके बाद आडवाणी के सामने उनकी एक नहीं चली।

इस प्रतियोगिता के प्रदर्शन के आधार पर ही एशियाई और विश्व चैंपियनशिप के लिए भारतीय टीम का चयन किया जाएगा। आडवाणी ने अपने प्रदर्शन में निरंतरता और सटीकता बनाए रखी। एक फ्रेम से पिछड़ने के बावजूद उन्होंने अपना धैर्य बनाए रखा और फिर कोई गलती नहीं की। आडवाणी ने अंतिम फ्रेम में 84 का प्रभावशाली ब्रेक दिया तथा यह फ्रेम, मैच और चैंपियनशिप अपने नाम कर दी।

आडवाणी ने चैंपियनशिप जीतने के बाद कहा, ''यह एकमात्र प्रतियोगिता थी, जिसके प्रदर्शन के आधार पर अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए भारतीय प्रतिनिधियों का चयन किया जाएगा। इसलिए इस प्रतियोगिता में काफी कुछ दाव पर लगा था।'' दमानी ने ग्रुप चरण में आडवाणी को हराया था, लेकिन फाइनल में वह इस अनुभवी खिलाड़ी के खिलाफ अपनी लय बरकरार नहीं रख पाए। दमानी के खिलाफ ग्रुप चरण के मैच में आडवाणी केवल एक फ्रेम जीतने में सफल रहे थे।

आडवाणी ने कहा, ''यहां स्वर्ण पदक जीत कर बहुत अच्छा लग रहा है। प्रतियोगिता में एक समय मैं बाहर होने के कगार पर था। तब मुझे पता चला कि इस महत्वपूर्ण क्षण का मतलब कुछ बड़ा होना चाहिए। बिलियर्ड्स और स्नूकर दोनों में फिर से भारत का प्रतिनिधित्व करने का मौका पाकर खुश हूं।'' एशियाई स्नूकर चैंपियनशिप 15 फरवरी से शुरू होगी, जिसमें आडवाणी और दमानी भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे।

## आईसीसी ट्रॉफी का इंतजार खत्म कर सकता है दक्षिण अफ्रीका : स्मिथ

**एजेंसी, जोहानिसबर्ग।** पिछले साल सभी प्रारूपों में दक्षिण अफ्रीका के शानदार प्रदर्शन से प्रभावित पूर्व कप्तान ग्रीम स्मिथ को यकीन है कि अपनी मेजबानी में 2027 पुरुष वनडे विश्व कप खेलने से पहले ही वे आईसीसी ट्रॉफी के लिए लंबा चला आ रहा इंतजार खत्म कर देंगे। एसए20 लीग कमिश्नर स्मिथ ने कहा,''उम्मीद है कि हम चैंपियंस ट्रॉफी या विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल जीतकर इस इंतजार को खत्म कर देंगे, लेकिन अगर दक्षिण अफ्रीका अपनी सरजमीं पर विश्व कप जीतता है तो यह शानदार होगा।''



महज 22 वर्ष की उम्र में दक्षिण अफ्रीका के कप्तान बनने के बाद बतौर कप्तान 54 टेस्ट जीत दिलाने वाले इस दिग्गज ने कहा,''अगले तीन साल में हम स्टेडियमों, पिचों और अपने क्रिकेट इकोसिस्टम को बेहतर करने के प्रयास जारी रखेंगे ताकि 2027 वनडे विश्व कप तक हम प्रबल दावेदार रहें।'' दक्षिण अफ्रीका ने सेंचुरियन में बॉक्सिंग डे टेस्ट में पाकिस्तान को हराकर डब्ल्यूटीसी फाइनल में प्रवेश किया, जहां 11 से 15 जून तक लार्ड्स पर उसका सामना आस्ट्रेलिया से होगा। इसके अलावा दक्षिण अफ्रीका पुरुष और महिला टी20 विश्व कप और इस साल की शुरुआत में अंडर-19 महिला विश्व कप में उपविजेता रहा। स्मिथ ने इन आलोचनाओं को भी खारिज किया कि डब्ल्यूटीसी फाइनल का दक्षिण अफ्रीका का सफर आसान रहा है।

## शेफाली डब्ल्यूपीएल में जारी रखेगी अपनी लय : लैनिंग

**एजेंसी, नई दिल्ली**

दिल्ली कैपिटल्स की कप्तान मेग लैनिंग ने मंगलवार को उम्मीद जताई कि भारत की विस्फोटक सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा घरेलू क्रिकेट की अपनी शानदार फॉर्म को शुक्रवार से शुरू हो रही महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) के तीसरे सत्र में भी बरकरार रखेगी। नवंबर 2024 में ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए भारतीय टीम में जगह बनाने में नाकाम रहीं शेफाली ने हाल में घरेलू मुकाबलों में हरियाणा की ओर से शानदार प्रदर्शन किया जिससे संकेत मिलते हैं कि उन्होंने लय हासिल कर ली है।



लैनिंग ने दिल्ली कैपिटल्स की सत्र पूर्व प्रेस कांफ्रेंस में कहा, ''ऐसा लग रहा है कि वह काफी अच्छी लय में है और अपने खेल का लुत्फ उठा रही है जो मुझे लगता है कि काफी महत्वपूर्ण है। मेरे लिए उसे आजादी से खेलते हुए देखना, खुद को अभिव्यक्त करते हुए देखना शानदार है और जब वह ऐसा करती है तो यह हमारी टीम के लिए बेहद महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।'' शेफाली सीनियर महिला एकदिवसीय ट्रॉफी में 75.29 की औसत से 527 रन बनाकर सर्वाधिक रन बनाने वाली खिलाड़ी थीं, जबकि सीनियर महिला एकदिवसीय चैलेंजर ट्रॉफी में दाएं हाथ की इस बल्लेबाज ने 82.80 की औसत से 414 रन बनाए। दोनों ही मौकों पर उन्होंने 150 के करीब के स्ट्राइक रेट से रन बनाए। पिछले साल अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने के बाद लैनिंग ने डब्ल्यूपीएल 2025 से पहले अधिक मुकाबले नहीं खेले हैं।

उन्होंने कहा, ''मुझे हमेशा भारत में खेलना और बल्लेबाजी करना अच्छा लगता है। मुझे पहले भी कुछ सफलता मिली है। मैं कुछ दिनों से यहां हूं, यहां की परिस्थितियों के हिसाब से ढलना और अपनी योजना के बारे में स्पष्ट होना और इसे कैसे करना है, यह जानना अच्छा रहा है।''

## अमेरिकी ओपन ने मिश्रित युगल प्रारूप बदला, **10 लाख डॉलर** की पुरस्कार राशि

**एजेंसी, न्यूयॉर्क**




अमेरिकी ओपन अपनी मिश्रित युगल चैंपियनशिप का आयोजन टूर्नामेंट शुरू होने से पहले के हफ्ते में कराएगा और उसे उम्मीद है कि प्रारूप में बदलाव तथा 10 लाख डॉलर की इनामी राशि से शीर्ष एकल खिलाड़ी ग्रैंडस्लैम युगल खिताब जीतने के लिए चुनौती पेश करेंगे। इस साल की स्पर्धा में 16 टीम दो दिन तक छोटे मुकाबलों में प्रतिस्पर्धा करेंगी। टूर्नामेंट आयोजकों का मानना है कि इससे खेल के सबसे बड़े स्टार खिलाड़ी आकर्षित हो सकते हैं जिनमें से कई खुद को एकल के लिए तरोताजा रखने के लिए लंबे समय से युगल से दूर रहे हैं।

अमेरिकी टेनिस संघ के कार्यकारी निदेशक और सीईओ ल्यू शेर ने कहा, ''मैं यही कहूंगा कि इसके पीछे का कारण अधिक प्रशंसकों को आकर्षित करना और दुनिया भर में प्रशंसकों का आधार बढ़ाना है।'' उन्होंने कहा, ''हम चाहते हैं कि खेल के सबसे बड़े नाम युगल में भाग लें और उन्हें टीम बनाकर एक अलग प्रारूप में खेलते हुए दिखाएं, हमें लगता है कि यह रोमांचक है। असल में हम जानते हैं कि यह रोमांचक है।'' मंगलवार को घोषित योजना के अनुसार 19 और 20 अगस्त को मिश्रित युगल मुकाबले खेले जाएंगे। उसी हफ्ते पुरुष और महिला एकल के क्वालीफाइंग दौर भी होंगे। एकल में मुख्य ड्रॉ के मुकाबले 24 अगस्त से शुरू होंगे।

शुरुआती दौर के मैच 'बेस्ट-ऑफ-थ्री सेट' होंगे जो सिर्फ चार गेम तक खेले जाएंगे। टाईब्रेकर 4-4 के स्कोर पर होगा, नियमित मैच की तरह 6-6 के स्कोर पर नहीं। अगर दोनों जोड़ियां एक-एक सेट जीत जाती हैं तो तीसरे सेट के बजाय 10 अंक का मैच टाईब्रेकर खेला जाएगा। केवल फाइनल ग्रैंड स्लैम मुकाबले जैसा ही होगा जिसमें छह गेम के 'बेस्ट-ऑफ-थ्री सेट' होंगे। इसमें 6-6 के स्कोर पर टाईब्रेकर होगा और 10 अंक का मैच टाईब्रेकर खेल जाएगा।

## रणजी ट्रॉफी | पारी और 98 रन से दी मात, गेंदबाज जडेजा और नागवासवाला ने मिलकर सात विकेट चटकाए

# सौराष्ट्र को हराकर सेमीफाइनल में पहुंचा गुजरात

**एजेंसी, राजकोट**

तेज गेंदबाजों प्रियजीत जडेजा और अर्जन नागवासवाला ने मिलकर सात विकेट चटकाए जिससे गुजरात ने मंगलवार को यहां सौराष्ट्र को पारी और 98 रन से हराकर रणजी ट्रॉफी सेमीफाइनल में जगह बनाई।

पहली पारी के आधार पर 295 रन से पिछड़ी सौराष्ट्र की टीम क्वार्टर फाइनल मुकाबले के चौथे दिन दूसरी पारी में भी 197 रन पर सिमट गई। दाएं हाथ के तेज गेंदबाज प्रियजीत ने 32 रन देकर चार जबकि बाएं हाथ के तेज गेंदबाज नागवासवाला ने 54 रन देकर तीन विकेट चटकाए। सौराष्ट्र ने दिन की शुरुआत बिना विकेट खोए 33 रन से की। प्रियजीत ने सलामी बल्लेबाज चिराग जानी (26) को आउट करके गुजरात को दूसरी पारी में पहली सफलता दिलाई और 67 रन की साझेदारी को तोड़ा। इस युवा तेज गेंदबाज ने इसके बाद भारतीय बल्लेबाज चेतेश्वर पुजारा (02) को आउट करके सौराष्ट्र को बड़ा झटका दिया।

सलामी बल्लेबाज हार्विक देसाई ने 103 गेंद में नौ चौकों की मदद से 54 रन की पारी खेली लेकिन उन्हें दूसरे छोर से पर्याप्त साथ नहीं मिला। भारतीय लेग स्पिनर रवि बिश्नोई (30 रन पर दो विकेट) ने भी सौराष्ट्र के दिग्गज बल्लेबाज शेल्डन जैकसन (27) सहित दो विकेट चटकाए। जैकसन ने अपनी टीम के क्वार्टर फाइनल से बाहर होने के बाद पेशेवर क्रिकेट से संन्यास ले लिया। जैकसन के आउट होने के बाद सौराष्ट्र की टीम को सिमटने में अधिक समय नहीं लगा।

### सौराष्ट्र के बल्लेबाज शेल्डन जैक्सन ने प्रथम श्रेणी क्रिकेट से लिया संन्यास

**सौराष्ट्र** के बल्लेबाज शेल्डन जैक्सन ने मंगलवार को अपनी टीम की रणजी ट्रॉफी क्वार्टर फाइनल में गुजरात से हार के बाद लगभग 15 साल तक चले अपने पेशेवर क्रिकेट करियर को अलविदा कह दिया। इस 38 वर्षीय बल्लेबाज ने अपने करियर में 105 प्रथम श्रेणी मैच खेले, जिसमें उन्होंने 7200 से अधिक रन बनाए। उन्होंने 21 शतक और 39 अर्धशतक लगाए। उनका उच्चतम स्कोर 186 रन रहा। जैक्सन ने अपने करियर का अंत 45 से अधिक की औसत के साथ किया, जिससे प्रथम श्रेणी क्रिकेट में उनके प्रदर्शन की निरंतरता का पता चलता है। वह एक विश्वसनीय बल्लेबाज होने के साथ कुशल क्षेत्ररक्षक भी थे। सौराष्ट्र की तरफ से सीमित ओवरों की क्रिकेट में उन्होंने विकेटकीपिंग भी की। उन्होंने गुजरात के खिलाफ खेले गए अपने अंतिम मैच में 14 और 27 रन बनाए।

